बैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 10 मई 2024
वर्ष 5, अंक 45, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



सुदूर अंतरिक्ष में मनमोहक निहारिका की खोज 18

सिकंदर में नजर आएंगी रश्मिका 17

## आज खुलेंगे केदारनाथ धाम के कपाट



**चारधाम यात्रा की भी होगी शुरुआत**

**देहरादून।** अक्षय तृतीया (शुक्रवार को) पर केदारनाथ धाम के कपाट सुबह शुभ मुहुर्त में खोले जाएंगे। चारधाम यात्रा भी शुरू होगी। गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट भी श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में एक केदारनाथ धाम के मंदिर को फूलों से सजाया गया है। गुरुवार दोपहर बाबा की पंचमुखी उत्सव डोली गौरीकुंड से धाम पहुंच गई। सेना की 6 ग्रेनेडियर रेजीमेंट के बैंड ने भक्ति धुन के साथ डोली का भव्य स्वागत किया। इस मौके पर हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।

## परिवार की पांचों सीट हारेगी सपा, नहीं खुलेगा खाता : योगी

### मुख्यमंत्री ने गोला और मोहम्मदी की जनसभा में सपा-कांग्रेस पर बोला हमला

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ/मोहम्मदी (खीरी)

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गोला और मोहम्मदी की जनसभा में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला।

उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव की उम्मीदवारी वाली कन्नौज सीट समेत उनके परिवार के सदस्यों की उम्मीदवारी वाली सभी पांचों सीट पर सपा की हार सुनिश्चित है। राज्य में सपा का खाता भी नहीं खुलेगा। गोला गोकर्णनाथ



के राजेंद्र गिरि स्मारक स्टेडियम में भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी के समर्थन और मोहम्मदी के रामलीला मैदान में धौरहरा प्रत्याशी रेखा वर्मा के लिए जनसभा करते हुए महाराणा प्रताप को नमन किया। कहा कि पूरे देश में मोदी सरकार का स्वर गूंज रहा है। जनता कह रही है कि जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे। कहा कि सपा की सरकार में आम जनता के लिए, किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए इनके पास कोई कार्ययोजना नहीं थी, लेकिन माफिया और अपराधी को अपने गले का हार बनाकर पूरे देश को अराजकता की आग में झोंकने के लिए तैयार रहते थे। सपा की सरकार में दंगा होता था, रोज कर्फ्यू लगता था। अब किसी की आंख दिखाने तक की हिम्मत नहीं है।

### सत्ता में आए तो किसानों का कर्ज करेंगे माफ : अखिलेश





**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार आई तो किसानों का पूरा कर्जा माफ करेंगे। सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली दी जाएगी। अग्निवीरों की सरकारी नौकरी होगी। भाजपा संविधान और आरक्षण खत्म करना चाहती है। अबकी जनता संविधान बदलने वालों को ही बदल देगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने गुरुवार को राजकीय इंटर कॉलेज मैदान पर खीरी लोकसभा क्षेत्र के पार्टी प्रत्याशी उत्कर्ष वर्मा और कस्ता में धौरहरा प्रत्याशी आनंद भदौरिया के समर्थन में जनसभा में भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा 400 पार की बात कहकर संविधान के पीछे पड़ी है। तिकुनियां कांड का जिक्र करते हुए कहा कि मंत्री के बेटे ने थार गाड़ी से किसानों व एक पत्रकार को कुचल दिया। किसान दिल्ली पहुंचा तो वहां भी कुचलने का काम किया गया। इसका जनता वोट से जवाब देगी।

### एक नजर

**बीएड की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 15 मई से**

**चंडीगढ़।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक की बीएड / बीएड एमआर स्पेशल एजुकेशन दूसरे वर्ष की रेगुलर एवं री-अपीयर की प्रैक्टिकल परीक्षाए 15 मई से पांच जून तक होंगी। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि परीक्षाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

**बीआरएस नेता कविता ने हाईकोर्ट का रुख किया**

**नई दिल्ली।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में जमानत के लिए बृहस्पतिवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। मामले की जांच ईडी कर रहा है। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा शुक्रवार को अर्जी पर सुनवाई करेंगी। अधीनस्थ कोर्ट ने छह मई को कविता की बेल याचिका खारिज कर दी थी।

**पटाखा कारखाने में विस्फोट, सात की मौत**

**विरुधुनगर।** शिवकाशी में बृहस्पतिवार को एक पटाखा कारखाने में विस्फोट से आग लग गई जिससे पांच महिलाओं सहित सात श्रमिकों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायलों में एक की हालत बेहद गंभीर है। आग लगने के कारण का पता लगाया जा रहा है।

## बाजार में बड़ी गिरावट, निवेशकों के डूब गए 7 लाख करोड़ रुपये

### सेंसेक्स 1,062 अंक लुढ़का, निफ्टी 22 हजार से नीचे

मुंबई, एजेंसी

- आम चुनाव को लेकर अनिश्चितता के बीच चौतरफा बिकवाली से बाजार में आई गिरावट
- विदेशी निवेशकों की भारी पूंजी निकासी के दबाव से भी बाजार की धारणा हुई प्रभावित

स्थानीय शेयर बाजारों में गुरुवार को बड़ी गिरावट देखने को मिली और बीएसई के सेंसेक्स ने 1,062 अंक का गोता लगाया जबकि निफ्टी लुढ़क कर 22,000 अंक से नीचे चला गया, जिससे निवेशकों को करीब साढ़े सात लाख करोड़ का नुकसान हो गया है। आम चुनाव को लेकर अनिश्चितता के बीच चौतरफा बिकवाली से बाजार में गिरावट आई है। साथ ही विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारी पूंजी निकासी और एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो तथा रिलायंस इंडस्ट्रीज में बिकवाली दबाव से भी बाजार धारणा प्रभावित हुई।

तीस शेयरों वाले बीएसई के सेंसेक्स में लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और यह 1,062.22 अंक यानी 1.45 अंक लुढ़क कर 72,404.17 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,132.21 अंक तक टूटा था। नेशनल स्टॉक



एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 345 अंक यानी 1.55 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,957.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार सत्र के दौरान यह 370.1 अंक तक लुढ़का था।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने बताया कि बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। मुख्य रूप से कंपनियों के चौथी तिमाही के वित्तीय परिणाम और आम चुनाव को लेकर अनिश्चितता को देखते हुए निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया और बाजार से दूरी बनाई। हमारा अनुमान है कि अल्पकाल में यह रुख बना रहेगा क्योंकि बाजार 22,000 अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे आ गया है। बैंक ऑफ इंग्लैंड की आज होने वाली नीतिगत बैठक तथा अमेरिका में अगले सप्ताह जारी होने वाले मुद्रास्फीति के आंकड़े से पहले वैश्विक सूचकांकों में मिला-जुला रुख रहा। सेंसेक्स के शेयरों में लार्सन एंड टुब्रो मार्च तिमाही के वित्तीय परिणाम के बाद पांच प्रतिशत से अधिक नीचे आया। एशियन पेंट्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, आईटीसी, बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक, टाटा स्टील, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और पावरग्रिड में भी प्रमुख रूप से गिरावट रही। आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को 6,669.10 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने बताया कि संस्थागत निवेशकों की बिकवाली और चुनाव आगे बढ़ने के साथ असमंजस की स्थिति के कारण कारोबारियों के दूर रहने से निफ्टी में तेज गिरावट आई।

**सेंसेक्स के टूटने से निवेशकों को नुकसान**

नई दिल्ली। सेंसेक्स में तेज गिरावट से निवेशकों की संपत्ति 7.34 लाख करोड़ रुपये घट गई। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार 7,34,513.48 करोड़ रुपये घटकर 3,93,34,896.14 करोड़ रुपये रहा। इससे पहले, दो मई को बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण रिकॉर्ड 4,08,49,767.90 करोड़ रुपये पहुंच गया था।

## केजरीवाल की अंतरिम जमानत का ईडी ने किया विरोध

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत के मुद्दे पर बृहस्पतिवार को हलफनामे के जरिए उच्चतम न्यायालय में विरोध दर्ज कराया और कहा कि चुनाव में प्रचार करने का अधिकार न तो मौलिक अधिकार है और न ही संवैधानिक।

- सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया शपथ पत्र

उच्चतम न्यायालय में दाखिल एक नए हलफनामे में ईडी ने कहा कि किसी भी नेता को चुनाव के लिए प्रचार करने का अधिकार न तो मौलिक अधिकार है, न ही संवैधानिक, कानूनी अधिकार भी नहीं है। एजेंसी ने कहा कि उसकी जानकारी के अनुसार कि किसी भी नेता को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत नहीं दी गई है, भले वह चुनाव नहीं लड़ रहा हो। यहां तक कि चुनाव लड़ने वाला उम्मीदवार भी यदि हिरासत में हो तो उसे अपने खुद के प्रचार के लिए भी अंतरिम जमानत नहीं दी जाती है।

गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई कर रही पीठ की अध्यक्षता कर रहे न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने बुधवार को कहा था कि हम शुक्रवार को अंतरिम आदेश सुनाएंगे।

## हिंदुओं की आबादी घटने पर गरमाई सियासत

नई दिल्ली, एजेंसी

- मुस्लिम आबादी में वृद्धि की गति पर भाजपा ने जताई चिंता
- तेजस्वी यादव ने कहा- भाजपा नफरत फैलाने की कोशिश कर रही

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की धार्मिक अल्पसंख्यकों की आबादी पर रिपोर्ट के बाद देश में सियासत गरमा गई है। यह रिपोर्ट लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के मतदान से पहले आई है।

भाजपा ने देश में मुस्लिम आबादी में वृद्धि की गति पर बृहस्पतिवार को चिंता जताई और आश्चर्य जताया कि मुसलमानों को आरक्षण देने पर तुली कांग्रेस यदि सत्ता में आती है तो इससे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को मिले आरक्षण पर क्या असर पड़ेगा। केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा नेता गिरिराज सिंह ने आरोप लगाया कि तुष्टीकरण की राजनीति के कारण देश में हिंदू आबादी कम हो गई। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो मुस्लिम आबादी बढ़ने के साथ भविष्य में आरक्षण के हिस्से में बदलाव करना जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि इसकी अधिक संभावना है क्योंकि उनमें (मुसलमानों) में कई शादियों का चलन है। वहीं, विपक्षी नेताओं ने भाजपा पर सांप्रदायिक विभाजन पैदा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। भाकपा के महासचिव डी राजा और राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि यह रिपोर्ट विवाद उत्पन्न कर वोट हासिल करने का प्रयास है। तेजस्वी यादव ने कहा कि भाजपा नफरत फैलाने की कोशिश कर रही है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एजेंडा है।

**65 वर्षों में 7.82% घटी हिंदू आबादी**

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में 1950 से 2015 के बीच हिंदुओं की आबादी में 7.82 प्रतिशत की कमी आई है जबकि मुसलमानों की आबादी में 43.15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जिससे पता चलता है कि देश में विविधता को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल माहौल है। धार्मिक अल्पसंख्यकों की हिस्सेदारी, एक राष्ट्रव्यापी विश्लेषण (1950-2015) शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की आबादी में जैन समुदाय के लोगों की हिस्सेदारी 1950 में 0.45 प्रतिशत थी जो 2015 में घटकर 0.36 प्रतिशत रह गई। रिपोर्ट में कहा गया कि 1950 से 2015 के बीच हिंदू आबादी की हिस्सेदारी में 7.82 प्रतिशत की कमी आई है ।

## मंत्री के निजी सचिव की पत्नी से ईडी ने की पूछताछ

**नकदी बरामदगी मामला**

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल की पत्नी रीता लाल से नकदी बरामदगी मामले में गुरुवार को पूछताछ की। ईडी का समन मिलने के बाद रीता लाल यहां ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचीं। सूत्रों ने बताया कि ईडी के अधिकारी उनसे पूछताछ कर रहे हैं। रीता लाल दुपट्टे से मुंह को ढके हुए वकील के साथ ईडी कार्यालय पहुंचीं, जहां आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद उनसे पूछताछ शुरू की गई। संजीव लाल और रीता लाल को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की जा रही है। गौरतलब है कि ईडी ने गत छह मई को छापेमारी के दौरान मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल और उनके घरेलू सहायक जहांगीर आलम के यहां से 35. 23 करोड़ रुपये बरामद किए थे। ईडी ने संजीव लाल और जहांगीर को गिरफ्तार किया था।

## पायलटों की हड़ताल वापस

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्रीय श्रमायुक्त की मध्यस्थता के बाद बनी बात, बर्खास्त किए गए 25 कमर्चारी बहाल

एयर इंडिया एक्सप्रेस के चालक दल के सदस्यों द्वारा सामूहिक अवकाश पर जाने के बाद कंपनी प्रबंधन ने भी सख्त रुख अपना लिया और चालक दल के 25 सदस्यों को बृहस्पतिवार को बर्खास्त कर दिया।

श्रम आयुक्त (केंद्रीय) की मध्यस्थता में हुई वार्ता में एयरलाइन प्रबंधन ने चालक दल के सदस्यों के मुद्दों पर गौर करने का आश्वासन दिया जिसके बाद चालक दल के सदस्यों ने हड़ताल वापस ले ली। एयरलाइन ने 25 सदस्यों की बर्खास्तगी का पत्र वापस लेने पर सहमति जताई है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने मंगलवार रात से 170 उड़ानों को रद किया है। एयरलाइन में कुप्रबंधन के विरोध में चालक दल के सदस्यों के एक वर्ग के बीमार होने की सूचना के बाद एयर इंडिया एक्सप्रेस ने उड़ानों को रद किया। राष्ट्रीय राजधानी में बृहस्पतिवार को मुख्य श्रम आयुक्त (केंद्रीय) के कार्यालय में चालक दल के सदस्यों के प्रतिनिधियों और एयरलाइन प्रतिनिधियों के बीच बैठक में हड़ताल और बर्खास्तगी पत्र वापस लेने पर सहमति बनी।

**एयर इंडिया एक्सप्रेस ने रद कीं 85 उड़ान**





मुंबई/ नई दिल्ली : एअर इंडिया एक्सप्रेस ने बृहस्पतिवार को 85 उड़ान रद कर दीं और कहा कि व्यवधान को कम करने के लिए एअर इंडिया हमारे 20 मार्गों पर सेवाएं संचालित करेगी। चालक दल के सदस्यों की कमी के कारण मंगलवार रात से 100 से अधिक उड़ानें रद की जा चुकी हैं।

## आंध्र प्रदेश में ट्रक से मिले 8.36 करोड़

**गारिकापाडु (आंध्र प्रदेश), एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के एनटीआर जिले में पुलिस ने अंतर्राज्यीय जांच चौकी पर गुरुवार को एक ट्रक से 8.36 करोड़ रुपये बरामद किए।

- आंध्र प्रदेश और तेलंगाना बॉर्डर पर पुलिस ने पकड़ा

पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान गारिकापाडु गांव में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के अंतर्राज्यीय जांच चौकी पर पीवीसी पाइप ले जा रहे ट्रक से नकदी बरामद हुई है। हैदराबाद से गुंटूर जा रहे ट्रक में चालक की सीट के पीछे केबिन में 8.36 करोड़ रुपये रखे थे। शेख अजीज के नाम पर ट्रक पंजीकृत है। पुलिस ट्रक चालक और क्लीनर से पूछताछ कर रही है।

## शोहदे से परेशान होकर किशोरी ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- रिपोर्ट लिखाने के लिए थाने के चक्कर लगाता रहा पिता
- मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत के बाद दर्ज की गई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र की एक किशोरी ने शोहदे से परेशान होकर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। किशोरी का पिता आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट लिखाने को थाने के चक्कर लगाता रहा। पुलिस चुनाव का बहाना बनाकर टालती रही। परेशान होकर उसने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की जिसके बाद बुधवार को आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हो सकी।

सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की किशोरी शहर के कन्या इंटर कॉलेज में कक्षा 11 की छात्रा थी। दो मई को छात्रा ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। किशोरी के पिता का कहना है कि उनकी पुत्री के साथ गांव का योगेंद्र आए दिन छेड़छाड़ करता था।

स्कूल आते- जाते फब्तियां कसता था। शारीरिक संबंध बनाने के लिए धमकाता था। उसकी धमकियों व छेड़खानी से तंग आकर उनकी पुत्री ने खुदकुशी कर ली। पिता ने बताया कि उन्होंने रिपोर्ट लिखाने के लिए थाने में तहरीर दी थी। मगर पुलिस चुनाव में व्यस्त होने की बात कहकर टालती रही।

उन्होंने कई चक्कर लगाए, लेकिन पुलिस ने नहीं सुनी। पांच मई को उन्होंने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की। इसके बाद बुधवार को पुलिस ने आरोपी योगेंद्र पर रिपोर्ट दर्ज की। उधर, इंस्पेक्टर रामवकील सिंह का कहना है कि उन्हें बुधवार को तहरीर मिली जिसके धार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## कुत्तों के हमले से दो साल की बच्ची समेत छह घायल

संवाददाता, नौगांवा सादात (अमरोहा)

- घायल जिला अस्पताल में भर्ती गांव में दहशत का माहौल

**अमृत विचार :** गांव सिरसा जट में कुत्तों के झुंड ने दो साल की बच्ची सहित चार महिलाओं और एक पुरुष को घायल कर दिया। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। कुत्तों के हमले से गांव में दहशत है।

गुरुवार सुबह आठ कुत्तों के झुंड ने घर के आगे खेल रही दो साल की जिया पुत्री आदिल को नोंच कर घायल कर दिया। बच्ची के चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजनों ने कुत्तों को भगाया। इसके बाद खेत पर जा रहे रोहतास सिंह पर कुत्तों ने हमला कर घायल कर दिया। मंदिर चौराहे से आमना (45) पत्नी मोहम्मद अली, शाहजहां पत्नी तौसीफ, रुखसाना पत्नी तस्लीम खेत पर जा रही थीं। रास्ते में कुत्तों ने हमला कर इन्हें भी घायल कर दया। खेत पर काम कर रहे ग्रामीणों ने कुत्तों को खदेड़कर उनकी जान बचाई। ग्रामीणों ने प्रशासन से कुत्तों को पकड़ने मांग की है। बताया जा रहा है कि गांव में हरपाल सिंह पुत्र चमन सिंह का घर जंगल में बना हुआ है। वहां 12 से भी अधिक कुत्तों का झुंड रहता है। जो आने-जाने वाले ग्रामीण व बाइक सवारों पर अचानक हमला कर देते हैं।

## चिलचिलाती गर्मी से कई राज्यों में दो दिन राहत

### पश्चिमी विक्षोभ से देश के विभिन्न हिस्सों में आंधी और वज्रपात के साथ बारिश होने के आसार

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली में छाए रहेंगे बादल, उत्तर प्रदेश में चलेगी धूल भरी आंधी

मई महीने के पहले सप्ताह से ही पड़ रही भीषण गर्मी से लोगों को जल्द राहत मिलेगी। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से कई राज्यों में मौसम करवट लेगा। अगले दो दिन तक दिल्ली में जहां बादल छाए रहेंगे, वहीं उत्तर प्रदेश में धूल भरी आंधी चलेगी। राजस्थान और मध्यप्रदेश में भीषण गर्मी को लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। दोनों राज्यों में दो दिन तक हीटवेव यानी लू चलेगी।

देश के मध्य, पूर्व और दक्षिण प्रायद्वीपीय हिस्सों में 12 मई तक



आंधी, बिजली और तेज हवाओं के साथ बारिश होने के आसार हैं। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि पश्चिमी राजस्थान में शुक्रवार तक लू की स्थिति बनी रहेगी और उसके बाद मौसम में सुधार होने का अनुमान है। पश्चिम बंगाल, सिक्किम बिहार, झारखंड और ओडिशा के अलग-अलग स्थानों पर 12 मई तक भारी बारिश, गरज, बिजली-चमक के साथ 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज़ हवा चलने का अनुमान है। मौसम विभाग ने अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में अलग-अलग स्थानों पर अगले सात दिन के दौरान गरज के साथ बारिश, बिजली चमकने के साथ 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का अनुमान जताया है। अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भी शुक्रवार को भारी बारिश होने के आसार व्यक्त किये गये हैं। मौसम विभाग ने गुरुवार को मध्य प्रदेश, विदर्भ, मध्य महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में ओलावृष्टि का अनुमान जताया है। दक्षिण आंतरिक कर्नाटक में अलग-अलग स्थानों पर नौ, 12 और 13 मई को तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में नौ और 12 मई को, रायलसीमा और तेलंगाना में 13 मई को, केरल और माहे में 12, 13 मई को बारिश होने का अनुमान जताया है।

मौसम विभाग ने बताया कि गुजरात के तटीय इलाकों में अगले पांच दिनों तक गर्म और आर्द्र मौसम बना रहेगा।

## कांग्रेस ने राज्यपाल से मिलने का समय मांगा

**हरियाणा में सियासी संकट**

चंडीगढ़, एजेंसी

- जजपा ने भी पत्र लिखा, शक्ति परीक्षण कराने की मांग

कांग्रेस ने हरियाणा में तीन निर्दलीय विधायकों के भाजपा नेतृत्व वाली सरकार से समर्थन वापस लेने के बाद पैदा हुई स्थिति के मद्देनजर राज्यपाल से मिलने का समय मांगा।

नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि अल्पमत वाली सरकार को नैतिक आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। शुक्रवार को प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के लिए समय मांगते हुए कांग्रेस की ओर से राज्यपाल कार्यालय को लिखे गए पत्र में कहा गया है कि वह राज्य की वर्तमान राजनीतिक स्थिति के संबंध में एक ज्ञापन प्रस्तुत करना चाहती है। पत्र में कहा गया है कि कांग्रेस विधायक दल के उप नेता आफताब अहमद और मुख्य सचेतक बीबी बत्रा एवं पार्टी के अन्य नेताओं के नेतृत्व में कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल 10 मई को राज्यपाल से मिलना चाहता है। जननायक जनता पार्टी (जजपा) के नेता दुष्यंत चौटाला ने राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को पत्र लिखकर कहा कि सैनी सरकार के पास बहुमत नहीं है, तत्काल शक्ति परीक्षण कराएं।


भगवान परशुराम जयंती की
हार्दिक शुभकामनाएं
Online (Video) Consultation also Available
Serenity Psy Clinic... Healing Minds
(मानसिक रोग विशेषज्ञ)
मानसिक रोग, दिमाग एवं नशा उन्मूलन विशेषज्ञ
डॉ. नेहा मिश्रा
MBBS, DNB (Psychiatry)
(Ex. Medical Officer @Govt. of Uttarakhand)
(Ex. Resident Dr. @VIMHANS,
Indlas Child Guidance Clinic )
(Sunday to Tuesday Moradabad )
(Wednesday to Saturday Kashipur)
स्कीज़ोफ्रेनिया, मेनिया, बाईपोलर, नशा मुक्ति, ओ.सी.डी., डिमेन्शिया, मिर्गी के दौरे एवं सभी प्रकार के सिर दर्द का इलाज, डिप्रेशन, एनजाइटी डिऑर्डर, डिसोसिएटिव डिसऑर्डर, वृद्ध अवस्था की मानसिक समस्याएं, भूलने की बीमारी, चाईल्ड साइक्रेट्री, मन्दबुद्धि एवं सभी प्रकार की साईकोथेरेपी
ज्यादा बोलना
फिजूल के विचार बार बार आना
उदास होना
तनाव
बैचेनी
चिंता
घबराहट
डर लगना
माईग्रेन
मंदबुद्धि
मिर्गी के दौरे
सिर के दर्द
शक करना/ वहम करना
नशे की लत
नींद की कमी
याद्दाश्त की कमी
आर्थिक स्थिति कैसी भी हो खुश रहने के लिए मानसिक स्थिति का मजबूत होना जरूरी है !
• शॉप नं. 8, ए12, महेश प्लाजा, निकट मोहन एक्स-रे, गाँधी नगर, मुरादाबाद
• क्रेस्ट हॉस्पिटल प्रेमनगर, कांठ रोड, काजीपुरा, मुरादाबाद
• काली मन्दिर रोड, सुभाष नगर, काशीपुर, (उत्तराखण्ड)
8433456376
9058082656


भगवान परशुराम जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ADMISSION OPEN
Success Library Branch 03
Convert your energy into success....
यदि आप प्रतियोगिता परीक्षा, सरकारी नौकरी या बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं और आवश्यकता है, पढ़ाई के अनुकूलित और अनुशासित शांत वातावरण की तो चले आइये आपके शहर मुरादाबाद में अत्याधुनिक सुविधाओं युक्त-
Facilities
Separate Charging Point & Light/ Power Backup
No Fixed Seat Fee
Fully AC Furnished Library
Comfortable Seats / Separate Desk
R.O. Mineral Water (Hot/Cold)
Secured with CCTV Camera
Free Wi-Fi Zone
Locker Facilities
Daily Newspaper (Hindi/English)
Slot Timing : 7 AM TO 1 PM | 1 PM TO 6 PM
6 PM TO 11 PM | 11 PM TO 7 AM
Registration Open
OPEN 24x7
"विकल्प बहुत हैं मार्ग से भटकने के लिए,
मगर संकल्प एक ही है मंजिल तक ले जाने के लिए"
आइये और अपने लक्ष्य को प्राप्त कीजिए Success Library के साथ जुड़कर।
Add:- Near Swastik Nursing Home, Ramleela Ground, Linepar, Moradabad
Mob:- 8859335229, 9045942476


भगवान परशुराम जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
अर्चना शर्मा
पूर्व पार्षद व पूर्व कार्यकारणी उपाध्यक्ष नगर निगम
डॉ हर्ष वर्धन शर्मा
क्षेत्रीय सह-संयोजक भाजपा सोशल मीडिया विभाग (प.उ.प्र.)


ब्राह्मण एकता मंच
की ओर से
परशुराम जन्मोत्सव की
हार्दिक शुभकामनाएं
पंडित प्रशान्त शर्मा
पंडित डॉ0 गौरव कौशिक
पंडित सुनील कौशिक
संस्थापक
पंडित संदीप कौशिक बंटा पंडित
जिला अध्यक्ष
पंडित अंशुल शास्त्री
पंडित योगेश शर्मा
पंडित अरविंद शर्मा
पंडित सुरेन्द्र शर्मा
पंडित राजेश शर्मा
पंडित राहुल शर्मा

## शहर में आज

- एशियन विवेकानंद हॉस्पिटल में चिकित्सा कैंप दोपहर 1:00 बजे से।
- जीआईसी से भगवान परशुराम की शोभायात्रा अपरान्ह 3:00 बजे से।
- श्री गोपाल गोशाला वृंदावन धाम मोहम्मदपुर बस्तोर में हवन पूजन सुबह 7:00 बजे।

## एक नजर

### आज न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे अधिवक्ता

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** परशुराम जयंती पर अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के महासचिव अभिषेक भटनागर ने बताया कि परशुराम जयंती पर शुक्रवार 10 मई को अधिवक्ता न्यायिक कार्य नहीं करेंगे। कार्य पूर्णत: स्थगित रहेगा। इसकी सूचना एसोसिएशन के नोटिस बोर्ड पर भी लिख दी गई है।

### छेड़छाड़ का विरोध करने पर पति-जेठ को भी पीटा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कुंदरकी के गांव की महिला ने गुरुवार को एसएसपी ऑफिस में पहुंच कर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। उसने बताया कि तीन मई को वह घर के पीछे अपने पशुओं को बांधने गई थी। उसी दौरान पड़ोस में रहने वाला युवक अपने साथी के साथ आ गया। दोनों ने आते ही उसके साथ छेड़छाड़ और अश्लीलता की। विरोध करने पर उसका मुंह दबाकर खींचकर एक ओर ले जाने लगे। पीड़िता ने शोर मचाया तो उसका पति और जेठ आ गए तो मारपीट शुरू कर दी थी। इसमें पीड़िता और उसका पति व जेठ को मारापीटा। महिला ने बताया कि उसने थाने पर शिकायत की तो पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराया था लेकिन, कार्रवाई नहीं की है। एसएसपी ने कुंदरकी थानाध्यक्ष को कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### शांति भंग में तीन महिलाओं समेत सात गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शांति भंग करने के आरोप में पुलिस ने बुधवार को सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसमें तीन महिलाएं भी शामिल हैं। भगतपुर थाना पुलिस ने शांतिभंग में प्रदीप निवासी कल्याणपुर को गिरफ्तार किया है। पाकबड़ा थाना पुलिस ने नौशाद अली पुत्र नौशे अली को दबोचा है। यह रतनपुर कला का रहने वाला है। कटघर पुलिस ने कानून एवं शान्ति व्यवस्था भंग कर रहे चार आरोपियों को पकड़ा है। इनमें नसीम पत्नी स्वर्गीय इरफान और इसका बेटा मोहसिन, मोहम्मद यासीन पुत्र मोहम्मद शफीक और इसकी पत्नी अर्शी बेगम हैं। ये सभी तेलियों वाली गली थाना कटघर के रहने वाले हैं। इसी तरह कटघर पुलिस ने परवीन जहां पत्नी मुन्ना को गिरफ्तार किया है। परवीन जहां हल्द्वानी में जवाहरनगर रेलवे स्टेशन के पास की रहने वाली है।

# अक्षय तृतीया पर सोने की चमक रह सकती है फीकी

## सोने के बढ़ते दामों के कारण बाजार में 50 प्रतिशत तक की गिरावट के आसार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अक्षय तृतीया पर सोने की खरीदारी को शुभ माना जाता है। लेकिन, इस बार बढ़े दामों की वजह से सोने की चमक फीकी रह सकती हैं। सर्राफा कारोबारियों के अनुसार सोने के बढ़ते दामों की वजह से लोग खरीदारी से दूरी बना रहे हैं। दूसरी और शादियों का सीजन न होने की वजह से भी सोने की मांग कम है।

अक्षय तृतीया पर मां लक्ष्मी, भगवान विष्णु और कुबेर देव की विशेष पूजा-आराधना की जाती है। अक्षय तृतीया पर सोने-चांदी के आभूषणों की खरीदारी करना बहुत ही शुभ होता है। इस तिथि पर शुभ कार्य करने की भी परंपरा है। लेकिन इस वर्ष सोने के बढ़े दामों ने बाजार की रौनक उड़ा दी है। सर्राफा कमेटी के अध्यक्ष नीरज अग्रवाल ने बताया कि बीते साल महानगर में अक्षय तृतीया पर 10 से 15 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ था। मगर इस बार शादी का सीजन न होने की वजह से भी बाजार पर फर्क पड़ा है।

उधर, दूसरी और गर्मी बढ़ने की वजह से भी लोग खरीदारी से बच रहे हैं। बीते साल सोने का करीब 54-55 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम दाम था। लेकिन, इस बार सोने की कीमतों में बढ़ोतरी है। इस बार सोने के दाम करीब 71 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम है। जिस वजह से खरीदार बाजार में आने से बच रहे हैं। जिसका सीधा असर बाजार पर पड़ेगा। बीते साल के मुकाबले इस साल बाजार में 50 प्रतिशत तक की गिरावट आने की उम्मीद जताई जा रही है। इस बार महानगर में पांच से सात करोड़ का व्यापार होने की उम्मीद है। इससे व्यापारियों में काफी निराशा देखने को मिल रही है। उनका कहना है कि यह दिन व्यापार के लिए बहुत अच्छा होता है। मगर बढ़ते दामों ने खरीदारी के साथ व्यापारियों को भी परेशान किया है।



बाजार गंज स्थित एक दुकान पर अक्षय तृतीया की पूर्व संध्या पर खरीदारी करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### खरीदारी व किया गया दान होता है अक्षय: पं. केदार मुरारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** इस बार 10 मई शुक्रवार को अक्षय तृतीया पड़ रही है। इस दिन तीन शुभ योग भी बन रहे हैं। अक्षय तृतीया के दिन की गई खरीदारी और दान भी अक्षय होता है।



ज्योतिषाचार्य पं. केदार मुरारी।

ज्योतिषाचार्य पं. केदार मुरारी बताते हैं कि हिंदू धर्म में अक्षय तृतीया त्योहार का विशेष महत्व होता है। हर साल वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को ये त्योहार मनाया जाता है। इस दिन लोग सोने-चांदी से बने आभूषण की खरीदारी करते हैं। मान्यता के अनुसार अक्षय तृतीया के दिन मां लक्ष्मी की पूजा करने से विशेष कृपा मिलती है और घर में धन संपदा हमेशा बनी रहती है।

**इस बार बन रहे तीन शुभ योग**

अक्षय तृतीया पर इस बार गज केसरी योग, शुक्रवासा योग और शास्त्रीय योग बन रहे हैं। ऐसे में कुछ राशि के जातकों को इसका शुभ फल मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस बार अक्षय तृतीया 10 मई को सुबह 04:17 बजे से शुरू होकर 11 मई, 2024 को सुबह 02:50 बजे खत्म होगी। अगर पूजा की शुभ मुहूर्त की बात करें तो 05:13 बजे से 11:43 बजे तक है। ज्योतिषाचार्य कहते हैं कि इस दिन की खरीदारी अक्षय होती है।

## क्या बोलीं गृहिणी



बैसाख माह में अक्षय तृतीया पर सोना खरीदना शुभ माना जाता है। लेकिन, सोने की आसमान छू रही कीमत से बहुत मायूसी है।

**-नेहा मेहरोत्रा**



गृहिणी के लिए सदियों से सोने के आभूषण सबसे प्रिय हैं। लेकिन, अब अक्षय तृतीया पर सोना खरीदना गृहिणियों की क्षमता से बाहर होता जा रहा है।

**-प्राची अग्रवाल**



2014 में सोना 28000 रुपये प्रति 10 ग्राम था, पर अब सोने के दाम आसमान पर है। अब सोना लेना हर किसी के बस की बात नहीं रही। अब सिर्फ पैसे वाले ही सोने की खरीदारी करेंगे।

**-मनीषा शर्मा**



अक्षय तृतीया पर सालों से सराफा बाजार में दिवाली जैसी रौनक रहती थी। लेकिन, सोने की बढ़ती कीमतों ने बाजार को इस बार फीका कर दिया है। **- मिली सिक्का**

# आजीवन बनी रहती है सुख-समृद्धि और वैभव : पं.अखिलेश पांडे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** ज्योतिष विज्ञान नवग्रह अनुसंधान केंद्र के संचालक ज्योतिष आचार्य पंडित अखिलेश पांडे ने बताया कि अक्षय तृतीया की तिथि शुभ मानी जाती है । अक्षय शब्द का अर्थ होता है 'जिसका कभी क्षय न हो या जिसका कभी नाश न हो'। ऐसे में मान्यता के अनुसार कहा जाता है कि यदि व्यक्ति दान-पुण्य, स्नान, यज्ञ, जप आदि जैसे शुभ कर्म करें, तो इससे मिलने वाले शुभ फलों की कमी नहीं होती है। इसके अलावा अक्षय तृतीया के दिन विशेषतौर पर सोने के गहने खरीदने की भी मान्यता है। कहा जाता है अक्षय तृतीया के दिन यदि सोना खरीदा जाए तो इससे व्यक्ति के जीवन में मां लक्ष्मी का आशीर्वाद रहता है। सुख-समृद्धि और वैभव आजीवन बना रहता है। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा की जाती है



ज्योतिष आचार्य पंडित अखिलेश पांडे।

**अक्षय तृतीया की कथा :** हिंदू पुराणों के अनुसार युधिष्ठिर ने भगवान श्री कृष्ण से अक्षय तृतीया का महत्व जानने के लिए अपनी इच्छा व्यक्त की थी। तब भगवान श्री कृष्ण ने उनको बताया कि यह परम पुण्यमयी तिथि है। इस दिन दोपहर से पूर्व स्नान, जप, तप, होम (यज्ञ), स्वाध्याय, पितृ-तर्पण, और दानादि करने वाला व्यक्ति अक्षय पुण्यफल का भागी होता है। प्राचीन काल में एक गरीब, सदाचारी तथा देवताओं में श्रद्धा रखने वाला वैश्य रहता था।

वह गरीब होने के कारण बड़ा व्याकुल रहता था। उसे किसी ने इस व्रत को करने की सलाह दी। उसने इस पर्व के आने पर गंगा में स्नान कर विधिपूर्वक देवी-देवताओं की पूजा की व दान दिया। यही वैश्य अगले जन्म में कुशावती का राजा बना। अक्षय तृतीया को पूजा व दान के प्रभाव से वह बहुत धनी तथा प्रतापी बना। यह सब अक्षय तृतीया का ही पुण्य प्रभाव था।

**अक्षय तृतीया**

- **आज के दिन करें दान-पुण्य, स्नान, यज्ञ, जप आदि जैसे शुभ कर्म**
- **सोना खरीदने से व्यक्ति के जीवन में मां लक्ष्मी का रहता है आशीर्वाद**

### अक्षय तृतीया का महत्व

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** इस दिन अधिकांश शुभ कार्य किए जा सकते हैं। गंगा स्नान करने का भी बड़ा भारी माहात्म्य बताया गया है। इस दिन पितृ श्राद्ध करने का भी विधान है। किसी तीर्थ स्थान पर अपने पितरों के नाम से श्राद्ध व तर्पण करना बहुत शुभ होता है। इसी तिथि को भगवान परशुराम व भगवान हयग्रीव के अवतार हुए थे। त्रेतायुग का प्रारंभ भी इसी तिथि को हुआ था। इस दिन श्री बद्रीनाथ जी के पट खुलते हैं।

### सऊदी अरब में नौकरी के नाम पर तीन से ठगी

**मुरादाबाद/मैनाठेर, अमृत विचार :** विदेश में नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपी ने तीन बेरोजगारों से 70-70 हजार ठगे हैं।

ठगी का शिकार हुए कासिम ने पुलिस को बताया है कि महीने भर पहले उसकी मुलाकात शमीम से हुई थी। शमीम कुंदरकी थाना क्षेत्र का रहने वाला है। आरोप है कि कासिम और उसके गांव के दो अन्य लोगों को शमीम ने सऊदी अरब में नौकरी के नाम पर 70-70 हजार रुपये ले लिए थे। शमीम ने तीनों को 20 दिन के अंदर सऊदी अरब भेजने का भरोसा भी दिया था। लेकिन, काफी समय बीतने के बाद भी आरोपी ने तीनों को सऊदी नहीं भेजा है। उन्होंने शमीम से रुपये वापस मांगना शुरू किया तो आरोपी ने अब अपना फोन बंद कर लिया है।

# चार नकाबपोशों ने घर में सो रहे युवक को उठाया, हत्या का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** घर के बाहर गैलरी में सो रहे युवक को चार नकाबपोशों ने उठा लिया और उसकी गर्दन की नस काटकर रामगंगा नदी में फेंक दिया। इधर, जब घर वालों की जब नींद खूली तो देखा युवक बिस्तर पर नहीं था। इसके बाद सुबह छह बजे तक उसके बारे में कुछ पता नहीं चला। परिजनों ने पूरा गांव खोज डाला। फिर सुबह सात बजे वह खुद कराहते हुए पैदल घर पहुंच गया। उसकी गर्दन की नस कटे होने से खून निकल रहा था और वह पानी में भीगा था। जानकारी पर पुलिस युवक को जिला अस्पताल लेकर आई, जहां उसका इलाज चल रहा है।



जिला अस्पताल में भर्ती प्रेमशंकर व उसकी देखभाल में मौजूद परिजन। ● अमृत विचार

मामला कटघर थाना क्षेत्र में सैनियों वाली मिलक गांव का है। प्रेम शंकर (22) पुत्र भूप सिंह जिला अस्पताल में भर्ती है। वह अच्छे से बात भी नहीं कर पा रहा है। थोड़ी-बहुत बातचीत में उसने बताया कि वह बुधवार देर शाम बाजार से आया था। खाना खाने के बाद घर के बाहर गैलरी में सो गया था।

रात एक बजे के दौरान नकाबपोश चार लोग उसे बिस्तर से उठाने की कोशिश कर रहे थे। यह देख वह डर गया और शोर मचाने लगा, तभी उन लोगों ने उसके मुंह पर कोई कपड़ा रखकर दबा दिया। इससे वह बेहोश हो गया था। इसके बाद उसके साथ क्या हुआ उसे कुछ पता नहीं। प्रेम शंकर ने बताया है कि करीब पांच महीने पहले उसका एक युवक से विवाद हुआ था। विवाद करने वाले इस व्यक्ति का नाम भी घायल ने बताया है। उधर, घायल के मौसेरे भाई प्रेमपाल ने बताया कि जब सुबह जब प्रेमशंकर नहीं मिला तो उन्होंने डॉयल-112 पर कॉलकर पुलिस बुलाई। पुलिस के पहुंचने से पांच मिनट पहले ही प्रेमशंकर लड़खड़ाते हुए घर पहुंचा था, उसके गले से खून निकल रहा था। उसके कपड़े भीगे थे। प्रेमशंकर ने घरवालों को बताया है कि वह ढांग में देवापुर मार्ग पर ऊंचे गांव वालों के श्मशान घाट के सामने रामगंगा नदी के पानी में था, जहां से वह निकलकर घर आया था। नदी तक वह कैसे पहुंचा, इस बारे में प्रेम शंकर कुछ भी बता नहीं पा रहा है। पुलिसकर्मियों ने प्रेमशंकर से पूछताछ की, लेकिन वह हमलावरों के बारे में कुछ स्पष्ट जानकारी नहीं दे पाया। सुबह पुलिसकर्मी घायल प्रेम शंकर को जिला अस्पताल लाए थे। पीड़ित ने कटघर थाने में तहरीर दी है।

> प्रेम शंकर से बयान लिए गए हैं। वह बता रहा है कोई अपरिचित चार लोग थे, जो उसे रामगंगा नदी के पास उठा ले गए थे और उसे चोट पहुंचाई। जिससे वह बेहोश हो गया था, होश आने पर घर आया। सूचना पर पीआरवी गई थी, उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। जांच चल रही है। **- रुद्र कुमार सिंह,** सीओ-कटघर

### हापुड़-खुर्जा रेल खंड में निरस्त रहेंगी तीन ट्रेनें

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मंडल के हापुड़-खुर्जा शहर रेल खंड में बुलंदशहर स्टेशन यार्ड–खुर्जा शहर स्टेशन के मध्य ट्रैफिक एवं पॉवर ब्लाक लिया जायेगा। ये व्यवस्था 26 से 28 मई तक रहेगी।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि बुलंदशहर स्टेशन यार्ड–खुर्जा शहर स्टेशन के मध्य मरम्मत कार्य होने हैं। गाड़ी संख्या 04280 ( मेरठ शहर–खुर्जा ) 27 और 28 मई को निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 04281 (खुर्जा- मेरठ शहर) भी इन्हीं दोनों दिन निरस्त रहेगी। इसी तरह 27 व 28 मई के दिन गाड़ी संख्या 04282 (मेरठ शहर-खुर्जा ) को निरस्त किया गया है। इसके अलावा 28 व 29 मई के दिन गाड़ी संख्या 04279 ( खुर्जा-मेरठ शहर ) निरस्त की गई है।

### रेलवे ट्रैक किनारे झाड़ियों में लगी आग, घंटे भर में पाया काबू

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** हकीमपुर रेलवे स्टेशन के पास ट्रैक किनारे जंगल-झाड़ियों में आग लग गई। स्टेशन से मदद के लिए खबर अग्निशमन विभाग कार्यालय के कंट्रोल रूम में पहुंची थी। 8000 लीटर पानी की क्षमता वाली वाटर बाउजर फायर ब्रिगेड वाहन व एक अन्य वाहन से लीडिंग फायरमैन स्वतंत्र कुमार कई फायर फाइटर कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे थे। गनीमत रही कि आग समय रहते बुझा दी गई और रेलवे ट्रैक के इलेक्ट्रिक उपकरण आदि जलने से बच गए। फायर फाइटरों की टीम में राजपाल सिंह, शीशपाल सिंह, अन्नू भारत, सोनू, लोकेश, कुंवरपाल थे। लीडिंग फायरमैन ने बताया कि आग रेलवे ट्रैक के किनारे लंबाई में काफी दूर तक थी। लेकिन, फायर फाइटरों की कार्यकुशलता से बड़ा अग्निकांड होने से बच गया।



हकीमपुर स्टेशन के पास ट्रैक किनारे लगी आग को बुझाते दमकलकर्मी।

# लाज बचाने को छोड़ा गांव, दूसरी जगह से भी उठा ले गए किशोरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**दुस्साहस**

- **पड़ोस से बाइक पर बैठाकर अपहरण कर ले गए आरोपी**
- **युवक की हरकतों से परेशान होकर किशोरी ने छोड़ी थी पढ़ाई**

**अमृत विचार :** सम्मान बचाने के लिए पीड़ित ने जन्मभूमि के गांव को छोड़ दिया। वह भोजपुर क्षेत्र से कटघर थाना क्षेत्र के गांव में परिवार समेत बस गया। फिर भी आरोपियों ने उसकी बेटी का पीछा नहीं छोड़ा और उसे जबरन उठा ले गए। मदद के लिए पीड़ित ने थाने के कई चक्कर लगाए, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। पीड़ित बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कार्यालय पहुंचा था। एसएसपी के सामने पीड़ित हाजिर हुआ और पूरी बात बताकर मदद की गुहार लगाई। एसएसपी ने एफआईआर दर्ज करने और पीड़ित की बेटी को सकुशल बरामद करने के निर्देश कटघर थानाध्यक्ष को दिए हैं।

किशोरी (13) के पिता ने एसएससी को बताया कि वह भोजपुर क्षेत्र के गांव का रहने वाला है। गांव के एक परिवार की दबंगई और उसकी बेटी के साथ आए दिन छेड़छाड़-मारपीट से बचने के लिए उसने अपना गांव छोड़ दिया और कटघर क्षेत्र में आकर बस गया था। पीड़ित ने बताया कि गांव में एक युवक उसकी बेटी को स्कूल आते-जाते समय परेशान करता था। इसी कारण उनकी बेटी ने पढ़ाई छोड़ दी।

अब आरोपी उसकी बेटी का अपहरण कर ले गया। इस मामले में उसने पिछले साल आरोपी के विरुद्ध भोजपुर थाने में एफआईआर भी दर्ज कराई थी। किशोरी के पिता ने एसएसपी को बताया कि आरोपियों की धमकी और अनहोनी के डर से उसने अपना गांव छोड़ा था। लेकिन, आरोपी परिवार के लोगों ने उसकी बेटी का पीछा नहीं छोड़ा। असहाय पिता ने बताया कि अभी की 30 अप्रैल की घटना है। शाम सात बजे के दौरान उसकी बेटी पड़ोसी के यहां गई थी। पत्नी उसे खाने के लिए बुलाने निकली तो देखा की आरोपी उसकी बेटी को जबरन बाइक पर बैठा रहे हैं। पत्नी ने शोर मचाया तब भी दोनों आरोपी युवकों ने उनकी बेटी को नहीं छोड़ा और बाइक पर बैठा कर ले गए। पीड़ित ने एसएसपी को बताया कि 30 अप्रैल को हुई घटना के तुरंत बाद वह पुलिस चौकी पर पहुंचे थे। वहां शिकायत की थी, लेकिन सुनवाई नहीं हुई।

**नहीं मिलेगी बेटी, करा दी है शादी :** किशोरी के पिता ने बताया कि वह परिजनों के साथ आरोपियों के गांव गए और बेटी को वापस कर देने को हाथ जोड़े और मिन्नतें कीं। लेकिन, आरोपियों ने एक न सुनी और उल्टे गालियां देकर मारा भी और धमकाया कि दोबारा आए तो जान से मार डालूंगा। आरोपियों ने कहा कि तेरी लड़की से अपने बेटे की शादी करा दी है, तुझे अब वह नहीं मिलेगी।

> भोजपुर में दर्ज एफआईआर में फाइनल रिपोर्ट लग चुकी है। दोनों पक्ष एक ही बिरादरी के हैं। इस मामले में कटघर थानाध्यक्ष कार्रवाई कर रहे हैं। दोनों पक्षों को थाने बुलाया है। **- रुद्र कुमार सिंह,** सीओ-कटघर

**पुरस्कृत** — मूंढापांडे के केंद्र प्रभारी राघवेंद्र सिंह को मिले चार पुरस्कार, खरीद में प्रदेश में हैं टॉप पर

# बेहतर गेहूं खरीद करने वालों का मंडलायुक्त ने किया सम्मान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** प्रदेश और मंडल में बेहतर गेहूं खरीद करने वाले केंद्र प्रभारियों को गुरुवार को मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया। कहा कि इससे दूसरे केंद्र प्रभारियों को सीख लेना चाहिए। सम्मानित होने वालों में मूंढापांडे के केंद्र प्रभारी राघवेंद्र सिंह सहित अन्य केंद्र प्रभारी शामिल रहे।

मंडलायुक्त ने 15 से 21 अप्रैल और 22 अप्रैल से 28 अप्रैल तक अलग अलग श्रेणी में गेहूं खरीद में बेहतर प्रदर्शन करने वाले केंद्र प्रभारियों को पुरस्कृत कर हौसला बढ़ाया। 15 अप्रैल से 21 अप्रैल तक मंडल में सर्वाधिक गेहूं खरीद करने वाले खाद्य विभाग मुरादाबाद के मूंढापांडे केंद्र प्रभारी राघवेंद्र सिंह जिन्होंने 486.87 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद कराई थी उन्हें प्रदेश में खरीद में नंबर एक रहने और तीन सप्ताह तक प्रदेश में टाप रहने के चलते 4 प्रशस्ति पत्र और शील्ड प्रदान किया गया। सम्भल के पीसीएफ के बहजोई मंडी के केंद्र प्रभारी महेश कुमार, अमित आजाद, रामपुर के मो. दानिश को भी पुरस्कृत किया गया।

इसी प्रकार मंडल के साप्ताहिक संख्य सर्वाधिक खरीद करने वालों में केंद्र प्रभारी मुरादाबाद के मूंढापांडे के राघवेंद्र सिंह, रामपुर में खाद्य विभाग के शाहबाद नवीन मंडी नवीन तृतीय के केंद्र प्रभारी मोहम्मद दानिश और सम्भल में खाद्य विभाग के बहजोई मंडी के अमित आजाद को 811.10 मीट्रिक टन गेहूं खरीद के चलते पुरस्कार मिला। मुरादाबाद के जिला खाद्य विपणन अधिकारी राजेश्वर प्रताप सिंह ने बताया कि विपणन निरीक्षक व मूंढापांडे केंद्र प्रभारी राघवेंद्र सिंह ने पूरे प्रदेश में सर्वाधिक 2179.47 मीट्रिक टन गेहूं खरीद कराई। इस दौरान संभागीय खाद्य नियंत्रक मनोज कुमार, संभागीय विपणन अधिकारी दिनेश कुमार, विपणन निरीक्षक विपिन श्रीवास्तव, सचिन कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



अधिक गेहूं खरीद वाले केंद्र प्रभारी को शील्ड देकर पुरस्कृत करते मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह व अन्य।

**मंडल के जिलों में खरीद की स्थिति (मीट्रिक टन में)**

| जिला | लक्ष्य | खरीद | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| मुरादाबाद | 76,000 | 25,155 | 33 |
| संभल | 96,000 | 23,112 | 24 |
| रामपुर | 1,57,000 | 28,719 | 18.29 |
| बिजनौर | 38,000 | 6,508 | 17 |
| अमरोहा | 38,000 | 2,487 | 6.5 |

# रेलवे ने अप्रैल में कमाए 138 करोड़ रुपये

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**उपलब्धि**

- **यात्री सुविधाओं पर विशेष ध्यान दे रहा रेल प्रबंधन**
- **रेलवे की आय में 14.56 प्रतिशत की बढ़ोतरी**

**अमृत विचार:** यात्री सुविधाओं एवं माल यातायात पर विशेष ध्यान देते मुरादाबाद रेल मंडल ने अप्रैल में 138 करोड़ रुपये से अधिक का रेल राजस्व प्राप्त किया है। मंडल रेल प्रबंधक राज कुमार सिंह ने बताया कि रेलवे विकास के पथ पर अग्रसर है।

मुरादाबाद मंडल निरंतर अपने यात्रियों की सुविधाओं एवं माल यातायात पर विशेष ध्यान दे रहा है। इस कारण मंडल रेल राजस्व में भी वृद्धि अर्जित कर रहा है। उन्होंने बताया कि अप्रैल में 49.90 लाख यात्री बुक किए, जोकि पिछले साल के अप्रैल से 29.89 प्रतिशत अधिक है। अप्रैल 2023 में यात्री बुकिंग कुल 38.42 लाख थी। इसी तरह अप्रैल 2024 में यात्री आय से 81.70 करोड़ रुपये राजस्व मिला है, जबकि अप्रैल 2023 में 72.58 करोड़ का राजस्व मिला था। इस तरह चालू वर्ष में यात्री आय में 12.57 प्रतिशत वृद्धि हुई है। माल यातायात आय के मामले में भी मंडल रेलवे ने उन्नति की है। मंडल रेल प्रबंधक ने बताया कि अप्रैल 2024 में माल यातायात आय से 40.05 करोड़ रेल विभाग को प्राप्त हुए हैं। जबकि, पिछले साल इसी अप्रैल महीने में माल यातायात से 34.33 करोड़ रुपये की आय हुई थी। इस तरह पिछले वर्ष की तुलना में इस बार अप्रैल महीने में माल यातायात से प्राप्त राजस्व में 16.65 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। विविध आय के बारे में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि मंडल रेलवे ने विविध आय में भी पिछले वर्ष की तुलना में इस बार काफी बेहतर प्रदर्शन किया है। चालू वर्ष के प्रथम महीने अप्रैल में विविध आय के मामले में 9.95 करोड़ रुपये का राजस्व आया है, जबकि पिछले साल अप्रैल महीने में विविध आय 6.66 करोड़ रुपये प्राप्त हुई थी। इस विविध आय के मामले में पिछले साल की अपेक्षा इस बार अप्रैल महीने में 49.46 अधिक है। इस तरह पिछले महीने अप्रैल में मंडल रेलवे की कुल आय 138.47 करोड़ रुपये हुई है। जबकि, पिछले साल इसी अप्रैल महीने में कुल आय 120.88 करोड़ रुपये थी। 2023 की अपेक्षा 2024 के अप्रैल महीने में मुरादाबाद मंडल रेलवे ने कुल आय में 14.56 प्रतिशत बढ़कर राजस्व कमाया है।

## एक नजर

### भगवान परशुराम के बताए आदर्श मानने का आह्वान

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** भगवान श्री परशुराम संघर्ष समिति की ओर से अक्षय तृतीया के पूर्व दिवस की संध्या पर भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर उनकी प्रतिमा के सामने बुद्धि विहार में महाआरती की गई। वक्ताओं ने कहा कि भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलकर एकता और अखंडता बनाए रखेंगे। बताया कि भगवान परशुराम की शोभायात्रा में हिस्सा लेंगे। इस दौरान डॉ. प्रदीप शर्मा, संजय शर्मा, अर्जुन शर्मा, नरेश शर्मा, रजत शर्मा, विशाल शर्मा, अमित शर्मा, राजू, शरद कौशिक रहे।

### खाकेश्वर मंदिर में जन्मोत्सव आज मनेगा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार:** खाकेश्वर मंदिर में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। पंडित अनुज शर्मा ने बताया कि मंदिर में 10 बजे यज्ञ किया जाएगा। इसके बाद सुंदरकांड का आयोजन होगा। 12 भंडारा होगा और दोपहर बाद मंदिर परिसर में भजन कीर्तन होंगे।

### नगर आयुक्त के निर्देश पर रोस्टर जारी, पेयजल की पाइपलाइन में लीकेज ठीक कराया, खराब एलईडी लाइटों की हुई मरम्मत

# नोडल अधिकारी के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाने का अभियान 13 मई से

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मुख्य मार्गों, बाजारों व नालों पर किया गया अतिक्रमण नोडल अधिकारी अपर नगर आयुक्त द्वितीय अजीत कुमार के नेतृत्व में हटेगा। इसके लिए 13 मई 6 जून तक विशेष अभियान चलेगा। इसके लिए थानावार रोस्टर नगर आयुक्त के निर्देश पर जारी किया गया है। 13 से 15 मई तक कोतवाली थाना क्षेत्र में अभियान की शुरुआत होगी।

अतिक्रमण हटाने के लिए जारी रोस्टर के अनुसर कोतवाली थाना क्षेत्र में 13 मई को इम्पीरियल तिराहे से बुध बाजार होते हुए टॉउनहाल, आबकारी भवन, चड्ढा काम्पलेक्स, ताड़ीखाना से होकर हैलेट रोड होते हुए कपूर कंपनी तक अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया जाएगा। 14 मई को ताड़ीखाना से गुरहट्टी, गंज बाजार होते हुए अमरोहा गेट तक और 15 मई को अमरोहा गेट से कटरा मार्केट होते हुए बुध बाजार चौराहा तक अभियान चलेगा। 16 से 21 मई तक सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में चरणवार अभियान चलेगा। जिसमें 16 मई को पीलीकोठी से महिला थाना होते हुए जिगर कॉलोनी, बंगलागांव चौराहे से डिप्टीगंज होकर कचहरी रोड से गुरहट्टी तक, 17 मई को पीएसी तिराहे से मधुबनी, हरथला पुलिस चौकी, हरथला सब्जी मंडी होकर सिद्ध हास्पिटल से विवेकानंद हास्पिटी तक अभियान चलेगा। 18 मई को अकबर के किले से नई तहसील होते हुए हिमगिरी रोड, हरथला रेलवे स्टेशन मार्ग तक, 20 मई को विकास भवन से आशियाना तक, 24 मीटर रोड रामगंगा विहार सेल्स टैक्स चौराहा से अकबर किला तक, मधुबनी से वेव मॉल रोड और पीएसी तिराहे से मान सरोवर स्कूल तक बुलडोजर चलेगा। 21 मई को पीलीकोठी से फव्वारा चौक होते हुए कपूर कंपनी, रेलवे स्टेशन होते हुए इम्पीरियल तक अभियान चलेगा।

22 मई से कटघर थाने के अन्तर्गत आने वाले जगहों पर जेसीबी से अतिक्रमण तोड़ा जाएगा। 22 मई को इम्पीरियल तिराहे से पुराना बस स्टेशन, नया बस स्टेशन होते हुए प्रभात मार्केट तक, 24 को प्रभात मार्केट से ट्रंचिंग ग्राउंड तक, 25 मई को प्रभात मार्केट से कटघर रेलवे स्टेशन होते हुए गुलाबबाड़ी चुंगी तक, 27 मई को जामा मस्जिद चौराहे से हमसफर शादी हाल होते हुए बरबलान से मुस्लिम डिग्री कॉलेज कटघर रेलवे स्टेशन तक, 28 मई को दस सराय पुलिस चौकी से कोहिनूर तिराह तक व कोहिनूर से चंदौसी फाटक होते हुए हनुमान मूर्ति तक और 29 मई को मझोला थाने के लोकोशेड से महाराणा प्रताप चौक से मंडी रोड होते हुए प्रकाश नगर कपूर कंपनी पुल तक और 30 मई को महाराणा प्रताप चौक से सर्किट हाउस होकर गागन पुल तक अतिक्रमण पर बुलडोजर चलेगा। 31 मई को बुद्धि विहार में डॉ. शेफाली सिंह के आवास से होकर आर्यन इंटरनेशनल स्कूल, महिलाल स्कूल, खुशहालपुर तिराहा होते हुए शाहपुर तिगरी तक एक जून को कांशीराम द्वार से गौतमबुद्ध पार्क होकर खुशहालपुर तिराहा तक अभियान चलेगा।

3 जून को सम्भल फाटक से ईदगाह रोड होते हुए गलशहीद चौराहा, कटार शहीद होकर जामा मस्जिद चौराहे तक, 4 जून को जामा मस्जिद चौराहे से फैजगंज होकर मंडी चौक, बर्तन बाजार अमरोहा गेट तक, 5 जून को पत्थर के चौराहे से गलशहीद थाना होकर पक्का बाग और 6 जून को बांसगांव चौराहे से नागफनी थाना तक और सैनी गली मार्ग होकर किसरौल तिराहा व बारादरी तक आखिरी दिन अभियान चलेगा।


चबूतरा बनाकर किए अतिक्रमण को तोड़ती नगर निगम की जेसीबी। ● अमृत विचार

### गंदा पानी व रेत आने की शिकायत दूर कराई

नगर निगम की टीम ने गुरुवार को वार्ड नंबर 12, 19, 26, 34 42, 62 में पेयजल की पाइप लाइन में लीकेज की मरम्मत कराई। वार्ड नंबर 13, 66 में एक स्थान पर और वार्ड नंबर 16, 31 में दो स्थानों पर और वार्ड नंबर 20 में छह स्थान पर सीवर व सैप्टिक टैंक की सफाई कराई गई। वार्ड 54 में गंदा पानी आने की शिकायत का टीम ने निस्तारण कराया। वार्ड नंबर 25 में पानी में रेत आने की शिकायत को दूर कराया।

### फुटपाथ पर किए अतिक्रमण को तोड़ा

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार, द्वितीय अजीत कुमार के नेतृत्व में प्रवर्तन दल की टीम ने बुद्ध बाजार में सड़क के दोनों तरफ स्मार्ट सिटी के तहत बने फुटपाथ पर दुकानदारों के द्वारा चबूतरा निकाल कर किए अतिक्रमण को जेसीबी से तोड़ा। कार्रवाई में प्रवर्तन दल प्रभारी एसके शाही, टीम लीडर राकेश, हैदर व मुख्य सुरक्षा अधिकारी, राजस्व विभाग के आरआई, निर्माण विभाग के जेई किशन आदि मौजूद रहे।

प्रवर्तन दल की टीम ने दिल्ली रोड पर साईं अस्पताल से लेकर चौधरी चरण सिंह चौक तक स्मार्ट सिटी के तहत बने फुटपाथ पर रोड के किनारे अतिक्रमण हटवाया। वहीं नया गांव देव विहार कॉलोनी में जलनिकासी के लिए नाले पर अवैध निर्माण कर किए अतिक्रमण को चिह्नित किया। नया गांव में टोरेंट गैस कंपनी द्वारा बिना अनुमति के गैस पाइप लाइन के कार्य के चलते अवर अभियंता ने कंपनी पर 50,000 रुपये का अर्थदंड लगाया।

# महाराणा प्रताप की जयंती पर निकाली बाइक रैली

### क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दिया एकता का संदेश

कार्यालय संवादाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा गुरुवार को महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई। जयंती के अवसर पर सुबह प्रभात मार्केट से बाइक रैली निकाली गई। बाइक रैली की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष ठाकुर देवेंद्र सिंह ने की। इसमें भारी संख्या में महासभा के सदस्यों ने जुटकर एकता का संदेश दिया। बाइक रैली निकालते हुए महाराणा प्रताप चौक पहुंचकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह ने महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डाला। स्कूली बच्चों ने भी महाराणा प्रताप की जयंती में शामिल होकर माल्यार्पण में अपना सहयोग दिया। इसके बाद सभी कलेक्ट्रेट पहुंचे।

जहां उन्होंने जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए मैनपुरी में राजनीतिक पार्टी के सदस्यों द्वारा महाराणा प्रताप की प्रतिमा का निरादर करने के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति, चुनाव आयोग समेत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन प्रेषित किया। राजकुमार सिंह चौहान, अरविंद, कुमार राठोर, संजय राघव, अरुण सिंह, अनुराग सिंह, प्रशांत सिंह, अशोक तोमर, जितेंद्र प्रजापति, हरपाल सिंह आदि रहे।



कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार


महाराणा प्रताप चौक पर प्रतिमा का माल्यार्पण करते करणी सेना के कार्यकर्ता।

### महाराणा प्रताप की वीर गाथाओं का वर्णन किया

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** भारत विकास परिषद शिवाजी शाखा की ओर से गुरुवार को बुद्धि विहार में महाराणा प्रताप की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें पदाधिकारियों ने महाराज की वीर गाथाओं का वर्णन किया। इस दौरान पीके अग्रवाल, डॉ आरके शर्मा, सत्येंद्र दीक्षित, दीपक अग्रवाल, जसवंत सिंह, डॉ. अंशुमान गौड, डॉ. जेबी कौशिक, डॉ. पल्लवी गौड़, डॉ. नूतन आर्य आदि मौजूद रहें।

### जयंती पर करणी सेना ने निकाली रैली

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** फव्वारा चौक पर लगी महाराणा प्रताप प्रतिमा पर माल्यार्पण कर करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ उनकी जयंती मनाई। प्रदेश अध्यक्ष करणी सेना ठाकुर योगेंद्र सिंह राणा के नेतृत्व में करणी सेना के कार्यकर्ता हनुमान मूर्ति से बाइक रैली की शक्ल में महाराणा प्रताप चौक पहुंचे। गुरुवार को करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली की निकाली। रैली में महाराणा प्रताप अमर रहे, जय महाराणा जय महाराणा, राजपूत एकता जिंदाबाद के नारे लगाए। ठाकुर योगेंद्र सिंह राणा ने कहा कि महाराणा प्रताप ने सर्व समाज के लिए मुगलों से युद्ध लड़ा था, हल्दीघाटी का युद्ध एक निर्णायक युद्ध था। जिसमें महाराणा प्रताप की विजय हुई थी। इतिहास के पन्नों की चर्चा करते हुए नम आंखों से महाराणा प्रताप का स्मरण किया गया। इस अवसर पर रितुकरण सिंह, जिलाध्यक्ष करणी सेना जिलाध्यक्ष ठाकुर अखिलेश सिंह कठेरिया, प्रदेश मंत्री ठाकुर अभिरीत प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष अभिषेक सिंह कठेरिया, जिला उपाध्यक्ष प्रिंस ठाकुर उर्फ भूरा, मंडल उपाध्यक्ष अंकुल ठाकुर, महानगर अध्यक्ष ठाकुर तनवीर सिंह, जिला मंत्री विजय चौहान, जिला मंत्री प्रिंस ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष अमित ठाकुर, ठाकुर दीपक सिंह ,ठाकुर बॉबी सिंह ,ठाकुर मंकू सिंह, जिला मंत्री ठाकुर विजयभान सिंह, ठाकुर योगेश सिंह, शिवम ठाकुर, गुड्डू सिंह कार्यकर्ता मौजूद रहे।


महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते ठाकुर अनुज कुमार सिंह।

### महाराणा प्रताप के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा (पंजी) की ओर से महाराणा प्रताप चौक पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यज्ञ व हवन किया। क्षत्रिय समाज के लोगों ने महाराणा प्रताप के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप ने हल्दीघाटी के युद्ध में अकबर की सेना के दांत खट्टे कर दिए थे। महानगर अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप अद्भुत शौर्य व साहस के प्रतीक थे। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की लाइनपार क्षेत्र की नवनिर्वाचित नई युवा टीम का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर हरवीर सिंह, उदयराज सिंह चौहान, राजकुमार सिंह चौहान आदि ने विचार रखे।


जयंती पर महाराणा प्रताप चौक पर मौजूद क्षत्रिय समाज के लोग। ● अमृत विचार

## महानगर में धूमधाम से मनाई महाराणा प्रताप की जयंती

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** महाराणा प्रताप की जयंती महानगर में गुरुवार को धूमधाम से मनाई गई। लोगों ने मिलकर महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। इस मौके पर युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। युवाओं ने महाराणा प्रताप की वीर गाथा को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इसी क्रम में अज्जू ठाकुर के नेतृत्व में अकबर का किला के पुल के पास वाले मैदान से सर्व समाज की विशाल रैली निकाली गई। इस दौरान भगवा झंडे लिए युवाओं का जोश देखते ही बन रहा था। रैली का समापन फव्वारा चौक पर महाराणा प्रताप जी की मूर्ति पर हुआ। यहां सभी ने महाराणा प्रताप की मूर्ति पर माल्यार्पण करके उन्हें याद कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर संजय ठाकुर, फाजिल मलिक, विवेक बिष्ट, अफजल हुसैन सैफी, रिजवान चौधरी, निशू त्यागी, राजा त्यागी आदि मौजूद रहे।

# मकान के फर्जी दस्तावेज बनाने में रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- आरोपियों ने किराये की बना रखीं हैं फर्जी रसीदें

**अमृत विचार:** मकान के फर्जी एवं कूटरचित किराये की रसीदें बनाने और दबाव बनाकर मकान खाली कराने का मामला सामने आया है। इस मामले में पीड़ित पक्ष के उमेश चंद्र ने बुधवार को सिविल लाइंस थाने में तीन आरोपियों के विरुद्ध फर्जीवाड़े के आरोप में नामजद एफआईआर दर्ज कराई है।

उमेश चंद्र आवास विकास कालोनी शिव मंदिर के पास के निवासी हैं। उन्होंने जबरन मकान खाली कराने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में सुधीर कुमार धवन और इनके भाई सुनील धवन व राजीव अग्रवाल के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। आरोपी कोतवाली क्षेत्र के बल्लभ मंडी चौक मुहल्ले में रहते हैं।

उमेश चंद्र ने पुलिस को बताया कि पीली कोठी के पास शनि मंदिर के समीप गाटा-455 पर एक मकान है। इसके वह मालिक व काबिज भी हैं। आरोपियों ने उनके मकान की फर्जी व कूटरचित किराये की रसीदें बन रखी हैं। इसमें पीड़ित के पिता के फर्जी हस्ताक्षर बना रखे हैं। उमेश ने पुलिस को बताया है कि आरोपियों ने यह कथित रसीदें उनके पिता को देकर कहा कि इन्हें ले लो, भले ही मकान का किराया न दो। पीड़ित का कहना है कि इन रसीदों को देखकर उनके पिता हैरत में पड़ गए और आरोपियों से कहा था कि वह अपने पुस्तैनी मकान में रह रहे हैं। फिर आरोपी न्यायालय पहुंच गए, जहां उनके पिता के विरुद्ध वाद दायर कर दिया था। आरोपी लगातार मकान खाली करने का दबाव बना रहे थे। आरोप है कि इसी विवाद में उनके पिता दाताराम लखेड़ा अवसाद में रहने लगे थे और फिर उनकी 9 अक्टूबर 2021 को उनकी मौत हो गई थी। पीड़ित उमेश ने बताया कि आरोपियों ने उनसे भी कई बार कहा कि आपके पिता ने जीवित रहते किराये की रसीदें रिसीव नहीं कीं लेकिन, आप चाहो तो रिसीव कर लो। अब आरोपी पीड़ित पक्ष से मकान के बदले 20 लाख रुपये मांग रहे हैं और मकान न खाली करने पर जान से मारने की धमकी देने लगे हैं। पीड़ित का कहना है कि इस मामले को लेकर उनका पूरा परिवार अवसाद में रहने लगा है। इस मामले में सिविल लाइंस थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि उमेश चंद्र की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज की गई है। इस मामले में जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

### तमंचा-कारतूस व चाकू के साथ दो आरोपी पकड़े

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** कटघर थाना पुलिस ने बुधवार को तमंचा-कारतूस व चाकू के साथ दो आरोपियों को दबोचा है। दरोगा कुलदीप कुमार ने बताया कि उन्होंने अभियुक्त शेखर पुत्र संजय निवासी गोविन्दपुरी के पास से तमंचा व कारतूस बरामद किया है। उन्होंने बताया कि थाना कटघर पर अभियुक्त शेखर के विरुद्ध आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया है। इससे पहले भी इसके विरुद्ध वर्ष 2017 में डकैती का मामला दर्ज किया गया था। फिर 2022 में इसके खिलाफ तीन प्रकरणों में एफआईआर दर्ज हुई थीं। इसमें लूट एवं डकैती का प्रयास करने और आबकारी अधिनियम व आर्म्स एक्ट के मामले शामिल हैं। दरोगा बृजेश कुमार ने भी अभियुक्त रोहित पुत्र जितेन्द्र निवासी गोविन्दनगर को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त रोहित के विरुद्ध भी वर्ष 2017 में डकैती का मामला दर्ज किया गया था।


गांधीनगर पब्लिक स्कूल में रेन डांस का आनंद लेते बच्चे। ● अमृत विचार

# बच्चों ने लिया रेन डांस का आनंद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** गांधी नगर पब्लिक स्कूल में गुरुवार को किंडरगार्टन के बच्चों ने रेन डांस का आनंद लिया। इसमें कक्षा नर्सरी से यूकेजी तक के बच्चों ने स्विमिंग कॉस्टयूम पहनकर जमकर मस्ती की और रैन डांस का लुत्फ उठाया। इतनी गर्मी में बारिश की बूंदों का अहसास तन-मन को भिगो गया।

बच्चों ने ब्लू है पानी पानी, चक धूम धूम, चक धूम धूम, बम बम बोले बोले आदि गानों पर खूब डांस किया। सभी बच्चे प्रसन्न नजर आ रहे थे। कोई भी पानी से बाहर आने का तैयार नहीं था। यह का नजारा खुशी और मस्ती से परिपूर्ण था। विद्यालय की प्रधानाचार्या शशि शर्मा ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया। स्कूल की अध्यापिकाओं ने बच्चों के साथ आनन्द उठाया। बच्चों के माता-पिता ने बच्चों की खूब फोटो खींची व बच्चों की इस एक्टिविटि को देखकर बहुत खुश हुए। इस दौरान सुनीता अग्रवाल, कीर्ति गगनेजा, दीपाली डोबरियाल, शमी रूहेला, अस्मिता, कंचल गोयल, सारिका अग्रवाल व पूजा अग्रवाल का सहयोग रहा।

### ग्रीष्मकालीन ट्रेनों के बढ़ाए गए कई फेरे

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** यात्रियों की सुविधा के लिए कुछ ट्रेनों के आवागमन के फेरों में वृद्धि की गई है। इससे रेल यात्रियों को राहत मिलेगी और नियमित ट्रेनों में भी प्रतीक्षा सूची में कमी आएगी।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया ग्रीष्मकालीन गाड़ी संख्या 05219/05220 मुजफ्फरपुर–आनंदविहार टर्मिनल–मुजफ्फरपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल का संचालन हो रहा है। इसमें शनिवार को चलने वाली गाड़ी संख्या-05219 मुजफ्फरनगर से कुल दो फेरे रहेंगे। रविवार को चलने वाली गाड़ी संख्या-05220 आनंद विहार टर्मिनल से दो फेरे रहेंगे। गाड़ी संख्या 05251/05252 मुजफ्फरपुर–आनंदविहार टर्मिनल–मुजफ्फरपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल के भी फेरों को बढ़ाया है।

**लापरवाही** जनपद में 1401 परिषदीय विद्यालय, कक्षा में बच्चे अभी भी कर रहे किताबों का इंतजार

# एक माह बाद भी नहीं आई कक्षा एक, दो की किताबें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** शिक्षा विभाग के दावे धरातल पर हवाई दिख रहे हैं। क्योंकि नया शैक्षिक सत्र शुरू हुए एक माह बीत चुका है। मगर कक्षा एक और दो के बच्चों को अभी भी किताबों का इंतजार है। उनके हाथ आज भी खाली हैं। हालात इतने खराब हैं कि बच्चे पुरानी किताबों से पढ़ाई करने को मजबूर हैं। उधर, अधिकारियों का कहना है कि अभी शासन की ओर से इस संबंध में कोई दिशा-निर्देश नहीं मिले हैं।

कहने को तो उत्तर प्रदेश सरकार व शिक्षा विभाग सरकारी स्कूलों में बेहतर शिक्षा देने के दावे करता है। लेकिन, धरातल पर हालात कुछ और ही बयां कर रहे हैं। जनपद में 1401 परिषदीय विद्यालय हैं। इनमें प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालय शामिल हैं। इनमें करीब एक लाख 80 हजार छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। वहीं कक्षा 1 और 2 में करीब 40 हजार छात्र-छात्राओं का पंजीकरण है। इन छात्रों को शासन की ओर से निशुल्क किताबें दी जाती हैं। स्कूलों में किताबें भेजने के लिए जेम पोर्टल के माध्यम से एक एजेंसी को नामित किया जाता है। अभी तक परिषदीय विद्यालयों की कक्षा एक व दो की किताबें उपलब्ध नहीं हो पाई हैं। एजेंसी ने सिर्फ कक्षा तीन से आठ तक की किताबें ही भेजी हैं, जिसे विद्यालयों तक पहुंचाया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार कक्षा एक व दो के कोर्स में इस बार बदलाव हुआ है। इस कारण किताबें अभी तक शासन स्तर से ही जनपद में नहीं आई हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि कक्षा एक व दो को छोड़कर शेष कक्षाओं की किताबें आ गई हैं। नई किताबों से ही बच्चों की पढ़ाई-लिखाई कराई जा रही है।



सिविल लाइन क्षेत्र स्थित प्राथमिक विद्यालय में पढ़ाई करते छात्र-छात्राएं।

### कंप्यूटर कोचिंग संचालक के विरुद्ध थाने पहुंचे छात्र

**मुरादाबाद/मैनाठेर, अमृत विचार:** डींगरपुर में संचालित कंप्यूटर संस्थान के संचालक पर छात्र-छात्राओं ने फर्जीवाड़ा का आरोप लगाया है। छात्र-छात्राओं का आरोप है कि कोचिंग में प्रवेश शुल्क के नाम पर संचालक ने धनराशि वसूल की है। बताया कि डींगरपुर- कुंदरकी रोड पर स्थित कंप्यूटर एकेडमी है। कोर्स शुरू करने पर कंप्यूटर संचालक ने कहा था कि उनकी परीक्षाएं भी कराई जाएंगी। लेकिन, जब पढ़ाने का समय आया तो संचालक ने केवल एक दिन पढ़ाया था, उसके बाद से ही वह गायब हो गया है। छात्र-छात्राओं ने बताया कि इस कोचिंग संस्थान में आसपास गांव जैसे ताहरपुर, नानकार, डींगरपुर गुरैर, मसेबी रसूलपुर, ललवारा समेत कई गांवों के छात्र-छात्राओं ने प्रवेश लिया था। मैनाठेर थानाध्यक्ष सर्वेंद्र शर्मा ने बताया कि प्रकरण में जांच कर कार्रवाई कर रहे हैं।


श्री महाकालेश्वर बालाजी धाम ट्रस्ट द्वारा आयोजित सुंदरकांड में उपस्थित श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# वार्षिकोत्सव पर भंडारा आयोजित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** श्री महाकालेश्वर बालाजी धाम की ओर से गुरुवार को 14वें वार्षिक उत्सव के अवसर पर सुंदरकांड का आयोजन हुआ। इसके बाद विशाल भंडारा हुआ। इसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद चखा और आनंद प्राप्त किया।

इस दौरान लोग भंडारा पाकर लोग अत्यंत प्रसन्न हुए। भंडारे की सेवा में मुख्य रूप से महामंडलेश्वर स्वामी संजय आनंद गिरि महाराज, शैलेंद्र प्रकाश, संजीव अग्रवाल, राजीव गुप्ता, डॉ. डीएस चौहान, हरिओम गुप्ता, सर्वेश पटेल, बंटी राणा, अनंत अग्रवाल, कमल अग्रवाल, मनु अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, देशराज ठाकुर, विशाल अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, आराधना अग्रवाल, छवि गुप्ता, आशा, इला, रूबी, मीनू ,प्रिया, सारिका, कविता अग्रवाल आदि मौजूद रहीं।

## एक नजर



रितिक चौधरी को प्रमाणपत्र देते जाट महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी।

### जाट महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बने रितिक चौधरी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जाट महासभा का जिला व प्रदेश में विस्तार हो रहा है। जाट महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी ने बताया कि प्रदेश में जाट महासभा के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। जाट महासभा युवा मोर्चा और मुख्य शाखा का विस्तार बहुत तेजी के साथ किया जा रहा है। जिसमें गुरुवार को जाट महासभा के युवा मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष रितिक चौधरी को बनाया गया है। साथ उन्हें एक महीने में पूरे प्रदेश से एक हजार युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य भी सौंपा है। उन्होंने बताया कि एक महीने के भीतर प्रदेश में जाट महासभा एक विशाल और मजबूती के साथ उभरेगी।

### विधायक रितेश गुप्ता ने साप्ताहिक मंगल बाजार को शिफ्ट करने को भी कहा

# नगर आयुक्त के सामने रखीं व्यापारियों की समस्याएं

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**



कैम्प कार्यालय पर नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल से वार्ता करते नगर विधायक रितेश गुप्ता व व्यापारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर विधायक रितेश कुमार गुप्ता ने गुरुवार को नगर आयुक्त व स्मार्ट सिटी के सीईओ दिव्यांशु पटेल से उनके कार्यालय में मुलाकात की। नगर विधायक ने व्यापारियों का उत्पीड़न करने और जन प्रतिनिधियों का सम्मान न करने पर नाराजगी जताई। कहा कि पार्षदों और अन्य जन प्रतिनिधियों का फोन तक नगर निगम के अधिकारी नहीं उठाते हैं, यह गलत है।

नगर विधायक ने नगर आयुक्त से कहा कि स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के कार्य के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न का अधिकारी कर रहे हैं। निगम के अधिकारी व्यापारियों से मनमाना टैक्स वसूल कर रहे हैं। टैक्स वसूली के नाम पर घोटाला करने का आरोप विधायक ने लगाया। कहा कि महानगर में सड़कों की जर्जर स्थिति से लोग परेशान हैं। सफाई व्यवस्था लचर है। मंगल का अवैध बाजार बंद कराया जाए। बुध बाजार में स्मार्ट सिटी के काम में लापरवाही से व्यापारियों का कारोबार चौपट हो गया है। कार्यों को जल्द पूरा कराकर व्यापारियों का उत्पीड़न बंद किया जाए। टूटी और जर्जर सड़कों को तत्काल ठीक कराने की मांग नगर आयुक्त से की। नगर विधायक ने कहा कि जनता की शिकायत सुनना तो दूर निगम के पार्षदों की भी उपेक्षा निगम के अधिकारी कर रहे हैं। उन्होंने नगर आयुक्त से एक अधिकारी को पार्षदों की समस्याओं को सुनने के लिए जिम्मेदारी देने के लिए कहा। कहा कि व्यापारी काफी समय से साप्ताहिक मंगल बाजार को टाउनहॉल से कहीं और शिफ्ट करने की मांग की मांग कर रहे हैं इसे तत्काल कराएं। नगर विधायक ने बताया कि नगर आयुक्त ने सभी बातों को ध्यान से सुनकर समस्याओं का निराकरण कराने का आश्वासन दिया है। इस दौरान भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा, पार्षद देशरत्न कत्याल, सुरेंद्र विश्नोई के अलावा महापौर विनोद अग्रवाल बड़ी संख्या में व्यापारी और नगर निगम के कई वार्डों के पार्षद मौजूद रहे।

## वाहन की चपेट में आने से बच्ची की मौत

**मुरादाबाद/मैनाठेर, अमृत विचार::** अमृत विचार : थाना मैनाठेर क्षेत्र में जामा मस्जिद के पास वाहन की टक्कर से तीन साल के बच्ची की मौत हो गई। हादसे के समय वह गली में ही खेल रही थी। बच्ची की मौत की खबर सुनकर गली के लोग एकत्र हो गए। इसी दौरान मौका पाकर वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि वाहन को कब्जे में ले लिया है।

मैनाठेर निवासी मोहम्मद फैजान की तीन वर्षीय बेटी खुशी गुरुवार शाम साढ़े पांच बजे जामा मस्जिद के पास गली में खेल रही थी। तभी वह गली में ओवरलोड वाहन (छोटा हाथी) की चपेट में आ गई। हादसे में बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया जबकि पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया। बच्ची की मां इरम, पिता फैजान, दादी अमीना, बुआ सना का बुरा हाल है।

# महानगर में बिजली कटौती से बढ़ी परेशानी

### अधिकारी कटौती को ओवरलोडिंग बताकर झाड़ रहे पल्ला, बेहतर आपूर्ति के दावे हवा

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार:** अघोषित बिजली कटौती से महानगर और ग्रामीण क्षेत्रों में हाहाकार मचा हुआ है। भीषण गर्मी में लोग परेशान हैं। बिजली के उपकरणों में फॉल्ट को ओवरलोडिंग बताकर अधिकारी अपना पल्ला झाड़ ले रहे हैं। अत्याधुनिक व अधिक क्षमता वाले उपकरण भले ही विद्युत निगम की ओर से लगाए गए हैं, लेकिन महानगर में अब तक बेहतर बिजली आपूर्ति देने में बिजली विभाग विफल साबित हुआ है। बिजली कटौती रात और दिन हो रही है।

गुरुवार की रात 10 बजे नवीन नगर, अवंतिका, नया गांव, चक्कर मिलक और जिगर कालोनी में चार पांच बार आधा से एक घंटे तक बिजली गुल होने का सिलसिला जारी है। वहीं बुद्धविहार, खुशहालपुर, लोको शेड, रेलवे हरथला कालोनी, कंपनी बाग, गुरहट्टी में रात 12 बजे से सुबह चार बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। इसमें विद्युत निगम के अधिकारी खुद को बचाते नजर आ रहे हैं। विद्युत निगम की बिजली कटौती महानगरवासियों के लिए अभिशाप बनती जा रही है। गर्मी का तापमान दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। वहीं बिजली कटौती भी बढ़ने लगी है। विद्युत निगम के अधिकारी बेहतर बिजली आपूर्ति देने के दावे करने से नहीं चूक रहे हैं।

एडिशनल ट्रांसफार्मर और क्षमता वृद्धि के लिए लगाए गए उपकरणों की बात गलत साबित हो रही है। गुरुवार को नवीन नगर के वाले मयंक शर्मा ने बताया कि रात भर में चार से पांच बार बिजली गुल हो गई। यह खेल सुबह तक रहा, बीच- बीच में आधे घंटे के लिए आती थी। बुद्धि विहार के रहने वाले संजीव ने बताया की रात भर बिजली आपूर्ति आती जाती रही। कई बार बिजली कर्मचारियों को फोन किए तो ओवरलोडिंग होने की बात कहकर फोन काट दिया। खुशहालपुर बाजार के दुकानदारों और वहां रहने वालों में बिजली कटौती को लेकर विद्युत निगम के खिलाफ रोष है।

खुशहालपुर के रहने वाले सुनील खन्ना ने बताया कि दिन 12 बजे से शाम पांच बजे तक बिजली गुल हो रही है। ऐसे में इनवर्टर के बैटरा भी पूरी तरह चार्ज नहीं हो पा रहे हैं। रात-दिन कटौती होने के बच्चों का बुरा हाल है। बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारियों का फोन नहीं उठ पाता। इससे समस्या का पता नहीं चल पाता है। उधर लोको शेड, रेलवे हरथला कालोनी, कंपनी बाग, गुरहट्टी मोहल्ले में रहने वाले लोगों ने बताया कि रात 12 बजे से सुबह चार बजे तक बिजली आपूर्ति गुल रही। दिन में चार से पांच बिजली की कटौती की जा रही है।



“दिन में पांच से छह घंटे बिजली कटौती हो रही है। पूरे दिन बिजली न मिलने दुकानदारी पर भी असर पड़ रहा है। रात को दुकान बंद करने से आधा घंटा पहले बिजली आती है। कई बार बिजली उपकेंद्र पर जाकर शिकायत भी की है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

–जयदेव यादव, दुकानदार



“24 घंटे में मात्र 12 से 15 घंटे बिजली आ रही है। बार-बार बिजली कटौती से इनवर्टर के बैटरें चार्ज न हो पाने की वजह से खराब हो गए हैं। छोटे-छोटे बच्चों का बुरा हाल है। दिन में घर में रुकना मुश्किल हो गया है। रात को भी 12 बजे के बाद लगातार कई घंटे बिजली गायब हो रही है।

–मोहित, बुद्धि विहार



“रात को हर आधे घंटे में हो रही बिजली कटौती से भीषण गर्मी में बुरा हाल हो गया है। जितनी देर बिजली आपूर्ति आ रही है उसमें आधा समय बिजली की ट्रिपिंग होती रहती है। अधिकारी भी उपभोक्ताओं के फोन नहीं उठाते, जिसकी वजह से कई घंटे तक समस्या बनी रहती है।

–संजीव, बुद्धा पार्क, दीनबंधु पुरम

“गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली के उपकरणों में ओवरलोडिंग की शिकायत बढ़ गई है। कुछ स्थानों पर बिजली स्वीकृत भार से अधिक खपत है। दूसरे बिजली चोरी भी बढ़ गई है।

–मनीष चोपड़ा, अधीक्षण अभियंता, नगर

## एनएचएआई के टैंकर-डीसीएम में हुई भिड़ंत, चालक की मौत

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/पाकबड़ा**

**अमृत विचार:** दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे के डिवाइडर पर पौधों को पानी दे रहा टैंकर-ट्रैक्टर और डीसीएम में भिड़ंत हो गई। इसमें डीसीएम चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि महिला समेत चार लोग घायल हुए हैं। मृतक डीसीएम चालक अंसार (37) पुत्र इलियास है, जिसका अस्पताल पहुंचते-पहुंचते रास्ते में दम टूट गया।



अंसार का फाइल फोटो।

घटना शाम 4.45 बजे के समय पाकबड़ा में जीरो प्वाइंट के पास की बताई जा रही है। सभी किसान डीसीएम पर सवार थे। ये लोग मूंढापांडे थाना क्षेत्र के रौंडा-झौंडा गांव के रहने वाले हैं। डीसीएम में सवार नरेश ने बताया कि वह लोग दिल्ली में सब्जी बेचकर लौट रहे थे। पाकबड़ा में जीरो प्वाइंट पर नीम करौली मंदिर नानकबाड़ी के सामने डीसीएम हादसे का शिकार हो गई। नरेश ने बताया कि वह सभी लोग खेती-किसानी करते हैं। घायलों में कल्लू (40) पुत्र कमल, जानकी (62) पत्नी विमल, राजपाल (40) पुत्र गुलजानी लाल, रिंकू सिंह (26) पुत्र जयपाल हैं। उधर, मृतक डीसीएम चालक अंसार के परिवार में पत्नी अदीसा, बेटी माहेनूर (7) और बेटा हुसैन (5) हैं। बताया जा रहा है कि गुरुवार सुबह अंसार डीसीएम में गांव के कई किसानों की सब्जी लादकर दिल्ली के शाहदरा मंडी गया था। सब्जी बेचने के बाद सभी किसान डीसीएम से ही घर लौट रहे थे। डीसीएम में चालक अंसार के बगल में गांव का ही आरिफ बैठा था। कल्लू, राजपाल, जानकी और रिंकू पीछे डाले में थे। डीसीएम जब नानकबाड़ी के पास पहुंची तो एनएचएआई का पानी वाला टैंकर पौधों में पानी डाल रहा था। टैंकर चालक ने ब्रेक लगाया तो डीसीएम चालक अंसार ने भी ब्रेक लगाया। इसी दौरान डीसीएम अनियंत्रित होकर पानी के टैंकर में पीछे से टकरा गई। बताया जा रहा है कि टक्कर इतनी तेज थी कि पानी का टैंकर ट्रैक्टर से अलग हो गया। हादसे में पानी के टैंकर का ट्रैक्टर चला रहे यशपाल को भी हल्की चोट आई है।

# डीएल आवेदक को सेंसरयुक्त ड्राइविंग ट्रैक पर देना होगा टेस्ट

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

- मारुति कंपनी मोरा की मिलक में ड्राइविंग इंस्टीट्यूट में बना रही सेंसरयुक्त ड्राइविंग ट्रैक
- तीन साल तक कंपनी के प्रतिनिधि ट्रैक पर कराएंगे आवेदकों का टेस्ट





डीटीआई मोरा की मिलक में सर्वेक्षण को पहुंचे मारुति इंडिया के अधिकारी व अन्य।

**अमृत विचार:** अब ड्राइविंग लाइसेंस बनना मुश्किल होगा। जो वाहन चलाने में पारंगत होगा, उसी का ड्राइविंग लाइसेंस बन सकेगा। अब ड्राइविंग टेस्ट सेंसर युक्त ड्राइविंग ट्रैक पर देना होगा। संभागीय परिवहन कार्यालय मुरादाबाद ड्राइविंग इंस्टीट्यूट मोरा की मिलक में मारुति इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की ओर से सेंसरयुक्त ड्राइविंग ट्रैक बनाने की कवायद शुरू हो चुकी है। सेंसर युक्त ड्राइविंग ट्रैक चार महीने में बनकर तैयार हो जाएगा। तीन साल तक कंपनी के प्रतिनिधि ट्रैक पर टेस्ट कराएंगे।

गुरुवार को संभागीय परिवहन विभाग के संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक) हरिओम सिंह ने बताया कि अनाड़ी चालकों द्वारा होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को कम करने का प्रयास किया जा रहा है। परिवहन विभाग के ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट मोरा की मिलक में ड्राइविंग टेस्ट देने आए व्यक्तियों का टेस्ट अब सेंसरयुक्त ड्राइविंग ट्रैक पर ही देना होगा। इसके लिए मारुति इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कवायद शुरू कर दी गयी है। मारुति इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मेजर तुषार जोहरी (सेवानिवृत्त) सहायक जनरल मैनेजर व उनकी टीम के द्वारा संयुक्त रूप से 08 मई को इसके लिए सर्वेक्षण कर लिया गया है। चार महीने के भीतर सेंटर स्थापित करने के बाद ड्राइविंग टेस्ट का ऑटोमेशन किया जायेगा। आवेदक को ड्राइविंग टेस्ट के दौरान हिल, रोड साइड पार्किंग, आठ बनाना, एस बनाना एच बनाना एवं रिवर्स गैरेजिंग इत्यादि के सेंसर युक्त टेस्ट से गुजरना होगा।

सभी टेस्ट सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने के बाद ही ड्राइविंग लाइसेंस जारी हो सकेंगे। टेस्ट में कोई आवेदक फेल हो जाता है तो उसके एक सप्ताह के बाद दोबारा टेस्ट की फीस जमा कर टेस्ट देना होगा। संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) आन्जनेय कुमार सहायक ने बताया कि परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश की ओर हादसों को नियंत्रित करने के लिए बड़ी और अच्छी पहल की गई है। सेंसरयुक्त ट्रैक पर टेस्ट देने से किसी भी अनाड़ी व्यक्ति का ड्राइविंग लाइसेंस नहीं बन सकेगा। प्रत्येक व्यक्ति के टेस्ट का ऑटोमेशन सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार की वेबसाइट पर अपलोड होगा। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में 15 ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं टेस्टिंग इंस्टीट्यूट राज्य सरकार द्वारा खोले गए हैं। 06 ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं टेस्टिंग इंस्टीट्यूट राज्य सरकार द्वारा ऑटोमेशन के लिए मारुति इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को दिए गए हैं। इसमें 09 ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं टेस्टिंग इंस्टीट्यूट भी ऑटोमेशन के लिए मारुति इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को दिये जा रहे हैं। जिसमें ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट मोरा की मिलक, कांठ रोड मुरादाबाद भी सम्मिलित है। सेंसर युक्त ड्राइविंग ट्रैक होने पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी एवं चालकों की चालन दक्षता में वृद्धि होगी।

## आठ साल से लटका है विकास कार्य का ऑडिट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पंचायती राज विभाग की ओर में 8 साल पहले ग्राम पंचायतों में हुए विकास कार्यों में लगी करोड़ो की निधि के सही बिल वाउचर 160 प्रधानों और सचिवों ने अब तक जमा नहीं किए हैं। जिससे इन ग्राम पंचायतों का ऑडिट भी नहीं हो पाया है।

विभाग ने 160 प्रधानों और सचिवों को ऑडिट के लिए सही बिल, वाउचर जमा कराने के लिए नोटिस भी दिया था। नोटिस में दिए समय के बाद कुछ ही प्रधान सचिवों ने परिपालन आख्या जमा नहीं की है। विभाग ऐसे प्रधानों और सचिवों से वसूली की तैयारी कर रहा है। विभाग की ओर से अंतिम नोटिस भी जारी कर दिया गया है। विभाग की ओर से ऐसे में सभी प्रधानों और सचिवों से वसूली की कार्रवाई की जाएगी।

## रिश्तेदार बनकर वेल्डर से ठग लिए 1.55 लाख

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** साइबर ठग ने रिश्तेदार बनकर वेल्डर को गुमराह कर उसके खाते से 1.55 लाख रुपये उड़ा लिए हैं। यह ठगी मझोला थाना क्षेत्र में जयंतीपुर पुरानी आबादी निवासी रियाज मोहम्मद के साथ हुई है। वह आयरन वेल्डिंग का काम करते हैं।

रियाज ने बताया कि 2 मई को उनके मोबाइल पर अपरिचित नंबर से कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने खुद को रिश्तेदार बताया था और उसकी आवाज रिश्तेदार मुनीर से मिल रही थी। ऐसे में रियाज ने उस पर संदेह नहीं किया। कॉलर ने उनसे कहा कि उसके बच्चे की तबीयत अधिक खराब है, वह अस्पताल में भर्ती है। आरोपी के झांसे में आकर रियाज ने पांच बार में यूपीआई के माध्यम से कुल 1.55 लाख रुपये उसके बताए बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिए।

**सख्ती** बिजनौर में बाइक दुर्घटना अधिक होने पर जताई चिंता, रोड मार्किंग व साइन बोर्ड लगवाने के निर्देश

# अनफिट वाहन मिलने पर स्कूल की मान्यता होगी निरस्त

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**



कार्यालय सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक करते मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह।

**अमृत विचार:** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने गुरुवार को अपने कार्यालय सभागार में मंडल स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। उन्होंने ब्लैक स्पॉट पर सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए तीन दिन में रिफ्लेक्टर लगवाने का निर्देश एनएचएआई के अधिकारियों को दिया। उन्होंने बिजनौर में बाइक दुर्घटनाएं अधिक होने पर चिंता जताई। रोड मार्किंग व साइन बोर्ड लगवाने का निर्देश दिया। मंडलायुक्त ने बिना फिटनेस के वाहन संचालित करने वाले स्कूलों की मान्यता निरस्त कराने का निर्देश उप संभागीय परिवहन अधिकारी को दिया।

मंडलायुक्त ने सड़क दुर्घटनाओं का तुलनात्मक विवरण, मंडल में चिह्नित ब्लैक स्पॉट्स, सड़क सुरक्षा के मामलों में प्रवर्तन कार्यों की जिलेवार समीक्षा की। ब्लैक स्पाटों पर दुर्घटनाओं मे कमी लाने के लिए एनएचएआई के अधिकारियों को 3 दिन के अंदर रिफलेक्टर लगवाने के निर्देश दिए। बिजनौर में मोटरसाइकिल की अधिक दुर्घटनाएं होने पर मंडलायुक्त ने जन जागरूकता बढ़ाने और रोड मार्किंग व साइन बोर्ड लगाने के लिए कहा। मंडलायुक्त ने एनएचएआई के अधिकारी को कहा कि रिंग रोड से संबंधित जो भी ब्लैक स्पॉट है वहां पर कार्य में तेजी लाएं। सोलेशियम योजना में मुरादाबाद में 12, बिजनौर में 13, सम्भल में 1 सहित 26 प्रकरणों को एक सप्ताह के अंदर निस्तारण करने का निर्देश दिया। प्रवर्तन अधिकारी द्वारा सड़क सुरक्षा के विभिन्न मामलों में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्रवाई करने के लिए कहा। बैठक में मूंढापांडे थाने के जीरो प्वाइंट पर फ्लाई ओवर का प्रस्ताव रखा गया।

मंडलायुक्त ने कहा कि जिन वाहनों को परिवहन अधिकारी द्वारा फिटनेस प्रमाणपत्र नहीं दिया गया है यदि उनसे बच्चों को स्कूल लाया ले जाया जाता है तो उस स्कूल की मान्यता समाप्त कराने की कार्रवाई उप-सम्भागीय परिवहन अधिकारी कराएं। रामपुर और संभल में जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की अभी तक (वर्ष 2024 में) 2-2 बैठक होने पर नाराजगी जताई। लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, जिला पंचायत आदि की सड़कों पर किसी एजेंसी की होर्डिंग बिना अनुमति के नहीं लगने देने और अतिक्रमण के खिलाफ निरंतर अभियान चलाने का निर्देश मंडलायुक्त ने दिया।

बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, एसपी यातायात सुभाष चन्द गंगवार, सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन प्रणव झा, आरटीओ प्रवर्तन मुरादाबाद आरके सिंह, आरटीओ बिजनौर जीएस ठाकुर, आरटीओ सम्भल पीके सरोज, आरटीओ रामपुर आरके श्रीवास्तव, एआरटीओ ई मुरादाबाद आनन्द निर्मल, लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई, इश्योरेंस कंपनी, शिक्षा, आरएम रोडवेज ममता सिंह, स्वास्थ्य विभाग के अलावा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



# महाराणा प्रताप ने देश के लिए सर्वस्व अर्पण किया

## जयंती पर महाराणा प्रताप को किया याद

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** नगर में महाराणा प्रताप चौराहे पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के सदस्यों ने महाराणा प्रताप की जयंती मनाई।

गुरुवार को मंदिर पौणा खेड़ा पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के लोग बड़ी संख्या में एकत्रित हुए। यहां महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारतीय इतिहास में राजपूतों का गौरवपूर्ण इतिहास रहा है। राजपूतों ने धर्म तथा स्वाधीनता की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने में कभी संकोच नहीं किया। उनके पराक्रम पर समस्त भारत को गर्व रहा है। उन्होंने देश के सर्वस्व अर्पण कर दिया। वीरों की इस भूमि में राजपूतों के छोटे-बड़े अनेक राज्य थे। इन्हीं राज्यों में मेवाड़ का अपना अलग स्थान है। जिसमें वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप ने जन्म लिया है। जिन्होंने भारत की स्वाधीनता के लिए संघर्ष किया। मेवाड़ के महान पराक्रमी राजा महाराणा प्रताप के शौर्य के लिए पूरी दुनिया उन्हें जानती है। उन्होंने जंगलों में रहना कबूल किया। उनका जन्म नौ मई 1540 को राजस्थान के कुंबलगढ़ दुर्ग में हुआ था। बहुरनपुर नरौली के पूर्व प्रधान गजेंद्र सिंह ने बताया कि हमें आपसी मतभेद समाप्त करते हुए सर्व समाज को साथ लेकर प्रत्येक समाज के असहाय व्यक्तियों की मदद करनी चाहिए। सभा के बाद सभी एकत्र होकर महाराणा प्रताप चौक पहुंचे और प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के विजेंद्र सिंह चौहान, धर्मेंद्र गांधी, पवन राघव, ठाकुर सुरेंद्र सिंह, जोगेंद्र सिंह, मनोज ठाकुर, दुष्यंत चौहान, पंकज चौहान, संघ के तहसील प्रचारक अभिषेक, आदेश पाल सिंह, बीपी सिंह, धर्मपाल सिंह कठेरिया, अंकित राघव, अशोक सिंह, नत्थू सिंह, राजेंद्र सिंह, संजीव राघव, अनिल राघव, बृजेश राघव, कौशल ठाकुर, सत्यम राघव इत्यादि रहे।



बिलारी में महाराणा प्रताप चौक पर जयंती मनाने के दौरान मौजूद लोग।



ठाकुरद्वारा में शोभायात्रा निकालते युवा। ● अमृत विचार

### स्कूल में जयंती मनाई

**बिलारी, अमृत विचार :** हर्ष नगर स्थित महाराणा प्रताप स्कूल में महाराणा प्रताप की जयंती मनाई। गुरुवार को स्कूल में केपी सिंह राणा ने बताया कि भारतीय इतिहास ही नहीं बल्कि विदेशी इतिहास में भी महाराणा प्रताप के विषय में बताया गया है कि महाराणा प्रताप वीर पराक्रमी योद्धा थे। स्कूल के कार्यक्रम में प्रधानाचार्य ममता कश्यप, महादेवी गुप्ता, सलोनी, उर्वशी, सोनम, संस्कार, कल्पना, दीपिका राघव, रिंकी, संजना आदि ने महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प चढ़कर नमन किया।

### महाराणा प्रताप की 12.5 फीट की कांस्य प्रतिमा लगेगी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** महाराणा प्रताप के जन्मोत्सव को युवाओं ने शोभायात्रा निकालकर मनाया। गुरुवार को कार्यक्रम की शुरुआत अपर्णा औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र से हुई। जिसमें युवा भगवा ध्वज लेकर रतुपुरा रोड स्थित साधना पैलेस पहुंचे। वहां पर महाराणा प्रताप के चित्र पर ठाकुर अजय प्रताप सिंह ने पुष्पांजलि अर्पित की। बताया कि महाराणा प्रताप की 12 .5 फीट की कांस्य प्रतिमा लगेगी। कार्यक्रम में अनिरुद्ध चौहान, लकी चौहान, तरुण राजपूत, रोहन राजपूत, आशीष, अमन प्रताप, हनी, गौरव, मोहित, हैप्पी, रवि, मोनू, अंश, जतिन रहे। उधर, जटपुरा में भारतीय जनता किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राम सिंह चौहान के नेतृत्व में महाराणा प्रताप सिंह का जन्म उत्सव मनाया। इस दौरान खिलेन्द्र चौहान, अरविंद चौहान, डॉ. विपिन चौहान, संजय सिंह, अमन वर्मा, रामकिशोर सिंह, ग्रंथ चौहान, अमित चौहान,अभिषेक चौहान रहे।

## एक नजर

### मारपीट के मामले में चार आरोपियों पर रिपोर्ट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के शरीफनगर निवासी विशेष कुमार पुत्र चंद्र बोस ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि मंगलवार देर शाम वह अपने घर के बाहर मां व बहनों के साथ बैठकर बात कर रहा था। तभी गांव के ही दुर्योधन पुत्र हरकिशन, पंकज, त्रिवेंद्र कुमार पुत्र दुर्योधन, अभिषेक पुत्र शीशपाल ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। जब उसने विरोध किया तो लाठी-डंडे व हथियार के साथ हमला कर दिया। जिसमें उसे गंभीर चोटें आईं। पीड़ित विशेष कुमार ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तेंदुए के डर से जागकर रात गुजार रहे ग्रामीण

**डिलारी, अमृत विचार :** तेंदुए के डर से ग्रामीण छतों पर जागकर रात गुजार रहे हैं। ज्ञात हो कि बुधवार को गांव फौलादपुर में तेंदुए ने महिला केलावती, भूकननाथ, नितिन कुमार, फहीम अहमद पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घटना से क्षेत्र के छह गांवों में दहशत है। गांव निवासी राजवीर ने हिम्मत दिखाते हुए तेंदुए को केलावती के घर के कमरे में बंद कर दिया था। सूचना पाकर वन विभाग की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर मकान को चारों तरफ से जाल से घेर दिया और बेहोशी का इंजेक्शन लगाकर तेंदुए को पिंजरे में कैद कर लिया था। वन दरोगा पीयूष जोशी ने बताया कि तेंदुए को जंगल में छोड़ दिया है। घटना से क्षेत्र में दहशत बनी हुई है। भयभीत ग्रामीण रात छतों पर बैठकर गुजार रहे हैं और गांव में टोलियां बनाकर पहरेदारी कर रहे हैं।

### तमंचे और कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**डिलारी, अमृत विचार :** पुलिस ने तमंचे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। गांव तुमरिया कलां निवासी जीशान जटपुरा चौराहे पर तमंचा लेकर घूम रहा था। तभी गश्त कर रही पुलिस ने जीशान को पकड़ लिया। थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि आरोपी के पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।

मुरादाबाद देहात की खबरें पेज 12 पर भी

# बाइक चोरी मामले में किसान मजदूर सभा ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

● ग्रामीणों ने बाइक चोरी के असली आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के तहत जिला उपाध्यक्ष वीर सिंह तथा दयाराम सिंह के नेतृत्व में बाइक चोरी मामले को लेकर शरीफनगर की महिलाएं तथा पुरुष क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर एकत्र हुए। सभी ने कोतवाली पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की।

इसके बाद सभी उप जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। यहां मजदूर सभा नेता प्रीतम सिंह ने कहा कि पुलिस की तानाशाही बर्दाश्त नहीं होगी। बताया कि 30 अप्रैल 2024 को समय शाम शरीफनगर निवासी मैसूर पुत्र इकराम तथा शाहनवाज पुत्र फईम चोरी की बाइक लेकर पृथ्वी सिंह पुत्र छोटे निवासी शरीफनगर के घर खड़ी करचले गए और कह गए कि वापसी में बाइक ले जाएंगे। इसके बाद 1 मई को पुलिस पृथ्वी सिंह के घर पहुंची और बाइक को ले गई। उसी दिन चार बजे मैसूर तथा शहनवाज के घर से महिलाएं आईं और पृथ्वी सिंह को बुलाकर ले गईं थी। इसके बाद दो मई को कोतवाली से फोन आया कि पृथ्वी सिंह थाने में बंद है। तब कोतवाली पुलिस ने बताया कि उनके घर से बाइक बरामद हुई थी। इस मामले में पृथ्वी सिंह को जेल भेजा जा रहा है। गुरुवार को प्रदर्शन कर मांग की गई कि चोरी की बाइक की घटना की जांच निष्पक्ष करवाई जाए तथा पृथ्वी सिंह को जेल से रिहा किया जाए। असली आरोपियों मैसूर पुत्र इकराम, शहनवाज पुत्र फहीम को जेल भेजा जाए। चेतावनी दी गई कि यदि पांच दिनों के अंदर कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन आंदोलन करेगा। इसके बाद ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा।

# मतदाता लगा रहे हार-जीत के आंकड़े

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** तीसरे चरण के मतदान के जगह-जगह बैठकों का दौर शुरू हो गया है। अब प्रत्याशियों के समर्थक जीत के आंकड़े लगाने में जुट गए हैं।

गौरतलब है कि मंगलवार को संभल लोकसभा सीट के लिए मतदान सम्पन्न हो गया। जिसमें भाजपा से परमेश्वर लाल सैनी और समाजवादी पार्टी से जियाउर्रहमान वर्क और बहुजन समाज पार्टी से सौलत अली खान मैदान में थे। क्षेत्र में चर्चा है कि मुख्य मुकाबला भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी और समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क के ही बीच ही है। दोनों प्रत्याशियों के समर्थक अपने-अपने प्रत्याशी की जीत के दावे कर रहे हैं और बूथों के हिसाब से अपने पक्ष में मतदान का भी आकलन कर रहे हैं। इसके अलावा आम मतदाता भी दोनों ही प्रत्याशियों के बीच मुख्य मुकाबला मान रहे हैं। चाय के होटलों और बैठकों और चौराहों पर बैठकर लोग चुनाव पर चर्चा कर रहे हैं। नगर से लेकर देहात तक चुनावी चर्चा खूब हो रही है और लोग आकलन करने में लगे हुए हैं। संभल लोकसभा के विधानसभा कुंदरकी में सर्वाधिक मतदान हुआ है। संभल सीट के लिए औसतन 62.81 फीसदी, जबकि कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र में 67.48 फीसदी मतदान हुआ। इसी के चलते कुछ प्रत्याशियों के समर्थकों को निराशा भी हाथ लगी है। अब देखना होगा कि ईवीएम के पिटारे में से क्या निकाल कर आता है, किसकी किस्मत जागेगी और किसके हाथ निराशा लगेगी, यह तो 4 जून को ही पता चलेगा।



मतदान के बाद चर्चा करते लोग। ● अमृत विचार

● सभी प्रत्याशियों के समर्थक कर रहे अपनी पार्टी की जीत का दावा

## सार संक्षेप

### महाराणा प्रताप के जन्मोत्सव में शामिल हुए लोग

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** महाराणा प्रताप सिंह के जन्मोत्सव में बिजनौर के कार्यक्रम में क्षेत्र के लोग पहुंचे। भाजपा उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष गौरव चौहान व विधानसभा क्षेत्र प्रभारी करणी सेना के डॉ. दीपक चौहान, ठाकुर अनिरुद्ध चौहान साथियों के साथ बिजनौर कार्यक्रम में पहुंचे और मुख्य अतिथि शीला गोगामेड़ी व भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान बिजनौर, राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। कार्यक्रम में क्षत्रिय समाज के लोगों ने नुमाइश मैदान में सभा के बाद 500 ट्रैक्टर व सैकड़ों वाहनों से महाराणा प्रताप के जन्मोत्सव पर जूलूस निकाला। मुरादाबाद जिले से कार्यक्रम में संजीव चौहान, डॉ. दीपक चौहान, संतोष चौहान, पंकज कुमार व गौरव चौहान व कार्यकर्ता रहे।



भ्रमण के दौरान डायट प्रशिक्षु व स्टाफ। ● अमृत विचार

### डायट प्रशिक्षुओं ने किया कई स्थलों का भ्रमण

**कांठ, अमृत विचार :** डायट के शैक्षिक भ्रमण के द्वितीय दिवस पर प्रशिक्षुओं ने राष्ट्रीय वन अनुसंधान संस्थान देहरादून, सहस्त्रधारा आदि स्थलों का भ्रमण किया। प्राकृतिक स्थल सहस्त्रधारा पर प्रशिक्षुओं ने विभिन्न प्रकार के जल स्रोत एवं जलधाराओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। डायट प्राचार्य डॉ. ओपी गुप्ता ने प्रशिक्षुओं को दर्शनीय स्थलों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की। इस अवसर पर शैक्षिक भ्रमण प्रभारी डॉ. सुनील कुमार, शीतल कुमार, डॉ. टीना वर्मा, डॉ. नेहा इकबाल एवं डायट प्रवक्ता डॉ. अभिषेक भारद्वाज, आशुतोष त्यागी, डॉ. लोकेन्द्र कुमार, शैक्षिक सहायक उपेन्द्र, अरुण, वीना,आयुषी, शुभांगी, जयवीर आदि का भ्रमण में सराहनीय योगदान रहा। प्रशिक्षु कल्पना, सुमित, अंकुश, अर्जुन, निहारिका, मोहिनी, साक्षी, चित्रा, आनन्द, यशी, तनु, हर्ष, अंशिका, अर्चना, भावना, टीना,गौतेन्द्र, संजीव आदि मौजूद रहे।

### आवासीय पट्टे के मामले में मारपीट में चार पर रिपोर्ट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** आवासीय पट्टे की भूमि को लेकर चल रहे विवाद के चलते दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें एक पक्ष की पहले रिपोर्ट दर्ज हो चुकी है। दूसरे पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव दारापुर निवासी अंकित पुत्र राज सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि देर रात वह अपने घर के बाहर परिजनों के साथ खड़ा था। तभी गांव के अर्जुन, सोनू, संजय पुत्र लाखन सिंह, रेमश पुत्र रतन सिंह ने गाली गलौज करना शुरू कर दिया। जिसका पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपियों ने ईंट-डंडे व सरिया से हमला कर दिया, जिसमें वह घायल हो गया। उसकी चीख पुकार सुनकर आसपास के लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। वहीं, पीड़ित अंकित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, दूसरे पक्ष के अर्जुन सिंह ने बताया कि उनकी मां के आवासीय पट्टे की भूमि पर विवाद चल रहा है। जब वह अपने आवासीय पट्टे की भूमि पर निर्माण करने पहुंचे तो इन लोगों ने हमला किया था। यह बात न्यायालय में भी विचाराधीन है। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



एसडीएम और पुलिस क्षेत्राधिकारी को सम्मानित करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

### एसडीएम व सीओ को किया सम्मानित

**बिलारी, अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष कराने को लेकर एसडीएम व सीओ को सम्मानित किया। गुरुवार को तहसील बार एसोसिएशन के पदाधिकारी एसडीएम कार्यालय पहुंचे। जहां एसडीएम मनी अरोड़ा व पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार को बुके देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अध्यक्ष आफाक हुसैन, सचिव विनय कुमार, नवाब हुसैन, महेश चंद शर्मा, सुनील कुमार सिंह, जबर सिंह, चैतन्य पाल सिंह, भगवान शरण माथुर, परमजीत सिंह, शराफत हुसैन, मनोहर सिंह, तेज प्रताप सिंह, विशन सिंह, अतर सिंह, मोहम्मद ताहिर हुसैन, विक्रांत कुमार, एसपी सिंह रहे।




मेधावियों को सम्मानित करते शिक्षक। ● अमृत विचार

### उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ ने मेधावियों को किया सम्मानित

**कांठ, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ छजलैट की बैठक ब्लॉक संसाधन केंद्र कांठ पर डॉ. कपिल सिरोही अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ छजलैट की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में यूपी बोर्ड इंटर परीक्षा में तहसील कांठ के मेधावी छात्र छात्राओं को प्रतीक चिह्न व मेडल देकर सम्मानित किया। सम्मान पाने वाले मुरादाबाद की टॉपर व प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त करने वाली सालेहा परवीन, जनपद में तृतीय स्थान व प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त करने वाली अनम जहां, जनपद में सातवां स्थान प्राप्त करने वाली प्रकृति विश्नोई और आंठवा स्थान प्राप्त करने वाली सबनूर को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन संघ के कोषाध्यक्ष मोहम्मद रिजवान ने किया। इस अवसर पर मेघराज सिंह, हेतराम सिंह, मधुबाला, प्रियंका चौधरी, कंचन चौरसिया,गरिमा गुप्ता, दिनेश सैनी,रजत कुमार, कृष्ण गोपाल सिंह,शमीम अहमद,भूपेंद्र यादव,राजवीर सिंह, विवेक कुमार, जुल्फिकार अली,प्रदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

### निजी अस्पताल के बाहर से बाइक चोरी

**कुंदरकी, अमृत विचार :** इरशाद पुत्र मुन्ने सैफी निवासी ग्राम नानपुर थाना कुंदरकी ने थाने में तहरीर देकर बताया है कि उसकी पत्नी गर्भवती थी। प्रसव पीड़ा होने पर बुधवार शाम उसे बाइक से डींगरपुर रोड के पास ग्राम काजीपुरा स्थित अस्पताल गया था। जहां पर उसने पत्नी को अस्पताल में भर्ती कराया और अस्पताल के बाहर बाइक खड़ी कर दी थी। जहां से चोर उसकी बाइक ले गए। बाइक को इधर-उधर उसने काफी तलाश किया। बाइक का कुछ पता नहीं चला। पीड़ित व्यक्ति ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### सुरजननगर में बैसाखी चैती मेला शुरू

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** सुरजननगर में बैसाखी चैती मैले का आरम्भ चंद्रपाल सिंह, नवीन शर्मा व रतनपुरा निवासी राकेश चौहान ने बाबा श्री 108 नल वाले बाबा के स्थान पर फीता काटकर किया। मेले में श्रद्धालु बाबा श्री108 नल वाले बाबा के स्थान पर प्रसाद चढ़ाकर घर-परिवार के लिए कामना करते हैं।

# अधिकारियों ने किया गन्ना सर्वेक्षण का निरीक्षण

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार :** ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अगवानपुर शीराज मलिक व सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति कांठ मुकेश कुमार सक्सेना ने संयुक्त रूप से चीनी मिल स्योहारा शुगर मिल से संबंधित कांठ क्षेत्र के ग्राम मथाना व रसूलपुर में गन्ना सर्वेक्षण कार्य का निरीक्षण किया।

ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ने चीनी मिल के सर्वेयर एवं राजकीय गन्ना पर्यविक्षक को निर्देश दिए कि प्रतिदिन गन्ना सर्वेक्षण से पूर्व ग्राम में विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार किया जाए। केवल पौधा का सर्वेक्षण किया जाए एवं पेड़ी का मौके पर सत्यापन किया जाए। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ने निर्देश दिए गए कि सर्वेक्षण के समय गन्ना प्रजाति दर्ज करते समय विशेष ध्यान रखा जाए। स्वीकृत गन्ना प्रजातियों के अतिरिक्त जो भी प्रजातियां बोयी गईं हैं, उन्हें अस्वीकृत प्रजातियों में दर्ज किया जाए। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अगवानपुर ने किसानों ने आह्वान किया कि वे मौके पर रहकर गन्ना सर्वेक्षण कराएं एवं सभी विवरण सही-सही दर्ज कराते हुए सर्वे स्लिप अवश्य प्राप्त कर लें।सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति कांठ मुकेश कुमार सक्सेना ने सर्वेक्षण टीम को निर्देश दिए कि जो किसान नये सदस्य बनना चाहते हैं उनका सर्वेक्षण भी उनके नाम से अवश्य कर लें। उन्होंने किसानों को बताया कि नये सदस्य 30 सितम्बर 2024 तक बनाए जाएंगे एवं उपज बढ़ोतरी की रसीद भी 30 सितम्बर 2024 तक गन्ना समिति से कटवाई जा सकती हैं। गन्ना सर्वेक्षण निरीक्षण में चीनी मिल स्योहारा के वरिष्ठ प्रबन्धक (गन्ना) अनिल कुमार, उप प्रबन्धक (गन्ना विकास) विपुल कुमार, लवकुश कुमार, अनुज तोमर , दीपक यादव, अनिल कुमार, राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक नीरज कुमार तोमर, सुधीर कुमार उपस्थित रहे ।



सर्वेक्षण कार्य का निरीक्षण करते अधिकारी। ● अमृत विचार

### भाजपा नेता पर हमला करने में चार पर रिपोर्ट

**कुंदरकी, अमृत विचार :** मतदान के बाद भाजपा नेता पर हुए हमले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

भाजपा नेता नक्शे अली पुत्र मोहम्मद असलम के अनुसार वह मंगलवार को अपने दोस्त वाजिद पुत्र शाहिद हुसैन निवासी ग्राम बाकीपुर थाना कुंदरकी के साथ मतदान कर लौट रहा था। बताया कि तभी पहले से ही विपक्षी पार्टी के दिलशाद, याकूब, नूर ए मुजस्सिम और बिलाल घात लगाकर रास्ते में खड़े थे। सभी आरोपियों ने गाली गलौज करना शुरू कर दिया और याकूब ने जानलेवा हमला कर दिया। जिससे उसके सर में चोट आई। उसको बचाने आए उसके साथी वाजिद के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की थी। गांव के ही कुछ लोगों ने आरोपियों से उनको बचाया और अस्पताल लेकर आए। पुलिस ने उपरोक्त लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# बीसी संचालक पर करोड़ों रुपये के गबन का आरोप

संवाददाता, डिलारी

● बीसी संचालक की 10 दिन पहले हो गई मौत, खाता धारक परेशान

**अमृत विचार :** भोजपुर क्षेत्र के गांव देवीपुरा में बीसी संचालक पर करोड़ों रुपये के गबन का आरोप लगा है।

गांव निवासी खाता धारक प्रेम किशोर राजू सिंह, अतर सिंह, रियासत, रंजीत, राशिद, राजीव, मोहम्मद नबी, किरण, गुलशन जलधारा, अमित कुमार, शिव बहादुर नीरज, बुधन, अनोखी, असीम आदि ने थाना में शिकायती पत्र दिया है। शिकायती पत्र में बताया है कि गांव देवपुरा निवासी कुलदीप केनरा बैंक शाखा भोजपुर का बीसी संचालक (बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट) था। ग्रामीणों ने एक-एक लाख रुपये से अधिक की रकम जमा कर दी। जिसकी खाता धारकों को रसीद नहीं दी और न ही पासबुक पर एंट्री की। जब लोग बीसी संचालक के पास पहुंचे तो कुलदीप ने मशीन पर अंगूठा लगवा लिया और फर्जीवाड़ा कर खाता धारकों की रकम निकालकर जमीन खरीद कर उस पर मकान बना लिया। 10 दिन पहले बीसी संचालक की मृत्यु हो गई। इसकी जानकारी होने पर खाता धारकों में खलबली मच गई। खाता धारक केनरा बैंक की शाखा भोजपुर पहुंचे। जहां बैंक मैनेजर ने खातों से रकम निकालने की बात कही। जिसको सुनकर ग्राहक दंग रह गए। मामले को लेकर हुई पंचायत में कुलदीप के पिता राजेश कुमार को बुलाया। राजेश कुमार ने रकम वापस करने से इनकार कर दिया। पीड़ितों ने बैंक मैनेजर और मृत कुलदीप के साठगांठ से करोड़ों रुपये की रकम निकालने को लेकर थाना भोजपुर में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। उधर, खाताधारकों ने बीसी प्वाइंट पर एकत्र होकर बैंक मैनेजर के खिलाफ प्रदर्शन किया।

### सड़क हादसे में अज्ञात कार चालक पर रिपोर्ट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** साइकिल सवार को टक्कर मारने के मामले में पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव नाजरपुर पट्टी निवासी राम सिंह साइकिल से सुरजननगर से सामान लेकर अपने घर जा रहा था। तभी पेट्रोल पंप के निकट करनपुर मार्ग पर तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी थी। जिससे साइकिल सवार राम सिंह घायल हो गया। टक्कर से साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई थी। घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने घायल को हायर सेन्टर रेफर कर दिया। जिसका मुरादाबाद के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं, पीड़ित के परिजनों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आल्टो कार up20B7039 के चालक खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं, पुलिस ने तहरीर के आधार पर ऑटो कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**आयोजन** भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री ने दीप प्रज्वलित कर किया भजन संध्या का आरंभ

# परशुराम जन्मोत्सव पर भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** बुधवार रात्रि नगर के पंडित बाबूराम शर्मा क्षेत्रीय ब्राह्मण धर्मशाला में परशुराम जन्मोत्सव पर भजन संध्या हुई। जिसमें भजनों पर श्रद्धालु थिरके। शुक्रवार को नगर में शोभायात्रा का आयोजन होगा।

बुधवार रात्रि भजन संध्या में श्री सिद्ध पीठ दक्षिण काली माई मंदिर हरिद्वार से आए पंडित राहुल शर्मा एवं टीम ने भजनों से श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा ने भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। वहीं विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी निरीक्षक कांठ योगेंद्र कुमार सिंह रहे। कार्यक्रम संचालक एवं अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष आचार्य भावेश शर्मा ने युवाओं से दोनों अतिथियों को सम्मानित करवाया। कार्यक्रम में रतेश शर्मा, अनिल शर्मा, यतेंद्र शर्मा, विनय कुमार शर्मा एवं कुलदीप कौशिक, आकाश शर्मा आदि ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में योगदान दिया। आज नगर में भगवान परशुराम शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर अंकुर शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, अनिल शर्मा, आकाश शर्मा, जितेंद्र शर्मा, अभिनव शर्मा, रजत शर्मा, राकेश शर्मा, सत्य प्रकाश शर्मा, शिखर भारद्वाज, पवन शर्मा, सोमेश शर्मा, शिवम शर्मा, देवेश शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, पंडित प्यारेलाल शर्मा रहे।



प्रभात फेरी का स्वागत करते वैश्य सभा के अध्यक्ष मोहित माहेश्वरी व अन्य।

### प्रभात फेरी निकाली

**कांठ, अमृत विचार :** मोहल्ला विशनपुरा स्थित पंडित स्वर्गीय बाबूराम शर्मा क्षेत्रीय ब्राह्मण धर्मशाला में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के तहत प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी मोहल्ला बिशनपुरा स्थित पंडित बाबूराम शर्मा क्षेत्रीय ब्राह्मण धर्मशाला से प्रारंभ हुई । प्रभातफेरी का वैश्य सभा कांठ के अध्यक्ष मोहित माहेश्वरी, उनकी पत्नी मोहिनी माहेश्वरी एवं रोमी माहेश्वरी आदि ने जलपान करा कर स्वागत किया। इसके उपरांत शिवओम वर्मा एवं उनकी पत्नी पूनम वर्मा ने भी प्रभातफेरी का जलपान से स्वागत किया। प्रभात फेरी में अनुजा शर्मा, चंद्र सुमन शर्मा, दिया शर्मा, मनोरमा शर्मा, सुनीता शर्मा, अनीता शर्मा, मीनू शर्मा, माया शर्मा, पूनम शर्मा, रितिका शर्मा, यशिका शर्मा, विनीता शर्मा मौजूद रहीं।

### दो पक्षों में मारपीट में आठ के विरुद्ध रिपोर्ट

**कांठ, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में तीन सप्ताह पहले हुए दो पक्षों में मारपीट के मामले में पुलिस ने आठ लोगों पर मामला दर्ज किया है।

थाना कांठ के ग्राम गोपालपुर बहादुरपुर खादर निवासी राशिद पुत्र मंजूर खां तथा दूसरे पक्ष के मेहंदी पुत्र अकबर में डीजे पर नाचने के विवाद में गाली गलौज हो गई थी। इसके बाद दोनों पक्षों में मारपीट हुई। मारपीट में एक पक्ष के राशिद, कशीद एवं दूसरे पक्ष के मेहंदी, शादाब, गुलफाम, साहिल, हनीशा दोनों पक्षों को एक महिला सहित सात लोग घायल हो गए थे। थाना पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया था। थाना पुलिस ने मेहंदी की तहरीर के आधार पर अखिल, आशु, फहमुद्दीन, राशिद तथा दूसरे पक्ष के राशिद की तहरीर के आधार पर फरियाद, फरमान, शादाब, मेहंदी दोनों पक्षों के आठ लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

## एक नजर

### बकायेदारों से नौ दिन में 75 लाख रुपये वसूले

**अमरोहा, अमृत विचार :** विद्युत निगम की टीमों अभियान चलाकर बकायेदार बिजली उपभोक्ताओं से 75 लाख रुपये की वसूली की है। अधिशासी अभियंता निखिल कुमार ने बताया कि अमरोहा डिविजन के बिजली उपभोक्ताओं पर 20 करोड रुपये का बिल बकाया है। इसकी वसूलने के लिए विभाग ने 1 से 9 मई तक वसूली अभियान चलाया। बकायेदार बिजली उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए। अभियान से पहले बकायेदारों को नोटिस भी दिए गए थे। उन्होंने कहा कि यह अभियान पूरा माह चलेगा।

### 200 कुत्तों की हुई नसबंदी

**अमरोहा, अमृत विचार :** नगर पालिका प्रशासम ने 200 कुत्तों को पकड़कर उनकी नसबंदी कराई। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि पिछले वर्ष नगर में घर के बाहर खेलते बच्चों पर कुत्तों ने हमले कर दिए थे। नगर के लोगों को कुत्तों के हमलों से बचाने के लिए नगर पालिका ने अभियान चलाया था।

### गला दबाने से हुई प्रवेश की मौत, फंदे पर लटकने से गई मुनेश की जान, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुई पुष्टि

# महिला के मायके वालों का हंगामा, बेटी की हत्या का आरोप

संवाददाता, हसनपुर (अमरोहा)

**दंपती की मौत का मामला**

- पत्नी के हाथों की चूड़ियां लगने से चोटिल हो गया था मुनेश
- कोतवाली पुलिस कई बिंदुओं पर कर रही है मामले की जांच

**अमृत विचार :** गांव अल्लीपुर मिलक में दंपती की मौत के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला प्रवेश की गला दबाकर हत्या करने की पुष्टि हुई है जबकि उसके पति मुनेश की फंदे पर लटकाने से मौत हुई है। दंपती के शवों का पोस्टमार्टम तीन डॉक्टरों के पैनल ने किया। इससी वीडियोग्राफी भी कराई गई है। दुष्कर्म के बाद महिला की हत्या करने की आशंका जताई जा रही थी। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दुष्कर्म नहीं करने की पुष्टि हुई है।

उधर, प्रवेश के मायके वालों ने हंगामा किया। कहा कि मुनेश ने ही उनकी बेटी की हत्या की है। परिजन गलत नाम बताकर और लोगों को फंसा रहे हैं। हालांकि सीओ के समझाने पर वे मान गए।

मंगलवार दोपहर फत्तेहपुर खादर निवासी बहन के घर गए मुनेश और उसकी पत्नी प्रवेश घर नहीं लौटे थे। बुधवार सुबह उनके शव खेत में मिले थे। बुधवार रात मुनेश के शव का पोस्टमार्टम डॉ. उमर फारूक, डॉ. मुमताज अंसारी और डॉ. रमाशंकर ने किया। प्रवेश के शव का पोस्टमार्टम डॉ. पल्लवी गंगवार ने किया। एएसपी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम में मुनेश की फंदे पर लटकने से मौत हुई है और उसकी पत्नी प्रवेश की गला दबाकर हत्या की गई। प्रवेश ने मरने से पहले संघर्ष किया था। इसके चलते उसके हाथों की चूड़ियां टूट गई थीं। प्रवेश व मुनेश के शरीर पर कोई निशान नहीं मिले हैं। फिलहाल कोतवाली पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है।

फॉरेंसिक टीम की जांच में सामने आया है कि प्रवेश और मुनेश के बीच मारपीट हुई थी। महिला के हाथों की चूड़ियां टूट गई थीं। ये चूड़ियां मुनेश के हाथ में लगीं। इससे मुनेश चोटिल हो गया था। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर प्रवेश की गला दबाकर हत्या की गई है। मुनेश की फंदे पर लटकाने से मौत हुई है।

### दंपती के शवों का एक ही चिता पर किया दाह संस्कार

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में दयावली गंगा घाट पर एक ही चिता पर बुधवार रात पति-पत्नी के शवों का अंतिम संस्कार हुआ। इस दौरान मृतकों के रिश्तेदार व ग्रामीण मौजूद रहे। हर कोई घटना को लेकर चर्चा करता रहा। गांव अल्लीपुर मिलक निवासी मुनेश खड़गवंशी (35) का शव बुधवार सुबह गांव से करीब पांच सौ मीटर दूर खेत में रस्सी के बने मचान पर लटका मिला था। यहां से 10 मीटर दूर उसकी पत्नी प्रवेश देवी का शव मिला था। महिला के गले पर चोट के निशान थे। उनकी छह वर्ष की बेटी दीपांशी मचान पर सोती मिली थी। मुनेश पत्नी प्रवेश व बेटी दीपांशी को लेकर मंगलवार दोपहर अपनी बहन के यहां गांव फत्तेपुर बाटूपुरा मेहमानदारी में गया था। 12 वर्षीय बेटे पंकज व आठ वर्षीया बेटी शिवानी को वह घर पर छोड़ गया था। बताया जा रहा है कि वापसी में घर जाने की बजाए पत्नी व बेटी को लेकर सीधे खेत पर पहुंच गया। आधी रात मुनेश ने डायल 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को बताया था कि चार लोग उसकी हत्या करना चाहते हैं। हरकत में आई पुलिस गांव पहुंची, लेकिन मुनेश वहां नहीं मिला था। बुधवार सुबह गांव के किसान खेतों की ओर गए तो दंपती के शव खेत पर मिले। मुनेश के पिता भगवत की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई। पोस्टमार्टम के बाद दोनों के शव रात करीब साढ़े 9 बजे घर लाए गए। इसके बाद गांव दयावली के गंगा घाट पर एक ही चिता पर शवों का अंतिम संस्कार किया। मुनेश के बड़े भाई पूरन सिंह ने चिता को मुखाग्नि दी। प्रवेश के मायका गजरौला थाना क्षेत्र के गांव दारानगर समेत अन्य रिश्तेदार व गांव के लोग मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### सिर्फ ब्लड प्रेशर नापने के काम आ रहा हेल्थ एटीएम


गजरौला सीएचसी में लगा हेल्थ एटीएम।

**गजरौला, अमृत विचार :** शहर में बीमारियों की जांच के लिए हेल्थ एटीएम उपलब्ध कराई गई है। लेकिन यह मशीन सीएचसी में शोपीस बनकर रह गई है। पहले इस मशीन से 59 जांचें एक साथ होती थीं। अब यह मशीन सिर्फ ब्लड प्रेशर नापने के काम आ रही है। शहर की सीएचसी में करीब दो साल पहले हेल्थ एटीएम तीन लाख रुपये की कीमत से लगाया गया था। इस हेल्थ एटीएम से ब्लड प्रेशर, मेटाबालिक ऐज, बॉडी फैट, हाइड्रेशन, पल्स रेट, हाइट, मसल मास, शरीर का तापमान, शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा, वजन सहित 59 प्रकार की जांच एक साथ हो जाती है। इस प्रक्रिया को करने में 10 मिनट से अधिक का समय लगता है। हालत यह है कि सीएचसी में हेल्थ एटीएम सिर्फ ब्लड प्रेशर नापने के काम ही आ रहा है। बाकी जांचों के लिए शोपीस बनकर रह गया। जिससे लेकर अधिकारी भी अंजान बने बैठे हैं। चिकित्साधीक्षक डॉ योगेंद्र सिंह ने बताया कि सीएचसी में खराब पड़े हेल्थ एटीएम की जानकारी विभागीय अधिकारियों को दी गई है। जल्द ही सही कराया जाएगा।


केक काटते सभासद अमित गुर्जर, साथ में अन्य। ● अमृत विचार

### जिला पंचायत अध्यक्ष का जन्मदिन मनाया

**सैदनगली, अमृत विचार :** सैदनगली नगर पंचायत में सभासद व भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारी अमित गुर्जर के आवास पर जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। उन्होंने जन्मदिन की बधाई दी। इस मौके पर निकेश कुमार, नितिन बेगाली, अनित सोनी, रवि सैनी, ब्रिजेश, देशराज भाटी, छोटू माली आदि मौजूद रहे।

# कैतवाली में मिले दो बच्चों के शव, हत्या की आशंका

### चिराग के शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबने से मौत की पुष्टि, मामला दर्ज

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा


विलाप करते माहिर के परिजन।


● अमृत विचार गमगीन माहौल में बैठे चिराग के परिजन व रिश्तेदार।

**अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला कैतवाली पंडकी में 24 घंटे के भीतर दो बच्चों के शव मिले। चार वर्षीय माहिर और चिराग (11) की मौत से सनसनी फैल गई। चिराग के शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबने से मौत की पुष्टि हुई है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या में मामला दर्ज किया है। माहिर के परिजनों ने भी शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की है।

यह घटना अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के कैतवाली पंडकी की है। यहां राजू सैनी का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी खेमवती, बेटा जयकुमार, चिराग और बेटी कोमल है। राजू किसान है और सिलाई का काम भी करते हैं। बुधवार सुबह वह पत्नी व बच्चों के साथ खेत पर गए थे। उनका बेटा चिराग घर ही था। दोपहर को सभी घर लौट आए। इस बीच कोमल घर में सफाई कर रही थी। तभी उसने चिराग का शव घर


माहिर।


चिराग।

के एक कोने में पड़ा देखा। उसकी आंख व गले पर चोट के निशान थे। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दम घुटने व गला दबाने से मौत की पुष्टि हुई है। उधर, इसी मोहल्ले में विपिन सैनी का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी प्रियंका बेटे नितिन, मयंक और माहिर है। मंगलवार को विपिन किसी काम से बाहर गया था, जबकि उसकी पत्नी व बच्चे घर ही थे। दोपहर को चार वर्षीय माहिर घर के बाहर खेल रहा था। तभी अचानक वह लापता हो गया। परिवार वालों ने उसे काफी तलाशा, लेकिन नहीं मिला। बुधवार शाम पड़ोसी के बंद घर में माहिर का शव मिला। परिजनों ने बिना कानूनी कार्रवाई के ही उसे दफन कर दिया। गुरुवार को मृतक माहिर के परिजन जिलाधिकारी कार्यालय पहुचे। यहां उन्होंने शिकायती पत्र देकर माहिर के शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। सीओ अंजलि कटारिया ने बताया कि दोनों में मामलों में जांच की जा रही है। चिराग की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दम घुटने से मौत की पुष्टि हुई है। तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है।

### पिता का दावा, तंत्र-मंत्र में की बेटे की हत्या

**अमरोहा, अमृत विचार :** कैतवाली में 24 घंटे में दो बच्चों की मौत से दहशत फैल गई है। चिराग की हत्या की पुष्टि होने के बाद चार वर्षीय माहिर की मौत की वजह जानने के लिए परिजन उसका पोस्टमार्टम कराएंगे। माहिर के पिता विपिन सैनी ने तंत्र-मंत्र के चलते बेटे की हत्या करने की आशंका जताई है। कैतवाली में सात और आठ मई को दो बच्चों के शव मिले। यहां रहने वाले विपिन सैनी का बेटा माहिर मंगलवार दोपहर तीन बजे घर से गायब हो गया था। शाम पांच बजे उसका शव पड़ोस में ही रहने वाली विशाल के घर के दरवाजे के पीछे मिला। दरवाजा बंद होने के बाद माहिर यहां कैसे पहुंचा यह सवाल बना हुआ है। उसके चेहरे और माथे पर चोट के निशान थे। 24 घंटे का समय भी नहीं बीता तभी बुधवार सुबह पड़ोसी राजू के बेटे चिराग का भी शव ऐसी ही हालत में मिला। गुरुवार को माहिर का शव कब्र से बाहर निकालने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। अब उसके शव का भी पोस्टमार्टम होगा। इसके बाद उसकी मौत का राज खुलेगा। हालांकि विपिन ने तंत्र मंत्र के चलते बेटे की हत्या होने की आशंका जताई है।

### झोलाछाप के इलाज से महिला की मौत

**हसनपुर, अमृत विचार :** आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव में झोलाछाप के इलाज से महिला की मौत हो गई। हालांकि परिजनों ने बिना कार्रवाई के ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

यह मामला आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव का है। यहां गांव में पिछले काफी वर्षों से एक बंगाली डॉक्टर अपना क्लीनिक चलाता है। ग्रामीणों के मुताबिक, गांव निवासी एक महिला को काफी समय से बुखार आ रहा था। परिजनों ने महिला को चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने महिला को ड्रिप चढ़ानी शुरू कर दी। इस दौरान महिला की हालत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। नोडल अधिकारी डॉ. शरद कुमार ने बताया कि मामला जानकारी में नहीं है। अगर ऐसा है तो जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जाएगी। बताया गया कि क्षेत्र में इससे पहले भी इस तरफ की कई घटनाएं हो चुकी हैं। लेकिन स्वास्थ्य विभाग झोलाछापों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करता है। इससे उनहे हौसले बुलंद हैं।

### जुआ देखते लोगों का फोटो वायरल, कार्रवाई की मांग


वायरल फोटो।

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव स्थित बागों में जुआरी जुआ खेल रहे हैं। उनकी हरकतों से परेशान ग्रामीणों ने फोटो सोशल मीडिया पर वायरल किया। उन्होंने जुआरियों पर कार्रवाई की मांग की है। बताया गया कि गांव बावनखेडी के बागों में जुआ खेला जा रहा था। इसमें जुआरी हार जीत की बाजी लगा रहे थे। इससे ग्रामीणों को परेशानी होती है। ग्रामीणों के अनुसार, ताश के इस काले खेल में पूरे जिले से जुआरी आते हैं और लाखों रुपये हारते जीते हैं। ग्रामीणों की माने तो जुआ खिलवाने वाले लोग हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के ही हैं। गांव के बागों में काफी समय से जुआ खेला रहा है, लेकिन कोतवाली पुलिस अनजान बनी हुई है। अब सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होने से क्षेत्र में चर्चा है। हालांकि पुलिस ने इस संबंध में जानकारी से इनकार किया है।


व्यापारिक सुरक्षा फोरम की बैठक में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### पंकज बने व्यापारी सुरक्षा फोरम के जिला चेयरमैन

**हसनपुर, अमृत विचार :** व्यापारिक सुरक्षा फोरम संस्थान की बैठक में कई व्यापारियों को संगठन की जिले एवं नगर कार्यकारिणी में स्थान दिया गया। संगठन के विस्तार करने और व्यापारी हित में कार्य करने की शपथ दिलाई गई। व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के प्रदेश महामंत्री मुकेश गुप्ता के आवास पर बुधवार देर रात्रि संगठन की बैठक हुई। पंकज भटनागर को जिला चेयरमैन, रानू रस्तोगी को जिला उपाध्यक्ष, आयुष रस्तोगी को जिला मंत्री, मोहित सुशील अग्रवाल को युवा नगर अध्यक्ष, आकाश अग्रवाल को युवा उपाध्यक्ष, मुकुल अग्रवाल को युवा जिला मंत्री, बबलू पाल को नगर मंत्री, राहुल गुप्ता को नगर उपाध्यक्ष, विजय परछा को मीडिया प्रभारी नगर नियुक्त किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश महामंत्री मुकेश गुप्ता ने की और संचालन नगर अध्यक्ष तरुण अग्रवाल ने किया।

### नहर में उतराता मिला नूरपुर के युवक का शव

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** गांव बेरखेड़ा के निकट रामगंगा पोषक नहर में नूरपुर निवासी युवक का शव उतराता मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। बुधवार रात गांव बेरखेड़ा के निकट रामगंगा पोषक नहर में जिला बिजनौर के थाना नूरपुर के गांव गोहावर हल्लू निवासी मुला सिंह के पुत्र मदन (36) का शव उतरता मिला। पुलिस नेबताया कि मृतक के परिजन रामगंगा पोषक नहर के किनारे उसकी तलाश करते हुए आ रहे थे। उन्हें गांव बेरखेड़ा के पास रामगंगा नहर में एक शव दिखाई दिया। इसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को नहर से बाहर निकाला तो वह शव मदन का निकला। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# महाराणा प्रताप बचपन से ही बहादुर थे : विधायक

संवाददाता, हसनपुर


महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यर्पण करते विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी।

**अमृत विचार :** महाराणा प्रताप की जयंती पर विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने नगर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप की देशभक्ति पर सभी देशवासियों को गर्व है।

गुरुवार को महाराणा प्रताप की जयंती पर नगर के रहरा बस स्टैंड चौराहे स्थित उनकी प्रतिमा के पास कार्यक्रम हुई। इसमें भाजपा कार्यकर्ताओं व खड़गवंशी समाज के लोगों ने प्रतिभाग किया। विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी व उनके पुत्र देवेंद्र खड़गवंशी ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। विधायक ने कहा कि इतिहास में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की पहचान एक महान योद्धा की है। वह बचपन से ही बहादुर, न्यायप्रिय, कुशल प्रबंधक व संगठनकर्ता थे। उन्होंने कहा कि यदि महाराणा प्रताप ने अपनी वीरता से आक्रमणकारियों को देश से न भगाया होता तो इस देश की सभ्यता और संस्कृति ही अलग होती। इस मौके पर क्षेत्र पंचायत सदस्य देवेंद्र सिंह खड़गवंशी, जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा, जय किशोर खड़गवंशी, पंकज राणा, नरोत्तम खड़गवंशी, देवकरण खड़गवंशी, राजेश खड़गवंशी, दीपचंद राणा, नरेंद्र राणा, सोनिया आदि मौजूद रहे।

### महाराणा प्रताप के आदर्शों पर चलें छात्र-छात्राएं

**बुरावली, अमृत विचार :** महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज में गुरुवार को महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम से मनाई गई। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। प्रबंधक डॉ. मानसिंह राणा ने कहा कि विश्व में महाराणा प्रताप जैसा व्यक्तित्व अन्य कोई पुरुष नहीं है। साहस, धैर्य, राष्ट्र, प्रेम, बलिदान और शौर्य की ऐसी गाथा महाराणा प्रताप ने गढ़ी थी। छात्र-छात्राओं से कहा कि महाराणा प्रताप के आदर्शों पर चलने की जरूरत है। इस मौके पर प्रधानाचार्य लोकेश कुमार, लाखन सिंह, सतीश, धर्मपाल, अंकुर, सचिन, राहुल आदि मौजूद रहे।


महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित करते प्रबंधक मान सिंह राणा

# गन्ना प्रजाति की जांच कराई जाएगी

संवाददाता, मंडी धनौरा


मंडी धनौरा में किसानों की पंचायत में बोलते किसान नेता डूंगर सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** ब्लॉक परिसर में गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन असली की मासिक बैठक में किसानों के मुद्दों पर चर्चा की गई। किसानों ने कहा कि गन्ना प्रजाति 05009 मिल प्रबंधक व शाहजहांपुर गन्ना शोध की मिलीभगत से सामान्य प्रजाति में दर्शाया गया है।

उन्होंने कहा कि मिल प्रबंधक द्वारा उर्वरक व पेस्टी साइड को अवैध तरीके से बिना बिल के घर घर तक पहुंचाया जा रहा है। इस पर रोक लगाई जाएं। भाकियू अराजनीतिक के कार्यकर्ताओं ने कहा कि 13 मई को गन्ना प्रजाति को लेकर तहसील मुख्यालय पर जिला गन्ना अधिकारी व जिला के कृषि अधिकारी से वार्ता कर पुनः गन्ना प्रजाति की जांच कराई जाएगी। इस मौके पर डूंगर सिंह, नरेश कुमार, जसपाल गिल, कलुवा, राजीव त्यागी, सुरेश यादव, कपिल प्रधान, जुल्फिकार, अनिल कुमार, प्रदीप सिंह, बचन सिंह, खचेड़ू सिंह, रामवीर सिंह, नेमपाल सिंह, जावेद मलिक, डालचंद, देशराज, नरेश आदि मौजूद रहे।

### भारतीय किसान संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**हसनपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने जिला अधिकारी को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। गुरुवार को भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा के नेतृत्व में किसान एकत्र हुए और ब्लॉक परिसर स्थित एसडीएम कार्यालय पर पहुंचे। ज्ञापन में कहा कि गंगेश्वरी ब्लॉक के विद्यालयों में शिक्षक की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। किसानों के गेहूं को जबरन सरकारी गेहूं क्रय केंद्र पर नहीं तुलवाया जाए। सरकारी गेहूं क्रय केंद्र पर खरीदारी बढ़ने के लिए बोनस की व्यवस्था की जाए। इस दौरान जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा, धर्मपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

**पंचायत** — चढ़ूनी संगठन के 40 पदाधिकारी भाकियू संयुक्त मोर्चा में शामिल, पंचायत में उठाए किसानों के मुद्दे

# हसनपुर क्षेत्र में छुट्टा पशु फसलों में कर रहे नुकसान

संवाददाता, गजरौला


गजरौला में भाकियू संयुक्त मोर्चा की बैठक के दौरान मौजूद किसान।

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा की एक पंचायत राष्ट्रीय अध्यक्ष के फार्म हाउस पर गांव कूबी में हुई। इसमें चढ़ूनी संगठन के 40 पदाधिकारी इस्तीफा देकर भाकियू संयुक्त मोर्चा में शामिल हुए। दलजीत सिंह को राष्ट्रीय महासचिव, मयंक धारीवाल को मंडल अध्यक्ष, प्रदीप चौधरी को जिला अध्यक्ष व नरेश धारीवाल को मंडल उपाध्यक्ष बनाया गया। 40 पदाधिकारियों को संगठन की सदस्यता ग्रहण कराई।

इस दौरान फार्म हाउस पर पहुंचे क्षेत्र के किसानों ने नरेश चौधरी को बताया कि हसनपुर क्षेत्र में छुट्टा पशुओं ने फसलों का नुकसान किया है। बिजली विभाग ने जर्जर लाइनों को अभी तक नहीं बदलवाया है। किसानों ने बताया कि लाइनों के तार कमजोर होने के कारण आए दिन टूट कर गिर जाते हैं। किसानों की फसलों में आग लगने से नुकसान होता है। नरेश चौधरी ने कहा कि बिजली विभाग के अधिकारियों से बात कर ऐसी जर्जर लाइनों को बदलवाने का आश्वासन दिया। पशुओं को पकड़वाकर गोशाला भिजवाया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि संयुक्त मोर्चा देश के किसानों का संगठन है। यह संगठन किसानों की लड़ाई सरकार से लड़ रहा है। इस दौरान उपाध्यक्ष ऋषिपाल मंगत, राष्ट्रीय संगठन मंत्री मुस्तकीम, प्रदेश अध्यक्ष जोगिंदर सिंह, उपाध्यक्ष संजीव चौधरी, जिला अध्यक्ष प्रदीप चौधरी, युवा जिला अध्यक्ष रवि चौधरी, जगजीत सिंह, मोहित चौधरी, पंचम सिंह, शाहिद चौधरी, बंटी सिंह आदि मौजूद रहे।

### मध्य गंगा नहर में जल्द छोड़ा जाए पानी

**हसनपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत में एक बार फिर किसानों ने छुट्टा पशुओं का मुद्दा उठाया। कहा कि इन पशुओं को पकड़वाकर उन्हें गोशाला भेजा जाए। कई बार मुद्दा उठाने के बाद भी प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा। इससे किसानों में रोष व्याप्त है। नगर के अमरोहा मार्ग स्थित मंडी समिति में गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन की ब्लॉक स्तरीय मासिक पंचायत हुई। ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह ने कहा कि मध्य गंगा नहर में जल्द से जल्द पानी छोड़ा जाएं। ताकि किसान अपनी फसलों को सूखने से बचा सके। उन्होंने कहा कि चकबंदी विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर है। अन्नदाताओं का उत्पीड़न किया जा रहा है। विद्युत विभाग चेकिंग व बिल सही करने के नाम पर किसानों का आर्थिक एवं मानसिक शोषण कर रहा है। किसानों की समस्या को देखते हुए झकडी भदौरा मार्ग की मरम्मत करने की मांग की गई। पंचायत की अध्यक्षता सागर सिंह ने की और संचालन ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह ने किया। इस दौरान तहसील अध्यक्ष ठाकुर महेश सिंह, महेंद्र सिंह, संजीव बालियान, रोहतास सिंह, आनंदपाल सिंह, रघुवीर, चंचल सिंह, जयराम सिंह, रिंकू ठाकुर, अनुज ठाकुर, बृजपाल सिंह, हरि ओम, बिजेंदर, वीरेंद्र आदि मौजूद रहे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में आज से चलाया जाएगा स्वच्छता अभियान

**अमरोहा, अमृत विचार:** जोया ब्लाक क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान शुक्रवार से चलाया जाएगा। धीमी गति से हो रहे विकास कार्य में तेजी लाई जाएगी।

खंड विकास अधिकारी प्रतिभा अग्रवाल ने गुरुवार को ब्लॉक के अधिकारियों के साथ बैठक की। उनको ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान को सफल बनाने एवं ग्रामीण क्षेत्रों में धीमी गति से हो रहे विकास कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्रा अपनी देखरेख में जोया ब्लाक के ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता अभियान और अधूरे विकास कार्य में तेजी लाने के लिए कार्रवाई करेंगे। लापरवाही करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

खंड विकास अधिकारी ने बताया कि मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जो विकास कार्य किया जा रहे हैं। उनको जल्द से जल्द पूरा कराया जाए। गांवों की नालियों और तालाब की सफाई का कार्य भी कराया जाएगा।



## एक नजर

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव अख्तियारपुर तगा निवासी अतुल गुरुवार को बाइक पर सवार होकर संभल से घर जा रहा था। थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर गांव रिठाली के पास कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे अतुल सड़क पर गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। वहीं बाइक में टक्कर मारने के बाद चालक कार लेकर भाग गया। सूचना मिलने पर चालक एंबुलेंस लेकर मौके पर पहुंचा और उपचार के लिए अतुल को जिला अस्पताल पहुंचाया।

### महिला ने किया जहरीले पदार्थ का सेवन

**गुन्नौर, अमृत विचार :** पति से तकरार के बाद महिला ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर महिला का अस्पताल में उपचार कराया गया। जिससे महिला की हालत में सुधार हो गया। कस्बे के मोहल्ला मुंडा निवासी 42 वर्षीया अनीता की पति पन्नालाल से किसी बात को लेकर तकरार हो गई। इस पर महिला ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। बेचैनी होने और हालत बिगड़ने पर उसने परिजनों को बताया तो आनन फानन सीएचसी लाया गया। चिकित्सक डॉ. अजहर अली ने बताया कि महिला को उपचार दिया गया। जिससे उसकी हालत में सुधार हो गया। महिला ने कीटनाशक का सेवन किया था। इलाज से हालत खतरे के बाहर होने पर महिला को घर भेज दिया गया।

### गाली गलौज करने में दो लोग गिरफ्तार

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव मिलक सिरसी निवासी संजय गुरुवार को अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर गाली गलौज कर रहा था और थाना क्षेत्र के गांव फूलसिंघा निवासी उरूज अपने परिजनों से विवाद कर रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और संजय व उरूज को गिरफ्तार कर लिया। कानूनी कार्रवाई कर पुलिस ने संजय व उरूज का शांतिभंग में चालान कर दिया।

## लोकसभा चुनाव में मतदाता जागरूकता अभियान का नहीं दिखा असर

# संभल के तीन दर्जन बूथों पर 33 से 45 प्रतिशत तक सिमटा मतदान

कार्यालय संवाददाता, संभल

- कई बूथों पर 40 प्रतिशत भी नहीं पहुंचा मतदान का आंकड़ा, घरों से नहीं निकले वोटर

**अमृत विचार :** बेशक लोकसभा चुनाव में संभल विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों मतदान बूथों पर जमकर वोट बरसे तो यह साबित हो गया कि मतदाता कर्तव्य निभाने के लिए कितने जागरूक रहे लेकिन यह भी कटु सच्चाई है कि करीब तीन दर्जन मतदान बूथों पर 50 प्रतिशत से भी कम मतदान हुआ। इनमें कई मतदान बूथ तो ऐसे भी रहे जहां 40 प्रतिशत मतदान का आंकड़ा भी नहीं पहुंच सका। जिससे साफ हुआ कि मतदाताओं ने वोट डालने के लिए दिलचस्पी नहीं दिखाई और घरों में ही रहे। अभियान भी बेअसर रहे।

लोकसभा चुनाव को लेकर मंगलवार को मतदान हुआ। बात संभल विधानसभा क्षेत्र की करें तो आईएम इंटर कॉलेज शर्की सिरसी के बूथ 75 पर 36.04 प्रतिशत, इसी स्कूल के बूथ 76 पर 41.72 प्रतिशत मतदान हुआ। जवाहर लाल मेमोरियल नगर पंचायत इंटर कॉलेज सिरसी के बूथ 77 पर महज 38.80 प्रतिशत, बूथ 78 पर 33.27 प्रतिशत, बूथ 79 पर 38.56 प्रतिशत, बूथ 80 पर 43.08 प्रतिशत, बूथ 81 पर 48.47 प्रतिशत मतदान हो सका।

उच्च प्राथमिक विद्यालय द्वितीय सिरसी के बूथ 83 पर 48.65 प्रतिशत, उच्च प्राथमिक विद्यालय सिरसी प्रथम के बूथ 86 पर 38.63 प्रतिशत, प्राथमिक विद्यालय उत्तरी सिरसी के बूथ 87 पर 37.99 प्रतिशत, इसी स्कूल के बूथ 88 पर 33.45 प्रतिशत, बूथ 89 पर 47.98 प्रतिशत मतदान होने की बात सामने आई। प्राथमिक विद्यालय पूर्वी सिरसी के बूथ 90 पर 47.68 प्रतिशत, इसी स्कूल के बूथ 92 पर 48.49 प्रतिशत, बूथ 93 पर 44.99 प्रतिशत, प्राथमिक विद्यालय हजरत नगर गढ़ी के बूथ 96 पर 44.71 प्रतिशत, उच्च प्राथमिक विद्यालय हजरत नगर गढ़ी के बूथ 97 पर 40.37 प्रतिशत, प्राथमिक विद्यालय बारीपुर भमरौआ के बूथ 116 पर 49.47 प्रतिशत मतदान हुआ। प्राथमिक विद्यालय बुकनाला बूथ 46 पर 49.35 प्रतिशत, इसी स्कूल के बूथ 47 पर 48.84 प्रतिशत मतदान हुआ।

इसके अलावा प्राथमिक विद्यालय मझरा गुम्बद के बूथ 210 पर 36.93 प्रतिशत, जिलानी अरबिया कॉलेज महमूद खां सराय के बूथ 244 पर 48.87 प्रतिशत, उप संभागीय कृषि प्रसार हातिम सराय के बूथ 251 पर 42.48 प्रतिशत मतदान हुआ।

### सपा विधायक के गढ़ में कम हुई वोटिंग

**संभल अमृत विचार :** सपा विधायक इकबाल महमूद के गढ़ में भी कम वोटिंग हुई। विधायक इकबाल महमूद का घर मोहल्ला मियां सराय में है। यहां के निगार पब्लिक स्कूल पंजू सराय के बूथ 265 पर 44 .90 प्रतिशत, इसी स्कूल के बूथ 266 पर 40 .60 प्रतिशत, कन्या प्राथमिक विद्यालय मियां सराय के बूथ 274 पर 49 .45 प्रतिशत मतदान हुइा। इसके अलावा शहर के हिंद इंटर कॉलेज के बूथ 282 पर 46 .27 प्रतिशत, इसी स्कूल के बूथ 283 पर 43 .78 प्रतिशत, बूथ 284 पर 45 .10 प्रतिशत, शंकर इंटर कॉलेज के बूथ 292 पर 48 .15 प्रतिशत, इसी कॉलेज के बूथ 285 पर 48 .68 प्रतिशत, बालक जूनियर हाईस्कूल कोट गर्वी के बूथ 321 पर 47 .88 प्रतिशत, कम्पोजिट विद्यालय कोटला सरायतरीन के बूथ 264 पर 47 .09 प्रतिशत मतदान हो सका।

## सड़क हादसे में बाइक सवार दामाद और सास घायल

**संभल, अमृत विचार :** कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव खिरनी निवासी मित्रपाल गुरुवार को बहजोई थाना क्षेत्र के गांव अतरासी निवासी अपनी सास रामदेवी को पहुंचाने बाइक से ससुराल जा रहा था।

हयातनगर थाना क्षेत्र में संभल बहजोई मार्ग पर स्थित गांव मुजफ्फरपुर के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में मित्रपाल व रामदेवी गंभीर रुप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर इससे पहले आसपास के लोग पहुंचते। चालक अज्ञात वाहन लेकर मौके से भाग गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मित्रपाल व रामदेवी को उपचार के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। परिजनों ने बताया कि रामदेवी संभल निजी अस्पताल में भर्ती अपने धेवते चार वर्षीय सनी के देखने आई थी।

## चुनाव ड्यूटी के बाद नहीं लौटा सफाई कर्मी, परिवार चिंतित

संवाददाता, बहजोई

**चिंता**
- पत्नी ने डीएम को शिकायती पत्र देकर पति को बरामद करने की उठाई मांग
- 7 मई को 5 बजे खराब हुई थी मतदान कर्मचारी की तबीयत

**अमृत विचार :** मतदान के दिन संभल विधानसभा में ड्यूटी करने गया सफाई कर्मी दो दिन के बाद भी घर वापस नहीं लौटा। सफाई कर्मी की पत्नी ने संगठन के पदाधिकारियों के साथ डीएम को पत्र देकर पति को बरामद करने की मांग उठाई है।

विकासखंड गुन्नौर की ग्राम पंचायत सेमला में तैनात सफाई कर्मी हरिओम की ड्यूटी तृतीय मतदान अधिकारी के रूप में संभल विधानसभा में लगी हुई थी। 6 मई को हरिओम विकासखंड गुन्नौर से निर्वाचन ड्यूटी के लिए बहजोई नवीन पुलिस लाइन गया था। 7 मई को वह चुनाव कराने विधानसभा के मतदान केंद्र पर पहुंचा था। 7 मई की रात को फोन पर बात हुई नहीं हुई तो सफाई कर्मी को पत्नी ने संभल कस्बे में कई स्थानों पर खोजने का प्रयास किया।

पता चला कि पति की ड्यूटी विधानसभा क्षेत्र संभल में पोलिंग पार्टी संख्या 100 में मतदान अधिकारी तृतीय के रूप में लगी थी। सेक्टर मजिस्ट्रेट से बात की तो बताया कि हरिओम को 5 बजे एंबुलेंस से अस्पताल के लिए भेजा गया। पत्नी रोशनी ने संगठन के जिलाध्यक्ष धीरज पाल सिंह यादव के साथ पहुंचकर डीएम को शिकायती पत्र दिया। पति की बरामदगी की मांग उठाई।

# मजदूर ने चाकू से काटी अपनी गर्दन, गंभीर रूप से घायल

## लुधियाना में पत्नी-बच्चों से मिलकर आया था लखनऊ निवासी सुखदीन

संवाददाता, संभल

- संभल हसनपुर मार्ग पर गांव बादल गुबंद के पास स्थित ईंट भट्टे पर करता है मजदूरी


संभल के निजी अस्पताल में भर्ती मजदूर।

**अमृत विचार :** पंजाब के लुधियाना में पत्नी व बच्चों से मिलकर लौटे मजदूर ने चाकू से गर्दन काट ली। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे ईंट भट्टा स्वामी ने पुलिस को सूचना देकर मजदूर को उपचार के लिए चंदौसी मार्ग पर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। मजदूर 10 दिन पहले बेटी का स्कूल में एडमिशन कराने लुधियाना गया था।

लखनऊ निवासी सुखदीन नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर गांव बादल गुबंद के पास स्थित ईंट भट्टे पर मजदूरी करता है। सुखदीन 26 अप्रैल को ठेकेदार से रुपये लेकर पंजाब के लुधियाना में रह रहे पत्नी व बच्चों से मिलने उनके पास गया था। लुधियाना में स्थित स्कूल में बेटी का एडमिशन कराने के बाद सुखदीन गुरुवार की सुबह नौ बजे काम करने के लिए ईंट भट्टे पर आया। यहां आने के बाद सुखदीन बिना किसी को कुछ बताए ईंट भट्टे पर बनी झोपड़ी में पहुंचा और चाकू से अपनी गर्दन पर वार कर लिया। गर्दन कटने की वजह से सुखदीन गंभीर रुप से घायल हो गया। बाहर नहीं आने पर साथी मजदूर सुखदीन से मिलने झोपड़ी में पहुंचे। अंदर जाकर देखा तो सुखदीन झोपड़ी में जमीन पर पड़ा था।

सूचना मिलने पर भट्ठा स्वामी मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना देकर आनन फानन में भट्टी स्वामी ने उपचार के लिए सुखदीन को संभल चंदौसी मार्ग पर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि मजदूर मानसिक रूप से कमजोर है। शिकायत पर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## बिना ड्राइवर के अचानक दौड़ा टेंपो, ग्रामीण गंभीर घायल

कार्यालय संवाददाता, संभल/जुनावई

- जुनावई में पेट्रोल पंप पर हुआ हादसा, लोगों में मची अफरा-तफरी

**अमृत विचार :** जनपद संभल के जुनावई थाना क्षेत्र में स्टार्ट खड़ा टेंपो अचानक बिना चालक के सड़क पर दौड़ने लगा तो हड़कंप मच गया। बिना चालक दौड़ रहे टेंपो की चपेट में आकर एक ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने किसी तरह दौड़ते टेंपो को रोका।

थाना क्षेत्र के गांव पतरिया निवासी अशोक (40 वर्ष), पत्नी मिथलेश और बेटे अंकुश के साथ बबराला से बर्तन खरीद कर टेंपो से वापस लौटने लगा। इसी दौरान चालक दुर्वेश ने डीजल डलवाने के लिए टेंपो जुनावई में पेट्रोल पंप पर रोक लिया। डीजल डलवाने के बाद चालक दुर्वेश ठेले पर छोले चावल खाने लगा। इस बीच टेंपो स्टार्ट ही खड़ा रहा। अशोक भी टेंपो से उतरकर सामने खड़ा हो गया। इस दौरान खड़ा टेंपो अचानक चलने लगा। पास खड़ा अशोक टेंपो की चपेट में आकर घायल हो गया जबकि टेंपो में सवार मिथलेश और अंकुश बच गए। यह देखकर मौके पर लोगों में अफरा तफरी मच गई। लोगों ने किसी तरह बिना चालक चल रहे टेंपो को रोका। गंभीर रूप से घायल अशोक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मिथलेश ने बताया कि शुक्रवार को संभल के गांव भटोला में भांजे की शादी में भात का सामान जाना था। सामान की खरीदारी करके लौट रहे थे। चालक ने टेंपो को बंद नहीं किया। टेंपो स्टार्ट रहने के कारण हादसा हुआ।


जुनावई में खड़ा टेंपो जिसके अचानक दौड़ने से हादसा हो गया।

## सार-संक्षेप

### सादात क्लब को 7 विकेट से हराकर श्रीलंका ने जीता मैच

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** संभल विकासखंड क्षेत्र में बराही मार्ग पर मरहूम मुकद्दस हुसैन मैदान में आयोजित क्रिकेट मैच में श्रीलंका टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 67 रन व 7 विकेट से सादात क्लब की टीम को हराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सादात क्लब की टीम 66 रन पर ही आउट हो गई। नगर पंचायत सिरसी में बराही मार्ग पर स्थित मरहूम मुकद्दस हुसैन मैदान पर आयोजित गुरुवार को जैन क्लब क्रिकेट कप टूर्नामेंट का पहला मैच श्रीलंका व सादात क्लब टीम के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सादात क्लब टीम 14 .3 ओवर में 66 रन बनाकर आउट हो गई। जिसमें खिलाड़ी फाजिल ने 16 और फैजान ने 13 रन बनाए। वहीं गेंदबाजी करते हुए श्रीलंका टीम के खिलाड़ी यूनुस ने 3 व अमीरुल, मोहम्मद जावेद और अजीम ने दो दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की टीम ने 12 ओवरों में तीन विकेट खोकर 67 रन बनाए और सात विकेट से जीत हासिल की। सादात क्लब के गेंदबाज ऑन अब्बास व फाजिल ने एक एक विकेट लिया। वहीं क्रिकेट मैच में एंपायर की भूमिका सुहैल व कमेंट्री फाजिल ने की।


गर्मी से बचने के लिए सिर पर कपड़ा रखकर निकलते लोग। ● अमृत विचार

### गर्मी के तीखे तेवर से जनजीवन प्रभावित, राहत को तरसे लोग

**संभल, अमृत विचार :** मई के महीने में ही गर्मी तीखे तेवर दिखा रही है जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। गुरुवार को दिनभर चिलचिलाती धूप के कारण लोग पसीने में तर नजर आए। लोगों ने शीतल पेय पदार्थों का सेवन किया मगर थोड़ी देर बाद फिर से गर्मी सताने लगी। शाम के वक्त पर माथे से पसीना टपकता रहा। मौसम का मिजाज सख्त होने की वजह से दुश्वारियां बढ़ी गई हैं। न दिन में चैन मिल रहा है और न ही रात में सुकून। ऐसे माहौल में जनजीवन प्रभावित हो रहा है। गुरुवार को सुबह से ही चिलचिलाती धूप निकली तो कामकाज वाले लगे। दोपहर में पारा चढ़ा तो गर्मी असहनीय हो गई। लोगों ने शीतल पेय पदार्थों का सहारा लिया। जिससे कुछ देर के लिए राहत महसूस हुई। दोपहर के वक्त बाजारों में रौनक कम रही तो गली मुहल्लों में भी सन्नाटे का माहौल रहा। शाम के समय भी गर्मी रहने के कारण लोगों को परेशानी हुई।

### बिजली के पोल के नीचे दबकर घायल युवक की मौत



**रजपुरा, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव कूबरी भूड़ में कंपनी द्वारा बिजली के पोल लगाए जा रहे थे। रविवार को बिजली का पोल लगाते समय पोल टूटने के बाद नीचे गिरने से युवक घायल हो गया था। घायल युवक की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। प गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव कंहुआ निवासी सुनील पुत्र राजेंद्र धनारी थाना क्षेत्र के गांव कूबरी भूड़ में बिजली के पोल पर काम कर रहा था। तभी अचानक से बिजली का पोल टूट कर गिर गया। जिससे गिरने से सुनील गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल सुनील को अलीगढ़ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गुरुवार को अलीगढ़ से मुरादाबाद ले जाते समय सुनील की मौत हो गई। सुनील की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## अक्षय तृतीया पर सम्भावित बाल विवाह रोकने के लिए सक्रिय रहें

संवाददाता, बहजोई

- डीएम ने अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए निर्देश

**अमृत विचार :** अक्षय तृतीया पर्व पर सम्भावित बाल विवाह रोकने को लेकर डीएम ने जनपद के अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिए कि बाल विवाह पर रोक के लिए आम जन को जागरूक किया जाये।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम मनीष बंसल ने बताया कि बताया कि अक्षय तृतीया पर्व विवाह सम्पन्न कराने के लिए शुभ माना जाता है। इस अवसर पर समुदायों में बाल विवाह भी होने की सम्भावना बनी रहती है। बाल विवाह को प्रत्येक दशा में सम्पन्न होने से रोका जाए। डीएम ने बताया कि यदि ग्राम पंचायत अथवा वार्ड में कोई बाल विवाह प्रकाश में आता है, तो सम्बन्धित वार्ड सदस्य और पंचायत के प्रमुख के साथ-साथ सम्बन्धित थाने की पुलिस भी इसके लिए जिम्मेदार होगी। बाल विवाह से सम्बन्धित मामले में ग्राम पंचायत प्रधान व वार्ड सदस्य को तत्काल सम्बन्धित थाने पर सूचित करना होगा। बैठक में एडीएम प्रदीप वर्मा, सीएमओ डॉ. तरन्नुम रजा, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी आदि रहे।

### यहां दें सूचना

**बहजोई, अमृत विचार :** बाल विवाह से सम्बन्धित कोई प्रकरण यदि किसी आम जनमानस के संज्ञान में आता है तो उसकी तत्काल सूचना जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण के मोबाइल नम्बर 7518024025, संरक्षण अधिकारी एकान्शु वशिष्ठ के नम्बर 8218049686 पर एवं सम्बन्धित थाने के बाल कल्याण अधिकारी व थानाध्यक्ष को सूचित करें। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

## ऑटो चालक ने रोडवेज बस पर किया पथराव

**बरेली, अमृत विचार :** सेटेलाइट बस अड्डा परिसर में बुधवार देर रात ऑटो वाला सवारी भरने पहुंच गया। इस पर आजाद नगर डिपो की बस के ड्राइवर और कंडक्टर से नोकझोंक हो गई। जब बस अड्डे से बाहर निकली तो ऑटो चालक ने पुलिस चौकी के सामने बस पर ईंट-पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। इससे ड्राइवर की साइड का शीशा टूट गया और बस अनियंत्रित होने से बची। कंडक्टर ने यूपी 112 को मामले की सूचना दी। पुलिस नंबर के आधार पर ऑटो चालक की तलाश कर रही है।

सेटेलाइट बस अड्डे के आसपास डग्गामार वाहन सवारियां भरते हैं लेकिन इन पर रोक नहीं लगाई जा रही है। कई वाहन तो बस अड्डे के अंदर सवारियां भरने पहुंच जाते हैं। बुधवार रात भी आजाद नगर डिपो की बस बस अड्डे के अंदर से सवारियां लेकर निकल रही थी कि तभी एक ऑटो सवारी भरने पहुंच गया।


संभल में कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# भागवत कथा से पूर्व निकाली कलशयात्रा

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** श्रीमद भागवत कथा से पूर्व नगर में भव्य कलशयात्रा निकाली गई। कलशयात्रा के दौरान गूंज रहे भजनों से माहौल भक्तिमय बन गया। इस बीच सुरक्षा के प्रबंध रहे।

कल्कि नाम प्रचार सेवा ट्रस्ट की ओर से नगर में शिशु शिक्षा केंद्र मुहल्ला कोट पूर्वी में नौ मई से पंद्रह मई तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन शुरू हो रहा है। गुरुवार को शाम कथा स्थल से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें महिलाएं पीले वस्त्र पहनकर सिर पर कलश रखकर चलीं। कलशयात्रा विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी तो भजनों से माहौल भक्तिमय बना रहा। कथा व्यास संत धनवंतरी दास महाराज वृंदावन ने श्रीमद भागवत कथा का महत्व बताया। इस दौरान तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा के भी प्रबंध रहे।

**चुनौती** संभल जिले में हुई सिर्फ 2 लाख 31 क्विंटल गेहूं खरीद, जबकि लक्ष्य है 9 लाख 60 क्विंटल खरीद का

# गेहूं खरीद को लेकर टूटी उम्मीद, बढ़ी अधिकारियों की टेंशन

कार्यालय संवाददाता, संभल


संभल मंडी समिति में सुनसान पड़ा गेहूं क्रय केंद्र। ● अमृत विचार

- बाजार में गेहूं का भाव ज्यादा इसलिए सरकारी क्रय केंद्रों का रुख नहीं कर रहे किसान
- गेहूं खरीद लक्ष्य को चुनौती मानकर अधिकारियों को आ रहा पसीना

**अमृत विचार :** संभल जिले में गेहूं की सरकारी खरीद रफ्तार नहीं पकड़ रही। क्रय केंद्रों पर अब तक सिर्फ 2.31 लाख क्विंटल गेहूं खरीदा गया जबकि लक्ष्य कहीं अधिक है। चूंकि अब अधिकतर क्षेत्रों में गेहूं की निकासी हो गई है लेकिन किसान क्रय केंद्रों का रुख नहीं कर रहे हैं। इसलिए अधिकारियों को लक्ष्य प्राप्ति को लेकर पसीना आ रहा है। गेहूं क्रय केंद्रों पर सन्नाटा पसरा हुआ है तो प्रभारी गांव-गांव जाकर गेहूं खरीदने के प्रयास में जुटे हैं।

प्रदेश सरकार के निर्देश पर एक मार्च से गेहूं खरीद के लिए क्रय केंद्र शुरू किए गए लेकिन पहले भी हर सिर्फ औपचारिकता ही रही। अप्रैल से गेहूं निकासी शुरू हुई तो उम्मीद थी कि अब गेहूं खरीद भी रफ्तार पकड़ेगी लेकिन लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू हो गई और अधिकारी व्यस्त हो गए। गेहूं का सरकारी भाव 2275 रुपये प्रति क्विंटल और बाजार में 2300 से लेकर 2400 प्रति क्विंटल का भाव होने के कारण किसानों ने भी क्रय केंद्रों का रुख नहीं किया।

किसानों ने हजारों क्विंटल गेहूं बाजारों में व्यापारियों को ही बेच दिया। नतीजा यह रहा कि जिले में संचालित 82 क्रय केंद्रों पर अब तक सिर्फ 2 लाख 31 क्विंटल गेहूं खरीदा जा सका है जबकि लक्ष्य 9 लाख 60 हजार क्विंटल गेहूं खरीद का है। चूंकि अधिकतर खेतों से गेहूं की निकासी हो चुकी है तो अधिकारियों को यह सोचकर पसीना आ रहा है कि लक्ष्य को किस तरह हासिल किया जाएगा।

### क्रय केंद्रों पर सन्नाटे का माहौल

**संभल अमृत विचार :** गेहूं खरीद के लिए खोले गए क्रय केंद्रों पर सन्नाटे का माहौल बना हुआ है। गुरुवार को संभल मंडी समिति में तीन क्रय केंद्र सूने पड़े नजर आए। हालांकि यहां संबंधित एजेंसी के पोस्टर लगे थे। डिप्टी आरएमओ विजयता सिंह ने कहा कि केंद्र प्रभारियों को मोबाइल गेहूं खरीद करने के निर्देश दिए गए हैं। वह गांव-गांव जाकर गेहूं खरीदने का प्रयास कर रहे हैं क्योंकि किसान गेहूं लेकर क्रय केंद्रों पर नहीं पहुंच रहे। उन्होंने कहा कि वैसे 15 जून तक गेहूं खरीद होनी है। अधिक से अधिक गेहूं खरीद के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

## चाय बनाने में देरी पर दो पक्षों में मारपीट, 4 घायल

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में चाय बनाने में देरी होने पर दो पक्षों में मारपीट हुई। जिसमें चार लोग घायल हो गए। एक पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने दूसरे पक्ष के तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र में मनोटा-चौधरपुर मार्ग पर स्थित गांव शहबाजपुर कला में गांव के ही मोहम्मद आलम की मिठाई की दुकान है। वह दुकान में चाय भी बनाता है। पड़ोस में शरीफ की कपड़े की दुकान है। शरीफ ने चाय बनाकर भेजन के लिए किसी को मोहम्मद आलम की दुकान पर भेजा। चाय बनाने में कुछ देर होने पर दोनों के बीच गाली गलौज के बाद मारपीट हो गई। दोनों पक्षों के लोग भी आ गए और जमकर लाठी-डंडे चले। जिसमें एक पक्ष से मोहम्मद आलम और मोहम्मद नबी, दूसरे पक्ष से शरीफ और समीर घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची लेकिन तब तक दोनों पक्षों के लोग भाग गए।

# हड़ताल पर गए सफाई कर्मचारी

संवाददाता, गुन्नौर


नारेबाजी करते नगर पंचायत के सफाई कर्मचारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** तीन महीने के वेतन भुगतान की मांग को लेकर नगर पंचायत के सफाई कर्मचारी काम बंद हड़ताल पर चले गए हैं। हड़ताली सफाई कर्मियों ने नगर पंचायत दफ्तर के आगे धरना प्रदर्शन किया। नगर पंचायत गुन्नौर के सफाई कर्मचारियों को पिछले तीन महीने से वेतन भुगतान नहीं हुआ है। इससे आक्रोशित सफाई कर्मी बुधवार को हड़ताल पर चले गए, जिससे नगर में सफाई व्यवस्था ठप हो गई। समस्याओं के निदान की मांग को लेकर हड़ताली कर्मियों ने नगर पंचायत कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन भी किया और ज्ञापन अधिशासी अधिकारी गुन्नौर को दिया।

नगर पंचायत गुन्नौर के सफाई कर्मचारी वेतन भुगतान न होने पर आक्रोशित हैं। तीन माह से वेतन न दिए जाने और अन्य समस्याओं के सम्बन्ध में अनिश्चित कालीन काम बंद हड़ताल की उनका कहना है कि सफाई कर्मचारियों को 2-3 माह का वेतन नहीं दिया गया है। जिससे उनके परिवार भूखों मरने की कगार पर है। दुकानदारों ने भी राशन इत्यादि उधार देने से इनकार कर दिया है। क्षत्रधाते उतारते मौसम में हमारे परिवार जनों की बीमारी इत्यादि के लिए भी हमारे पास कोई व्यवस्था नहीं है जिससे हम समस्त कर्मचारी जनों का परिवार अत्यंत दयनीय स्थिति में है। ठेकेदार से एडवांस इत्यादि की डिमांड करने पर पता चला है कि मार्च के बाद से ही हमारा ठेका समाप्त हो गया है। जिसका उन्हें ठेकेदार के द्वारा कोई वेतन इत्यादि नहीं दिया जायेगा। अधिशासी अधिकारी इसका संज्ञान लेते हुए हमारा विगत 2-3 माह का वेतन भुगतान करवाये नहीं तो अनिश्चित कालीन काम बंद हड़ताल रहेगी। ज्ञापन में विकास, विमल, रोहित कुमार राजेन्द्र, दिलीप, विजय, राहुल, अमित, सुरजीत, गौरव, सनी अजय, रोहित, अजय, राजा, प्रदीप, जानी आदि ने हस्ताक्षर किए हैं। इधर, अधिशासी अधिकारी मनीष चौधरी ने बताया कि सफाई कर्मचारी वेतन भुगतान को लेकर हड़ताल पर हैं। इनकी समस्या का समाधान कराया जायेगा। जबकि चेयरमैन खुशबू प्रजापति का कहना है कि सफाई कर्मचारियों का भुगतान करने में कोई दिक्कत नहीं है।

## एक नजर

### क्षत्रिय महासभा के जिला उपाध्यक्ष बने रामवीर

**चन्दौसी, अमृत विचार :** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर हरवंश सिंह एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठाकुर विजयवीर सिंह चौहान की संस्तुति पर जिलाध्यक्ष संभल कुंवर अजय प्रताप सिंह ने आवास विकास निवासी रामवीर सिंह चौहान को संभल का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। उनके जिला उपाध्यक्ष चुने जाने पर पदाधिकारियों व सदस्यों ने फूलमाला पहना कर स्वागत किया और संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।

### चुनाव में नहीं जाने वाले वाहन चालकों पर होगी रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली और आंवला लोकसभा क्षेत्र में मतदान कराने के लिए दो हजार से अधिक वाहनों का अधिग्रहण किया था। जिसमें सौ से अधिक वाहन चालक चुनाव ड्यूटी में नहीं पहुंचे। अब ऐसे वाहन चालकों पर रिपोर्ट दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है। इन वाहन चालकों को चिह्नित किया जा रहा है। इन्हें नोटिस देकर चुनाव ड्यूटी में नहीं आने की वजह पूछी जाएगी। जवाब नहीं मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# सूची से जीवित लोगों के नाम काटे मतदान से वंचित रह गए दर्जनों वोटर

## विधानसभा बिलारी आंशिक की सूची में गड़बड़ी, प्रशासन पर लापरवाही का आरोप

कपिल कांत शर्मा, चन्दौसी/कुढफतेहगढ़

**अमृत विचार:** संभल लोकसभा क्षेत्र में कुल 62.81 प्रतिशत मतदान हुआ। जिसमें संभल लोकसभा की पांचों विधानसभा में से सबसे कम चन्दौसी में 55.01 प्रतिशत ही मतदान हुआ। विधानसभा बिलारी आंशिक के अंतर्गत थाना कुढ़फतेहगढ़ के कई गांव के दर्जनों जीवित मतदाताओं के नाम काट दिए गए। मतदाता सूची में डिलीट दर्शाया गया है। जिससे वह मतदान के अधिकार से वंचित रह गए। मतदान से वंचित मतदाताओं ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है।



वोटर लिस्ट में डिलीट किए गए मतदाता।

> बिलारी आंशिक थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के कई गांवों में मतदाता सूची में जीवित मतदाताओं के नाम पर डिलीट करने यानि काट दिए जाने की कोई शिकायत नहीं मिली है। यदि ऐसा है तो यह बीएलओ की लापरवाही है। यदि शिकायत आती है तो जांच करा कर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-धीरेंद्र कुमार सिंह,** तहसीलदार चन्दौसी

विधानसभा बिलारी आंशिक के अंतर्गत कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांवों में अनेक ऐसे मतदाता वोट करने से वंचित रह गए जिनका नाम वोटर लिस्ट में डिलीट दर्शाया गया है। जबकि ये लोग गांव में मौजूद हैं। सात मई को मतदान के महापर्व में भागीदारी के लिए जब वह लोग वोट डालने बूथ पर पहुंचे तो उन्हें यह कहकर लौटा दिया कि इस नाम के सामने डिलीट लिखा है। यानि नाम मतदाता सूची से काट दिया गया है। इसलिए यह वोट नहीं डाला जा सकता।

विधानसभा बिलारी आंशिक के गांव पैगारफातपुर के बूथ संख्या 405 पर पातीराम पुत्र नेमचंद, बिचैटा काजी के बूथ संख्या 395 पर जूना देवी पत्नी कुंवर पाल , रीठ के बूथ संख्या 354 पर शांति पत्नी बाबूराम व परमेश्वरी पुत्र बुद्धि, दियौरा खास के बूथ संख्या 403 पर भूदेव शर्मा पुत्र रामकुमार व जसवंत सिंह पुत्र भाऊ सिंह, कुढ़फतेहगढ़ के बूथ संख्या 390 पर होमवती पत्नी होराम, छाबड़ा के बूथ संख्या 369 पर लल्ला बाबू पुत्र मिठई लाल, राजवीर पुत्र ओमवीर, वेद प्रकाश पुत्र हरद्वारी, बदन सिंह पुत्र रामचंद्र तथा बूथ संख्या 366 पर विकास पुत्र कृष्ण पाल, किशन लाल पुत्र सुरेश पाल तथा शिवम पुत्र राजकुमार को मतदाता सूची में डिलीट दर्शाया गया है।

इन मतदाताओं का कहना है कि मतदाता सूची में उन्हें मृत दर्शा कर वोट डालने से वंचित रखा गया। बीएलओ व तहसील अधिकारियों की लापरवाही साफ उजागर हो रही है। मामले की जांच कराई जाए।

## साइकिल सवार को बचाने में फिसली बाइक, एक घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के इस्लामनगर रोड स्थित गांव बर्रई के निकट साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में तेज रफ्तार बाइक फिसल कर सड़क पर गिर गई। हादसे में बाइक सवार घायल हो गया। परिजन घायल को सीएचसी लेकर पहुंचे और उपचार कराया।

नगर के सीमावर्ती जनपद बदायूं के गांव औरछी निवासी मनवीर पुत्र भीमसैन गुरुवार को बाइक से कोतवाली क्षेत्र के गांव बुधनगर खडुआ गया था। अपराह्न करीब तीन बजे गांव लौट रहा था। कोतवाली क्षेत्र के गांव बर्रई के निकट बाइक के सामने अचानक साइकिल सवार आ गया। साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में बाइक फिसल कर सड़क पर गिर गई। जिससे वह घायल हो गया। चेहरे व शरीर पर चोटआयी है। हादसे के बाद साइकिल सवार फरार हो गया।देर शाम तक घायल को होश नहीं आ सका है।

## सार-संक्षेप



मुंसिफ मार्ग पर निर्माणाधीन सड़क से गुजरते वाहन। ● अमृत विचार

### 15 दिन बाद भी नहीं बनी खोदी गई सड़क

**चन्दौसी, अमृत विचार :** मुंसिफ रोड की सड़क को खोदे हुए 15 दिन से अधिक का समय निकल गया है। मगर सड़क निर्माण नहीं कराया गया है। सड़क पर पड़े पत्थरों से आवागमन बाधित है। जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने नगर पालिका से शीघ्र ही निर्माण की मांग की है। लगभग 15 दिन पहले मुंसिफ रोड की सड़क को पालिका ठेकेदार की लेबर ने चौड़ीकरण व निर्माण के लिए खोदा था। इसके बाद सड़क के दोनों साइडों में पत्थर डाल दिए हैं। उस समय तीन से चार दिन बाद सड़क का निर्माण कराने की बात कही जा रही थी। मगर 15 दिन बीतने के बाद भी सड़क का निर्माण नहीं हो सका है। सड़क के दोनों साइड पड़े पत्थरों से वाहन चालकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। जबकि दिन में हवा चलने से सड़क पर धूल उड़कर दुकानों व राहगीरों को परेशान करती रहती है। लोगों ने नगर पालिका से शीघ्र ही सड़क निर्माण कराने की मांग की है।

### गर्मी बढ़ने पर गड़बड़ाने लगी बिजली आपूर्ति, लोग परेशान

**चन्दौसी, अमृत विचार :** ज्यों-ज्यों गर्मी बढ़ रही है, त्यों-त्यों बिजली आपूर्ति लड़खड़ा रही है। 24 घंटे में 15 से 16 घंटे ही बिजली मिल रही है। जिससे लोगों को गर्मी में चैन मिलता नजर नहीं आ रहा है। रात को बिजली गुल होने से नींद भी पूरी नहीं हो पा रही है। इन्वेटर भी जवाब देने लगे हैं। मई माह में ही गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। गर्मी बढ़ने से लोगों ने घरों व कार्यालयों में एसी व कूलर संचालित करने शुरू कर दिए हैं। विद्युत लाइनों पर लोड बढ़ने से आए दिन ट्रिपिंग व फाल्ट की समस्या शुरू हो गई है। गली-मोहल्लों व बाजारों में बने छोटे मकानों में बिना बिजली के रहना मुश्किल हो रहा है। लोग शाम को छत पर जरुर समय व्यतीत कर रहे हैं लेकिन रात होते ही मच्छर छत पर भी नहीं रुकने दे रहे हैं। सुबह के समय बिजली गुल होने से पेयजलापूर्ति की समस्या बनी रहती है।



गांव गुमथल में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा पर निकाली शोभायात्रा। ● अमृत विचार

### मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के लिए निकाली शोभायात्रा

**चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार :** बनियाठेर के गांव गुमथल में जाहरवीर बाबा के मंदिर के पास बने नवनिर्मित मंदिर में गुरुवार को देव मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के लिए अपराह्न चार बजे शोभायात्रा निकाली गई। ठेले पर राधाकृष्ण की मूर्ति विराजमान थी। कीर्तन मंडली भजनों की छटा बिखेर कर भक्ति भावना जगा रही थी। वहीं डीजे पर धार्मिक गीतों पर युवा नृत्य करते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा ग्रामीण और मंदिर के महंत हीरा मुनि बाबा के सहयोग से गांव के मुख्य मार्गों व धार्मिक स्थलों से होती हुई वनखंडी आश्रम चौधराना बाबा स्थल पर होती हुई पुन: जाहरवीर बाबा मंदिर पर आकर संपन्न हुई। इसके बाद विधि विधान से देव मूर्तियों को मंदिर में स्थापित किया गया। आयोजकों ने बताया कि शुक्रवार को संत आश्रम चौधराना बाबा स्थल व जाहरवीर बाबा मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर संदीप कुमार प्रजापति, राकेश दिवाकर, ईश्वरी प्रसाद प्रजापति, गोविंदराम, अनोखे लाल प्रजापति, राकेश पाल, राजपाल, भोजराज मौर्य, जोगेंद्र प्रजापति, टीकाराम प्रजापति, भगवान स्वरूप मौर्य, बब्लू पाठक, डॉ. हरी सिंह, ओमकार पाल, भूपेन्द्र प्रजापति समेत तमाम श्रद्धालुओं की भागीदारी रही।




महाराणा प्रताप की जयंती मनाते समिति के सदस्य व अधिवक्ता। ● अमृत विचार

### महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेने का किया आह्वान

**चन्दौसी, अमृत विचार :** श्री नारायण सेवा समिति की ओर से तहसील परिसर मे महाराणा प्रताप की जयंती मनाई। जिसमें उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए गए। तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार गौड़ ने कहा कि महाराणा प्रताप स्वाभिमानी व बहादुर राजा थे। जिन्होंने जीते जी मुगलों की अधीनता को स्वीकार नहीं किया। वह अपनी मातृभूमि के सर्वसमाज की रक्षा के लिए जंगलों में भटके और घर बार छोड़कर भील तीरंदाजों की सेना के साथ अकबर की सेना का मुकाबला किया और कभी हार नहीं मानी। हमें उनके जीवन से पराक्रम की प्रेरणा लेनी चाहिए। इस दौरान अमर सिंह यादव, हरीश कठेरिया, अंकित कुमार, संजय कुमार, राजेंद्र सिंह यादव, पवन कुमार शर्मा, आशीष कुमार, सुंदर लाल व अवनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से कार सवार 6 बराती घायल

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार:** इको कार में सवार होकर बारात में जा रहे बारातियों की कार में ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें सवार 6 बाराती गंभीर रूप से घायल हो गए।

बहजोई के गांव पंवासा निवासी ग्रामीण नितिन की शादी में गांव के ही गौरीशंकर पुत्र बादाम सिंह उसका भाई अमरनाथ, गुड्डू व मूलचंद थाना नखासा के गांव भांडी निवासी अमित, बदायूं जनपद के गांव मुजरिया निवासी जालीदर इको कार में सवार होकर बदायूं जनपद के रोनाइ गांव में जा रहे थे। जैसे ही वह संभल बहजोई मार्ग स्थित गांव किसौली के निकट पहुंचे तो उनकी एक कार में ट्रैक्टर ट्राली ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। बारातियों को घायल होता देख



क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दे दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस 108 से संभल के जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जबकि टक्कर मारकर ट्रैक्टर ट्राली चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने टक्कर मारने वाले ट्रैक्टर ट्राली को अपने कब्जे में ले लिया है।

## बनने के बाद उखड़ रही सड़क, ग्रामीणों में रोष

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** विकास खण्ड बनियाखेड़ा के थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव जगदीशपुरी और बवनपुरी गांव तक पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई जा रही सड़क बनने के बाद ही उखड़ रही है। सड़क निर्माण में मानक के अनुसार निर्माण सामग्री का प्रयोग न होने पर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने गुरुवार को प्रदर्शन किया और संबन्धित अधिकारियों से मामले की जांच करा कर कार्रवाई की मांग की है।

चन्दौसी से थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव कोकावास के निकट से गांव जगदीशपुरी और बवनपुरी के लिए जाने वाला मार्ग जर्जर हालत में था। करीब एक सप्ताह से पीडब्ल्यूडी की ओर से इस सड़क का मरम्मत का कार्य किया जा रहा था। दो दिन से कोलतार और बजरी की सड़क भी बननी शुरू हो गई है। सड़क पर कोलतार के साथ



सड़क उखड़ने पर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

- **ब्लॉक बनियाखेड़ा के गांव बवनपुरी में ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर की कार्रवाई की मांग**

बजरी काफी कम डाली जा रही है। इतना ही नहीं सड़क के गड्ढों को भी नहीं भरा गया है। देखने में आया है सड़क से बजरी भी उखड़ कर सड़क पर फैलने लगी है। मानक के अनुसार सड़क निर्माण न होने से जगदीशपुरी और बवनपुरी के ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। गुस्साए ग्रामीणों ने गुरुवार को मौके पर पहुंच कर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण में मानक के अनुसार निर्माण सामग्री का प्रयोग नहीं किया जा रहा है। इसके अलावा सड़क के दोनों ओर फुटपाथ के गड्ढे मिट्टी से भरे नहीं जा रहे। सड़क भी काफी संकरी है। जिससे फुटपाथ के गड्ढे की वजह से वाहनों के आवागमन में दिक्कत होगी।



> सड़क निर्माण में मानक के अनुसार निर्माण सामग्री का प्रयोग नहीं किया जा रहा है। बनते ही सड़क की बजरी उखड़ने लगी है। सड़क निर्माण के दौरान साफ सफाई का ध्यान भी नहीं रखा जा रहा। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाए।
>
> **-यशपाल सिंह,** ग्रामीण, गांव बवनपुरी



> सड़क निर्माण में मानक के अनुसार निर्माण सामग्री का प्रयोग नहीं हो रहा है। साथ ही फुटपाथ पर मिट्टी नहीं डाली जा रही है। जिससे फुटपाथ के गड्ढे ज्यों के त्यों हैं। ऐसे में वाहनों के आवागमन में परेशानी होगी। हादसे का खतरा बना रहेगा।
>
> **-दिलीप कुमार,** ग्रामीण, गांव बवनपुरी

## महाराणा प्रताप व गोपाल कृष्ण गोखले की जयंती मनाई

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** महापुरुष स्मारक समिति व सर्वसमाज जागरुकता अभियान भारत की ओर से वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप व स्वतंत्रता सेनानी गोपाल कृष्ण गोखले की जयंती सुंदर मोहल्ला स्थित कमलेश महिला प्रशिक्षण केंद्र में बनाई गई। दोनों महापुरुष महापुरुषों के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए गए।

मुख्य अतिथि व अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि जब दिल्ली की सत्ता पर मुगल सल्तनत का परचम बुलंद हो चुका था, बादशाह अकबर की हुकूमत थी। तब अकबर ने राजपूताना सल्तनत पर अपना झंडा फहराने की कोशिश की। राजपूताना में सबसे पहले आमेर रियासत ने अपनी पगड़ी उतारकर अकबर की सत्ता को स्वीकार लिया। उस समय मात्र




महाराणा प्रताप व गोपाल कृष्ण गोखले की जयंती मनाते समिति सदस्य।

- **दोनों महापुरुषों के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए**

मेवाड़ स्वाभिमान की लड़ाई लड़ रहा था।

महाराणा प्रताप ने मुगलों से कई युद्ध लड़े, लेकिन अधीनता स्वीकार नहीं की। उन्होंने घास की रोटियां खाई, लेकिन स्वाभिमान को झुकने नहीं दिया। 18 जून 1576 को हल्दी घाटी युद्ध में महाराणा प्रताप ने अकबर की अस्सी हजार सेना से बीस हजार की सेना ने युद्ध लड़ा। 29 जनवरी 1597 को शेर के शिकार पर निकले महाराणा प्रताप गंभीर घायल हो गए और उनकी मृत्यु हो गई। आगे कहा कि गोपाल कृष्ण गोखले समाज व हित में कई कार्य किए। इस दौरान रश्मि शर्मा, कौशल किशोर गुप्ता, अनीता कुमारी, ऊषा वर्मा, मनोज कुमार शर्मा, पूनम आर्य, आयशा, लाइवा, माही अग्रवाल, खुशी अग्रवाल, प्रगति सिंह, सोनी सिंह आदि मौजूद रहे।

### क्षत्रिय समाज ने मनाई महाराणा प्रताप जयंती

संभल/ओबरी अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के गांव रहटोल में क्षत्रिय समाज के लोगों ने महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम से मनाई। लोगों ने महाराणा प्रताप के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए। उनके गौरवशाली जीवन से प्रेरणा लेने की शपथ ली। जिसके बाद गांव में रैली निकाली गई। इस दौरान अंकित ठाकुर, ठाकुर रितिक राजपूत, कुनाल गौतम, आकाश पुंडीर, अमित ठाकुर, सुनील ठाकुर, चित्रेश राघव, विशाल, प्रशांत, तुषार, रवि, शुभम, नागेंद्र, विजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते लोग। ● अमृत विचार

## जयंती पर याद किए गए वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा नरौली में वीर योद्धा महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम से मनाई गई। उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। महासभा युवा के जिला महामंत्री माधवेंद्र सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप एक महान योद्धा थे। उन्होंने मुगल सम्राट अकबर के खिलाफ हल्दी घाटी की प्रसिद्ध लड़ाई लड़ी। जिसमें वीरता का अद्भुत प्रदर्शन किया। उन्होंने मुगल शासक को घुटने टिकने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में अंकुर राघव, कौशल राघव, राजेश यादव, अजय प्रताप राघव, शीलेंद्र प्रताप सिंह, अमन, राकेश, गौरव राघव, राजू राघव, श्यामू राघव, रघुनंदन राघव आदि मौजूद रहे।

## आदर्शों के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा दी

संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** हिंदू जागृति मंच के तत्वाधान में महाराणा प्रताप जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि महाराणा प्रताप की महानता ने हमारी मातृभूमि को गौरव प्रदान कर हमें अपने आदर्शों के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा दी है।

नगर के दुर्गा कॉलोनी स्थित अमृतकूप मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी आशा गुप्ता ने कहा कि मेवाड़ के महान राजपूत नरेश महाराणा प्रताप अपने पराक्रम और शौर्य के लिए पूरी दुनिया में मिसाल के तौर पर जाने जाते हैं।

एक ऐसा राजपूत सम्राट जिसने जंगलों में रहना पसंद किया लेकिन कभी विदेशी मुगलों की दासता स्वीकार नहीं की।

अतुल कुमार शर्मा ने कहा कि महाराणा प्रताप युद्ध के समय 72



संभल में महाराणा प्रताप जयंती कार्यक्रम में शामिल पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- **महाराणा प्रताप जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन**
- **ऐसा राजपूत सम्राट जिसने मुगलों की दासता स्वीकार नहीं की**

किलो का कवच पहनकर 81 किलो का भाला अपने हाथ में रखते थे।

इस अवसर पर सुबोध कुमार गुप्ता, दुष्यंत मिश्रा, यश शर्मा, विष्णु कुमार गुप्ता, अजय कुमार शर्मा, अतुल कुमार शर्मा, अर्णव मिश्रा, आशा गुप्ता आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता अरुण कुमार अग्रवाल तथा संचालन भरत मिश्रा ने किया ।

## धूमधाम से निकाली शोभायात्रा

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार:** वीर महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम के साथ में मनाई गई। जहां एक ओर गांव में महाराणा प्रताप की शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई तो वहीं उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया।

गांव परतापुर में आयोजित शोभायात्रा का शुभारंभ भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी, क्षेत्रीय मंत्री चंद्रसेन खड़कवंशी, जिला पंचायत सदस्य अवधेश प्रताप सिंह ने महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा फीता काटकर किया। इसके बाद शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में महाराणा प्रताप की झांकी के साथ युवा जयघोष करते हुए चल रहे थे। वहीं महाराणा प्रताप के बताए रास्ते पर चलने का आह्वान कर रहे थे।

इस दौरान हरिकिशन राणा, प्रेम राणा, हीरालाल राणा, हेम सिंह राणा, गिरीश पाल सिंह राणा, बृजेश राणा, अमन राणा, सत्य प्रकाश राणा, रजनीश राणा, मूलचंद राणा, विजय सिंह राणा आदि मौजूद रहे।




बहजोई के गांव में शोभायात्रा का शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

**कामकाज** जिलेभर के कार्यालयों में पहुंचे अधिकारी और कर्मचारी

## चुनाव बाद सरकारी कार्यालयों में लौटी रौनक

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में मतदान के बाद थकान उतारने के बाद अधिकारियों और कर्मचारियों ने गुरुवार को कार्यालयों में दस्तक की। कार्यालयों में विभागीय कार्यों को रफ्तार देते हुए पत्रावलियों को अपडेट किया गया तो लोगों के कामकाज भी हुए। कार्यालयों पर चहल पहल बनी रही। एआरटीओ कार्यालय पर तमाम लोगों ने पहुंचकर ड्राइविंग लाइसेंस के लिए टेस्ट देने समेत कई जरूरी काम निपटाए।

लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों ने बुधवार को आराम किया। ऐसे में जिलेभर के सरकारी कार्यालयों पर ताले लटके रहे और सन्नाटे का माहौल बना रहा। कुछ कार्यालय खुले तो वहां इक्का दुक्का कर्मचारी ही



एआरटीओ कार्यालय में ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए कतार में लगे लोग।

- **संभल में एआरटीओ दफ्तर पर दिखी चहल पहल, लोगों ने बनवाए ड्राइविंग लाइसेंस**

पहुंचे। गुरुवार को दिन निकलने पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने कार्यालयों का रुख किया तो लोगों ने भी जरूरी काम कराने के लिए कदम बढ़ाए। नगर पालिका , एसडीएम , ब्लॉक , एडीएम , आपूर्ति व तहसील कार्यालय पर चहल पहल का माहौल बना रहा। अधिकारियों ने काफी दिनों से रुके हुए विभागीय काम निपटाए तो कई पत्रावलियों को अपडेट किया। एआरटीओ कार्यालय पर तमाम लोग ड्राइविंग लाइसेंस की प्रक्रिया पूर्ण कराने के लिए पहुंचे। कई लोगों ने ड्राइविंग लाइसेंस के लिए टेस्ट देने की प्रक्रिया पूर्ण की। वाहनों को ट्रांसफर, फिटनेस, टैक्स जमा समेत कई कार्य कराए।

एकः क्षमावतां दोषो द्वितीयो नोपपद्यते।
यदेनं क्षमया युक्तमशक्तं मन्यते जनः॥

क्षमाशील व्यक्तियों में क्षमा करने का गुण होता है, लेकिन कुछ लोग इसे उसके अवगुण की तरह देखते हैं। यह अनुचित है।

## संपादकीय

# दूरियां पाटने की कोशिश

मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर की पहली भारत यात्रा को भारत-मालदीव के बीच दूरियां कम करने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। मालदीव हिंद महासागर क्षेत्र में भारत का प्रमुख समुद्री पड़ोसी देश है। विदेश मंत्री जमीर की यात्रा से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग को और गति मिलने की उम्मीद है। करीब छह महीने पहले राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के पदभार संभालने पर दोनों देशों के बीच संबंधों में तनाव आने के बाद से मालदीव की ओर से यह पहली उच्च-स्तरीय यात्रा है। मुइज्जू जितने भारत विरोधी हैं, उतने ही चीन के समर्थक भी। हाल ही में मालदीव और चीन के बीच कई अहम समझौते भी हुए हैं। राष्ट्रपति चुनाव के दौरान उन्होंने 'इंडिया आउट' का कैंपेन चलाया था। मुइज्जू 'इंडिया आउट' के नारे के दम पर चुनाव जीते थे और उन्होंने राष्ट्रपति बनते ही पहले तुर्की और फिर चीन की यात्रा की थी। मुइज्जू के मालदीव में तीन विमानन प्लेटफॉर्म का संचालन करने वाले लगभग 90 भारतीय सैन्यकर्मियों की वापसी पर जोर देने के बाद द्विपक्षीय संबंधों में तनाव में आ गया। इस बीच भारत ने अब तक अपने 51 सैनिकों को वापस बुला लिया है। राष्ट्रपति मुइज्जू ने अपने देश से सभी भारतीय सैनिकों की वापसी के लिए 10 मई की समय सीमा निर्धारित की है। ऐसे में मूसा जमीर की भारत यात्रा को कई मायनों में खास माना जा रहा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत-मालदीव संबंधों का विकास आपसी हितों, पारस्परिक संवेदनशीलता पर आधारित है। 1965 में जब मालदीव आजाद हुआ था, तो भारत उन देशों में शामिल था, जिसने उसे सबसे पहले मान्यता दी थी।

गौरतलब है कि भारत कई अवसरों पर मालदीव के लिए सबसे पहले आगे बढ़कर मदद देने वालों में रहा है। भारत मालदीव को विकास सहायता देने वाले देशों में भी प्रमुख है। भारत की कई परियोजनाओं से मालदीव के लोगों को लाभ हुआ। इनमें बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और सामाजिक पहल से लेकर चिकित्सा निकासी और स्वास्थ्य केंद्र तक शामिल हैं। भारत ने अनुकूल शर्तों पर वित्तीय सहायता दी है। भारत के सहयोग ने साझा गतिविधियों, उपकरण, क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण के माध्यम से मालदीव की सुरक्षा और कल्याण को भी मजबूत किया है। हिंद महासागर की शांति और सुरक्षा दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। हिंद महासागर को शांतिपूर्ण क्षेत्र बनाने के लिए मिलकर काम करना सभी के हित में है। भारत और मालदीव के रिश्तों के इतिहास को देखते हुए, उम्मीद है विदेश मंत्री जमीर का दौरा दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूती देगा।

# सतयुग-त्रेतायुग के संक्रमण काल के महानायक परशुराम



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

भारतीय कृषि के साथ परशुराम को जोड़ा जाता है। अगस्त, कश्यप ऋषि तथा इंद्र की सहायता से परशुराम ने साढ़े तीन सौ कोस के समुद्री तट को समुद्र से मुक्त कराकर कृषि योग्य बनाया जिसे सप्त कोंकण कहा जाता है।



**परशुराम जयंती पर**

महर्षि भृगु से लेकर परशुराम तक भार्गव वंश को ज्ञान और विद्या से जोड़ा जाता है। भृगु तो भृगुसंहिता के प्रणेता थे ही, परशुराम के पितामह ऋचीक अथर्वण मंत्रदृष्टा ऋषि थे। राम भार्गवेय नामक एक वैदिक ऋषि का सूक्तद्रष्टा ऋषि के रूप में आया है। परशुराम की प्रारंभिक शिक्षा ऋषि जमदग्नि के आश्रम में हुई उसके पश्चात् ऋषि कश्यप से दीक्षा ली तदंतर कैलाश पर्वत पर जाकर भगवान शंकर से समस्त शास्त्र और शस्त्र तथा मंत्र-तंत्र की विद्या में पारंगत हुए। भार्गव और अंगिरस कुल के ऋषियों ने समस्त शास्त्रों का नवसंस्कार किया है।

भार्गव और हैहयों में बारह पीढ़ी से द्वंद्व होता रहा है। इसका एक प्रमुख कारण यह रहा है कि हैहय ऋषि परंपरा को समाप्त कर राजाश्रित पुरोहिती परंपरा का पक्षधर था उसने वेतन पर ऋषियों को अपने राज्य में रखना चाहा। आर्येतर जातियों को अपने राज्याश्रित गुरुकुलों में प्रवेश नहीं देता था। भगवान दत्तात्रेय से वरदान पाकर सहस्त्रार्जुन कार्तवीर्य दंभी हो गया, उसके अनीति और विस्तारवादी नीति से जम्बूद्वीप के राजाओं और ऋषियों-मुनियों में असंतोष फैलाने लगा था। पराकाष्ठा तो तब हो गई जब एक बार अर्जुन, जमदग्नि से मिलने उसके आश्रम आया और आश्रम की कामधेनु की मांग कर दी, जमदग्नि ने समझाया की यह कामधेनु मेरे पुत्र परशुराम की अमानत है। इस आश्रम में मैं तुम्हे दान स्वरूप भी इसे नहीं दे सकता। अर्जुन तो विवाद के उद्देश्य से आया था उसने बलात जमदग्नि ऋषि की हत्या करके कामधेनु गौ का अपहरण कर आश्रम को ध्वस्त कर दिया। इस घटना का उल्लेख अथर्ववेद (5 /18 /10) में आया है।

भार्गवेय परशुराम अध्ययन और तपस्या के उपरांत उसी समय अपने आश्रम कतिपय संकल्पों के साथ लौट रहे थे। उन्हें अपने युग की प्रतीति थी। राजाओं का अत्याचार चरम पर था, आर्य और आर्येतर जातियों में असमानता बढ़ता जा रहा था, ऋषियों के आश्रम में भय व्याप्त था। इनके निदान के संकल्प के साथ जब परशुराम आश्रम पहुंचे तो उनका स्वागत मां के विलाप और ध्वस्त आश्रम तथा भयभीत ऋषियों ने किया। इन क्षणों में परशुराम को वेद की वे ऋचाएं संबल बनी- हे वाचस्पति हमें शास्त्र और शास्त्र धारण करने की बुद्धि और शक्ति प्रदान करे। संपूर्ण जम्बूद्वीप में इस कुकृत्य की निंदा होने लगी ऋषिकुलों से ऋचीक, वशिष्ठ विश्वामित्र, कश्यप, अगस्त आदि ऋषियों के साथ कई राजशक्तियां और आर्येतर जातियों के प्रतिनिधि परशुराम के आश्रम में एकत्र हुए और यह निर्णय लिया कि हैहयों के विरुद्ध एक संगठित युद्ध की घोषणा परशुराम के नेतृत्व में की जाए। पितामह ऋचीक ने विष्णु का दिव्य वैष्णव धनुष परशुराम को दिया, ब्रह्मर्षि कश्यप ने अविनाशी वैष्णव मंत्र दिया। परशुराम कैलाश गिरिश्रृंग जाकर भगवान शंकर का आशीर्वाद रूप में विशिष्ट दिव्यास्त्र विद्युदभि नामक परशु प्राप्त किया।

परशुराम पहले नायक हैं, जिन्होंने किसी अत्याचारी राजा को दंड देने के लिए राजाओं को ऋषियों को ग्रामवासियों को एक जुट किया और उनके अंतःकरण से भय तिरोहित कर न्याय स्थापित करने की आग प्रज्ज्वलित की। इसके पूर्व पुरुरवा, वेन, नहुष जैसे राजाओं के अत्याचार पर ऋषियों ने अपने स्तर पर ही दंडित किया। उस काल में समस्त जम्बूद्वीप में हैहयों की सौ अक्षौहिणी सेना का बड़ा आतंक था। उसने धन के बल पर विशाल सेना और आयुध इकठ्ठा कर रखा था, महिष्मति के अलावा हैहयों के चार राजवंश थे। सिंध और राजस्थान के राजवंश भी हैहयों के साथ थे। ऋषिकुलों के प्रयास से सूर्यवंशी राजाओं के साथ चंद्रवंशी राजा भी परशुराम के साथ खड़े हुए। ऋषि अंगिरस के प्रयास से शम्बर, बल, नमुचि, वृत्र, पाणी जैसे अनार्य भार्गव के पक्ष में खड़े हुए। कश्यप ने सप्तसिंधु और सारस्वत क्षेत्र के राजवंशों के साथ ही सागर देश के राजवंशों को भी भार्गव के पक्ष में खड़ा किया। हैहयों से प्रताड़ित यदुवंशी और हैहयवंशी जिसमे सुबलहैहय और शत्रुघ्न यादव प्रमुख रूप से युद्ध में सम्मिलित हुए। इस महायुद्ध के लिए परशुराम ने ग्रामजनों को भी शस्त्र शिक्षा दी। अत्रि की पत्नी अनुसुइया, अगस्त की पत्नी लोपामुद्रा तथा परशुराम शिष्य के अकृत्वान ने एक विशाल नारी सेना भी तैयार की थी।

जम्बूद्वीप का प्रथम महायुद्ध-भार्गव हैहय महायुद्ध, मानवता का दानवता के विरुद्ध, सभ्यता का बर्बरता के विरुद्ध, नम्रता का अहम के खिलाफ, शिष्टता का अशिष्टता के विरुद्ध युद्ध था। यह ऋषि परंपरा को जीवित रखने के लिए युद्ध हुआ। सहस्त्रार्जुन का वध करके परशुराम ने समस्त विजित प्रदेश अपने गुरु कश्यप ऋषि को सौंप कर गुरु की आज्ञा से प्रायश्चित कर शूर्पारक प्रदेश चले गए। भृगुकच्छ-भड़ोच से लेकर कन्याकुमारी तक का पश्चिम समुद्र तट का प्रदेश-परशुराम प्रदेश या शूर्पारक नाम से प्रसिद्ध है।

भारतीय कृषि के साथ परशुराम को जोड़ा जाता है। अगस्त, कश्यप ऋषि तथा इंद्र की सहायता से परशुराम ने साढ़े तीन सौ कोस के समुद्री तट को समुद्र से मुक्त कराकर कृषि योग्य बनाया जिसे सप्त कोंकण कहा जाता है। कृषि गीता एक मलयालम ग्रंथ है जिसमें कृषि को लेकर परशुराम और ब्राह्मणों में चर्चा है। इसके मूल लेखक और रचनाकाल का पता तो नहीं चल पाया, पर यह रचना पंद्रह सौ ईसवी की मानी जाती है। परशुराम ने अछूत माने जाने वाले लोगों को शिक्षित किया और उन्हें कृषि कर्म में लगाया। उन्होंने दुराचारी संस्कारहीन ब्राह्मणों का सामाजिक बहिष्कार किया। उनके आश्रम में अध्ययन करने वाले ऋषि ब्राह्मण जो ऋषिकर्म स्वीकार नहीं करते थे, उन्हें परशुराम कृषिकर्म के लिए प्रेरित करते थे। इस महायुद्ध के पश्चात् ही कृषि जीवन जीने वाले भूमिहार ब्राह्मण अस्तित्व में आए जिन्हें त्यागी, महिपाल, गालव, अनाविल, कार्वे, राव, हेगड़े, अयंगर, अय्यर आदि उपनामों से विभूषित किया जाता है। श्रीविद्या के आदि साधकों में परशुराम की गणना की जाती है जिसके आदिदेव भगवान दत्तात्रेय हैं। दक्षिण भारत में एक तांत्रिक संप्रदाय परशुराम के नाम से जाना जाता है जिसके प्रसिद्ध ग्रंथ हैं-परशुराम कल्पसूत्र और परशुराम प्रताप। मालाबार में अभी भी परशुराम शक संवत चालू है। कलरीपायट्टु केरल की एक युद्ध कला है, जो परशुराम से जुड़ी मानी जाती है। परशुराम सतयुग त्रेतायुग के संक्रमण काल के महानायक थे, जिन्होंने ऋषि परंपरा के स्वतंत्रता की रक्षा की अनीति के विरोध में जनमानस को तैयार किया ज्ञानार्जन के लिए भेद को समाप्त किया। परशुराम के महाभारत और रामायण में प्राप्त निर्देश कालविपर्यस्त हैं, अतः अनैतिहासिक हैं। परशुराम रामायण, महाभारत के बहुत पूर्वकालीन थे। इस काल विपर्यन का स्पष्टीकरण चिरंजीवता से उपयुक्त नहीं लगता। परशुराम की ऋषि परंपरा रामायण-महाभारत काल तक रही हो और उस काल के परशुराम को महिमामंडित करने के लिए पूर्व पुरुष का सातत्य बनाए रखा गया हो।

भगवान परशुराम विष्णु के छठे अवतार हैं, सातवें-आठवें अवतार राम व कृष्ण हैं जिन पर बहुत काव्य महाकाव्य लिखे गए। परशुराम पर कोई भी महाकाव्य, रामायण, महाभारत की भांति उपलब्ध नहीं है। ऋग्वेद में पांच सूक्त ही विष्णु से संबंधित हैं, जो की ब्राह्मण ग्रंथों के सर्वश्रेष्ठ देवता हो गए। पाणिनि काल में वासुदेव की उपासना की जाती रही। दक्षिण भारत से पनपे वैष्णव संप्रदाय में राम और कृष्ण के भक्तिमार्ग का विकास हुआ। भक्ति मार्ग में विष्णु के अवतार परशुराम स्थान नहीं प्राप्त कर सके। लोकजीवन में परशुराम का महत्व और चर्चा विष्णु के राम व कृष्ण के अवतार रूप से कम नहीं है। वे ऋषि परंपरा से समाज और राज्य की व्यवस्था को स्थापित करने वाले जननायक हैं।

## प्रसंगवश

# लोकतंत्र का वीरगाथा काल

पुराने समय में जब राजा लोग युद्ध के लिए निकलते थे तो तमाम तरह के ताम-झाम के साथ निकलते थे। मेरा मतलब प्रयाण करते थे। रानियां बख्तरबंद पहनाती थीं। पंडित मंत्रोच्चार करते थे। चापलूस और भाट उनकी तारीफ के किस्से चिल्लाते हुए गाते थे। अपने-अपने राजाओं को सूर्य के समान तेजस्वी, सागर के समान विशाल हृदय वाला, चंद्रमा के समान शीतल टाइप बताते थे, जो भाट जित्ती कुशलता से अपने अन्नदाता की तारीफ कर सके वो उत्ता बड़ा कवि माना जाता था जिसके दरबार में जित्ता बड़ा कवि होता था वो राजा उत्ता शूरवीर कहलाता था। राजाओं की वीरता उनके दरबारी कवियों की काबिलियत पर निर्भर करती थी।



अनूप शुक्ल
कानपुर

युद्ध में एक राजा हार जाता होगा। मारा जाता होगा। एक राजा के हारने का मतलब एक चापलूस कवि के सूर्य का अस्त हो जाना, एक समुद्र का सूख जाना, एक चंद्रमा पर ग्रहण लग जाना होता था। हारे हुए राजा का कवि अपना पोथी-पत्रा उठाकर प्रतिद्वंद्वी कवि के अंडर में काम करने लगता होगा। कभी जिस राजा का अलग-अलग तरीके से संहार करवाया होगा अपने मरे हुए राजा से अब उसी राजा की वीरता का श्रृंगार करने लगता होगा।

आज जमाना आधुनिक हो गया है। युद्ध की जगह चुनाव होने लगे हैं। तलवारों की जगह जबाने चलती हैं। पहले राजाओं के पास अपने खास हथियार होते थे, जिन्हें वे अपनी कड़ी मेहनत और घोर तपस्या से अर्जित करते थे। आज जमाना बहुत आगे जा चुका है। आज के शूरवीरों को अपने लिए हथियार अर्जित करने के लिए मेहनत नहीं करनी पड़ती। एक बहादुर दूसरे की कमियों को अपने हथियार की तरह प्रयोग करता है। एक की नीचता दूसरे की महानता बन जाती है। एक का घपला दूसरे के लिए उपलब्धि बन जाता है। एक का भ्रष्टाचार दूसरे का हथियार। जब एक की कमजोरी दूसरे की ताकत बन जाती है तो काहे के लिए अपनी ताकत के लिए पसीना बहाना। दूसरे की कमियां खोजो, बड़े मियां बन जाओ। पुराने जमाने में राजा लोग जब लड़ते थे तो तलवारें टकरातीं थीं। चिंगारियां निकलती थीं। खून बहता था। लोग घायल होते थे। अब जमाना आधुनिक हो गया है। भाले, तलवार की जगह घपले, दंगे, भाई-भतीजावाद, वंशवाद के आरोपों से हमले होते हैं। एक के एक घपले का जबाब अगले के पचीस घपले हैं। छोटे दंगे का जवाब बड़ा दंगा है। छोटी नीचता का जवाब बड़ी नीचता है। एक रंगी चिरकुटई के जबाब में अगले की बहुरंगी हरकतें हैं। मामला फुल हाईटेक हो गया है।

चुनाव चल रहा है। प्रचार युद्ध शुरू हो चुका है। प्रचारक अपने-अपने हथियार तेज कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर नए-नए खाते बन रहे हैं। पुरानी खबरों/सूचनाओं को अपने-अपने हिसाब से रंग-रोगन करके दूसरे पक्ष पर हमले शुरू हो गए हैं। अपने यहां संसदीय लोकतंत्र है। प्रधानमंत्री बहुमत पाए दल के लोग चुनते हैं। कौन जीतेगा यह तय नहीं। वोटिंग अभी चल रही है, लेकिन प्रधानमंत्री चुन लिए गए हैं। जिस दल ने नहीं चुने उसका उसके प्रधानमंत्री प्रतिद्वंद्वी दल ने चुन के दे दिया है। ले बे, ये है तेरा प्रधानमंत्री। चल युद्ध शुरू करें।

युद्ध भूमि भी पहले की तरह संकुचित नहीं रही। पूरे देश में पसरा है लड़ाई का मैदान। जहां-जहां वोटर है, वहां -वहां युद्ध का मैदान है। चापलूस और भाट सोशल मीडिया पर मुस्तैद हो गए हैं। टीवी चैनल पर डट गए हैं। अखबार में कलम कस के आ गए हैं। हमले शुरू हो गए हैं। हमले और बचाव का फीता कट गया है। सोशल मीडिया पर तैनात अनगिनत स्वतःस्फूर्त और भाड़े के प्रचारक किसी भी सूचना या बयान को अपने नेता खिलाफ पाते हैं तो वे उस पर टूट पड़ते हैं। सूचना और बयानबाज के चिथड़े-चिथड़े कर डालते हैं। अपने नेता की शान के खिलाफ बोलता हुआ हर व्यक्ति उनके लिए पांडवों के कुत्ते सरीखा है जिसका मुंह वे एकलव्य की तरह अपने बयान बाणों से बंद कर देते हैं।

यहां नेता कैसा भी हो, उसके कसीदे ही काढ़े जाने हैं। दोनों तरफ से अपने नायक की संभावित विजय की गाथाएं भी लिखी जा चुकी हैं। मजे की बात है कि दोनों विजयगाथाओं को लिखने का ठेका एक ही भाट कंपनी को मिला है। एडवांस में लिखी जा रही विजयगाथा का भुगतान भी एडवांस में हो चुका है।

# कितने सेल्फ गोल करेंगे



राकेश शर्मा
अध्यक्ष, इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी, नई दिल्ली

उधर समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव ने तो सनातन पर एक और चोट करते हुए कह दिया अयोध्या में बना राम मंदिर बेकार है, इसका नक्शा खराब है। क्या इनको यह नहीं मालूम कि अयोध्या का राम मंदिर करोड़ों भारतीयों की आस्था से जुड़ा है। उन सभी भक्तों की भावना कितनी आहत कर दी, वो भी एक वर्ग का वोट पाने के लिए। यह इंडी गठबंधन के नेता सनातन को डेंगू, मलेरिया, एचआईवी, कोरोना कहकर, सनातन समाप्त करने की बात करते हैं या भारत के राज्यों को चमड़ी के रंग से, नैन नक्श से, जातियों में बांटकर ही चुनाव जीतना चाहते हैं।

एक बार, दो बार, तीन बार, कितनी बार, इंडी गठबंधन के नेता बारंबार सेल्फ गोल मारेंगे तो मोदी को 2024 के लोकतंत्र का सबसे बड़ा मैच का विजेता बनने से कौन रोक सकता है। आप रायता फैलाते रहो और फिर उसे समेटते रहो। आपके सामने जो ऑल राउंडर कप्तान खड़ा है वो हर गूगली, बाउंसर और फुल टॉस को मैदान के बाहर भेजने का एक्सपर्ट है।

हाल ही में राजीव गांधी के सलाहकार रह चुके और वर्तमान में राहुल गांधी के राजनैतिक गुरु सैम पित्रोदा ने भारत राष्ट्र की अस्मिता पर हमला करते हुए देश को नैन नक्श और चमड़ी के रंग से ही बांटने का कुत्सित प्रयास कर दिया। उन्होंने एक वक्तव्य में कहा कि इंडिया में उत्तर पूर्व के लोग चीनी जैसे दिखते हैं, दक्षिण में अफ्रीकन जैसे दिखते हैं, पश्चिम में अरब जैसे और उत्तर में गोरे होते हैं। क्या इन्हें नहीं पता कि भारत विविधताओं से भरा हुआ एक सुंदर गुलदस्ता है, जहां विभिन्न नैन नक्श, चमड़ी के रंग, भाषा और भौगोलिक परिस्थिति में भारतीय रहते हैं, उन्हें आप किसी भी रूप में बांट नहीं सकते। क्योंकि इन सब में भारत की आत्मा बसती है, भारत के संस्कार और मूल्य बस्ते हैं, इतनी सारी विविधताओं के बावजूद हम सब एक हैं।

एक चुनावी रैली में इस वक्तव्य का मोदी ने जवाब दिया तो पूरी कांग्रेस के नेताओं ने पहले कहा अंतर्राष्ट्रीय कांग्रेस के चेयरमैन पित्रोदा के इस वक्तव्य से कांग्रेस का कोई लेना-देना नहीं है। यह उनका व्यक्तिगत विचार है। समझ में नहीं आता सार्वजनिक जीवन में सार्वजनिक मंच से कही गई कोई बात कैसे सुविधानुसार व्यक्तिगत हो जाती है? हैरानी तब हुई जब कांग्रेस ने कोई एक्शन नहीं लिया, क्योंकि वो कांग्रेस में सर्वशक्तिमान के गुरु हैं। एक दिखावा जरूर किया जब पित्रोदा ने स्वतः अपने पद से इस्तीफा देने की नौटंकी की।

ध्यान रहे कांग्रेस ने कोई एक्शन नहीं लिया है। यह वही हैं, जो वही बयान देते हैं, जो इनका शिष्य चाहता है या जो कहना चाहते हैं, वह शिष्य से कहलवा देते हैं। ध्यान रहे जब चुनाव घोषणा पत्र में कांग्रेस ने जातीय आधार पर जनगणना कर किसी बड़े एक्शन की बात कही तो पित्रोदा ने तब यह कह कर कि मृत्यु के बाद अमेरिका में पचपन प्रतिशत संपत्ति पर सरकारी अधिकार होने का जुमला उछाल कर चुनावी भूकंप ला दिया। लोगों में संशय पैदा हो गया कि यह बात कहीं भारत में न लागू करवा दें। भारत एक राष्ट्र नहीं राज्यों का समूह है, यह विभाजनकारी वक्तव्य भी पित्रोदा द्वारा आयोजित एक समारोह में राहुल ने दिया था।

अभी इस अनर्गल झंझट से निपट ही रहे थे कि लालू ने 7 मई की सुबह चुनाव प्रारंभ होने से पहले यह कहकर कि मुसलमानों को आरक्षण मिलना चाहिए मुस्लिम वोट पाने के लिए चुनाव का आख्यान ही बदल दिया और जब शाम को चुनाव संपन्न हो गया तब एक शातिर झूठे की तरह सुबह के बयान से शाम को पलटते हुए कह दिया आरक्षण का आधार सामाजिक होना चाहिए।

उधर समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव ने तो सनातन पर एक और चोट करते हुए कह दिया अयोध्या में बना राम मंदिर बेकार है, इसका नक्शा खराब है। क्या इनको यह नहीं मालूम कि अयोध्या का राम मंदिर करोड़ों भारतीयों की आस्था से जुड़ा है। उन सभी भक्तों की भावना कितनी आहत कर दी, वो भी एक वर्ग का वोट पाने के लिए। यह इंडी गठबंधन के नेता सनातन को डेंगू, मलेरिया, एचआईवी, कोरोना कहकर, सनातन समाप्त करने की बात करते हैं या भारत के राज्यों को चमड़ी के रंग से, नैन नक्श से, जातियों में बांटकर ही चुनाव जीतना चाहते हैं। दुर्भाग्य है हमारे देश में सत्ता प्राप्ति के लिए किसी भी हद तक गिरने वाले नेताओं को राष्ट्र प्रेमी जनता को झेलना पड़ रहा है।

## सोशल फोरम

# जंगल की आग

अकबर-बीरबल संवाद शायद होगा। अकबर ने दरबारियों से पूछा कि सबसे अच्छी धूप कौन सी लगती है? बीरबल ने कहा था कि वो धूप जो लंबी बारिश के बाद होती है। कल पुंगराऊ, नाकुरी और महरगाड़ी की घाटियों में इतनी बारिश तो हो ही गई जिसने जलते जंगल की अग्नि को फिलहाल शांत कर दिया है।



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

हालांकि इस बारिश से मेरे गांव में तैयार खड़ी गेहूं की फसल को कुछ नुकसान हुआ है, लेकिन इस नुकसान की तुलना में जंगल में लगी आग को बुझाने में इस बारिश का योगदान अतुलनीय है। जिन मित्रों ने पहाड़ी जीवन जिया है उनको पता है कि अभी डेढ़ माह भयंकर गर्मी पहाड़ में दुबारा जंगलों में गिर गए पत्तों में आग का खतरा पैदा कर देगी, लेकिन जमीन में कुछ नमी इसके प्रभाव को कम कर सकती है।

बांज के जो जंगल कुछ बच गए हैं, नए पत्ते आने से उनमें जीवन आ जाएगा। किसी न्यूज चैनल में देख रहा था कि शासन ने इस ओर ध्यान देना शुरू कर दिया है। सेवानिवृत्त होने के बाद शासन के कार्य पर लिखना छोड़ दिया है, लेकिन इस विपदा को देखते हुए सुझाव देना जरूरी हो गया है कि वन विभाग की जवाबदेही प्रत्येक स्तर पर तय करना जरूरी हो गया है। साथ ही स्थानीय जनता के मन में अपने वनों से जुड़ने का अभियान चलाया जाना भी आवश्यक है।

वन विभाग की मानसिकता स्वयं को अभेद्य होने की हो गई है। शायद उच्च न्यायालय जैसी संस्था कभी इस बात का संज्ञान ले सके और विभाग से पूछ सके कि आग पर नियंत्रण के लिए विभाग ने क्या क्या तैयारी की थी और स्थानीय जनता को सहयोग करने के लिए क्या प्रयास किया था? यह तो सर्वविदित है कि दो-चार कर्मचारी बिना जनसहयोग से स्थिति नहीं सुधार सकते हैं। अपने गांव डौणूं में सभी परिवार बांज-बुरांस के जंगल पालने में समर्पित रहते हैं। इसलिए चार किलोमीटर की परिधि में हरियाली सुरक्षित है।

**-फेसबुक वॉल से**

# कर्मवीर पंडित सुंदर लाल

देश के प्रमुख स्वाधीनता सेनानी, विश्व-शांति आंदोलन के कर्ताधर्ता, 'भारत में अंग्रेजी राज' जैसे गौरव-ग्रंथ के लेखक और इलाहाबाद से छपने वाले 'भविष्य', 'कर्मयोगी' तथा देवनागरी और उर्दू दो लिपियों में छपने वाले 'नया हिन्द' के संपादक कर्मवीर पंडित सुंदर लाल का 9 मई, 1981 को 95 वर्ष की आयु में दिल्ली में निधन हुआ तब उनकी अंतिम यात्रा में विष्णु प्रभाकर, विश्वंभर नाथ पाण्डेय और विश्वनाथ प्रताप सिंह शामिल हुए थे।



सुधीर विद्यार्थी
वरिष्ठ लेखक, बरेली

विश्व राजनीति के इस पुरोधा को लोगों ने जल्दी ही भुला दिया जिसके ख्रुश्चेव, माओ जैसे लोगों से व्यक्तिगत संबंध थे। गांधी, मोतीलाल नेहरू, मंजर अली सोख्ता, जवाहर लाल नेहरू, महात्मा भगवान दीन, डॉ. ताराचंद, अब्दुल मजीद, ख्वाजा मौलाना सुलेमान नदवी, तेज बहादुर सप्रू जैसे लोगों के साथ मिलकर उन्होंने बहुत काम किया। क्रांतिकारी अमीर चंद बंबवाल, लाला हनुवंत सहाय और पंडित परमानंद उनके गहरे मित्र थे। बाद को विश्वंभर नाथ पाण्डेय ने तो उनके साथ रहकर बहुत काम किया। सांप्रदायिक सद्भाव के लिए उन्होंने जीवन भर काम किया। पंडित जी ने अपना अंतिम समय अपने मित्र इश्तियाक मिर्जा के घर बिताया। शुरुआत में अरविंद से प्रभावित होकर क्रांतिकारी आंदोलन में सक्रियता के बाद वे गांधी और कांग्रेस से जुड़े, लेकिन उनमें उग्र राजनीतिक चेतना बरकरार रही। देश आजाद होने के बाद नेहरू उन्हें मंत्रिमंडल में लेना चाहते थे, लेकिन सुंदर लाल इसके लिए तैयार नहीं हुए। 1951 में नेहरू ने उन्हें चीन की यात्रा पर सद्भावना मिशन का नेता बनाकर भेजा जिसमें उनके साथ मुल्कराज आनंद और आरके करंजिया जैसे लोग थे। वहां वे माओत्से तुंग, चाउ एन लाई, लिउ शाओ चि तथा अन्य चीनी नेताओं से मिले। उन्होंने क्यूबा, वियतनाम, वियना, स्टॉकहोम, कोलंबो, मास्को, लेनिनग्राड, बर्लिन, वार्सा, लंदन की यात्राएं करके देश का गौरव बढ़ाया।

26 सितंबर, 1886 को मुजफ्फरनगर जिले के खतौली कस्बे में जन्मे सुंदर लाल ने अपनी आत्मकथा भी लिखी जिसमें उनके राजनीतिक सफरनामा और विचार पक्ष को बखूबी चीन्हा जा सकता है। मुझे संतोष है कि पंडित बनारसी दास चतुर्वेदी, विष्णु प्रभाकर, मुल्कराज आनंद, कन्हैया लाल मिश्र 'प्रभाकर', ओमप्रकाश पालीवाल, शिव वर्मा, मन्मथनाथ गुप्त, बैजनाथ सिंह 'विनोद', भगवानदास केला, जनार्दन भट्ट, हंसराज रहबर, सैयद मुजफ्फर हसन और सत्यभक्त के पास उनकी यादों का जो अकूत खजाना था, उसे मैंने समय रहते सुरक्षित कर लिया।

# हैं तो सभी होमो सेपियेंस ही

जो लगता है अक्सर होता नहीं है। होता कुछ है लगता कुछ है। सैम पित्रोदा ने भारतीयों की पहचान को लेकर जो सामान्यीकरण किया वह अनावश्यक था। पहली बात तो आमतौर पर मनुष्य मात्र को लेकर, उसके उद्भव और विकास को लेकर विज्ञान सम्मत जानकारी का अभाव है। ऐसे में मनुष्य की पहचान, उसकी जाति और रहन-सहन आदि मुद्दों पर कैजुअल टिप्पणी से बचना चाहिए। सच तो यह है कि वैज्ञानिक वर्गीकरण में धरती पर कम से कम 45-50 हजार वर्षों से जिस मनुष्य नाम्नी प्राणी का एकछत्र राज्य रहा है, उसका नाम है होमो सैपियेंस यानि प्रबुद्ध मानव।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

वैज्ञानिक वर्गीकरण में बस यही एक 'प्रजाति' है, जो धरती के कोने-कोने में अपना अधिपत्य जमाए हुए है। चाहे वह धरती भौगोलिक-राजनीतिक लिहाज से चीन, रूस अमेरिका, इंग्लैंड, भारत की, कहीं की भी हो। सब में आनुवंशिकी के समान धागों-गुणसूत्रों की संख्या 46 ही है। कोई फर्क नहीं है। हां आबो हवा और चमड़ी तथा रंगरूप और अन्य शारीरिक फर्कों के हिसाब से उनकी कई उपजातियां (रेसेज) हैं। यहां जाति यानि कास्ट का अभिप्राय एकदम अलग है, जो सामाजिक मान्यताओं की देन है।

कार्लेटन एस कून नामक वर्गीकरण विज्ञानी द्वारा 1962 में किए गए मानव उपजातियों के वर्गीकरण को आज भी व्यापक स्वीकृति मिली है जिसके अनुसार पूरे विश्व में चार उपजातियां (रेसेज) हैं, मगर हैं सभी मूलतः होमो सैपियेंस। काकैसायड-गोरे रंग वाली यह उपजाति रूस-पश्चिमी एशिया, यूरोपीय भागों और उत्तरी अफ्रीका की है। कहते हैं रामायण की पात्र कैकेयी एक सोवियत रूस के क्षेत्र काकेशस मूल की थीं (वैज्ञानिक पुष्टिकरण वांछित)। मांगोलॉयड- इनका अधिपत्य पूर्वी एशिया और सहारा के दक्षिणी हिस्से में है। यही मंगोल हैं। चीन में इनकी ही प्रमुख आबादी है। निग्रोयड-काले रंगी प्रमुखतः अफ्रीका वासी हैं और सहारा के दक्षिण में भी हैं। आस्ट्रैलॉयड- आस्ट्रेलियाई मूल के सभी लोग इसी मूल के हैं।

हालांकि इस मुख्य विभाजन के दीगर भी गौण संख्या में ख्वायसैनायड- बुशमेन, होटेनाट्स और प्रशांत वंशीय भी हैं। आदिवासी भी हैं। एक तरह से कुल मिला जुलाकर दर्जन भर उपजातियां हैं, मगर सभी होमो सैपियेंस ही हैं। और अब ज्यादातर वैज्ञानिक यही मानते हैं कि आज के मानव का उद्भव अफ्रीका में हुआ और वहीं से कालान्तर में यह प्रजाति विश्व भर में फैलती गई।

इसके बावजूद दुनिया भर में रंग रूप के आधार पर मानव मानव में विभेद, नस्लीय भेदभाव का काला इतिहास रहा है। किसी भी विवेकवान व्यक्ति को ऐसी टिप्पणियों और वक्तव्यों से बचना चाहिए, क्योंकि इनके अनेक साभिप्रायपूर्ण निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं। विवादित हो सकते हैं। भारत के किसी भी प्रांत में रहने वाले वाह्य रुप से किन्हीं भी उपजातियों से साम्य रखें, हैं तो सभी होमो सेपियेंस ही।

## एक नजर

### रोडवेज बस की टक्कर से बुजुर्ग घायल, भर्ती कराया

**नगीना, अमृत विचार :** रोडवेज की बस की टक्कर से बुजुर्ग गंभीर घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद सीएचसी से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। नगर के मोहल्ला साहुवान निवासी मोमिन (65) रोडवेज बस स्टैंड से बस से उतरकर पैदल ही जा रहे थ। चित्तौड़गढ़ पुलिस चौकी के पास पहुंचने पर रोडवेज की बस से टकराकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### आसरा खेड़ा में गुलदार ने हिरण को बनाया निवाला

**स्योहारा, अमृत विचार :** गांव आसरा खेड़ा में गुलदार ने एक हिरण को अपना निवाला बना लिया। घटना से क्षेत्र में दहशत है। ग्रामीणों ने वन विभाग से पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने की मांग की है। बताया कि गांव निवासी आर्यन शर्मा के खेत में गुरुवार सुबह एक हिरण का शव मिला। गुलदार ने उसे निवाला बनाया है। ग्रामीण सचिन, अमित, महेश, सुभाष, शक्ति ने बताया कि इस गांव में गुलदार घटनाओं को अंजाम देते रहते हैं। ग्रामीणों ने गुलदार को पकड़ने की मांग उठाई है।

### लकड़ी से भरी पिकअप पकड़ी, आरोपी फरार

**बिजनौर, अमृत विचार :** साहू वाला रेंज के क्षेत्राधिकारी राजेंद्र कुमार ध्यानी ने बुधवार रात चंपतपुर चकला के जंगल लकड़ी से भरी पिकअप पकड़ ली। हालांकि लकड़ी काटने वाले फरार हो गए। वन क्षेत्राधिकारी वाहन को कब्जे में लेकर साहू वाला रेंज ले गए। नजीबाबाद वन प्रभाग अधिकारी वंदना का भी कार्रवाई में सहयोग रहा।

### सितारगंज रोड पर सरेराह दो भाइयों को पीटा

**खटीमा, अमृत विचार :** सितारगंज रोड पर स्थित एक प्रतिष्ठान पर आए आधा दर्जन से अधिक लोगों ने वहां काम कर रहे एक युवक और उसके भाई को घेर कर बुरी तरह में मारपीट की। लोगों के जमा हो जाने के बाद वह जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। घायलों को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस को सौंपी तहरीर में भूड़ महोलिया निवासी और पीआरडी जवान शाहरुख अली ने कहा कि उसका भाई आशू सितारगंज रोड पर एक प्रतिष्ठान पर था। जहां वह काम करता है। बृहस्पतिवार सुबह करीब 11 बजे आधा दर्जन से अधिक लोग वहां आ गए और आशू को घेर लिया। वे धारदार हथियारों से मारपीट करने लगे।

# व्यापारियों की लड़ाई लड़ेगा व्यापारी एकता परिषद

## राहुल वर्मा को प्रदेश अध्यक्ष व देवेश चौधरी को महामंत्री बनाया, मुरादाबाद के अमित प्रदेश मंत्री बने

**कार्यालय संवाददाता, बिजनौर**



व्यापारी एकता परिषद के कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** रेलवे स्टेशन के पास स्थित एक रेस्टोरेंट में गुरुवार को व्यापारी एकता परिषद का कार्यक्रम हुआ। इसमें प्रदेश व जिले के पदाधिकारियों ने कहा कि व्यापारी एकता परिषद निष्पक्ष होकर व्यापारियों के हित की हर लड़ाई लड़ेगा।

कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि ज्योतिषविद पंडित ललित शर्मा, भाकियू अराजनैतिक के युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एसके बबली व वरिष्ठ समाजसेविका डॉ. मंजू चौधरी ने किया। कार्यक्रम में कोर कमेटी की अनुमति के बाद पूर्व डीएसपी एमपी सिंह को प्रदेश संरक्षक, राहुल वर्मा को प्रदेश अध्यक्ष व देवेश चौधरी को प्रदेश महामंत्री बनाया गया। प्रदेश कार्यकारिणी में गाजियाबाद के पूर्व आईआरएस अधिकारी शेखर वर्मा को प्रदेश संरक्षक, मुजफ्फरनगर के कुलभूषण कुमार बजाज को वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष, लखनऊ के मनोज रुहेला को वरिष्ठ प्रदेश मंत्री, मुरादाबाद के अमित दिवाकर को प्रदेश मंत्री, चंदौसी के सौरभ बिश्नोई को प्रदेश उपाध्यक्ष, मेरठ के अजीत कुमार सर्राफा को प्रदेश उपाध्यक्ष, बिजनौर के राजीव वर्मा को प्रदेश कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। बिजनौर के ही अनुज शर्मा को जिलाध्यक्ष, प्रशांत चौधरी को जिला महामंत्री, सभासद तूफैल अहमद को जिला संगठन मंत्री, वसीम अहमद को वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, शमीम अहमद को जिला मीडिया प्रभारी, शकील अहमद को जिला मंत्री, अरशद अहमद को जिला उपाध्यक्ष, केशव सिंह को वरिष्ठ जिला मंत्री, राकेश कुमार सिंह को जिला उपाध्यक्ष, राकेश धीमान को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई।

शिवांग बिश्नोई, हेमराज सिंह व अजीम अहमद को जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। पंडित ललित शर्मा ने कहा कि व्यापारी एकता परिषद प्रत्येक व्यापारी की समस्या का समाधान करने के लिए हर संभव लड़ाई लड़ेगा। अपने नाम के अनुरूप यह संगठन व्यापारियों को एकजुट करके चलेगा। चौधरी दिगंबर सिंह ने कहा कि आज महाराणा प्रताप की जयंती है। जिस भी व्यक्ति ने जन्म लिया है उसे एक दिन इस संसार से जाना है लेकिन हमें प्रयास करना चाहिए कि ईश्वर ने हमें जैसे संसार में भेजा है, जाते समय आत्मा को संतुष्टि हो कि हमने संसार को बेहतर बनाने का प्रयास किया है। हमें महाराणा प्रताप के जीवन से सीख लेनी चाहिए। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एसके बबली ने कहा कि पूर्ण निष्ठा के साथ व्यापारियों के लिए कार्य करें और जब भी व्यापार मंडल को उनकी आवश्यकता होगी तो वह उनका सहयोग करेंगे। डॉ मंजू चौधरी ने कहा कि जब भी किसी राजनीतिक दल को किसी भी कार्यक्रम के लिए आवश्यकता पड़ती है तो सबसे पहले वह व्यापारी के पास सहयोग के लिए जाकर खड़ा होता है। प्रदेश संरक्षक डॉ. एमपी सिंह ने कहा कि उनके संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता उनके परिवार के सदस्य की तरह है। राहुल वर्मा ने कहा कि व्यापारियों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा।

प्रदेश महामंत्री देवेश चौधरी ने कहा कि व्यापारी एकता परिषद का जन्म व्यापारियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए हुआ है। इस दौरान प्रवीण गर्ग, सुरेश त्यागी, वसीम अहमद, विमल वर्मा, गौरव वर्मा, जीशान अहमद, अभिराज शर्मा, अनुभव प्रताप, मनोज देवी, सत्यवीरा आदि मौजूद रहे।

## गांव में महाराणा प्रताप का बोर्ड लगाने पर पथराव

**आदमपुर, अमृत विचार :** गांव कोकापुर में महाराणा प्रताप का बोर्ड लगाने को लेकर दो पक्ष में विवाद हो गया। मारपीट और जमकर पथराव हुआ। पुलिस ने हालात संभाले और कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया है।

गांव कोकापुर में गुरुवार दोपहर खड़गवंशी समाज के लोग महाराणा प्रताप का बोर्ड लगा रहे थे। तभी पाल समाज के लोगों ने इसका लेकर विरोध किया। कहासुनी के बाद दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। इसके बाद पथराव हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कई लोगो को हिरासत में लिया। बोर्ड का आरंभ करने आए कुवरपाल खड़गवंशी ने दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश की। लेकिन कोई भी पक्ष मामने को राजी नहीं हुआ। पाल समाज की महिलाओं ने घर के आगे बैठकर बोर्ड उखाड़ने की जिद की। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाया। सीओ दीप कुमार पंत ने बताया कि महाराणा प्रताप का बोर्ड लगाने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ था।

# महाराणा प्रताप की जयंती पर निकाली रैली

**संवाददाता, नगीना**



रैली में शामिल करणी सेना के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** महाराणा प्रताप की जयंती पर गुरुवीर को करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने रैली निकाली। जिलाध्यक्ष ठाकुर रितिक कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गांधी मूर्ति पर नारे लगाए। ट्रैक्टर और बाइक पर सवार होकर नगर के विभिन्न मार्गों से रैली निकाली। इस मौके पर राकेश सिंह, प्रदीप चौहान, लोकेंद्र चौहान, योगराज, नितिन कुमार, बिजेंद्र, नंदराम, विपिन, टीकम, नरेन्द्र, मयंक आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

**महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डाला, नजीबाबाद :** कोटद्वार कोतवाली मार्ग स्थित शिव शक्ति धाम मंदिर में महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई। क्षत्रिय राजपूत समाज के लोगों ने महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डाला। महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम में वक्ताओं ने महाराणा प्रताप को महान योद्धा बताया।

- **महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प किए अर्पित, आदर्शों पर चलने का किया आह्वान**

इस मौके पर क्षत्रिय राजपूत समाज के संरक्षक केपी सिंह, ब्लाक अध्यक्ष पुखराज सिंह, नगर अध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष शिवकुमार, मास्टर अशोक कुमार, धर्मवीर सिंह चौहान, अमर देव, प्रेम राज, सुशील कुमार, प्रीतम सिंह आदि उपस्थित रहे।

## किसान के ट्यूबवेल से केबल और स्टार्टर चोरी

**हीमपुर दीपा, अमृत विचारः** हीमपुर दीपा निवासी नकुल शर्मा के खेत में ट्यूबवेल की कोठरी के दरवाजे का कुंड़ा उखाड़ कर चोर केबल, फ्यूज और स्टार्टर को चोरी कर ले गए। चोर स्टार्टर के अंदर का सामान चोरी कर खाली खोल को खेत में ही फेंक कर चले गए। हीमपुर दीपा में चोरी की यह कोई पहली वारदात नहीं है।

इस सप्ताह में चोरी ये तीसरी वारदात है। इसी सप्ताह में हीमपुर दीपा निवासी वीर सिंह उर्फ काले की बाइक को भी चोरों ने देसी शराब की दुकान से चोरी कर लिया था। रतनपुर खुर्द निवासी एक किसान के खेत से भी केबल चोरी की वारदात हुई है। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि तीन दिन पूर्व उल्हेड़ा नहर पर दो बाइकों के चेसिस पड़े हुए थे। ग्रामीणों को आशंका है कि लगातार चोरी होते वाहनों के चेसिस निकालकर कबाड़ में बेचे जा रहा है।

## सार-संक्षेप



शोकसभा में शामिल चिकित्सक। ● अमृत विचार

### चिकित्सक की पत्नी के निधन पर शोकसभा

**नजीबाबाद, अमृत विचार :** अनाबिया हॉस्पिटल में नीम नजीबाबाद के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुलेमान की पत्नी के निधन पर शोकसभा हुई। इसमें आयुष चिकित्सक संघ के सदस्यों ने दो मिनट का मौन धारण कर डॉ. सुलेमान की पत्नी के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। डॉ. हाफिज सरफराज ने कलाम पाक तिलावत की। इस दौरान डॉ. आफताब नोमानी. डॉ. वसीम बारी, डॉ. शरीफ अहमद, डॉ. नजाकत अहमद, डॉ. सलीम मोइन, डॉ. शहजाद अनवर, डॉ. तौकीर अहमद, डॉ. कफील, डॉ. इरफान अहमद आदि शामिल रहे।

### जर्जर खंभों से हादसे की आशंका, बदलने की मांग

**नजीबाबाद, अमृत विचार :** कस्बे में बिजली के खंभे जर्जर हालत में खड़े हैं। वे कभी भी गिर सकते हैं। विभाग से कई बार शिकायत करने पर भी इस समस्या का समाधान नहीं किया है। मामला नजीबाबाद के मोहल्ला मकबरे का है। जहां विद्युत विभाग का खंभा जर्जर हालत में है। कर्मचारियों को इसकी जानकारी दी गई। इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी की गई है। बताया कि लोगों के आवागमन का यह मुख्य मार्ग है। इस मार्ग पर शहरवासी छात्र-छात्राएं, शिक्षक गुजरते हैं। इन खंभों से हादसे की आशंका जताई जा रही है। लोगों ने खंभे बदले की मांग की है।



ऐसी है खंभों की हालत।

### जलभराव को लेकर ग्रामीणों में रोष, बीमारी की आशंका

**हापुड़, अमृत विचार :** सिंभावली ब्लॉक क्षेत्र के गांव भोवापुर में ट्रांसफार्मर वाले मोहल्ले में जलभराव और गंदगी से लोग परेशान हैं। जलनिकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से सड़क पर जलभराव और गंदगी पसर रही है। इससे संक्रमित बीमारियां फैलने की आशंका है। इसके अलावा कई गांवों को जोड़ने वाले ढाना मार्ग पर भी जलभराव है। ग्रामीण और राहगीरों का निकलना दुश्वार हो रहा है। पानी में मच्छर पनप रहे हैं। इससे लोगों में रोष व्याप्त है। ग्रामीण पानी से बचकर ट्रांसफार्मर के पास से होकर निकल रहे हैं। इससे हादसा होने का आदेश बना रहता है। आरोप है कि कई माह से इस मामले की शिकायत की जा रही है। इसके बावजूद समस्या का कोई समाधान नहीं हो पाया। एडीओ पंचायत शिवम पांडे का कहना है कि ग्राम प्रधान व सचिव से वार्ता कर समस्या का समाधान कराया जाएगा। गांव में सफाई व अन्य समस्याओं के निदान के निर्देश दिए हुए हैं।

### छात्र-छात्राओं को दैवीय आपदा की दी जानकारी

**हापुड़, अमृत विचार :** गढ़मुक्तेश्वर के शाहपुर रोड स्थित देव मेमोरियल पब्लिक स्कूल व पलवाड़ा के शांति शिक्षा निकेतन विद्यालय में दैवीय आपदा के समय भवन से सुरक्षित निकलने के लिए छात्र-छात्राओं को अभ्यास कराया गया। इस दौरान फायर मॉक ड्रिल का आयोजन कराया गया। स्कूली बसों में अग्निशमन उपकरणों की जांच की गई। बस चालकों को अग्निशमन उपकरण चलाने की जानकारी दी। छात्र-छात्राओं को अग्निशमन प्रशिक्षण प्रदान किया।

### नवादा में छुट्टा पशु के हमले से मजदूर घायल

**हापुड़, अमृत विचार :** गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में छुट्टा पशु ने हमला कर मजदूर को घाय कर दिया। राहगीरों ने लाठी-डंडों से पशु को भगाकर मजदूर की जान बचाई। बताया गया कि बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव नवादा खुर्द निवासी नरेश साइकिल से मजदूरी करने के लिए जा रहा था। तभी खेत से निकल कर आए पशु ने उसे टक्कर मार दी। मजदूर साइकिल सहित जमीन पर गिर गया। लेकिन पशु ने लगातार उसे मारता रहा। जिससे वह घायल हो गया। यह सब देख लोग पशु की तरफ लाठी डंडे लेकर दौड़े तो पशु जंगल की तरफ भाग गया। भकियू टिकैत के जिलाध्यक्ष दिनेश खेड़ा का कहना है कि आवारा पशुओं के लिए पहले से मांग उठाते आए हैं। उनकी मासिक पंचायत के दौरान एसडीएम गढ़ को ज्ञापन दिया गया है। एसडीएम साक्षी शर्मा का कहना है कि घायल मजदूर की मदद के लिए प्रशासनिक स्तर से नियम अनुसार मदद की जाएगी।

### आज मनाया जाएगा रामनवमी महोत्सव

**गजरौला, अमृत विचार :** श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष डॉ. राजीव शुक्ल ने बताया कि शुक्रवार और शनिवार को श्री रामनवमी महोत्सव मनाया जाएगा। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे समारोह में शामिल हो। नगर के शुक्लपुरी स्थित लायर्स चैम्बर्स पर आयोजित प्रेस वार्ता में अध्यक्ष डॉ. राजीव शुक्ल व संयोजक कपिल सिंघल ने बताया कि स्व. रमाशंकर कौशिक स्मृति पार्क में श्री राम नवमी महोत्सव का आयोजित किया जाएगा। इसमें वैष्णवी कला मंच के कलाकार प्रस्तुति देंगे। झांकियों के साथ विशेष आकर्षण में श्री रामलला अयोध्या का सूर्य तिलक दर्शन रहेगा। इस दौरान संजय सैनी, अंकुर सिंघल, वैभव गोयल, देवेश शर्मा, संजीव सिंघल, अंकित अग्रवाल, होशियार सिंह, अर्जन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### भूमि से कब्जा हटवाने की मांग, थाने में तहरीर दी

**बुरावली, अमृत विचार :** रहरा थाना क्षेत्र के गांव पतेई खादर निवासी अल्ताफ सैफी की गांव में ही खेत की पांच बीघा भूमि है। गांव के ही कुछ लोगों ने खेत जोत कर भूमि पर कब्जा कर रहे है। इससे किसान परेशान है। किसान ने बताया कि खेत खाली है। उसमें फसल की बुवाई न कराई जाए। अल्ताफ ने थाने में तहरीर देकर मामले की शिकायत की है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई ।

### आज बाबा भैरोनाथ मंदिर पर होगा भंडारा

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला सैनी नगर स्थित बाबा भैरोनाथ मंदिर परिसर में वार्षिकोत्सव शुक्रवार को मनाया जाएगा। बाबा भैरोनाथ मंदिर के पंडित सुनील शर्मा ने बताया कि बाबा भैरोनाथ का वार्षिकोत्सव मनाया जाएगा। सुबह 8 बजे से बाबा का गुणगान होगा। बाबा को भोग लगाकर भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

### दुकान से नकदी लेकर भाग रहा चोर पकड़ा

**गजरौला, अमृत विचार :** शहर स्थित कपड़ों की दुकान में घुसकर गल्ले से रुपये निकालकर भाग रहे चोर को पकड़ कर पिटाई की। बाद में आरोपी को पुलिस को सौंप दिया।गुरुवार दोपहर शहर के मोहल्ला सुल्तान नगर निवासी बिलाल अहमद की दुकान में कपड़े खरीदने के बाहने एक व्यक्ति घुस आया। बिलाल कपड़े लेने गया। इस बीच चोर दुकान के गल्ले से रुपये निकालकर भागने लगा तो दुकानदार ने शोर मचा दिया। आसपास के लोगों ने दौड़कर चोर को पकड़ लिया और उसकी पिटाई की। दुकानदार के अनुसार, गल्ले से 13 सौ रुपये की नकदी मौजूद थी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा वासुदेव तीर्थ

**अमरोहा, अमृत विचार :** नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने गुरुवार को नगर के प्रमुख वासुदेव तीर्थ मंदिर स्थल का निरीक्षण किया। वंदन योजना से तीर्थ स्थल का सौंदर्यकरण करने के निर्देश दिए हैं।उन्होंने बताया कि शासन के निर्देश पर महत्वपूर्ण पर्यटन तीर्थ स्थलों के सौंदर्यकरण के लिए वंदन योजना प्रारंभ की है। इस योजना के तहत वासुदेव तीर्थ मंदिर का सौंदर्य करण नगर पालिका द्वारा किया जाएगा। शासन ने प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि यहां इंटरलॉकिंग टाइल्स, रंगीन फव्वारे, लाइट रंगीन सहित अन्य कार्य कराए जाने हैं। वासुदेव तीर्थ को विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।

### धूमधाम से मनेगा भगवान परशुराम जन्मोत्सव

**अमरोहा, अमृत विचार :** भगवान परशुराम मंदिर प्रबंध समिति की ओर से परशुराम जन्मोत्सव अर्थात अक्षय तृतीया धूमधाम से मनाई जाएगी। वासुदेव स्थित भगवान परशुराम मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष विजय चतुर्वेदी एवं महामंत्री कपिल शर्मा ने कहा कि शुक्रवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव और अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम के मंदिर में हवन पूजन किया जाएगा। सुबह 10 बजे भगवान का जलाभिषेक, श्रृंगार, हवन व प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस दौरान ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष पवन कौशिक, महामंत्री मनु शर्मा, सुशील शर्मा आदि रहे।

# साहित्य समीक्षा शोध का अभिन्न अंग

**कार्यालय संवाददाता, अमरोहा**



वक्ताओं को प्रमाण पत्र देते प्रो. डॉ. नवनीत कुमार।

**अमृत विचार :** जेएस हिंदू महाविद्यालय में सात दिवसीय शोध कार्यशाला चल रही है। गुरुवार को चौथे दिन वक्ताओं ने शोध में साहित्य की समीक्षा व प्रक्रिया बताकर शोधार्थियों को अपने वक्तव्य से लाभान्वित किया।

शोध कार्यशाला में कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर वीर वीरेंद्र सिंह ने अपने शोध की गुणवत्ता और आयोजना को सुव्यवस्थित करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रवक्ता डॉ. अरविंद कुमार ने शोधार्थियों को शोध में साहित्य की समीक्षा व प्रक्रिया का तरीका बताया। शोध में साहित्य की समीक्षा की परिभाषा, किसी विषय का अवलोकन, प्रकाशित साहित्य की एक संगठित जानकारी दी। कहा कि साहित्य समीक्षा शोध का एक अभिन्न अंग है। उन्होंने कालिदास के रघुवंश से उदाहरण देते हुए शोध साहित्य समीक्षा की भारतीय साहित्य में प्रासंगिकता तथा साहित्य समीक्षा की विशेषताएं रेखांकित की। डॉ. अपर्णा तिवारी ने उपकल्पना की परिभाषा बताई।

कहा कि उपकल्पना का निर्माण शोध समीक्षा पर आधारित होता है। डॉ. हिमांशु शर्मा ने डॉ. अपर्णा तिवारी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

इस दौरान डॉ. नवनीत कुमार, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. मोहित शर्मा, डॉ. सत्यप्रकाश परमार, डॉ. सचिन पांचाल, डॉ. मोहम्मद तारिक, डॉ. विजय यादव आदि रहे।

## बिजनौरा की टीम ने 10 रन से जीता फाइनल मैच

**सैदनगली, अमृत विचार :** गांव पुटसल में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को फाइनल मुकाबला खेला गया। यह मुकाबला गांव पुटसल और बिजनौरा की टीमों के बीच खेला गया। ग्राम प्रधान अनिल गुर्जर ने फीता काटकर आरंभ किया। टॉस जीतकर पुटसल की टीम ने गेंदबाजी करने का फैसला किया। बिजनौरा की टीम निर्धारित 12 ओवरों में 150 रन बनाए। बिजनौरा के बल्लेबाज समद ने 37 रन, जैनुल ने 28 रन और वैभव शर्मा ने 25 रनों की पारी खेली। पुटसल के गेंदबाद विपिन ने 4 विकेट लिए। इसमें हैट्रिक भी शामिल है। पुटसल की टीम 140 रन ही बना पायी। पुटसल के बल्लेबाज अमित ने 40 रन, शिवांग ने 30 रनों की पारी खेली। बिजनौरा के गेंदबाज कोसिन्द्र ने 4 विकेट, दीपक कोहली ने 2 विकेट झटके। बिजनौरा की टीम ने 10 रनों से रोमांचक मुकाबला अपने नाम किया।

# पालिका में भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर सभासद ने दिया धरना

**संवाददाता, गजरौला**



नगर पालिका कार्यालय के सामने धरने पर बैठे सभासद अनिल अग्रवाल।

**अमृत विचारः** नगर पालिका कार्यालय में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए सभासद दरी बिछाकर धरने पर बैठ गए। शहर में विकास नहीं होने का आरोप भी लगाया। जानकारी पर पहुंचे अन्य सभासदों ने समझा-बुझाकर धरना स्थगित करवाया।

शहर के वार्ड नंबर-16 से सभासद अनिल अग्रवाल गुरुवार दोपहर नगर पालिका कार्यालय के सामने दरी बिछाकर धरने पर बैठ गए। कहा कि उनके वार्ड में मात्र 10 लाख रुपये से ही विकास किया गया है, जबकि अन्य वार्डों में एक-एक करोड़ रुपये के विकास कार्य करा दिए गए हैं। नगर पालिका प्रशासन आम नागरिकों की समस्याओं तक का समाधान नहीं करा पा रहा है। अपने वार्ड में पथ प्रकाश व्यवस्था खराब होने की बात कही।

कई बार शिकायत के बाद भी व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो सकी है। समस्याओं का जल्द समाधान नहीं होने पर सभासद ने चार जून के बाद फिर से धरने पर बैठने की चेतावनी दी है। इस संबंध में ईओ शालिनी गुप्ता ने किसी भी जानकारी से इनकार किया है।

**सख्ती** बैठक में गैरहाजिर रहे अधिशासी अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा, वेतन रोकने के दिए निर्देश

# पशु पालन विभाग की खराब प्रगति पर जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी

**कार्यालय संवाददाता, अमरोहा**



कलेक्ट्रेट में बैठक करते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने गोआश्रय स्थलों में स्थापित प्रबंधन संचालन और लू से बचाव के लिए प्रबंधन सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक की। उप जिलाधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों व पशु पालन विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली। जोया और अमरोहा के अधिशासी अधिकारी को छोड़कर बाकी सभी अधिशासी अधिकारी के अनुपस्थिति होने पर स्पष्टीकरण मांगा। जवाब न मिलने पर वेतन रोकने के निर्देश दिए।

समीक्षा में पशुपालन विभाग के अधिकारियों की शिथिलता व लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त की। स्पष्टीकरण लेने और सुधार न होने पर प्रमुख सचिव को कार्रवाई के लिए पत्र लिखवाने का निर्देश मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को दिया। उन्होंने एसडीएम से कहा कि हर सप्ताह पशुपालन विभाग और खंड विकास अधिकारियों के साथ बैठक करें। प्रत्येक गोशाला में गायों के लिए हरे चारे की व्यवस्था करें। खंड विकास अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक गोशाला में पर्याप्त भूमि हरे चारे के लिए उपलब्ध कराएं। लू से बचाव के लिए भी प्रत्येक गोशाला में व्यवस्था करें। सुबह-शाम गायों को नहलाने की भी व्यवस्था करवाई जाए। गोसंरक्षण केंद्र गुरैठा में लापरवाही हो रही है।

- **गोआश्रय स्थलों में प्रबंध और पशुओं को लू से बचाव के संबंध में जिलाधिकारी की बैठक**

पशुपालन विभाग और खंड विकास अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। बीमार पशुओं का इलाज न कराने व पशुओं को पानी और हरा चारा न मिल पाने पर जिम्मेदार गोशाला एनजीओ सचिव को फटकार लगाई। 15 दिन में स्थिति सही न होने पर प्रबन्धन समाप्त करने का निर्देश दिया। इस दौरान उपजिलाधिकारी धनौरा, हसनपुर, नौगांवा सादाता, अमरोहा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, खंड विकास विकास अधिकारी, पशुपालन विभाग के अधिकारी और डॉक्टर मौजूद रहे।

### गर्मी से बचाव के लिए पशुओं को छाया में बांधें: डीएम

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने गुरुवार को कताई मिल याहियापुर स्थित गोशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने पशुओं को हरे चारे की व्यवस्था देखी। भूसा, हरा चारा और खली चोकर मिला हुआ है या नहीं यह भी देखा। गोशाला संरक्षकों से कहा कि भूसा के साथ हरा चारा मिलाकर दिया जाए। गोशाला में पशुओं की संख्या के आधार पर उपलब्धता के संबंध में खंड विकास अधिकारी से पूछताछ की। कहा कि हरे चारे को लेकर समझौता नहीं हो। पशुओं के लिए पीने की पानी की व्यवस्था को भी देखा और तालाब का मौके पर निरीक्षण किया। कहा कि तालाब में पानी भरा रहे सूखे नहीं। जिलाधिकारी ने कहा कि गोसंरक्षण प्राथमिकताओं में है। कोई भी पशु बीमार होता है तो उसका इलाज कराएं। जो पशु कमजोर हैं, उनकी देखभाल बेहतर तरीके से किया जाए। गर्मी से बचाव के लिए पशुओं को छाया में बांधा जाए। गोशाला के विस्तारीकरण के लिए निर्माणाधीन का भी निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र, खंड विकास अधिकारी, गोशाला संरक्षक और स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मौजूद रहीं।

## बाइकों की भिड़ंत में आठ लोग घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में अलीगढ़ मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में मासूम समेत 8 लोग घायल हो गए। राहगीरों की मदद से घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका उपचार चल रहा है।

गांव सोहरका निवासी नौसिंह पुत्र रघुवर अपनी पत्नी सविता, बेटे कार्तिक, बेटी आराधना के साथ बाइक पर सवार होकर अपनी ससुराल गांव भावली से अपने घर लौट रहा था। जैसे ही उसकी बाइक हसनपुर-रहरा मार्ग पर हथिया खेड़ा गांव के नजदीक पहुंची तो हसनपुर की दिशा से आ रही रहरा थाना क्षेत्र के गांव उकावली निवासी बाइक सवार फरमान पुत्र महमूद की बाइक से भिड़ंत हो गई। फरमान की बाइक पर उसके पिता महमूद, भतीजा फैज, भतीजी फिजा भी सवार थे। दोनों बाइकों पर सवार सभी लोग घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## एक नजर

### छज्जा गिरने से महिला और बच्ची घायल

**कांठ, अमृत विचार :** जीने की ममटी का छज्जा गिरने से महिला और बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल मुरादाबाद ले जाया गया। गुरुवार शाम मोहल्ला पट्टीवाला में सरफराज की चक्की के पास अफजाल पुत्र शरीफ अहमद के घर पर बनी जीने की ममटी का छज्जा अचानक गिर गया। जिस पर उसकी पत्नी मुमताज उम्र 45 वर्ष और उसकी सात वर्ष की भतीजी इंशा खड़ी थी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं।

### स्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षा को 33 नोडल केंद्र

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षा के लिए नौ जिलों में 33 नोडल केंद्र बनाए हैं। बरेली में बरेली कॉलेज, गन्ना उत्पादक बहेड़ी, खंडेलवाल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, राजेंद्र प्रसाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजकीय महाविद्यालय फरीदपुर और डॉ. राममनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय आंवला में बनाए गए हैं।

# पत्नी का सिर फोड़कर खुद को किया घायल, फिर फंदा लगाकर दी जान

## निजी अस्पताल में हो रहा था इलाज, बुधवार शाम अस्पताल से चला गया था इशहाक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मानसिक रूप से परेशान फल विक्रेता ने चार दिन पहले झगड़े के बाद अपनी पत्नी का सिर फोड़ दिया। फिर खुद को भी घायल कर लिया। परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वह बुधवार शाम अस्पताल से बिना बताए चले गए। छोटे सरकार की दरगाह के पास जंगल में पेड़ पर फंदा लगाकर जान दे दी।


इशहाक।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नाहर खां सराय निवासी इशहाक (45) पुत्र मुस्ताक अली फल का ठेला लगाते थे। वह लगभग एक महीने से किसी बात को लेकर परेशान रहने लगे थे। न तो सही से खाना खाते थे और न ही किसी से बात करते थे। छह मई को किसी बात को लेकर उनका अपनी पत्नी के साथ विवाद हो गया था। उन्होंने दीवार में मारकर पत्नी का सिर फोड़ दिया। जिसके बाद खुद को हाथ पर चाकू मारकर घायल कर लिया था। वह लहूलुहान हो गए थे। परिजनों ने उन्हें लालपुल के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। वह बुधवार सुबह बिना किसी को बताए अस्पताल से निकल गए थे। परिजनों को चिंता हुई तो उनकी तलाश शुरू की। कुछ देर के बाद इशहाक वापस अस्पताल आ गए। बुधवार शाम लगभग छह बजे फिर इशहाक बिना किसी को बताए अस्पताल से चले गए। परिजनों ने फिर से तलाश की लेकिन सुबह जाने के बाद खुद वापस आने के बारे में सोचकर पुलिस से शिकायत नहीं की। गुरुवार सुबह छोटे सरकार दरगाह के पास जंगल में पेड़ पर उनका शव लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को फंदे से नीचे उतारा। शिनाख्त करके इशहाक के परिजनों को सूचना दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजन पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे। परिजनों ने बताया कि करीब एक महीने से इशहाक का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। वह आए दिन परिजनों से झगड़ा करते थे। बिना सूचना दिए अक्सर चले जाते थे। बाद में वापस भी आ जाते थे लेकिन इस बार लौटकर नहीं आए। सदर कोतवाल विजेंद्र सिंह ने बताया कि पेड़ पर शव लटका मिला था। पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों की ओर से तहरीर नहीं दी गई है।

### हरवीर का था फंदे पर मिला शव

**बिसौली (बदायूं), अमृत विचार :** बिसौली क्षेत्र के एक गांव के जंगल में युवक का शव फंदे पर मिला था। बुधवार देर रात युवक की शिनाख्त हो गई है। युवक बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पुरवा खेड़ा निवासी हरवीर था। पुलिस ने गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। बुधवार दोपहर कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव गुरियारी के पास रेलवे लाइन के जंगल में यूकेलिप्टिस के पेड़ पर एक युवक का शव लटका मिला था। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने आसपास के गांवों के लोगों को युवक का फोटो भेजकर शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन रात तक कुछ पता नहीं चल सका। देर रात कुछ लोग पुलिस के पास पहुंचे। गांव पुरवा खेड़ा निवासी आकाश ने मृतक की शिनाख्त अपने भाई हरवीर के रूप में की। परिजनों के अनुसार हरवीर बुधवार सुबह घर से अपनी दवा लेने जाने के लिए निकला था उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी।

# गंगा में डूबे तीन युवक, दो को निकाला, एक की मौत

संवाददाता, उसहैत (बदायूं)

- स्नान के दौरान बुधवार को गंगा में डूब गए थे तीन युवक

**अमृत विचार :** स्नान करने के लिए थाना उसहैत क्षेत्र के कमलू नगला घाट आए जिला कासगंज निवासी तीन युवक डूब गए। घाट पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया। गोताखोरों ने दो युवकों को सकुशल बाहर निकाल लिया जबकि एक युवक गंगा में डूब गया। अगले दिन गुरुवार को गंगा में युवक का शव बरामद हुआ। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।


कल्लू।

जिला कासगंज के थाना सिकंदपुर वैश्य क्षेत्र के गांव पदम नगला उर्फ राजेपुर कुर्रा निवासी ग्रामीण बुधवार दोपहर गंगा मईया की पहनान कराने के लिए ट्रैक्टर-ट्राली से आए थे। ग्रामीण गंगा घाट पर पूजा कर रहे थे। साड़ियों से पहनन कर रहे थे। कल्लू (19) पुत्र महावीर, नीरज, नितेश पुत्र विजेंद्र और बसंत पुत्र जयवीर समेत पांच लोग स्नान करने के लिए गंगा में घुस गए। स्नान करने के दौरान वह गहरे पानी में चले गए। कल्लू, नीरज और बसंत गंगा में डूबने लगे। गंगा घाट पर मौजूद लोग चिल्लाए तो मछुआरों और गोताखोरों ने उन्हें बचाने के लिए गंगा में छलांग लगा दी। नीरज व बसंत को सकुशल बाहर निकाल लिया लेकिन कल्लू गंगा के बहाव में बह गया।

सूचना पर पुलिस ने और गोताखोर बुलाकर गंगा में कल्लू की तलाश कराई लेकिन देर शाम तक कुछ पता नहीं चल सका। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने गुरुवार सुबह फिर से गोताखोरों की मदद से गंगा में कल्लू की तलाश कराई। डूबने वाले स्थान के पास ही कल्लू का शव बरामद हो गया।

## परीक्षा फार्म फारवर्ड न करने से छात्रों की छूटेगी परीक्षा

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के छात्रों ने परीक्षा फार्म फारवर्ड न करने का आरोप लगाते हुए प्राचार्य प्रो. ओपी राय का घेराव किया। छात्रों का कहना है कि उनका प्रवेश पत्र डाउनलोड नहीं हो रहा है। 10 मई से होने वाली उनकी परीक्षा छूट जाएगी। प्राचार्य ने छात्रों को रुहेलखंड विश्वविद्यालय में परीक्षा नियंत्रक के पास भेजा लेकिन वहां बिना विलंब शुल्क के फार्म सत्यापित करने से इन्कार कर दिया गया है।

बरेली कॉलेज के बीए और बीएससी के चतुर्थ और सेमेस्टर के करीब 30 छात्रों ने परीक्षा फार्म भरकर कॉलेज में जमा किए थे। छात्रों का आरोप है कि उन्हें रसीद नहीं दी गई थी। अब उनके प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड नहीं हो रहे हैं।

**नाम-परिवर्तन**

मैंने अपना नाम सलमान (SALMAN) से बदलकर सलमान शाह (SALMAN SHAH) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नये नाम से जाना व पहचाना जाये। सलमान शाह पुत्र नब्बन शाह निवासी ग्राम व पोस्ट सीगन खेड़ा, थाना अजीमनगर तह. सदर जिला रामपुर।

**नाम-परिवर्तन**

मेरे पुत्र का नाम ABHI KUMAR था जो बदलकर ABHI BISWAS पुत्र PANKAJ KUMAR BISWAS निवासी ग्राम अदलपुर ताज तह0 व जिला अमरोहा पोस्ट तेलीपुरा माफी रख लिया हैं। भविष्य में मेरे पुत्र को ABHI BISWAS के नाम से जाना व पहचाना जाये।

**नाम-परिवर्तन**

पहले मेरा नाम बिन्ते बतूल (BINTE BATUL) था जो बदल कर सही नाम बिन्ते बतूल (BINTE BATOOL) पत्नी फरमान अली रख लिया है। भविष्य मे मुझे सही नाम से जाना व पहचाना जाये। निवासी मौ0 फखरपुरा नौगांवा सादात अमरोहा।

# समस्याओं के विरोध में धरने पर बैठे किसान

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** स्टेशन रोड स्थित विद्युत विभाग के उपखंड कार्यालय पर अपनी विभिन्न मांगों एवं विद्युत विभाग के एसडीओ के अभद्र व्यवहार के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए।

गुरुवार को एसडीओ कार्यालय पर किसानों की विभिन्न समस्याओं के संबंध में एवं एसडीओ के अमानवीय व्यवहार को लेकर भाकियू असली के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। शाम पांच बजे धरना स्थल पर पहुंचे एसडीओ विक्रम सिंह व पुलिस क्षेत्र अधिकारी के बीच वार्ता हुई। जिसमें निर्णय लिया कि शुक्रवार को 11 बजे एसडीओ कार्यालय पर सभी समस्याओं को लेकर वार्ता की जाएगी। इसके बाद धरना समाप्त किया गया। इस दौरान चौधरी महक सिंह, शिव सिंह, राजपाल यादव, जयवीर यादव, राजेंद्र सिंह, सुरेश सिंह, जितेंद्र सिंह, मौलाना आशिक राजा, सतवीर सिंह, राजवीर सिंह, सुमित चौधरी, दीपक चौधरी, कृष्ण पाल सिंह यादव, भजनलाल, भूर सिंह, रणविजय सिंह, होशियार सिंह, नेमपाल यादव, बृजेश यादव, धर्मेंद्र आदि साथी मौजूद रहे।


बिलारी में धरने पर बैठे किसान। ● अमृत विचार

- अधिकारियों से वार्ता के बाद किसानों का धरना समाप्त

## भाजपा नेता से हुई मारपीट में 4 पर रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** संभल लोस क्षेत्र के लिए वोट डालकर लौट रहे बाकीपुर जाटनी के लोगों में मारपीट के मामले में बुधवार को कुंदरकी थाने में मामला दर्ज हो गया है।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला मंत्री नक्शे अली और उनके साथी मो. वाजिद पर दूसरे पक्ष के हमला करने का मामला है। भाजपा नेता की तहरीर पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। नक्शे अली ने पुलिस को बताया है कि 7 मई को संभल लोकसभा सीट के लिए मतदान हो रहा था। वह अपने साथी शक्ति केंद्र संयोजक व बूथ अध्यक्ष मोहम्मद वाजिद अली के साथ मतदान कर लौट रहे थे। रास्ते में इरशाद के घर के सामने पहुंचे तभी घात लगाए बैठे दिलशाद, उसके बेटे बिलाल, नूरे मुजस्सिम और याकुब ने घेर लिया। आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर नक्शे अली और उनके दोस्त मोहम्मद वाजिद को घायल कर दिया था।

# बारिश से घरों में घुसा मलबा ओले गिरने से फसल नष्ट

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार :** जनपद बागेश्वर में बारिश से जहां जंगलों में आग से राहत मिली। वहीं कई घरों में मलबा भी घुस आया। मलबे के कारण कई स्थानों पर मार्ग भी बंद हो गये। ओलावृष्टि होने से कई जगहों पर खेतों में फसल भी नष्ट हो गई। बारिश से सरयू व गोमती नदी का जलस्तर भी बढ़ गया है।

बीते बुधवार की सांय जनपद में मौसम ने करवट बदली और झमाझम बारिश हुई। बारिश से मंडलसेरा में कैंटीन मार्ग में मलबा आ गया, जिससे मार्ग बंद हो गया। वाहन मलबे में फंसे रहे। बाद में लोक निर्माण विभाग ने मलबा हटवाकर मार्ग को खुलवाया। इसके अलावा कपकोट, गरुड़ व धरमघर में कई घरों में भी मलबा घुस गया। मंडलसेरा में कई घरों में मलबा घुसने से लोग रात भर सो नहीं पाए। आरे, कपकोट, बालीघाट, पुड़कुनी आदि गांवों में भी कई घरों में मलबा घुसने की सूचना है। इधर, पुड़कुनी, जगथाना, धरमघर, गरुड़ के कई गांवों में ओलावृष्टि से गेहूं की खड़ी फसल को नुकसान हुआ है।

### मछलियां मरीं

बारिश से जगथाना व पागड़ में मत्स्य पालकों को भी काफी नुकसान हुआ है। ओलावृष्टि से छह हजार से अधिक मछलियों के मरने का अनुमान है। मत्स्य पालक डॉ. हरीश मेहरा ने बताया कि ओलावृष्टि से यह नुकसान हुआ है, जिससे मछलियां मरी हैं। नायल धपोला में मुर्गी पालक कमल कांडपाल की मलबे में दबने से 360 मुर्गियां की मौत हो गई।

## ट्रेन से कटकर मुरादाबाद के श्रमिक की मौत

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** कम सुनाई देना एक श्रमिक के मौत की वजह बन गया। रेलवे पटरी पार करते समय उसे ट्रेन की आवाज नहीं सुनाई दी और वह चपेट में आ गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मदारपुरा शरीफनगर मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी विपिन (38 वर्ष) रामनगर के पीरूमदारा में मां क्रांति देवी, भाई मिथुन, पत्नी नीतू और दो बच्चों के साथ रहता था। उसके चचेरे भाई विक्की ने बताया कि विपिन बुधवार को काम से नहीं लौटा तो उसकी तलाश शुरू हुई। रेलवे पटरी पर वह घायल मिला। हालत नाजुक होने पर उसे डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। यहां देर रात विपिन की मौत हो गई।

# कबाड़ की दुकान में हुए विस्फोट में आठ घायल

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** रायपुर थाना क्षेत्र स्थित कबाड़ की दुकान में गुरुवार दोपहर हुए विस्फोट से सनसनी फैल गई। इस हादसे के वक्त दुकान में मौजूद आठ लोग घायल हो गए। विशेषज्ञ टीम जांच में जुटी है।

पुलिस के मुताबिक किद्दूवाला लेन न0-3, स्थित कबाड़ी की दुकान में जोरदार धमाके से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। विस्फोट इतना भयानक था कि उसकी चपेट में आकर दुकान में मौजूद आठ लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस, दमकल के वाहन तथा बीडीएस की टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने घायलों को कोरोनेशन तथा दून अस्पताल भिजवाया। दुकान नेहरूग्राम निवासी रमेश कुमार खडका की है, जिन्होंने एक माह पहले दुकान शुभम किराये दे रखी है। शुभम वहां कबाड़ का काम करता है। घायलों में अनुज पुत्र जितेन्द्र (19), अभि पुत्र जॉनी (20), बबलू पुत्र ओमप्रकाश (25), शिवम पुत्र बबलू (20), निवासी सपेरा बस्ती, समीर पुत्र टैटू, निवासी रायपुर स्टेडियम के पास, योगी उर्फ योगेश पुत्र दीपक (27), निवासी ईश्वर विहार, बुद्ध कुमार पुत्र राधेश्याम, निवासी सपेरा बस्ती व रोहित पुत्र राजू (30), निवासी कॉवली रोड हैं।


कबाड़ की दुकान में जांच करती पुलिस।

## चार पैथोलॉजी लैब को किया सील

**छजलैट, अमृत विचार :** शिकायतें मिलने पर सहायक चिकित्सा अधिकारी मुरादाबाद ने टीम गठित कर तहसील क्षेत्र में चार पैथोलॉजी लैब को सील कर दिया।

कांठ तहसील क्षेत्र के ब्लॉक छजलैट में एक पैथोलॉजी लैब, कोठी खिदमतपुर में संजीवनी लैब व ऊमरी कलां में कुमार पैथोलॉजी लैब पर सहायक चिकित्सा अधिकारी नरेंद्र चौधरी ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ पहुंचकर लैब स्वामियों से आवश्यक प्रमाण पत्र और टेक्नीशियन की डिग्री की जानकारी मांगी। लेकिन संबंधित दस्तावेज नहीं मिलने पर चारों पैथोलॉजी लैब को सील कर दिया। सहायक चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र चौधरी ने बताया कि छापेमारी कर कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि सही दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने के कारण चारों पैथोलॉजी लैब को सील कर नोटिस भेज कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। इन सभी के खिलाफ कार्रवाई होगी।

# सोमेश्वर के चनौदा में मलबा हटाया

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** सोमेश्वर जिले के चनौदा में बादल फटने और चौखुटिया में हुई अतिवृष्टि से मची तबाही के बाद गुरुवार को प्रशासन ने बचाव व राहत कार्य शुरू कर दिया है। जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन, एसडीआरएफ की टीमें रेस्क्यू में जुटी रहीं। बंद पड़े कौसानी हाईवे को खोलने के लिए दोनों तरफ से जेसीबी जुटी रही।

बुधवार को देर शाम तेज बारिश के चलते सोमेश्वर के चनौदा में बाघ गधेरा उफान पर आ गया। जिस कारण बरसाती पानी के साथ मलबा और बड़े बड़े बोल्डर लोगों के घरों और दुकानों के खिड़की दरवाजे तोड़ अंदर घुस गए। गधेरे के उफान के कारण सोमेश्वर-कौसानी हाईवे पर भी मलबा आ गया और आवाजाही ठप हो गई। गुरुवार को पुलिस, एसडीआरएफ, आपदा प्रबंधन और तहसील की टीम ने मोर्चा संभाला और यहां राहत और बचाव कार्य शुरू हुआ। रात तक भी कौसानी हाईवे से मलबा नहीं हट सका था।

इधर, चौखुटिया में अतिवृष्टि के कारण कुठलाद नदी उफान पर आ गई। इस दौरान नदी में बाढ़ सुरक्षा का काम कर रहे अस्सी मजदूरों ने भागकर अपनी जान बचाई। तेज बारिश के कारण चौखुटिया द्वाराहाट मार्ग भी बंद हो गया। दस घंटे बाद यह मार्ग खुला। मिरई समेत बसभीड़ा और आसपास के गांवों के कई घरों में पानी और मलबा भर गया। कुठलाद नदी में बाढ़ सुरक्षा के काम में लगी जेसीबी, मिक्सर मशीनें और ट्रैक्टर ट्राली भी बरसाती पानी के साथ आए मलबे की जद में आ गए।


जेसीबी से मलबा हटाती टीम।

- बादल फटने व चौखुटिया में अतिवृष्टि से तबाही

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

**केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट**
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

**फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

**फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज**
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

**रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

कार्रवाई | तीन सालों में अब तक 28 फैक्ट्रियों को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने कराया बंद

# प्रदूषण फैलाने वाले 28 उद्योग कराए बंद

अजीत प्रताप गोस्वामी, काशीपुर

**अमृत विचार :** उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने पर्यावरण हितों की अनदेखी करने वाली जिले की 28 फैक्ट्रियों को बंद कर दिया है। बंद हुईं सभी फैक्ट्रियों ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नोटिस के बाद भी पर्यावरण मानकों को पूरा नहीं किया था। इन फैक्ट्रियों के बंद होने से एक्यूआई (एयर क्वालिटी इंडेक्स) भी में पर्यावरण की स्थिति सुधरी है।

एक्यूआई के आधार पर हवा की गुणवत्ता 50 से 80 बेहतर होती है। 80 से 100 तक सामान्य मानी जाती है। वहीं बीते तीन सालों में वायु की स्थिति सुधरी है। इसमें 2022 में औसतन एक्यूआई 117 था। वहीं जिले में 28 फैक्ट्रियां बंद होने के बाद एक्यूआई घटकर 2023 में 111.67 हो गया। इस साल 18 और फैक्ट्रियों को नोटिस दिए जाने के बाद एक्यूआई घटकर 109.75 हो गया। वहीं अधिकारियों की माने तो इस साल दिए नोटिस के बाद संचालक ने पर्यावरण हितों के मानकों को पूरा कर रहे हैं।

### तीन सालों में इतनी आई एक्यूआई में कमी

| वर्ष | एक्यूआई (काशीपुर) | एक्यूआई (रुद्रपुर) |
|---|---|---|
| 2022 | 115 | 117 |
| 2023 | 114.92 | 111.67 |
| 2024 | 109.75 | 109.75 |

"विगत वर्ष प्रदूषण करने वाली जिले की 28 फैक्ट्रियों को बंद किया गया था। इस साल भी 18 फैक्ट्रियों को नोटिस दिया गया है। संचालक मानकों को पूरा कर रहे हैं। इससे पर्यावरण की स्थिति सुधर रही है। मानकों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई जारी रहेगी।"

–नरेश गोस्वामी, क्षेत्रीय अधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

### फैक्ट्रियों को तीन वर्गों में बांटकर की जाती है कार्रवाई

**काशीपुर, अमृत विचार :** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से मिली जानकारी के अनुसार, जिले में 1525 फैक्ट्रियां पंजीकृत हैं। इन फैक्ट्रियों को तीन वर्गों में बांटा गया है। इसमें रेड जोन में 287, येलो जोन में 684 जबकि ग्रीन जोन में 554 फैक्ट्रियां पंजीकृत हैं।

### जिले में दो मैनुअल स्टेशन से मापा जाता है एक्यूआई

**काशीपुर, अमृत विचार :** ऊधमसिंह नगर जिले में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने तीन स्टेशन बनाए हैं। इन स्टेशनों से हवा की स्थिति का रोजाना पता लगाया जाता है। इसमें एक मैनुअल स्टेशन रुद्रपुर जिला अस्पताल में लगाया गया है, जबकि दूसरा काशीपुर सरकारी अस्पताल में लगाया गया है।

## ई रिक्शा चालक के घर से 29 हजार नकद व जेवर चोरी

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम पंडिया निवासी मोहम्मद नबी पुत्र कल्लू ने बताया कि बुधवार को दिनभर रिक्शा चलाने के बाद शाम को घर पहुंचा और खाना खाने के बाद परिवार सहित सो गया था।

रात तीन बजे उसे आहट हुई। उसने देखा कि दो कमरों में कूमल लगा हुआ है। बताया कि वह बहन को छूछक में देने के लिए सामान और जेवर एकत्र कर रहा था। जिसको अज्ञात चोर लेकर फरार हो गए।

बताया कि चोर घर से 29 हजार रुपए, सोने-चांदी के जेवर और करीब 20 जोड़ी कपड़े ले गए। जिसकी सूचना पीड़ित ने डायल 112 पर दी गई। साथ ही उसने चोरी की सूचना पुलिस को भी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की।

### कार ने दो युवकों को मारी टक्कर, मारपीट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के बैजनाथपुर निवासी संदीप कुमार और निखिल ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि गुरुवार शाम वह नगर के मछली बाजार आए थे। जहां से सामान खरीदकर तिकोनिया की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आई कार ने टक्कर मार दी। उन्होंने टक्कर मारने का विरोध किया तो दो लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। दोनों युवकों के शोर मचाने पर कई लोग वहां एकत्र हो गए। तब दोनों आरोपी युवक पीड़ित युवकों को धमकी देते हुए कार सहित फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार चालकों की तलाश की लेकिन कार चालकों का पता नहीं चला। दोनों पीड़ित युवकों ने अज्ञात युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की।

### सीएचसी में ब्लड नहीं मिलने की शिकायत

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** पूर्व सभासद राजेंद्र पांडे ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर कहा है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लड बैंक के नाम पर दो फ्रिज और टेक्नीशियन की सुविधा तो उपलब्ध हो गई है। लेकिन ब्लड बैंक के नाम पर कुछ नहीं है। यहां नाम मात्र का ब्लड आता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी का फोन नहीं उठाता। निजी एंबुलेंस सीएचसी परिसर से मरीजों को ले जाती हैं। पहले भी मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। जिस पर चिकित्सा अधिकारी ने निजी एंबुलेंसों पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद कुछ समय तक ही स्थिति सही बनी रही। उन्होंने शिकायत में कहा है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ब्लड बैंक में ब्लड उपलब्ध कराया जाए और निजी एंबुलेंस पर प्रतिबंध लगाया जाए।

### चेकिंग में युवक पर मिला चाकू

**छजलैट, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र निवासी शुभम उर्फ काले पुत्र रतनपाल उम्र 29 वर्ष ग्राम फरीदपुर भैंडी को चकरीरोड के पास नौ मई को रात्रि 11 बजे पुलिस ने चेकिंग के दौरान पकड़ लिया। उसके पास से चाकू बरामद किया गया। पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।

## चौथे चरण में प्रमुख उम्मीदवार


हैदराबाद, तेलंगाना : एआई एम आईएम नेता असदुद्दीन औवेसी


सिंकदराबाद, तेलंगाना : जी किशन रेड्डी, राज्य भाजपा अध्यक्ष, केंद्रीय पर्यटन मंत्री


लखीमपुर खीरी, यूपी : केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी


कन्नौज, यूपी : सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव


बेगुसराय, बिहार : भाजपा नेता गिरिराज सिंह


उजियारपुर, बिहार : केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय।


मुंगेर, बिहार : जदयू के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह


कडपा, आंध्र प्रदेश
वाईएस शर्मिला


खूंटी, झारखंड
अर्जुन मुंडा


आसनसोल, पश्चिम बंगाल
शत्रुघ्न सिन्हा


बहरामपुर, पश्चिम बंगाल : अधीर रंजन चौधरी और यूसुफ पठान

13 मई को चौथे चरण के मतदान के साथ आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश और तेलंगाना में भी लोकसभा चुनाव खत्म हो जाएगा। चौथे चरण की समाप्ति के साथ देश के 18 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों की 379 लोकसभा सीटों पर आम चुनाव के लिए मतदान की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। लोकसभा की शेष बची 164 सीटों के लिए बचे हुए तीन चरणों में वोट डाले जाएंगे। चौथे चरण में सबसे ज्यादा 42 लोकसभा सीटें आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में हैं। इसके बाद उत्तर प्रदेश की 13 मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल में आठ-आठ के साथ बिहार की पांच और झारखंड व ओडिशा की चार-चार सीटें महत्वपूर्ण हैं। एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच इन सीटों पर कड़ा मुकाबला देखा जा रहा है। इनमें सर्वाधिक महत्पूर्ण आंध्र प्रदेश हैं, क्योंकि वहां 25 लोकसभा सीटों के साथ 13 मई को विधान सभा चुनाव के लिए भी वोट डाले जाएंगे।



### आंध्र प्रदेश में 13 मई को लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ, मुश्किल में फंसे नजर आ रहे सीएम जगन मोहन

# सियासत का हर रंगः विरासत, बदला जातीय चक्रव्यूह और परिवारिक जंग

मनोज त्रिपाठी

- टीडीपी मुखिया चंद्रबाबू नायडू ने भाजपा और पवन कल्याण की जनसेना के साथ मिलकर सत्ता विरोधी लहर को और तेज कर दिया
- भाजपा एनटी रामाराव की पुत्री डी पुरंदेश्वरी तो कांग्रेस वाईएस राजशेखर रेड्डी की बेटी शर्मिला की अगुवाई में लड़ चुनाव रही

**अमृत विचारः** लोकसभा के साथ विधानसभा चुनाव होने के कारण आंध्र प्रदेश में सियासत का हर रंग देखने को मिल रहा है। कहीं विरासत की जंग है, तो कहीं बदले की राजनीति, कहीं पिता-पुत्र आमने-सामने हैं, तो कहीं भाई-बहन एक दूसरे को चुनौती दे रहे हैं। इन सबके बीच जातीय समीकरण और लोक लुभावन स्कीमों का तड़का भी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में वाईएसआरसीपी ने 49.89% वोट प्राप्त करके 25 में से 22 सीटें जीती थीं। टीडीपी को 40.19% वोट मिले थे और वह लोकसभा की तीन सीटें ही जीत सकी थी। कांग्रेस और भाजपा का राज्य में खाता ही नहीं खुला था। विधानसभा चुनाव में वाईएसआरसीपी ने 49.95% वोट शेयर के साथ 175 सीटों में 151 सीटें जीती थीं। टीडीपी 39.17% वोट पाकर 23 सीटों पर सिमट गई थी। बसपा और वाम दलों के साथ गठबंधन करके चुनाव लड़ी जनसेना पार्टी ने एक सीट जीती थी, उसे 5.53% वोट मिले थे। कांग्रेस को मात्र 1.17% वोट मिले थे और उसका यहां भी खाता नहीं खुल पाया था।

### जो विधानसभा जीतेगा, लोकसभा चुनाव में भी उसी का ऊंचा रहेगा झंडा

- आंध्र प्रदेश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होते रहे हैं। ऐसे में मतदाता भी केंद्र व राज्य के लिए अलग-अलग वोट करते नहीं दिखते हैं। जो पार्टी विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करती है, लोकसभा की ज्यादा सीटें भी वही जीतती है। 2014 के चुनाव में टीडीपी ने अविभाजित आंध्र प्रदेश में 16 लोकसभा सीटें जीती थीं, जबकि वाईएसआरसीपी को नौ सीटें मिली थीं। विधानसभा चुनाव चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली टीडीपी ने जीता था। 2019 के चुनाव में वाईएसआरसीपी ने विधानसभा की 151 सीटों को साथ लोकसभा की 22 सीटें जीत ली थीं।

- **भाजपा के साथ होकर भी मुस्लिम आरक्षण पर टीडीपी की अलग राह :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार अपनी चुनावी रैलियों में कांग्रेस समेत विपक्षी दलों पर मुस्लिम आरक्षण को लेकर हमलावर हैं, जबकि आंध्र प्रदेश में भाजपा की सहयोगी एनडीए में शामिल टीडीपी मुस्लिम आरक्षण के मुद्दे पर अलग रुख रखती है। टीडीपी मुखिया चंद्रबाबू नायडू भाजपा के प्रचार के खिलाफ वादा कर रहे हैं कि सत्ता में आने पर वह मुस्लिमों को चार फीसदी आरक्षण जारी रखेंगे। हालांकि भाजपा इस पर चुप है।

आंध्र प्रदेश में इस बार लोकसभा और विधानसभा दोनों चुनावों में टीडीपी और वाईएसआरसीपी के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। पिछली बार लोकसभा और विधानसभा का चुनाव टीडीपी अकेले लड़ी थी, लेकिन इस बार चंद्रबाबू नायडू ने भाजपा और पवन कल्याण की जन सेना का साथ हासिल करके वाईएसआरसीपी प्रमुख और मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी के सामने सत्ता और साख बचाने की ऐसी घेरेबंदी की है, जिससे बाहर निकलना उनके लिए काफी मुश्किल नजर आ रहा है। नायडू और जगन मोहन के बीच छिड़ी जंग के बीच दोनों राष्ट्रीय दल भाजपा और कांग्रेस राज्य के दिग्गज नेताओं की पुत्रियों के सहारे जमीन तलाशने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा एनटी रामाराव की बेटी डी पुरंदेश्वरी और कांग्रेस वाईएस राजशेखर रेड्डी की बेटी शर्मिला की अगुवाई में चुनाव लड़ रही है। वाईएस शर्मिला मुख्यमंत्री जगन रेड्डी की सगी बहन हैं।

### चुनावी अभियान में 'सिद्धम' और 'मेमंता सिद्धम' की गूंज


चंद्रबाबू नायडू।


जगन मोहन रेड्डी

- आंध्र प्रदेश में पूरा चुनावी अभियान नायडू के 'सिद्धम' और जगन मोहन के 'मेमंता सिद्धम' के बीच छिड़ा नजर आ रहा है। तेलुगु के सिद्धम शब्द का अर्थ जहां तैयार हैं, तो मेमंता सिद्धम का मतलब हम तैयार हैं है। भाजपा और जनसेना से गठबंधन करने से पहले राज्य में टीडीपी कमजोर दिख रही थी, तब जगन मोहन ने "175 क्यों नहीं " का नारा देकर चुनावी अभियान शुरू किया था। लेकिन टीडीपी, भाजपा और जनसेना का गठबंधन बनते ही हालात तेजी से बदले हैं। ऐसे में जगन ने सत्ता विरोधी लहर भांपते हुए सबसे पहले पार्टी के कमजोर उम्मीदवारों को हटा दिया। एक चौथाई मौजूदा विधायक या तो चुनाव नहीं लड़ रहे हैं या उनकी सीट बदल दी गई है। इसी तरह 22 सांसदों में केवल छह ही दोबारा मैदान में उतरे हैं और पांच साल के काम तथा डायरेक्ट बेनिफिट स्कीमों के सहारे चुनाव मैदान में है।

### तेलुगू सुपरस्टार पवन कल्याण को रोक पाएंगी वाईएसआरसीपी सांसद


पवन कल्याण।


वंगा गीता विश्वनाथ।

- ईस्ट गोदावरी जिले की पिठापुरम विधानसभा सीट से जनसेना पार्टी के मुखिया और तेलुगू के सुपरस्टार पवन कल्याण चुनावी मैदान में हैं। पवन का मुकाबला वाईएसआर कांग्रेस की काकीनाडा से सांसद वंगा गीता विश्वनाथ से है। पवन कल्याण को रोकने के लिए जगन मोहन ने अपनी लोकप्रिय सांसद को यहां से उतारा है। गीता पहली बार पवन कल्याण के बड़े भाई अभिनेता चिरंजीवी की पार्टी प्रजा राज्यम से विधायक बनी थीं। पवन को लेकर युवाओं में खासा जोश है। उनका कहना है कि वे लोग उन्हें पर्दे पर देखकर बड़े हुए हैं, अब अपने बीच पाकर उत्साहित हैं।




**हम ही असली** थाणे लोकसभा क्षेत्र में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने प्रत्याशी नरेश मास्के के समर्थन में भाजपा विधायक के साथ प्रचार करके खुद को असली शिवसेना बताया।

## नाबालिग बेटे से ईवीएम का बटन दबवाना पड़ा महंगा

**भोपाल।** भोपाल में एक भाजपा नेता पर कथित तौर पर अपने नाबालिग बेटे को सात मई को बैरसिया में एक मतदान केंद्र पर ले जाने और उससे ईवीएम का बटन दबवाना महंगा पड़ गया है। वीडियो वायरल होने पर निर्वाचन आयोग के आदेश पर भाजपा नेता पर मामला दर्ज किया गया है। निर्वाचन विभाग से जुड़े एक अधिकारी के मुताबिक भोपाल के जिलाधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने मतदान केंद्र संख्या 71-खितवास के मतदान अधिकारी संदीप सैनी को निलंबित कर दिया है और भाजपा जिला पंचायत सदस्य विजय मेहर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिलाधिकारी ने 'एक्स' पर एक संदेश में कहा कि मेहर के वीडियो का संज्ञान लेकर जांच शुरू की गई है। यह वीडियो वायरल हो गया है। पीठासीन अधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कमलनाथ के मीडिया सलाहकार पीयूष बबेले ने 'एक्स' पर वीडियो साझा किया और कहा कि यह 'चुनाव प्रक्रिया का मजाक' है।

## तेलंगानाः दलबदल का दलदल


सांसद धर्मपुरी आनंद।


पूर्व सीएम के चंद्रशेखर राव।


मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी।

तेलंगाना की सभी 17 सीटों पर 13 मई को मतदान होगा। यहां कांग्रेस से विधानसभा चुनाव हारने के बाद केसीआर की भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) अपना गढ़ बचाने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस विधानसभा चुनाव जैसी ही सफलता की उम्मीद लगाए है, जबकि भाजपा नेता अपनी सीटों की संख्या दहाई तक पहुंचाने के लिए धुआंधार प्रचार में जुटे हैं। लेकिन हकीकत यह है कि भाजपा और कांग्रेस दोनों यहां बीआरएस की कीमत पर दलबदल के सहारे चुनाव मैदान में हैं। राज्य की 14 सीटों पर तीनों प्रमुख पार्टियों का कोई न कोई उम्मीदवार 'दलबदलू' है। 2019 में भाजपा ने चार, कांग्रेस ने तीन, एआईएमआईएम ने एक और बीआरएस ने नौ लोकसभा सीटें जीती थीं, लेकिन बीआरएस के छह सांसद भाजपा और कांग्रेस में जा चुके हैं। भाजपा के तो 17 में 12 प्रत्याशी दूसरे दलों से आए हुए नेता हैं। हालांकि कांग्रेस और बीआरएस भी दलबदल के इस खेल में पीछे नहीं हैं। कांग्रेस के छह और बीआरएस के आठ प्रत्याशी ऐसे हैं जिनका नाता दूसरे दलों से रहा है। कांग्रेस ने बीआरएस से आए सभी छह नेताओं पर दांव लगाया है।

### हैदराबाद में पहली बार ओवैसी को मिल रही कड़ी टक्कर

- भाजपा प्रत्याशी शास्त्रीय नृत्यांगना और उद्यमी डॉ. माधवी लता ने यहां हैदराबाद के सांसद और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी को कड़ी टक्कर दे रखी है। मुस्लिम आबादी वाला पुराना शहर ओवैसी का गढ़ है, लेकिन वहां भी माधवी लता जमकर प्रचार कर रही हैं। औवेसी 2004 से अब तक चार बार यहां से जीत चुके हैं। इससे पहले उनके पिता सुल्तान सलाहुद्दीन ओवेसी 1984 से 2004 तक लगातार छह बार हैदराबाद से सांसद चुने गए थे।

### निजामाबाद में भाजपा को फिर जीत की उम्मीद

- भाजपा के फायरब्रांड नेता सांसद धर्मपुरी अरविंद का मुकाबला निजामाबाद लोकसभा सीट पर बीआरएस नेता बाजीरेड्डी गोवर्धन और कांग्रेस के टी. जीवन रेड्डी से हो रहा है। धर्मपुरी ने 2019 में बीआरएस की के कविता को हराया था। इस बार त्रिकोणीय संघर्ष है। विधानसभा चुनावों में भाजपा ने निजामाबाद के सात विधानसभा क्षेत्रों में से दो पर जीत हासिल की थी।

### सिंकदराबाद में भाजपा लगा सकती जीत की हैट्रिक

- सिकंदराबाद सीट पर भाजपा दो बार से जीत रही है। 2014 में बंडारू दत्तात्रेय के बाद 2019 में जी किशन रेड्डी जीते थे। वह तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष और मोदी सरकार में पर्यटन मंत्री हैं। इस बार उनका मुकाबला चार बार के विधायक बीआरएस के टी पद्मा राव से है। कांग्रेस से पूर्व मंत्री और खैरताबाद से विधायक दानम नागेंद्र इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में लगे हैं। नागेंद्र बीआरएस छोड़कर कांग्रेस में आए हैं।
- करीमनगर में भाजपा के पूर्व राज्य प्रमुख और मौजूदा सांसद बंदी संजय कुमार का मुकाबला बीआरएस नेता पूर्व सांसद बी विनोद कुमार से है। कांग्रेस ने यहां वेलिचाला राजेंद्र राव को उतारा है। विस चुनाव में वोट बढ़ने के बाद भी करीम नगर की एक भी सीट भाजपा नहीं जीत सकी थी। 2019 में बंदी संजय कुमार ने बीआरएस के विनोद कुमार को करीब 90,000 वोटों से हराया था। इस बार वह त्रिकोणीय संघर्ष में फंसे नजर आ रहे हैं।

# भाजपा दिल्ली में वरिष्ठ नागरिकों को दे सकती है छूट

राजपुरुष

- केंद्रीय स्कूलों व अस्पतालों की संख्या और सुविधा में वृद्धि, सायंकालीन कॉलेज, पार्किंग सुविधा बढ़ाने के साथ महिलाओं को 24 घंटे सहायता हो सकते हैं भाजपा के संकल्प पत्र का हिस्सा
- मतदान का एक पखवाड़ा शेष पर घोषणा के बावजूद आप और कांग्रेस अपने संकल्प पत्र को लेकर गंभीर नहीं, आप उलझी रही केजरीवाल की गिरफ्तारी में, कांग्रेस में नहीं हुई कोई बैठक

**अमृत विचार।** भाजपा, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने घोषणा करने के बावजूद लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली का अलग से घोषणा पत्र अभी जारी नहीं किया है, जबकि दिल्ली की सातों सीटों पर 25 मई को होने वाले मतदान में एक पखवाड़ा ही बचा है। जानकारी के मुताबिक भाजपा का 50 सूत्रीय संकल्प पत्र लगभग तैयार है, पार्टी अगले दो-तीन दिन में इसे सावर्जनिक करने पर विचार कर रही है।

भाजपा ने घोषणा पत्र में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की उपलब्धियों और राजधानी पर उनके सकारात्मक प्रभाव की जानकारी देने के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रदूषण, सार्वजनिक सुविधाएं, यातायात, अनधिकृत कॉलोनियों का नियमितीकरण, आवारा कुत्तों की आबादी नियंत्रित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसके विपरीत घोषणा पत्र के सवाल पर आम आदमी पार्टी जहां चुप्पी साधे है, वहीं कांग्रेस की घोषणा पत्र तैयार करने के लिए बनायी गयी कमेटी अभी बैठक ही नहीं कर पायी है।

भाजपा ने पूर्व राज्यपाल जगदीश मुखी के नेतृत्व में दिल्ली के लिए अलग से संकल्प पत्र तैयार करने के लिए कमेटी बनाकर सुझाव देने के लिए मोबाइल नंबर जारी किया था। जानकारी के अनुसार पार्टी संकल्प पत्र में केंद्र द्वारा संचालित स्कूलों और अस्पतालों की संख्या और सुविधा में वृद्धि, वरिष्ठ नागरिकों के लिए बस, मेट्रो और रेलवे किराये में छूट, सायंकालीन कॉलेज बढ़ाने, पार्किंग सुविधा में वृद्धि, महिलाओं के लिए चौबीस घंटे सहायता केंद्र जैसे डबल इंजन वादों को शामिल कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक घोषणापत्र में महिलाओं, युवाओं, संगठित और असंगठित मजदूरों, स्ट्रीट वेंडर को भी संबोधित करने की कोशिश की जाएगी। ऐसा सीवेज नेटवर्क स्थापित किया जाएगा, जो 30 वर्षों तक टिकाऊ रहेगा। सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रत्येक गश्ती बीट पर कम से कम एक महिला पुलिस कांस्टेबल तैनात हो। जरूरतमंद महिलाओं को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान की जाएगी। युवाओं के लिए स्टार्ट-अप के लिए इनक्यूबेशन केंद्र और कौशल विकास केंद्र खोले जाने का वादा भी होगा। अनाधिकृत कॉलोनियों में सीवर लाइनें बिछाना भी घोषणापत्र का हिस्सा हो सकता है। दिल्ली में संपत्ति के स्वामित्व से संबंधित विरासत के मुद्दों को भी हल किया जाएगा चाहे वह शत्रु संपत्ति, फ्रीहोल्ड हो या डीडीए अथवा दिल्ली छावनी से संबंधित हो।

### 'आप' का भाजपा के वादों के जवाब में चुनावी अभियान

उधर, आप नेताओं का पूरा समय अपने नेता अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में धरना-प्रदर्शन करने और इसी बहाने जम समर्थन जुटाने निकल गया है। ऐसे में भाजपा के वादों की झड़ी के जवाब में पार्टी ने अपने चुनावी अभियान की दिशा बदलना तय किया है। पार्टी अब शहर के चार प्रमुख समूहों व्यापारियों, ग्रामीण आबादी, महिलाओं और पूर्वांचल की आबादी पर ध्यान केंद्रित करेगी। पार्टी के अनुसार इन चार सामाजिक वर्गों की दिल्ली के राजनीतिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण भूमिका है। आप के दिल्ली प्रभारी गोपाल राय के अनुसार पार्टी के चुनावी अभियान का अंतिम चरण 12 मई से शुरू होगा। इसमें समाज के विभिन्न वर्गों के लिए केजरीवाल द्वारा किए गए कार्यों को बताया जाएगा। इसकी शुरुआत पूर्वी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली और दक्षिणी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से होगी। आप की महिला संवाद श्रृंखला में पार्टी सीसीटीवी स्थापित करना, मुफ्त बस यात्रा और महिलाओं के लिए 1,000 रुपये प्रति माह का सम्मान जैसी अपनी योजनाओं पर अभियान चलाएगी। दक्षिण दिल्ली में पूर्वांचल समागम अभियान के लिए आप न्यूनतम मजदूरी में वृद्धि, छठ घाट बनाने और अनधिकृत कॉलोनियों और जेजे क्लस्टर विकसित करने पर जोर देगी। पार्टी का कहना है कि पहले दिल्ली में केवल 80 छठ घाट होते थे, आज दिल्ली सरकार 1,000 से अधिक घाटों पर छठ पूजा की व्यवस्था करती है। उधर, कांग्रेस ने दो माह पहले दिल्ली के लिए अलग से न्याय संकल्प पत्र तैयार करने का ऐलान किया था। इसके लिए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार की अध्यक्षता में कमेटी बनाए जाने की जानकारी दी गई थी। लेकिन पार्टी न्याय संकल्प पत्र जारी करने के प्रति गंभीर नजर नहीं आ रही है।

# त्रिकोणीय मुकाबले में फंसी केंद्रीय मंत्री की हैट्रिक

**जालौन संसदीय सीट**

जामवंत सिंह, जालौन


भानु प्रताप वर्मा।


नारायण दास अहिरवार ।


सुरेश चंद्र ।

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड की जालौन- गरौठा- भोगनीपुर संसदीय सीट को हॉट सीट माना जाता है। इसकी वजह है केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा का यहां से मैदान में होना। भानु प्रताप वर्मा जहां जीत की हैट्रिक लगाने के लिए पसीना बहा रहे हैं तो सपा के नारायण दास अहिरवार और बसपा के सुरेश चंद्र उन्हें रोक कर सांसद बनने के लिए उनकी क्षेत्र में गैर मौजूदगी को मुद्दा बना रहे हैं। भाजपा भी यहां मोदी की गारंटी और लाभार्थीपरक योजनाओं के सहारे जीत सुनिश्चित करने में जुटी है । जल्द ही यहां कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव संयुक्त रूप से रैली को संबोधित कर सकते हैं। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित जालौन संसदीय सीट पर इस बार भानु प्रताप वर्मा के लिए जीत आसान नहीं दिख रही है। वे कड़े मुकाबले में फंस गए हैं। कालपी, माधौगढ़, भोगनीपुर और गरौठा पांच विधानसभा सीटें इस लोकसभा क्षेत्र में आती हैं। भोगनीपुर सीट कानपुर देहात तो गरौठा सीट झांसी जिले में है। शेष तीनों सीटें जालौन जिले की हैं। विधानसभा चुनाव में भाजपा को चार सीटों पर जीत मिली थी। कालपी सीट पर सपा के विनोद चतुर्वेदी ने जीती थी। समाजवादी पार्टी ने इस सीट को जीतने के लिए बसपा के कद्दावर नेता एवं पूर्व मंत्री रहे नारायद दास अहिरवार को चुना है। बसपा नेतृत्व से अनबन होने के बाद अहिरवार सपा में चले गए थे और लगातार क्षेत्र में बने हुए थे। मुख्य मुकाबला भी इस सीट पर सपा और भाजपा उम्मीदवार के बीच दिख रहा है। हालांकि बसपा की कोशिश है कि सपा- भाजपा की लड़ाई में उसका उम्मीदवार बाजी मार ले। वैसे इस सीट पर 1999 में बसपा के बृजलाल खाबरी जीत चुके हैं। 2009 में सपा के घनश्याम अनुरागी यहां से सांसद बने थे। खाबरी अब कांग्रेस में हैं और वे प्रदेश अध्यक्ष भी रहे हैं। इस सीट से वे टिकट के दावेदार भी थे लेकिन गठबंधन की वजह से सीट सपा के हिस्से में गई तो चुनाव लड़ने का उनका सपना टूट गया। हालांकि गठबंधन उम्मीदवार की जीत के लिए लगातार कोशिश कर रहे हैं और क्षेत्र में बने हुए हैं।

### पांचवीं बार सांसद बनने की कोशिश में भानु प्रताप

वैसे तो इस सीट को भाजपा ने 1991 में जीता था। तब पार्टी उम्मीदवार गया प्रसाद कोरी को यहां जीत मिली थी। 1996 के चुनाव में भाजपा ने भानु प्रताप वर्मा को मैदान में उतारा। वे न सिर्फ यहां से जीते बल्कि जब 1998 में चुनाव हुआ तो फिर सांसद बनने में कामयाब रहे। 2014 और 2019 में भी वे सांसद बने अब पांचवीं जीत के साथ ही हैट्रिक मारने की कोशिश कर रहे हैं। राजनीति के मंझे खिलाड़ी भानु प्रताप वर्मा क्षेत्र के रहने वाले उज्ज्वला योजना, पीएम किसान सम्मान निधि व अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को ही अपना हीरो बताने में लगे हैं। लाभार्थियों से संपर्क करने के साथ उनसे दूसरों को भी भाजपा के पक्ष में वोट देने के लिए प्रेरित करने का आग्रह भी कर रहे हैं। पीएम मोदी की गारंटी के लाभ भी गिना रहे हैं। विरोधी दल भाजपा संविधान बदलकर आरक्षण खत्म कर देगी यही मतदाताओं को बताने में लगे हैं।

- भाजपा प्रत्याशी भानु प्रताप वर्मा से गठबंधन के नारायण दास अहिरवार का मुकाबला
- बसपा सुरेश चंद्र इस मुकाबले को त्रिकोणीय संघर्ष में बदले का कर रहे हैं प्रयास




### मतदाताओं ने यहां हर दल को दिया मौका

- इस सीट पर मतदाताओं ने हर दल को जीत का मौका दिया। जनता पार्टी, जनता दल, बसपा, कांग्रेस , सपा और भाजपा के उम्मीदवार यहां से जीत चुके हैं। 1990 के बाद के चुनावों में बीजेपी का दबदबा रहा है। 1991, 1996 और 1998 , 2014, 2019 में भाजपा जीती। इससे पहले 1952,1957 ,1962 ,1967 और 1971 में भी कांग्रेस को यहां जीत मिली। आपात काल के विरोध में यहां के मतदाताओं ने 1977 लोकदल के रामचरण को सांसद चुना था लेकिन 1980 और 1984 में कांग्रेस ने फिर इस सीट पर कब्जा किया। 1989 में जनता दल से मिली हार के बाद कांग्रेस को कभी यहां जीत नहीं मिली।

# 13 सीटों पर 13 मई को चुनौती हैट्रिक और साख की

## अवध, सेंट्रल यूपी और तराई क्षेत्र की सीटों पर मुख्य संघर्ष भाजपा और सपा-कांग्रेस के बीच, बसपा का कई सीटों पर त्रिकोण

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** प्रदेश में चौथे चरण में 13 लोकसभा सीटों पर 13 मई को मतदान होगा। राज्य के अवध, सेंट्रल यूपी और तराई क्षेत्र में आने वाली इन सीटों पर मुख्य संघर्ष भाजपा और सपा-कांग्रेस के बीच ही नजर आ रहा है। लेकिन बसपा ने प्रत्याशी चयन में जातीय समीकरण की चतुराई से लगभग आधा दर्जन लोकसभा क्षेत्रों में मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया है। इस बार मिशन-80 का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा के सामने पिछले लोकसभा चुनाव की तरह सभी 13 सीटों पर कमल खिलाने की चुनौती है, जबकि कन्नौज में सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के सामने साख का सवाल है।

भाजपा ने इन 13 में 11 सीटों पर अपने मौजूदा सांसदों को ही चुनाव मैदान में उतार रखा है। केवल कानपुर और बहराइच में प्रत्याशी बदले हैं। इसके पीछे दरअसल एक कारण यह भी है कि भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनावों में इन 13 सीटों में से करीब 10 सीटों पर 12 से 32 प्रतिशत से अधिक मतों से चुनाव जीता था। भाजपा के लिए इस बार संतोष की बात ये है कि उसके साथ इस बार रालोद भी है जो पिछली बार समाजवादी पार्टी के साथ थी। सपा और बसपा के भी अलग-अलग चुनाव लड़ने का फायदा भाजपा को मिलने वाला है। पिछली बार कन्नौज, मिश्रिख और इटावा में ही सपा-बसपा भाजपा को टक्कर दे सकीं थीं। उसमें भी कांटे की टक्कर तो केवल कन्नौज लोकसभा सीट पर ही देखने में आई थी।

### कानपुर में भाजपा-कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर

- ब्राह्मण बाहुल्य मानी जाने वाली कानपुर लोकसभा सीट पर भाजपा ने मौजूदा सांसद सत्यदेव पचौरी की जगह रमेश अवस्थी पर दांव लगा रखा है। इंडिया गठबंधन में कांग्रेस से आलोक मिश्रा उनका मुकाबला कर रहे हैं। बसपा से कुलदीप भदौरिया हैं। लेकिन जानकार यहां पहले की ही तरह कांग्रेस और भाजपा में सीधा संघर्ष मान रहे हैं।

### अकबरपुर में भोले और पाल में सीधा मुकाबला

- कानपुर देहात के हिस्से वाली अकबरपुर लोकसभा सीट पर भाजपा सांसद देवेंद्र सिंह भोले जीत की हैट्रिक लगाने को तैयार हैं। यहां सपा से पूर्व सांसद राजराम पाल उन्हें चुनौती दे रहे हैं। मुकाबले में बसपा के राजेश द्विवेदी भी हैं, लेकिन माना जा रहा है कि इस सीट पर भोले और राजाराम में सीधी टक्कर होने जा रही है।

### कन्नौज में बदला लेने उतरे हैं अखिलेश यादव

- कन्नौज लोकसभा सीट से सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनाव लड़ने का फैसला लेकर माहौल बदल दिया है। भाजपा से यहां उनके मुकाबले में मौजूदा सांसद सुब्रत मैदान में हैं। यहां कहा जा रहा है कि सपा के गढ़ में 2019 में हुई पत्नी डिंपल यादव की हार का बदला लेने के लिए अखिलेश आए हैं। डिंपल भाजपा के सुब्रत पाठक से 12 हजार वोटों से चुनाव हार गई थीं। कन्नौज में 1998 से 2014 तक यादव परिवार का सदस्य ही चुनाव जीतता रहा है। बसपा ने कानपुर निवासी इमरान बिन जफर को उम्मीदवार बनाकर सपा के मुस्लिम वोटों में सेंध लगाने की कोशिश की है।



### मिश्रिख में रावत और राजवंशी में मुकाबला

- कानपुर, हरदोई और सीतापुर जिले में फैली मिश्रिख लोकसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। यहां भाजपा से सांसद डॉ. अशोक रावत फिर मैदान में हैं। इंडिया गठबंधन में सपा से संगीता राजवंशी उन्हें चुनौती दे रही हैं, जो रिश्ते में सांसद रावत की सलहज लगती हैं। बसपा से पूर्व अधिकारी डॉ. बीआर अहिरवार मैदान में हैं, जो भाजपा-सपा के बीच सिमटते मुकाबले को त्रिकोणीय बना रहे हैं। बसपा प्रत्याशी बीआर अहिरवार प्रभागीय वन निदेशक रहे हैं और बामसेफ से जुड़े हैं।

### उन्नाव में साक्षी महाराज की इस बार लगेगी जीत की हैट्रिक?

- उन्नाव लोकसभा सीट पर भाजपा सासंद साक्षी महाराज जीत की हैट्रिक लगाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। यहां सपा से चुनाव लड़ रहीं कांग्रेस की पूर्व सासंद अन्नू टंडन उन्हें कई इलाकों में कड़ी चुनौती देती नजर आ रही हैं। बसपा के अशोक पांडेय सजातीय और कॉडर वोट पर मजबूत पकड़ बनाने में जुटे हैं।

### इटावा का गढ़ फतेह करने की फिराक में सपा

- इटावा लोकसभा सीट पर भाजपा ने मौजूदा सांसद राम शंकर कठेरिया पर भरोसा जताते हुए जीत की हैट्रिक लगाने का ताना-बाना बुना है। सपा ने यादव लैंड से जुड़ी इस सीट पर जितेंद्र दोहरे को उतारा है। बसपा ने पूर्व सांसद सारिका सिंह पर दांव लगाया है। भाजपा पिछला चुनाव करीब 65 हजार मतों से जीती थी। इस बार फिर यहां भाजपा-सपा में सीधी लड़ाई नजर आ रही है।

### हरदोई में फिर 2019 वाला मुकाबला

- हरदोई लोकसभा सीट पर भी पिछले दो चुनाव से भाजपा का कब्जा चला आ रहा है। इस बार पार्टी से मौजूदा सांसद जयप्रकाश रावत एक बार फिर कमल खिलाने उतरे हैं। समाजवादी पार्टी ने भी दोबारा पूर्व सांसद उषा वर्मा को उतार कर यहां मुकाबला कड़ा कर दिया है। बसपा ने यहां भीमराव अंबेडकर को उम्मीदवार बनाया है। पिछली बार जयप्रकाश ने सपा की उषा वर्मा को 1.30 लाख मतों से हरा दिया था। हरदोई सीट पर आज तक बसपा का खाता नहीं खुला है। नरेश अग्रवाल के साथ आने से इस इलाके में भाजपा को मजबूती मिली है।

### खीरी में टेनी की तीसरी जीत रोकने के प्रयास

- किसान आंदोलन के दौरान चर्चा में आयी खीरी लोकसभा सीट से भाजपा सांसद और केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी तीसरी बार जीत हासिल करना चाहते हैं। सपा ने यहां जातीय समीकरण देखकर कुर्मी समाज के उत्कर्ष वर्मा को उतारा है। लोकसभा क्षेत्र में कुर्मी और अन्य ओबीसी के वोटर छह लाख से ज्यादा हैं। बसपा ने सिख समुदाय से आने वाले युवा अंशय कालरा को उम्मीदवार बनाकर तिकुनिया कांड से नाराज सिखों और दलित बिरादरी के करीब ढाई लाख वोट साधने का दांव खेला है।

### सीतापुर में त्रिकोणीय संघर्ष की तस्वीर

- सीतापुर लोकसभा सीट से भाजपा के मौजूदा सांसद राजेश वर्मा फिर मैदान में हैं। वह यहां से चार बार सांसद रह चुके हैं। इस बार हैट्रिक लगाने की कोशिश में हैं। पिछले चुनाव में उन्होंने बसपा के नकुल दुबे पर एक लाख वोटों से जीत दर्ज की थी। यहां इंडिया गठबंधन से कांग्रेस ने राकेश राठौड़ को उनके मुकाबले में उतारा है। 2019 में कांग्रेस की कैसर जहान ने लगभग एक लाख वोट पाए थे। बसपा ने भाजपा छोड़कर आए महेंद्र यादव को मैदान में उतारकर मुकाबला रोचक बना दिया है।

### फर्रुखाबाद क्या में सपा दे पाएगी भाजपा को चुनौती

- फर्रुखाबाद लोकसभा सीट पर साल 2014 से भाजपा का कब्जा है। सांसद मुकेश राजपूत इस बार जीत की हैट्रिक के लिए प्रयासरत हैं। इंडिया गठबंधन की तरफ से सपा ने डॉ. नवल किशोर शाक्य को इतार कर जातीय समीकरण में उन्हें उलझाने का प्रयास किया है। नवल किशोर पहले बसपा में थे और पेशे से कैंसर सर्जन हैं। बसपा के क्रांति पांडे प्यवसायी हैं और भाजपा के लिए यहां परेशानी बढ़ाते नजर आ रहे हैं।

### धौरहरा में जातीय समीकरणों में उलझ गई लड़ाई

- धौरहरा सीट से भाजपा की मौजूदा सांसद रेखा वर्मा फिर मैदान में हैं। पिछले 10 साल से सांसद रेखा वर्मा ने बसपा के अरशद इलियास को डेढ़ लाख से ज्यादा वोटों से हराया था। कांग्रेस के जितिन प्रसाद 1.63 लाख वोट पाकर तीसरे नंबर थे। इस बार सपा ने यहां आनंद भदौरिया पर दांव लगाया है, तो बसपा ने ब्राह्मण कार्ड खेलते हुए श्याम किशोर अवस्थी को उतारा है।

### बहराइच में भाजपा और सपा की जवाबी मोर्चेबंदी

- बहराइच लोकसभा सीट पर भाजपा ने तीसरी जीत के लिए इस बार भी नए चेहरे मौजूदा सांसद अक्षयवरलाल गोंड के बेटे अरविंद गोंड को मैदान में उतारा है। सपा ने पूर्व विधायक रमेश गौतम को उतारकर चुनौती दी है। बसपा से बृजेश कुमार सोनकर उम्मीदवार हैं। पिछली बार भाजपा यहां सपा से करीब सवा लाख मतों से जीती थी। इस बार भी दोनों दलों में मुकाबला माना जा रहा है।

### शाहजहांपुर में बसपा ने मुकाबला बनाया तिकोना

- शाहजहांपुर लोकसभा सीट से भाजपा ने मौजूदा सांसद अरुण कुमार सागर को मैदान में उतारा है। पिछले चुनाव में अरुण कुमार ने ढाई लाखों से ज्यादा वोटों से बसपा प्रत्याशी पर जीत हासिल की थी। कांग्रेस तीसरे नंबर पर थी। इस बार इंडिया गठबंधन से सपा ने यहां ज्योत्सना गोंड को मैदान में उतारा है। पार्टी ने पहले राजेश कश्यप को टिकट दिया था। बसपा ने दोदराम वर्मा को उम्मीदवार बनाया है।


छोटे लाल खरवार।


रिंकी कोल।


धनेश्वर गौतम।

# भाजपा के बागी पूर्व सांसद पर दांव लगा सकती है सपा

**राबर्ट्सगंज संसदीय सीट**

विनय जयसवाल

**मऊ।** राबर्ट्सगंज लोकसभा सीट पर इस बार मुकाबला कांटे का हो सकता है। समाजवादी पार्टी ने इस सीट पर जीत दर्ज करने के लिए बड़ा दांव खेला है। पार्टी यहां से भाजपा के बागी पूर्व सांसद छोटेलाल खरवार को मैदान में उतारने की तैयारी कर रही है। ऐसे में यहां से भाजपा की सहयोगी अपना दल की उम्मीदवार विधायक रिंकी कोल के लिए चुनाव जीतना मुश्किल होगा। अपना दल ने यहां से वर्तमान सांसद पकौड़ी लाल कोल का टिकट काट कर उनकी नाराजगी के बाद भी बहू रिंकी कोल को मैदान में उतारा है। सांसद पकौड़ी कोल ने जाति विशेष पर टिप्पणी की थी। इसी को उनका टिकट काटे जाने का आधार माना जा रहा है।

2014 की मोदी लहर में भाजपा ने इस लोकसभा सीट से छोटेलाल खरवार को मैदान में उतारा था। छोटे लाल खरवार नेतृत्व की उम्मीदों पर खरे उतरे थे। उन्होंने इस सीट को 1.90 लाख वोटों के अंतर से जीत लिया था। छोटे लाल को उम्मीद थी कि पार्टी उन्हें 2019 में भी टिकट देगी लेकिन उनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया था क्योंकि पार्टी ने यह सीट गठबंधन में शामिल अपना दल एस को दे दिया था। तब अपना दल ने सपा से 2009 में सांसद रहे पकौड़ी लाल को मैदान में उतार कर मैदान मार लिया था। इस बार भी छोटे लाल खरवार ने भाजपा नेतृत्व से टिकट मांगा था।

बताते हैं कि वे चाहते थे कि उन्हें अपना दल के सिंबल पर ही मैदान में उतार दे पर ऐसा नहीं हुआ। परिणाम स्वरूप सपा नेतृत्व ने उन्हें अपना लिया। छोटे लाल खरवार का सपा में जाना भाजपा और अपना दल गठबंधन के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। सपा यदि इस सीट पर उन्हें मौका देती है तो मुकाबला रोचक हो जाएगा। यहां की दुद्धी विधानसभा क्षेत्र में खरवार जाति निर्णायक होता है। यह विधानसभा, राबर्ट्सगंज संसदीय क्षेत्र में आती है। यहां उप चुनाव भी हो रहा है। इसका असर उप चुनाव में भी दिखेगा। छोटेलाल खरवार से जुड़े सूत्रों के मुताबिक पूर्व सांसद दुद्धी सीट से टिकट मांग रहे थे यहां से भी उनके हाथ निराशा लगी। उधर रिंकी कोल को टिकट दिए जाने से सांसद पकौड़ी लाल कोल भी नेतृत्व से नाराज थे।

वे चाहते थे कि यदि उन्हें टिकट नहीं दिया जा रहा है तो उनके बेटे को दिया जाए पर पार्टी नेतृत्व ने उनकी नाराजगी को अनसुना करके उनकी बहू को टिकट दे दिया। यही वजह थी कि पहले रिंकी ने इन्कार किया और बाद में वह चुनाव लड़ने को राजी हुईं। बसपा ने इस सीट पर धनेश्वर गौतम को उम्मीदवार बनाया है। वह वर्ष 2017 व 2022 में छानबे विधानसभा क्षेत्र से बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं। बसपा इस सीट पर मुकाबले को त्रिकोणीय बनाना चाह रही है। अब देखना यह है कि वह कितना सफल हो पाती है।




- सांसद पकौड़ी कोल की बहू विधायक रिंकी कोल अब अपना दल से मैदान में
- छानबे सीट से विधायक हैं रिंकी, सपा और बसपा उन्हें घेरने में लगी हैं


**अम्मा का हाथ** उत्तर-पूर्वी दिल्ली से भाजपा के प्रत्याशी सांसद मनोज तिवारी ने प्रचार अभियान के दौरान घर-घर जाकर मताओं-बहनों से आशीर्वाद लिया।

# कन्नौज से ही राजीव गांधी ने की थी वयस्क मताधिकार देने की घोषणा

**अतीत के झरोखे से**

अभिषेक द्विवेदी, कन्नौज

**अमृत विचार।** क्या आपको पता है..कि 18 साल की आयु पूरी करने वाले युवाओं को मतदान के अधिकार की घोषणा कन्नौज की धरती से हुई थी? तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी ने यह घोषणा यहां शीला दीक्षित के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए की थी और फिर इसे अमलीजामा भी पहनाया था। संविधान में संशोधन कर युवाओं को मतदान का हथियार दिया, जिससे देश व प्रदेश की दशा और दिशा ही बदल गई।

राजीव गांधी ने युवा प्रधानमंत्री होने के नाते युवाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का प्रयास किया था। 1984 के आम चुनाव में कन्नौज सीट पर कांग्रेस से शीला दीक्षित उम्मीदवार थीं और राजीव गांधी रैली करने आए थे। गुरसहायगंज के पास तेराजाकेट में जनसभा थी। हजारों की संख्या में युवा राजीव को देखने आए थे। यह नजारा देखकर उन्होंने 18 साल उम्र पूरी करने वाले युवाओं को मताधिकार दिलाने की घोषणा कर डाली। उस समय मतदान की न्यूनतम आयु 21 वर्ष थी। जब राजीव चुनाव लड़कर प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने सबसे पहले संसद के दोनों सदनों में विधेयक पास कराया और 62वें संविधान संशोधन में 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं को मतदान का अधिकार दिलाया। कांग्रेस के पूर्व विधायक संतोष चतुर्वेदी बताते हैं कि राजीव गांधी ने हमेशा युवा शक्ति को प्रोत्साहन दिया था। कन्नौज की पावन धरती से उन्होंने वयस्क मताधिकार की घोषणा की, जिसे बाद में मूर्त रूप भी दिया था।


**दिखाया दम** नई दिल्ली से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी कुलदीप कुमार ने लक्ष्मी नगर में बाइक रैली निकाल कर मतदाताओं को रिझाने का प्रयास किया।

### मुख्यमंत्री ने कहा ऐसे बुद्धिमान लोग कांग्रेस को ही मुबारक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने की बर्खास्तगी की मांग

# इस्तीफा देने के बाद भी सैम पित्रोदा के पीछे पड़ी भाजपा, बचाव में कांग्रेस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सैम पित्रोदा के विवादित बयान को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीखी प्रतिक्रिया के बाद उत्तर प्रदेश में भी इसकी गूंज है। राज्य के भाजपा नेता पित्रोदा के बयान को लेकर कांग्रेस पर हमलावर हो गए हैं। गुरुवार को भाजपा सरकार और संगठन दोनों के नेतृत्वकर्ताओं ने पित्रोदा को लेकर कांग्रेस की नीयत पर सवाल खड़े किए। वहीं, कांग्रेस इस मसले पर बचाव की मुद्रा में है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा ने जहां उनके बयान को बकवास करार दिया वहीं दूसरे नेता भी ऐसे बयानों से पल्ला झाड़ रहे हैं।

## माफी मांगे कांग्रेस: योगी



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को इस मुद्दे पर अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि सैम पित्रोदा कांग्रेस के बुद्धिदाता हैं। वे कांग्रेस की बांटो और राज करो की नीति को बयां कर रहे हैं। कांग्रेस ने आजादी के बाद भी जाति, क्षेत्र, भाषा के नाम पर देश को बांटने का पाप किया है। सैम पित्रोदा का बयान अत्यंत निंदनीय है। कांग्रेस सैम पित्रोदा के मुंह से जो बोलवा रही है, उसके लिए उसे देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस को अपने बुद्धिदाता के कृत्यों के लिए माफी मांगनी चाहिए। वे लोग उत्तर भारत, दक्षिण भारत, पूर्वी भारत, पश्चिमी भारत को रंग व चमड़ी के आधार पर बांटने का प्रयास कर रहे हैं। यह देश के प्रति साजिश का पर्दाफाश होने के साथ ही कांग्रेस की बहुत खतरनाक मंशा है।

## इस्तीफा राजनीतिक नाटक मात्रः भूपेन्द्र चौधरी



प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने भी गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में एक पत्रकारवार्ता में कहा कि राहुल गांधी के गुरु और उनके राजनीतिक सलाहकार कहे जाने वाले सैम पित्रोदा जो कि वर्षों से कांग्रेस की ओवरसीज सेल के अध्यक्ष भी रहे हैं, ने 140 करोड़ भारतीयों पर नस्लभेदी और रंगभेदी टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि सैम पित्रोदा का इस्तीफा एक राजनीतिक नाटक मात्र है। क्या कांग्रेस सैम पित्रोदा को पार्टी से बर्खास्त करने की हिम्मत दिखायेगी? अगर नहीं तो ये इस्तीफा बस डैमेज कंट्रोल के लिए है। चौधरी के मुताबिक, अभी तक राहुल गांधी, प्रियंका वाड्रा और सोनिया गाँधी ने सैम पित्रोदा के बयान की कड़ी निंदा नहीं की? इन तीनों को देशवासियों का अपमान करने को लेकर देश की जनता से अविलंब माफी मांगनी चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अधीर रंजन चौधरी ने भी सैम पित्रोदा के बयान का समर्थन कर दिया है तो क्या कांग्रेस अधीर रंजन चौधरी को भी कांग्रेस से बर्खास्त करेगी या उनसे इस्तीफा लेगी? कांग्रेस ऐसे बयानों को व्यक्तिगत बता कर इससे किनारा नहीं कर सकती।

## पित्रोदा का बयान बकवासः रॉबर्ट वाड्रा



इस बीच पित्रोदा के बयान पर कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने मीडिया को दी प्रतिक्रिया में पित्रोदा के बयान को बकवास करार दिया है। वाड्रा ने कहा, जब आप इस परिवार (गांधी) से जुड़े जाते हैं, तो बड़ी ताकत के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी आती है, आपको कोई भी कदम उठाने से पहले सोचना पड़ता है। सैम पित्रोदा ने जो कहा है, उससे मैं बिल्कुल सहमत नहीं हूं। मिस्टर सैम पित्रोदा ने जो भी बकवास की है, बकवास ही की है। कोई आदमी जो इतना पढ़ा लिखा है वो कैसे ऐसा बोल सकता है? इससे पहले बुधवार को अमेठी पहुंची कांग्रेस की सोशल मीडिया प्रभारी पंखुड़ी पाठक ने भी कहा था कि सैम पित्रोदा हमारे औपचारिक प्रवक्ता नहीं हैं। उन्होंने जो भी बयान दिया है, उसका कांग्रेस पार्टी से कोई संबंध नहीं है। वहीं पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने भी एक्स पर लिखा था कि उनके बयानों से पार्टी का कोई संबंध नहीं है।

# बहुजन समाज के लिए अंतिम सांस तक लडूंगा : आकाश आनंद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** नेशनल कॉआर्डिनेटर का पद और उत्तराधिकार गंवाने के 36 घंटे के भीतर गुरुवार सुबह आकाश आनंद ने बसपा प्रमुख मायावती के प्रति परिपक्व शब्दों में पूरी आस्था प्रकट की। साथ ही, अपना उद्देश्य भी स्पष्ट किया। आकाश ने अपनी 'एक्स' पोस्ट पर बसपा प्रमुख को संबोधित कर लिखा कि वह उनकी सर्वमान्य नेता हैं। उनका आदेश सिर माथे पर। उन्होंने कहा कि भीम मिशन और अपने समाज के लिए वह अपनी अंतिम सांस तक लड़ते रहेंगे।

पूर्व नेशनल कॉआर्डिनेटर आकाश ने लिखा कि बसपा प्रमुख पूरे बहुजन समाज के लिए एक आदर्श हैं। करोड़ों देशवासी उनको पूजते हैं। उनके संघर्षों की वजह से ही आज बहुजन समाज को एक ऐसी राजनीतिक ताकत मिली है, जिसके बूते बहुजन समाज आज सम्मान से जीना सीख पाया है। मालूम हो कि बीते मंगलवार की रात को मायावती ने आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी बनाने का फैसला वापस लेते हुए नेशनल कॉआर्डिनेटर के पद से भी मुक्त कर दिया था। साथ ही यह कहा था कि पार्टी व आंदोलन के व्यापक हित में पूर्ण परिपक्वता आने तक अभी उन्हें इन दोनों अहम जिम्मेदारियों से अलग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आकाश के पिता आनन्द कुमार पार्टी व आंदोलन में सक्रियता निभाते रहेंगे।

## गोंडा में आग में जिंदा जली बच्ची

**गोंडा, अमृत विचार:** करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के गोड़ियनपुरवा गांव में एक छप्पर के घर में अचानक लगी आग से एक 9 साल के मासूम बच्ची जिंदा जल गयी, जबकि आग में बाइक, ई-रिक्शा व गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना के बाद पूरे गांव में कोहराम मचा हुआ है। करनैलगंज नगर के सकरौरा ग्रामीण गोड़ियन पुरवा गांव निवासी चांद बाबू का परिवार फूस से बने घर में सो रहा था। चांद बाबू रोजगार के सिलसिले में जयपुर गए हुए थे। घर में उनकी पत्नी व दो बेटियां इनायत व इनाया ही थीं। रात में अचानक घर में आग लग गई। जान बचाने के लिये पत्नी व बेटियों ने शोर मचाया। जिस पर पहुंचे पड़ोसियों ने पत्नी व छोटी बेटी इनायत को तो किसी तरह से निकाल लिया। लेकिन बड़ी बेटी इनाया को नहीं बचाया जा सका। आग की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस जब तक फायर टेंडर की मदद ले पाती तब तक घर में खड़ी बाइक व ई-रिक्शा समेत पूरी गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया।

# एसिड अटैक की बढ़ती घटनाओं को लेकर हाईकोर्ट ने चिंता जताई

### कोर्ट ने कहा-इस प्रकृति के अपराध के लिए माफी स्वीकार्य नहीं

विधि संवाददाता,प्रयागराज



**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक व्यक्ति के संपूर्ण सामाजिक, पारिवारिक, शारीरिक और मनोवैज्ञानिक व्यक्तित्व को झकझोरने वाली एसिड अटैक की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि समय के साथ एसिड अटैक लैंगिक पूर्वाग्रह से ग्रसित हिंसा के रूप में बदलता जा रहा है।

एसिड हमलों से न केवल पीड़िताओं की शारीरिक बनावट को नुकसान पहुंचता है बल्कि ऐसी घटनाएं उन्हें सामाजिक और मनोवैज्ञानिक स्तर पर भी तोड़ देती हैं, जिससे उनके समग्र विकास में बाधा उत्पन्न होती है। एसिड अटैक से जुड़ी घटनाओं को देखकर ऐसा लगता है कि एसिड की आपूर्ति और वितरण के लिए नियमों और कानून का कोई उचित कार्यान्वयन नहीं हुआ है। सुप्रीम कोर्ट और इस न्यायालय के कई निर्देशों के बावजूद कानून एसिड के वितरण को गलत हाथों में जाने से रोकने में विफल रहा है।

वर्तमान मामले में पीड़िता को याचियों द्वारा किए गए एक असभ्य और हृदयहीन अपराध का सामना करना पड़ा है। इस प्रकृति के अपराध के लिए किसी भी प्रकार की क्षमा स्वीकार्य नहीं है। कानून इस बात से अनभिज्ञ नहीं रह सकता है कि इस घटना से पीड़िता को जो भावनात्मक कष्ट पहुंचा है, उसकी भरपाई ना तो आरोपियों को सजा देकर और ना पीड़िता को कोई मुआवजा देकर की जा सकती है। ऐसी घटनाएं पीड़िताओं को अपूरणीय क्षति पहुंचाती हैं। उक्त टिप्पणी के साथ न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने मानसिंह और तीन अन्य की याचिका को खारिज करते हुए पीड़िता को गवाह संरक्षण योजना, 2018 के तहत सुरक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया। याचियों ने वर्तमान याचिका में आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत पुलिस स्टेशन चरवा, कौशांबी में दर्ज प्राथमिकी से उत्पन्न मामले में जमानत की मांग की थी।

मामले के अनुसार पीड़िता बैंक मैनेजर के पद पर कार्यरत थी। अभियुक्तों ने अवैध रूप से लोन पास करने हेतु पीड़िता पर दबाव बनाने के लिए एसिड हमला किया। पीड़िता ने विभिन्न आवेदन देकर यह बताया कि उसके परिवार पर केस वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है। हालांकि उसके आवेदनों पर संज्ञान नहीं लिया गया।

## आजम के मशीनों को गायब करने के मामले में सुनवाई 22 को

**प्रयागराज, अमृत विचार :** आजम खान और उनके परिवार की मुश्किलें इन दिनों कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। सामाजिक कार्यकर्ता वाकर अली खान द्वारा दर्ज मामले में आजम खान और अन्य की जमानत याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई गुरुवार को एक बार फिर से टाल दी गई है। अपर महाधिवक्ता पी.सी. श्रीवास्तव की प्रार्थना पर कोर्ट ने मामले की सुनवाई आगामी 22 मई को सुनिश्चित कर दी है। आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम सहित पांच अन्य लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत 19 सितंबर 2022 को पुलिस स्टेशन कोतवाली, रामपुर में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी, जिसमें शिकायतकर्ता वाकर अली ने आरोप लगाया था कि सपा शासन काल के दौरान रामपुर में सफाई व्यवस्था हेतु सरकारी पैसे से नगर पालिका में सरकारी सफाई मशीन खरीदी गई थी, लेकिन उन मशीनों को आजम खान और उनके बेटे ने नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष अजहर खान के साथ मिलीभगत करके जौहर विश्वविद्यालय में लगवा दिया।

# लारेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** हरियाणा और उप्र. एसटीएफ के संयुक्त प्रयास से गुरुवार की देर शाम गोरखपुर से लारेंस बिश्नोई गैंग के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी गोरखपुर के रहने वाले लारेंस गैंग के एक अन्य सदस्य के साथ मिलकर गैंग के लिए मध्य इंदौर से असलहों की सप्लाई करता था। हरियाणा एसटीएफ लंबे समय से आरोपी की तलाश कर रही थी।

लारेंस बिश्नोई गैंग के सदस्य मनीष कुमार यादव की गिरफ्तारी गोरखपुर के चिलुआताल थाना क्षेत्र से की गई। मनीष यहीं के वार्ड नंबर 43 बरगतवा (रामलीला मैदान के पास) का निवासी भी है। एसटीएफ इंस्पेक्टर सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि गोरखपुर के ही आदर्शनगर सिंघड़िया निवासी शशांक पांडेय विगत दिनों अंबाला जेल में बंद था। जेल में ही शशांक पांडेय की मुलाकात विक्की लाला से हुई थी। विक्की लाला लारेंस गैंग का सदस्य है। जेल से छूटने के बाद शशांक पांडेय भी विक्की लाला के माध्यम से लारेंस गैंग का सदस्य बन गया। यह लोग इंदौर मध्य से लारेंस गैंग के लिए असलहों की सप्लाई करने लगे। मनीष कुमार यादव भी गोरखपुर के शशांक पांडेय के माध्यम से विक्की लाला से मिला और तीनों मिलकर लारेंस गैंग को असलहा सप्लाई का काम करने रहे।

### 50 लाख रुपये की फिरौती न देने पर अंबाला में की थी मखन सिंह लबाना के घर फायरिंग

अप्रैल 2023 में अंबाला शहर में मखन सिंह लबाना से लारेंस बिश्नोई के गैंग के अनमोल बिश्नोई ने 50 लाख की रंगदारी की मांग की थी। पैसा न देने पर मखन सिंह लबाना के घर पर फायरिंग कराई गई थी। अनमोल बिश्नोई लारेंस बिश्नोई का चचेरा भाई है। जब अनमोल बिश्नोई ने फिरौती मांगी थी, उस समय वह विदेश में था। पायरिंग के लिए विक्की लाला के साथ मिलकर शशांक पांडेय और मनीष यादव ने पिस्टल की सप्लाई बिश्नोई गैंग को की थी। इंस्पेक्टर ने बताया कि विक्की लाला और शशांक पांडेय वर्तमान में भी अंबाला जेल में बंद हैं, लेकिन मनीष कुमार यादव फरार था। लारेंस गैंग को असलहा सप्लाई करने के संबंध में तीनों पर आर्म्स एक्ट के तहत शाहाबाद कुरुक्षेत्र में मुकदमा दर्ज है। इस मुकदमे में मनीष कुमार यादव भी वांछित था।

- हरियाणा और उप्र. एसटीएफ के संयुक्त प्रयास से मिली सफलता

## वर्ग पहेली-65

**बाएं से दाएं**

1. 1. दल बनाना 2. आपस में कुछ लोगों के साथ मिलकर अलग गुट या दल बनाने की क्रिया या भाव 3. आपसी मतभेद के कारण किसी समुदाय या संस्था के सदस्यों का छोटे-छोटे गुट या दल बनाना।

5. 1. जो उदारवादी न हो, रूढ़िवादी 2. रूढ़िवादी दल से संबद्ध 3. संकीर्ण मानसिकतावाला।

6. 1. जल्दी मचाना, आतुर होना, उतावला हो जाना 2. तन-मन से असंतुलित हो जाना।

8. 1. योग 2. संयोग, मिलाप 3. जोड़ 4. एक प्रकार का गीत जो कन्या और वर दोनों पक्षों में विवाह के समय गाया जाता है।

9. 1. किसी वस्तु को क्रय करने के लिए दिया जाने वाला धन, मूल्य, दाम 2. प्रतिष्ठा, महत्व 3. योग्यता, गुण।

**ऊपर से नीचे**

2. वह दिखावे भर की घुड़की जिसका कोई परिणाम न हो, महज़ डराने भर की धमकी, झूठी धमकी, गीदड़ भभकी।

3. 1. रंगीन द्रव जो किसी सतह पर साज-सज्जा या सुरक्षा हेतु लगाया जाता है 2. चित्र बनाने में प्रयुक्त होने वाले रंगीन द्रव, रोगन।

4. सुंदर अवसर, अच्छा मौका, कार्य-साधन हेतु अनुकूल और उपयुक्त परिस्थितियां।

7. जो नष्ट हो चुका हो या किया जा चुका हो, नष्ट।



### वर्ग पहेली -64 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 जु | ■ | ■ | 2 अ | 3 गु | रु | ■ |
| हृ | ■ | 4 वि | भे | द | ■ | 5 या |
| र | ■ | ■ | द | ■ | ■ | द |
| ■ | ■ | ■ | मू | ■ | ■ | आ |
| 6 अ | वि | च | ल | 7 ता | ■ | व |
| ब | ■ | ■ | 8 क | र | ता | री |
| री | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ |

# जूते-चप्पल की पोटली सिर पर रख पूर्व मंत्री ने दिलाई शपथ

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार :** सपा प्रत्याशी व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के लिए पूर्व मंत्री ने वोट मांगने का अनोखा तरीका इजाद किया। फगुहा गांव के निकट आयोजित हुए कार्यक्रम में उन्होंने लोगों के चप्पल-जूते उतरवाए और उसकी पोटली बनाकर खुद के सिर पर रख लिया। मंच पर चढ़कर सपा को वोट देने की शपथ दिलाई और कहा कि आप सबके चरणों की धूल सिर पर रखकर न्याय दिलाऊंगा। जूते-चप्पल की गठरी सिर पर रखने का वीडियो अब सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है।

गुरुवार को सपा के पक्ष मे कश्यप समाज को जोड़ने के लिए सभा हुई। उसमें पूर्व मंत्री सुधाकर कश्यप ने समाज के लोगों को सपा का पक्ष मे मतदान करने की शपथ दिलाई। पूर्व मंत्री ने लोगों के जूते-चप्पल अपने सिर पर रखकर कहा कि समाज के लोगों के पैरों की मिट्टी वह अपने सिर पर रखे हुए हैं। समाज के लोगों के चरणों की धूल की कसम खाते हैं कि उनके लिए वह संघर्ष करते रहेंगे। समाज के लोगों पर जब भी कोई परेशानी होगी, मदद की जाएगी। हर हाल में संविधान को बचाने के लिए काम करने की शपथ भी दिलाई।



मंच पर खड़े पूर्व मंत्री सुधाकर कश्यप सिर पर जूते की पोटली रख शपथ दिलाते हुए।

- अखिलेश यादव के लिए फगुहा में कार्यक्रम कर मांगे वोट

## 42 लाख की अफीम के साथ तीन गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** उप्र. एसटीएफ की बरेली इकाई ने गुरुवार को 42 लाख कीमत की अफीम के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पता चला कि गिरफ्तार आरोपी लंबे समय से तस्करी का कार्य कर रहे थे। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया है। गिरफ्तारी सुभाष नगर थाना क्षेत्र के गन्ना मिल नेकपुर में हुई है। एसटीएफ उपाधीक्षक अब्दुल कादिर ने बताया कि एक गिरोह द्वारा अफीम तस्करी की सूचना मिल रही थी। इस दौरान गिरोह से जुड़ीं सूचनाओं का संकलन किया जा रहा था। गुरुवार को जानकारी मिली कि गन्ना मिल नेकपुर बरेली बदायूं रोड थाना सुभाष नगर में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तीन तस्कर आने वाले हैं। इनके पास भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ हैं। इस दौरान गन्ना मिल नेकपुर पहुंचकर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

# चमड़ी के नाम पर देश को बांट रही कांग्रेस : नड्डा



जनसभा में गदा लेकर जीत की हुंकार भरते भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, पार्टी प्रत्याशी आरके सिंह पटेल और अन्य पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- चित्रकूट में चुनावी जनसभा में भाजपाध्यक्ष ने विपक्ष को घेरा

**अमृत विचार :** कांग्रेस जाति, धर्म के बाद अब चमड़ी के नाम पर देश को बांट रही है। घमंडिया गठबंधन भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा है। ये बातें भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को बेड़ी पुलिया के पास पार्टी प्रत्याशी और सांसद आरके सिंह पटेल के समर्थन में हुई जनसभा में कहीं।

नड्डा ने सैम पित्रोदा का नाम लिए बिना कहा, राहुल का एक सिपहसालार है, जब भी विदेश जाते हैं, वो बड़े-बड़े बाल वाले उनके साथ घूमते रहते हैं, उनके सलाहकार हैं। उन्होंने क्या किया... अब चमड़ी के आधार पर भारत का विभाजन कर रहे हैं। चमड़ी के रंग पर बात करते हैं। नड्डा ने राहुल गांधी पर तंज कसा। बोले, आजकल राहुल गांधी संविधान की कापी लेकर घूमता रहता है, मैंने कहा कभी पढ़ भी लिया कर।

## सुडोकू-144

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | 1 | 3 | | |
| 4 | | | | | 2 | | | |
| 6 | | | | | | 1 | | |
| | 8 | | | 5 | | | | |
| | 2 | 6 | | | | | | |
| | 3 | | | 4 | | | | |
| | | 1 | 6 | | | | | |
| | | 7 | 9 | | | | | |
| | | | | | | | 4 | |

### सुडोकू -143 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 1 | 4 | 3 | 9 | 2 | 8 | 6 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 2 | 8 | 4 | 1 | 5 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 6 | 1 | 7 | 3 | 9 |
| 4 | 8 | 3 | 9 | 1 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 1 | 9 | 5 | 2 | 8 | 6 | 3 | 7 | 4 |
| 6 | 2 | 7 | 3 | 5 | 4 | 8 | 9 | 1 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | 5 | 2 | 8 |
| 8 | 5 | 6 | 1 | 7 | 2 | 9 | 4 | 3 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 4 | 5 | 1 | 6 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 मई शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-तृतीया 11 मई 02 .50 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

**मेष** – आज आपको यात्रा कम से कम करनी चाहिए। अपने स्वभाव में लचीलापन बनाकर रखें। आपको जीवन की सच्चाइयों का सामना करना पड़ेगा। कारोबार बढ़ाने के अतिरिक्त प्रयास करने पड़ेंगे। भावनात्मक उतार-चढ़ाव पर नियंत्रण रखें।

**वृष** – आज लोगों पर आपका प्रभाव काफी अच्छा पड़ेगा। आभूषणों की खरीदारी कर सकते हैं। आप अपनी आय बढ़ाने के काफी प्रयास करेंगे। परिवार के छोटों की चिंता रहेगी। जीवनसाथी आपका उत्साहवर्धन करेगा।

**मिथुन** – आज दांपत्य जीवन में कड़वाहट हो सकती है। कार्यक्षेत्र में कुछ लोग आपकी तरक्की से जलेंगे। दिखावे के लिए खर्च करने से बचें। आपको तनाव वाली परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक खर्चों को कम करने का प्रयास करें।

**कर्क** – आज का दिन आपके लिए काफी अच्छा रहना वाला है। प्रेमीजन से अपने मन की बातें शेयर करेंगे। व्यापार में बिक्री बढ़ने से आप प्रसन्न रहेंगे। आप दूसरों की काफी मदद करेंगे। इससे आपकी सामाजिक छवि में वृद्धि होगी। नए कार्यों में आप रुचि ले सकते हैं।

**सिंह** – आज राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन काफी अच्छा है। प्रबंधन से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। साहित्य में आप विशेष रुचि ले सकते हैं। आपको शारीरिक श्रम ज्यादा करना पड़ेगा,किंतु आप एकाग्र होकर अपने कार्यों में लगे रहें।

**कन्या** – आज जीवनसाथी की सलाह का अनुसरण करें इससे आपको लाभ होगा। नया वाहन खरीद सकते हैं। व्यापार में लाभ प्राप्त होगा। पुराने लोन को चुकाने में सफलता मिलेगी। अधिकारी वर्ग से मनमुटाव हो सकता है। लोगों की बातों को ज्यादा महत्व न दें।

**तुला** – आज मित्रों की राय लेना न भूलें। प्रेम संबंधों को लेकर भावुक हो सकते हैं। आपको उधार धन देने से बचना होगा। गलत और अनैतिक कार्यों से आपको दूरी बनाकर रखनी चाहिए। धन के निवेश को लेकर सावधान रहें। मन में असंतोष का भाव रहेगा।

**वृश्चिक** – आज किसी ऐसे व्यक्ति से आपकी मुलाकात हो सकती है जिसका आप काफी इंतजार कर रहे थे। आप अपने मित्रों की काफी सहायता करेंगे। व्यापार में धन लाभ होगा। जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव बढ़ेगा। संतान से आपको लाभ प्राप्त हो सकता है।

**धनु** – आज आप चुनौतियों को आसानी से निपटा लेंगे। अधूरे पड़े कार्य आप शुरू कर सकते हैं। आय की दृष्टि से दिन बहुत ही अच्छा है। स्वर्ण और महंगी वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। आपका दिन विशेष उन्नति कारक रहेगा।

**मकर** – आज आपके पाचन तंत्र में गड़बड़ी हो सकती है। शेयर मार्केट के माध्यम से लाभ हो सकता है। धर्म-कर्म में आपकी रुचि बढ़ेगी। संतान की पढ़ाई को लेकर चिन्तित हो सकते हैं। आपके भीतर स्नेह और वात्सल्य की भावना रहेगी।

**कुंभ** – आज राजनीति से जुड़े लोगों को आलोचना झेलनी पड़ेगी। वाहन खरीदने का विचार बना सकते हैं। घर के सदस्यों से मनमुटाव हो सकता है। माता की सेहत का विशेष ध्यान रखें। शाम के समय दोस्तों के साथ अच्छा समय व्यतीत कर सकते हैं।

**मीन** – आज व्यापार में विस्तार करने की योजना बना सकते हैं। यात्राओं के लिए दिन शुभ है। आपको पिछले अनुभवों का लाभ प्राप्त होगा। अधिकारी आपके कार्यों से खुश रहेंगे। बिजनेस में गति आ सकती है। प्रतियोगिता और परीक्षा में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-रोहिणी 10 .47 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
जान से प्यारा — सुबह :10 .47
लोहा — रात : 07 .02

&pictures
बत्ती गुल मीटर चालू — सुबह : 08 .06
खट्टा मीठा — दोपहर : 02 .15

SONY PIX
एनाकोंडा — सुबह : 10 .15
एज ऑफ टूमारो — रात : 07 .17

ZEE CINEMA
बाजी — सुबह : 10 .15
नाम शबाना — रात : 07 .55

colors CINEPLEX
दो रास्ते — सुबह : 11 .27
कुछ कुछ होता है — शाम : 05 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर दोपहर : 02 .15 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पुलिस (चोर से)- तुम एक ही दुकान में तीन बार चोरी करने क्यों गए?
चोर-सर चोरी तो मैंने पहली बार में ही अपनी पत्नी के लिए ड्रेस चुराकर कर ली थी,
बाकी दो बार तो मुझे सिर्फ उसे बदलने के लिए जाना पड़ा...

पति- मैं नाश्ता नहीं करुंगा, लेट हो रहा है।
पत्नी-मैंने पराठे आज वाइन डालकर बनाए हैं।
चार पराठे खाने के बाद
पति- मजा आ गया, कौन सी वाइन डाली थी?
पत्नी-अजवाइन
सुनते ही पति के होश उड़ गए।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 995 फ्लैग 1105 डीएमओ 880 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 995 फ्लैग 1100 बोल्ड 1130 डीएमओ 880।

## मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 -106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 राजमा लाल : 155 राजमा चित्ता : 145 लोबिया लाल : 94 लोबिया सफेद : 98 रुपये।

## एक नजर

### कर्ज में 20,000 रुपये से अधिक नकदी न दें

**नई दिल्ली।** आरबीआई ने गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) से कहा है कि वे आयकर कानूनों के अनुरूप सोने के बदले कर्ज देते समय 20,000 रुपये से अधिक नकद भुगतान न करें। रिजर्व बैंक ने इस सप्ताह की शुरुआत में सोने के बदले कर्ज देने वाले वित्त प्रदाताओं (फाइनेंसर) और सूक्ष्म-वित्त संस्थानों को दी गई एक सलाह में उन्हें आयकर अधिनियम की धारा 269एसएस का पालन करने के लिए कहा है।

### इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश में आई कमी

**नई दिल्ली।** इक्विटी म्यूचुअल फंड में अप्रैल में निवेश मासिक आधार पर 16 प्रतिशत घटकर 18,917 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से बड़ी कंपनियों के शेयरों से जुड़े कोष (लार्ज कैप फंड) में निवेश प्रवाह कम होने से इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश घटा है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, यह लगातार 38वां महीना है जब इक्विटी कोष में शुद्ध प्रवाह हुआ है।

# उपज को मिला बाजार, मंडियों ने कमाए 1716 करोड़

## देश-प्रदेश में मार्केटिंग और ग्रेडिंग के आधार पर किसानों को उनकी फसल के मिले वाजिब दाम

विशेष

- किसानों ने बढ़ाई मंडी की आय 2022-23 में 1513 करोड़ रुपये हुई थी कमाई

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश की मंडी समितियों ने विपणन यानी मार्केटिंग में सुधार कर किसानों को उपज के सही दाम और बाजार देकर जोड़ा है। किसानों को मंडियों में ई-नाम से उपज की देश-प्रदेश में मार्केटिंग और ग्रेडिंग के आधार पर वाजिब दाम मिलने से बिक्री में फायदा हुआ है।

इससे मंडी के बाहर बिचौलियों और व्यापारियों को औने-पौने दामों पर उपज बेचने की निर्भरता कम हुई है। इसका फायदा किसानों के साथ मंडी समितियों को भी हुआ है। किसानों और व्यापारियों के बीच मंडी में हुए कारोबार से कुल 251 मंडी समिति ने 2023-24 में 1716 करोड़ रुपये कमाये हैं। जबकि वर्ष 2022-23 में 1513 करोड़ रुपये आय प्राप्त हुई थी। इस एक वर्ष में 13 फीसद आय में इजाफा हुआ है। जबकि 2021-22 में 614 करोड़ रुपये आय प्राप्त हुई थी।

**इन वर्षों में ये रही आय**

| | |
|---|---|
| 2018-19 | 1823 करोड़ |
| 2019-20 | 1986 करोड़ |
| 2020-21 | 977 करोड़ |



**दो साल से घटी थी आमदनी, बाहर शुल्क से हुआ फायदा:** मंडी समिति परिसर के अंदर और बाहर कारोबार पर पहले कुल ढाई फीसद शुल्क व्यापारियों से लेती थी। जो करीब दो साल पहले घटाकर डेढ़ फीसद किया गया। इसमें बाहर कारोबार पर शुल्क माफ किया गया। इससे मंडी के अंदर वाले व्यापारी भी बाहर से कारोबार करने लगे। इसमें काफी घाटा हुआ तो मंडी के बाहर भी डेढ़ फीसद शुल्क लागू किया गया। साथ ही दो साल से बंद सचल दल के चालू होने से शुल्क चोरी पर लगाम लगी और जुर्माना से आय में इजाफा हुआ। इसी तरह सुपर मार्केट का किराया, विशिष्ट मंडी का किराया व प्रीमियम, लाइसेंस शुल्क आदि से आय बढ़ी है।

**व्यवस्थाओं और सख्ती से आया बदलाव:** मंडी समितियों में ऑफलाइन व्यवस्था से कारोबार सीमित था और व्यापारियों व बिचौलियों का हस्तक्षेप था। लेकिन, इधर दो वर्षों में ऑनलाइन व्यवस्था से मंडियां हाईटेक हुईं। किसानों की उपज ई-ऑक्सन यानी ऑनलाइन बोली से देश-प्रदेश में खरीदी जाने लगी।

वहीं किसानों को फसलों के दाम भी उपज की गुणवत्ता के आधार पर मिलने लगे। इससे किसान मंडियों के व्यापारियों तक सीमित नहीं रहे बल्कि सीधे बाहरी व्यापारियों से जुड़े। प्रदेश के किसानों को गेट पास, भुगतान, तौल आदि ऑनलाइन जैसी सहूलियत मिली है।

इस संबंध में मुख्यालय मंडी परिषद के उप निदेशक विपणन-प्रशासन चंदन कुमार पटेल ने बताया कि मार्केटिंग में सुधार कर किसानों को बिक्री में सुविधाएं दी हैं। उनकी उपज देश-प्रदेश में बिकने लगी है। दाम भी गुणवत्ता के आधार पर मिलते हैं। इससे किसानों को फायदा हुआ है और मंडी की आय एक वर्ष में कई गुना बढ़ी है। इसके चलते पूरे प्रदेश के सभी किसानों की आय में इजाफा हुआ है।

# बीते वित्त वर्ष में 238 में से 115 गंतव्यों को भारत का निर्यात बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी



वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 238 गंतव्यों में से 115 देशों को भारत का निर्यात बढ़ा है। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई है।

वाणिज्य मंत्रालय की तरफ से बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत के इन 115 निर्यात गंतव्यों की कुल निर्यात में हिस्सेदारी 46.5 प्रतिशत है। इन देशों में अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), नीदरलैंड, चीन, ब्रिटेन, सऊदी अरब, सिंगापुर, बांग्लादेश, जर्मनी और इटली शामिल हैं। पिछले वित्त वर्ष में देश का वस्तु निर्यात तीन प्रतिशत घटकर 437.1 अरब डॉलर रह गया। हालांकि, सेवा निर्यात बढ़कर 341.1 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2022-23 में यह 325.3 अरब डॉलर था। आंकड़ों से पता चला कि लगातार वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश का कुल निर्यात (वस्तुओं और सेवाओं को मिलाकर) 2022-23 में उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में देश का कुल निर्यात 778.2 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जबकि 2022-23 में यह 776.4 अरब डॉलर रहा था। इस तरह देश के निर्यात में 0.23 प्रतिशत की मामूली वृद्धि दर्ज की गई।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 84,800 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 90,000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,500 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,800-55,000 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 71,450 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 71,300 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 82,500 |
| चांदी तैयार | 82,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 71,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 70,000 |
| चांदी पक्की | 815 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 71,550 |
| चांदी आभूषण | 82,600। |

## सोने में 50 रुपये की गिरावट, चांदी 1,500 रुपये लुढ़की

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के अनुरूप बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट आई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार दिल्ली में सोने की कीमत 50 रुपये की गिरावट के साथ 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,500 रुपये लुढ़ककर 83,200 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 84,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

# अभियान से भी कम नहीं हुई यूरिया की खपत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखीमपुर खीरी, कासगंज फर्रुखाबाद व बदायूं में सुधार नहीं
- पीएम प्रणाम से जनवरी में यूरिया की खपत हुई थी कम, फिर बढ़ी



**अमृत विचार :** कन्नौज, फर्रुखाबाद, कासगंज, बिजनौर, सहारनपुर, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बदायूं, मुज्जफरनगर व मेरठ में पीएम प्रमोशन ऑफ अल्टरनेट न्यूट्रिएंट्स फॉर एग्रीकल्चर मैनेजमेंट (पीएम प्रणाम) अभियान का कोई असर नहीं दिखा।

इन जिलों में जागरूकता के बाद भी इस वर्ष 1 अप्रैल से पांच मई तक पिछले वर्ष की अपेक्षा 26,828 मीट्रिक टन यूरिया अधिक बिकी है। यदि यह यूरिया खेतों में इस्तेमाल हुई तो किसानों में रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम नहीं हुई है। इसमें मिट्टी के साथ पर्यावरण को नुकसान हैं। जबकि अभियान का मकसद नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, एनपीके आदि विकल्प का उपयोग कर रसायनिक उर्वरकों की खपत कम करना है। जनवरी में इस अभियान के असर से प्रदेश में यूरिया की खपत कम हुई थी और लक्ष्य से कम जिलों पर बिकी थी। जैविक व प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिलने से बढ़ा नाइट्रोजन, फासफोरस और पोटास (एनपीके) का अनुपात 10 प्रतिशत तक कम हुआ था। जो पंजाब, हरियाणा और अन्य राज्य की तरह 75 प्रतिशत के आसपास था। संयुक्त निदेशक कृषि (उर्वरक) अनिल कुमार पाठक ने बताया कि किसी तरह की रोक नहीं है। लेकिन, जिन फसलों में जरूरत होती है वहां यूरिया का इस्तेमाल होता है।

**पांच जिलों में नहीं हुआ सुधार:** जनवरी में अभियान से बरेली, मुरादाबाद, चंदौली, अमरोहा, बाहराइच, लखनऊ, वाराणसी, सोनभद्र, प्रयागराज, मिर्जापुर, सीतापुर व उन्नाव में जागरुकता आई थी। इससे जिलों पर लक्ष्य से कम यूरिया बिकी थी। जबकि लखीमपुर खीरी, कासगंज, बदायूं, बुलंदशहर, रामपुर, अलीगढ़, संभल, मैनपुरी, सहारनपुर, मथुरा व फर्रुखाबाद ने लक्ष्य से अधिक यूरिया बेची थी। इनमें लखीमपुर खीरी, कासगंज, सहारनपुर, फर्रुखाबाद व बदायूं में कोई सुधार नहीं हुआ है। जहां 35 दिन के अंतराल में 1000 मीट्रिक टन से अधिक यूरिया बिकी है।

## देशभर में अप्रैल में भर्ती गतिविधियां नौ प्रतिशत बढ़ीं

**मुंबई।** देश के भीतर अप्रैल में सालाना आधार पर भर्तियों में नौ प्रतिशत की 37 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है जो रोजगार अवसरों में सुधार की तरफ इशारा करता है। बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया गया। फाउंडइट (पूर्व में मॉन्स्टर) के ऑनलाइन भर्ती सूचकांक से पता चलता है कि अप्रैल महीने में मुख्य रूप से उत्पादन एवं विनिर्माण, स्वास्थ्य सेवा, रसायन एवं उर्वरक, इंजीनियरिंग, सीमेंट, निर्माण और खुदरा क्षेत्रों में नियुक्तियों में सुधार आया है।

# राष्ट्रीय

## रेवन्ना के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए कोई नहीं आया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि कोई भी पीड़िता कर्नाटक के सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए आगे नहीं आई है और आयोग के पास पहुंची एक महिला शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उसके साथ जनता दल (एस) (जेडीएस) नेता के खिलाफ फर्जी शिकायत दर्ज करने के लिए जबरदस्ती की गई। आयोग ने कई मीडिया संगठनों के उन दावों का भी खंडन किया कि प्रज्वल रेवन्ना मामले में 700 महिलाओं ने शिकायत दर्ज कराई थी। आयोग ने कहा-ऑनलाइन शिकायतें दर्ज कराने वाली 700 महिलाएं एक सामाजिक कार्यकर्ता समूह से जुड़ी हैं और मामले में प्राथमिक शिकायतकर्ता के साथ उनकी कोई सीधी भागीदारी या संबंध नहीं है।

## 15 सेंकड के लिए पुलिस हट जाए तो दोनों भाइयों का पता नहीं चलेगा

हैदराबाद, एजेंसी

- भाजपा नेता नवनीत राणा का ओवैसी भाइयों पर तीखा हमला



ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी और उनके भाई अकबरुद्दीन पर तीखा हमला करते हुए भाजपा नेता नवनीत राणा ने कहा कि अगर 15 सेकंड के लिए पुलिस को ड्यूटी से हटा दें तो दोनों भाइयों को पता नहीं चलेगा कि वे कहां से आए और कहां गए।

राणा का बयान एआईएमआईएम विधायक अकबरुद्दीन ओवैसी के 2013 में दिए गए उस विवादित भाषण के जवाब में आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर पुलिस को हटा दिया जाए तो देश में हिंदू-मुस्लिम अनुपात को बराबर लाने में उन्हें केवल 15 मिनट लगेंगे। महाराष्ट्र की अमरावती लोकसभा सीट से भाजपा की उम्मीदवार राणा ने कहा-छोटा (अकबरुद्दीन) बोलता है कि पुलिस को 15 मिनट के लिए हटाओ तो दिखाएंगे कि हम क्या कर सकते हैं। मेरा कहना है तुम 15 मिनट लगाओगे पर हमको 15 सेकंड लगेंगे। अगर 15 सेकंड पुलिस को हटाया तो छोटे और बड़े को यह पता नहीं लगेगा कहां से आए और कहां गए।

## वकीलों की शिकायत पर महिला आयोग, दिल्ली सरकार से जवाब तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने 'दुष्कर्म संकट प्रकोष्ठ' में काम करने के लिए आयोग द्वारा नियुक्त किए गए कई वकीलों की उस याचिका पर बृहस्पतिवार को दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) और राष्ट्रीय राजधानी सरकार से जवाब तलब किया, जिसमें उनकी अल्पकालिक संविदा नियुक्ति और अपर्याप्त वेतन को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने आयोग को और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी कर उनसे तीन सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा तथा मामले में अगली सुनवाई के लिए तीन जुलाई की तारीख तय की। याचिकाकर्ताओं के वकील ने कोर्ट में दलील दी है कि उच्च अधिकारियों को उनके खिलाफ कोई भी कठोर कदम नहीं उठाने का निर्देश दिया जाए।

# 2024 का लोकसभा चुनाव राहुल बनाम मोदी

## तेलंगाना में अमित शाह ने कांग्रेस-बीआरएस व एआईएमआईएम को कहा तुष्टीकरण की तिकड़ी

हैदराबाद, एजेंसी



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव राहुल गांधी बनाम नरेन्द्र मोदी है और इसमें मुकाबला विकास के लिए वोट और जिहाद के लिए वोट के बीच है। तेलंगाना के भोनगीर लोकसभा क्षेत्र में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि चुनाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भारतीय गारंटी और राहुल गांधी की चीनी गारंटी के बीच हैं। कांग्रेस, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) को 'तुष्टीकरण की तिकड़ी' बताते हुए शाह ने कहा कि ये दल राम नवमी जुलूस नहीं निकालने देते और संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए) का विरोध भी करते हैं।

उन्होंने कहा-ये लोग हैदराबाद मुक्ति दिवस (17 सितंबर) नहीं मनाने देते। ये लोग सीएए का विरोध करते हैं। ये लोग तेलंगाना को शरिया और कुरान के आधार पर चलाना चाहते हैं। शाह ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के अब तक हुए पहले तीन चरणों में भाजपा को करीब 200 सीटों पर जीत मिलेगी और पार्टी को 400 सीट के लक्ष्य को पार कराने में मदद के लिए तेलंगाना को वोट देना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 2019 में तेलंगाना की 17 में से चार लोकसभा सीट पर जीत हासिल की थी।

### चुनाव मोदी के हाथों से फिसलता जा रहा है : राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव धीरे-धीरे प्रधानमंत्री राहुल गांधी के हाथ से फिसलता जा रहा है और अब वह देश के युवाओं को ध्यान भटकाने के लिये कुछ नया नाटक करने की कोशिश करेंगे। एक वीडियो संदेश में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने युवाओं से प्रधानमंत्री के प्रचार से विचलित न होने का आग्रह किया और उन्हें आश्वासन दिया कि चार जून को एक बार जब विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस अपनी सरकार बना लेगा तो वह उन्हें 15 अगस्त तक 30 लाख नौकरियां देने का काम शुरू कर देगी। युवाओं को देश की ताकत बताते हुए गांधी ने कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव मोदी के हाथ से फिसल रहा है और वह अब प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा- चुनाव उनके हाथ से निकलता जा रहा है। वह फिसल रहे हैं और वह भारत के प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे। उन्होंने अगले चार-पांच दिनों में आपका ध्यान भटकाने और किसी तरह का नाटक करने का फैसला किया है। लेकिन आपका ध्यान नहीं भटकना चाहिए।

## एक नजर

### सुरक्षा बलों ने दो आईईडी को बरामद कर किया निष्क्रिय

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ में गुरुवार को सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। सुरक्षा बलों ने दंतेवाड़ा के थाना अरनपुर क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा पुलिस फोर्स को नुकसान पहुँचाने के इरादे से लगाए गए 10-10 किग्रा के दो देशी विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद किए हैं। पुलिस बलों ने बहुत ही सजगता से नक्सलियों के इन मंसूबों पर पानी फेर दिया है। सुरक्षा बलों ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम बर्रेम और पोटाली जाने वाले रास्ते पर जांच की और वहां से आईईडी बरामद किया। डीआरजी और बस्तर फाईटर दंतेवाड़ा के बल गुरुवार को थाना अरनपुर क्षेत्र में तलाशी अभियान के लिए निकले थे।

### हथियार तस्कर गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने एक अंतर्राज्यीय हथियार तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके पास से छह पिस्तौल और सात मैगजीन बरामद की। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि जालंधर 'काउंटर इंटेलिजेंस' ने इस अभियान को अंजाम दिया। इनकी पहचान रय्या के रहने वाले हरप्रीत सिंह और अमृतसर के राहुल मसीह के रूप में हुई।

## उप्र, मप्र समेत आठ राज्य सरकारों ने दिए बाल विवाह रोकने के निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

- कड़ी निगरानी और रोकथाम सुनिश्चित करने को उठाया कदम

देश की राजस्थान, उत्तरप्रदेश, मप्र और बिहार समेत आठ राज्य सरकारों ने अधिसूचनाएं जारी कर प्रशासन को अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह की रोकथाम सुनिश्चित करने के लिए गांवों और प्रखंडों में कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। उत्तरप्रदेश, राजस्थान, बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब और हरियाणा की राज्य सरकारों ने अपने राज्य के सभी जिलों के जिलाधिकारियों और ग्राम पंचायतों को निर्देश जारी कर बाल विवाहों की रोकथाम के लिए जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

महिला एवं बाल कल्याण विभाग, पंचायती राज, सामाजिक सुरक्षा निदेशालय और विभिन्न राज्यों के बाल अधिकार संरक्षण आयोगों ने बाल विवाह की रोकथाम के लिए अपने गांवों और पंचायतों में अनिवार्य रूप से एक विवाह रजिस्टर रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, कई राज्यों ने अपने प्रशासनिक अधिकारियों को विवाह संपन्न कराने में मुख्य भूमिका निभाने वाले पंडितों, मौलवियों सहित सभी धर्मों के पुरोहितों, शादी में खाना बनाने वालों, शादी के कार्ड छापने वालों के बीच जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं ताकि वे बाल विवाह के दुष्परिणामों और इसमें किसी भी तरह से भागीदार बनने के कानूनी परिणामों से अवगत हो सकें। इन निर्देशों के अलावा हरियाणा के महिला एवं बाल कल्याण विभाग ने बाल विवाहों की रोकथाम के उपायों के तौर पर सभी जिलों के जिलाधिकारियों को पढ़ाई बीच में छोड़ देने वाले बच्चों और लंबे समय से स्कूल से नदारद बच्चों की विद्यालयवार सूची बनाने के निर्देश दिए हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने बाल विवाहों की रोकथाम में नाकामी पर गांव के मुखिया, पंचों और ग्रामस्तरीय बाल संरक्षण समितियों की जवाबदेही तय करने का फैसला किया है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने पंड़ितों और मौलवियों को विवाह संपन्न कराने से पहले जोड़े की उम्र को सत्यापित करने का भी निर्देश दिया है जबकि राजस्थान के पंचायती राज विभाग ने अक्षय तृतीया पर बाल विवाहों की रोकथाम के लिए सभी जिलाधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। जनगणना के 2011 के आंकड़ों के अनुसार देश में प्रतिदिन 4000 बच्चों का विवाह कर दिया जाता है।

## राज्यपाल ने सीसीटीवी फुटेज आम लोगों को दिखाई

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल का छेड़छाड़ मामला

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस पर राजभवन की एक महिला कर्मचारी की ओर से छेड़छाड़ का आरोप लगाये जाने के बाद राज्यपाल ने बृहस्पतिवार को आम लोगों को परिसर की दो मई की सीसीटीवी फुटेज दिखाई।

राजभवन के ग्राउंड फ्लोर पर सेंट्रल मार्बल हॉल में कुछ लोगों को दो मई शाम करीब 5.30 बजे की मुख्य (उत्तरी) गेट पर लगे दो सीसीटीवी कैमरों की फुटेज दिखाई गई। राजभवन की एक संविदा महिला कर्मचारी ने गत शुक्रवार को कोलकाता पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि बोस ने राज्यपाल आवास में उसके साथ छेड़छाड़ की थी। बोस ने बुधवार को कहा था कि वह राजनीतिक नेता ममता बनर्जी और उनकी पुलिस को छोड़कर आम लोगों को संबंधित सीसीटीवी फुटेज दिखाएंगे। एक घंटे से अधिक समय की फुटेज में, नीली जींस और टॉप पहने महिला को बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों के साथ पुलिस चौकी की ओर जाते देखा गया जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा के सिलसिले में राजभवन परिसर में तैनात थे। मोदी दो मई को राजभवन में रात में ठहरे थे और उन्होंने 3 राजनीतिक रैलियों को संबोधित किया था।

## ऑनलाइन जुआ हारने पर व्यक्ति ने पत्नी व बेटी की हत्या करने के बाद की खुदकुशी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के झारसुगुड़ा में बृहस्पतिवार सुबह एक कार से एक व्यक्ति, उसकी पत्नी और 12 वर्षीय बेटी के शव बरामद किये गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। झारसुगुड़ा के पुलिस अधीक्षक परमार स्मित परषोत्तमदास ने बताया कि मृतकों की पहचान सुजीत रे, उनकी पत्नी खुशबू और बेटी अर्पिता के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि जिले के लखनपुर पुलिस थाना क्षेत्र में बनीपाहदा के पास एक मैदान में खड़ी कार से उनके शव बरामद किए गए, जिन पर गोलियां लगने के घाव हैं। उन्होंने बताया कि शुरुआती जांच से पता चला है कि ऑनलाइन जुआ में लाखों रुपये हारने के बाद परेशान होकर सुजीत ने पहले अपनी पत्नी तथा बेटी को गोली मारी और फिर खुदकुशी कर ली।

## संजय राउत की टिप्पणी के खिलाफ निर्वाचन आयोग व पुलिस को लिखा पत्र

**मुंबई।** भाजपा ने बृहस्पतिवार को निर्वाचन आयोग और मुंबई पुलिस को पत्र लिखकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मुगल बादशाह औरंगजेब की तरह महाराष्ट्र में 'दफनाने' की कथित टिप्पणी के लिए शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। भाजपा की महाराष्ट्र इकाई ने आरोप लगाया कि ऐसी टिप्पणियां प्रधानमंत्री के जीवन के लिए सीधा खतरा है। भाजपा ने निर्वाचन आयोग को लिखे पत्र में कहा-राउत ने अहमदनगर में आयोजित जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को महाराष्ट्र में दफनाने की धमकी दी थी।

# खुली जेल स्थापित करना भीड़ कम करने का हो सकता है समाधान

नई दिल्ली, एजेंसी

- कैदियों से संबंधित एक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी



उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि खुली जेल स्थापित करना जेलों में भीड़भाड़ कम करने का समाधान हो सकता है और इससे कैदियों के पुनर्वास के मुद्दे का भी समाधान हो सकता है। अर्ध-खुली या खुली जेल प्रणाली के तहत दोषियों को दिन के दौरान परिसर के बाहर आजीविका कमाने और शाम को वापस लौटने की अनुमति होती है। इस अवधारणा को दोषियों को समाज में आत्मसात करने और उनके मनोवैज्ञानिक दबाव को कम करने के लिए लाया गया था क्योंकि उन्हें बाहर सामान्य जीवन जीने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

जेलों और कैदियों से संबंधित एक याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि वह देश भर में खुली जेलों की मौजूदगी का विस्तार करना चाहती है। पीठ ने कहा-जेलों में भीड़भाड़ की समस्या का एक समाधान खुली हवा वाली जेलों/शिविरों की स्थापना करना हो सकता है। उक्त प्रणाली राजस्थान राज्य में कुशलतापूर्वक काम कर रही है। जेल में भीड़भाड़ की समस्या के समाधान के अलावा, यह कैदियों के पुनर्वास के मुद्दे का भी समाधान करती है। इसने स्पष्ट किया कि वह जेलों और जेल सुधारों से संबंधित मुद्दों पर नहीं जाएगी जो पहले से ही कुछ अन्य याचिकाओं में उसकी समन्वय पीठों के समक्ष लंबित हैं।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की ओर से पेश वकील ने अदालत को बताया कि उसने खुली जेलों पर सभी राज्यों से प्रतिक्रिया मांगी थी और उनमें से 24 ने जवाब दिया है। इस मामले में न्याय मित्र के रूप में शीर्ष अदालत की सहायता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता विजय हंसारिया ने कहा कि दोषियों को इस बारे में सूचित नहीं किया जाता कि उन्हें कानूनी सेवा प्राधिकरण के माध्यम से अपीलीय अदालत से संपर्क करने का अधिकार है। पीठ ने कहा कि अगर पूरे देश में एक समान ई-प्रिजन मॉड्यूल हो तो इनमें से कई चीजों को सुलझाया जा सकता है। उसने कहा कि व्यापक जेल प्रबंधन प्रणाली ई-प्रिजन मॉड्यूल के मुद्दे को एक समन्वय पीठ द्वारा निपटाया जा रहा है। पीठ ने कहा-हम इस कार्यवाही में खुली जेलों के मुद्दे पर भी विचार करेंगे।

## आज का मुकाबला

गुजरात टाइटंस
बनाम
चेन्नई सुपरकिंग्स
शाम 7:30 बजे

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 12 | 20 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 12 | 18 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 11 | 16 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 12 | 634 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 11 | 541 |
| ट्रेविस हेड हैदराबाद | 12 | 533 |

# प्ले ऑफ का दावा पुख्ता करने उतरेगी सीएसके

अहमदाबाद, एजेंसी



चोटों और अंतर्राष्ट्रीय व्यस्तताओं के कारण प्रमुख खिलाड़ियों के बाहर रहने के बावजूद चेन्नई सुपर किंग्स शुक्रवार को आईपीएल के 12वें दौर के मुकाबले में गुजरात टाइटंस को हराकर प्लेआफ का अपना दावा पुख्ता करने के इरादे से उतरेगी। चेन्नई के 11 मैचों में 12 अंक है और गुजरात पर जीत उसके लिए बहुत महत्वपूर्ण होगी क्योंकि प्लेआफ में उसकी जगह अभी भी पक्की नहीं है और एक हार उस पर भारी पड़ सकती है। दीपक चाहर और मथीषा पथिराना चोटों के कारण टूर्नामेंट से बाहर हैं जबकि मुस्ताफिजुर रहमान बांग्लादेश के लिए खेलने चले गए हैं। अब चेन्नई के तीनों स्पिनरों रविंद्र जडेजा, मिशेल सेंटनेर और मोईन अली पर आक्रमण का दारोमदार होगा।

चेन्नई ने धर्मशाला में पंजाब किंग्स के खिलाफ जिस तरह 167 रन बनाने के बाद मैच जीता, उससे प्रशंसकों की उम्मीदें बंधी होगी। गुजरात को हराकर चेन्नई अंकतालिका में सनराइजर्स हैदराबाद से ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगी। अभी तक जिन तीन टीमों के 12 अंक हैं , उनमें चेन्नई ( 0.700 ) का रनरेट सबसे अच्छा है। गुजरात के 14 अंक हैं और वह दौड़ से पूरी तरह बाहर नहीं है लेकिन शुभमन गिल की टीम के लिए आगे का सफर काफी कठिन है। मोहम्मद शमी की गैर मौजूदगी में गेंदबाजी में धार नजर नहीं आ रही। वहीं गिल खुद पिछले पांच में से तीन मैचों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके और उनका सर्वोच्च स्कोर 35 रहा है। साई सुदर्शन, शाहरूख खान और मिलर लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। गेंदबाजों में मोहित और लिटिल महंगे साबित हुए हैं।

### कैंसर जागरूकता के लिए लैवेंडर जर्सी पहनेगी टाइटंस

**अहमदाबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग के 63वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस की टीम लगातार दूसरे वर्ष कैंसर के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए 13 मई को कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ घरेलू मैदान पर आखिरी मुकाबले में विशेष लैवेंडर जर्सी पहनकर मैदान पर उतरेगी। गुजरात टाइटन्स के सीओओ कर्नल अरविंदर सिंह ने कहा कैंसर अनगिनत जिंदगियों को प्रभावित करता है और इसके लिए लैवेंडर जर्सी हमारी ओर से एक छोटा सा प्रयास है। जर्सी कैंसर रोगियों और उबरे लोगों के लिए हमारे समर्थन का प्रतीक है। कैंसर के खिलाफ लड़ाई जीतने के लिए निवारक उपायों और शीघ्र निदान की आवश्यकता है।

# यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने बजरंग को साल के अंत तक के लिए किया निलंबित

नई दिल्ली, एजेंसी

- **डोप परीक्षण कराने के लिए इनकार करने पर यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने की कार्रवाई, ट्रेनिंग के लिए नौ लाख की राशि की स्वीकृत**



कुश्ती की वैश्विक संचालन संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने डोप परीक्षण कराने के लिए इनकार करने पर बजरंग पूनिया को अस्थाई तौर पर निलंबित करने के राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के फैसले के बाद उन्हें साल के अंत तक निलंबित कर दिया है।

हालांकि हैरानी भरे फैसले में नाडा के निर्णय की जानकारी होने के बावजूद भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने बजरंग की विदेश में ट्रेनिंग के लिए लगभग नौ लाख रुपये की राशि स्वीकृत की। बजरंग को नाडा ने 23 अप्रैल को निलंबित किया था। उन्हें इससे पहले 18 अप्रैल को रहने के स्थान संबंधी नियम के उल्लंघन के लिए नोटिस जारी किया था। बचाव में बजरंग ने कहा था कि उन्होंने कभी परीक्षण के लिए नमूना देने से इनकार नहीं किया लेकिन डोप नियंत्रण अधिकारी से सिर्फ इतना पूछा कि वह नमूना लेने के लिए लाई गई 'एक्सपायर्ड किट' के बारे में विस्तार से बताए। बजरंग ने बताया कि वैश्विक संचालन संस्था ने अपनी आंतरिक प्रणाली में अपडेट करते हुए स्पष्ट तौर पर जिक्र किया है कि वह निलंबित हैं।

## खेल डायरी

### स्मैश टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में हारी मनिका

**जेद्दा।** भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा को गुरुवार को सऊदी स्मैश टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टरफाइनल मुकाबले में जापान की पूर्व एशियाई चैंपियन हिना हयाता के हाथों हार का सामना करना पड़ा है। टूर्नामेंट में भारतीय अभियान समाप्त हो गया है। आज यहां किंग अब्दुल्ला स्पोर्ट्स सिटी के इनफिनिटी एरिना में मनिका बत्रा को 39 मिनट चले मुकाबले में हिना हयाता ने 4-1 (11-7, 6-11, 4-11,11-13, 2-11) से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय खिलाड़ी ने अपने मजबूत फोरहैंड का अच्छा इस्तेमाल करते हुए शुरुआती बढ़त हासिल की, लेकिन हयाता ने फ्लैट रिटर्न के साथ बत्रा से लगातार गलतियां करवाते हुए बाद के चार गेम जीत लिए।

### अर्जुन ने कार्लसन को ड्रॉ पर रोका

**वारसॉ।** फिडे कैंडिडेट्स चैंपियन डी गुकेश की सुपरबेट रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में शुरुआत अच्छी नहीं रही लेकिन एक अन्य भारतीय खिलाड़ी एरिगैसी अर्जुन पहले मुकाबले में नॉर्वे के दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को ड्रॉ पर रोकने में सफल रहे। विश्व के सातवें नंबर के खिलाड़ी अर्जुन ने अपनी दो अन्य बाजियां भी ड्रॉ खेली जिससे वह प्रतियोगिता के तीसरे दौर के बाद शीर्ष पर चल रहे रोमानिया के किरिल शेवचेंको से काफी पीछे हैं। गुकेश अपनी पहली दोनों बाजियां हार गए थे जबकि तीसरी बाजी में उन्होंने अंक बांटे।

### अंतर्राष्ट्रीय मास्टर वर्गीज कोशी का निधन

**चेन्नई।** अंतर्राष्ट्रीय मास्टर और प्रतिष्ठित ट्रेनर तथा मार्गदर्शक (मेंटर) वर्गीज कोशी का निधन हो गया है। वह 66 वर्ष के थे। कोशी के परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटे हैं। कोशी को अपने फेफड़े के कैंसर के बारे में लगभग दस महीने से पता था और उन्होंने अपने हास्य के साथ इस खतरनाक बीमारी का सामना किया। कोशी शतरंज की दुनिया के उन कुछ खिलाड़ियों में से थे जिन्होंने इस खेल को खुद सीखा। इस खेल के प्रति उनके अति-आधुनिक दृष्टिकोण ने उन्हें अपने अधिकांश साथियों की तुलना में बेहतर स्थिति में रखा।

### विश्व पिकलबॉल लीग के शुरुआती चरण की घोषणा

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व डेविस कप खिलाड़ी गौरव नाटेकर ने गुरुवार को विश्व पिकलबॉल लीग (डब्ल्यूपीबीएल) लांच करने की घोषणा की। यह लीग नाटेकर की कंपनी नाटेकर स्पोर्ट्स एंड गेमिंग (एनएसजी) और सोनी एंटरटेनमेंट टैलेंट वेंचर्स इंडिया के बीच सहयोग से आयोजित होगी। पिकलबॉल एक पैडल खेल है जिसमें टेनिस, बैडमिंटन और टेबल टेनिस का मिश्रण होता है। लेकिन यह टेनिस की तुलना में छोटे कोर्ट पर खेला जाता है। लीग के शुरूआती चरण के इस साल के अंत में या 2025 की शुरुआत में आयोजित होने की संभावना है। नाटेकर ने कहा भारत में शुरूआती वैश्विक पेशेवर पिकलबॉल लीग का अनावरण करने पर हमें गर्व है। लीग के शुरूआती चरण में छह फ्रेंचाइजी खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। प्रत्येक टीम में अंतरराष्ट्रीय स्टार खिलाड़ियों सहित पांच से आठ खिलाड़ी होंगे। लीग में टीमों के लिए भारतीय खिलाड़ियों और जूनियर खिलाड़ियों को रखना भी जरूरी होगा जो दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों से सीखने के लिए टीम का हिस्सा बनेंगे।

### हॉकी प्रो लीग के यूरोप चरण के लिए टीम घोषित

**नई दिल्ली।** हरमनप्रीत सिंह 22 मई से शुरू हो रहे एफआईएच हॉकी प्रो लीग के यूरोप चरण में भारत की 24 सदस्यीय टीम की अगुआई करेंगे। भारत यूरोप चरण में कुल आठ मैच खेलेगा। टीम दो चरण के टूर्नामेंट में अर्जेन्टीना, बेल्जियम, जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन से दो-दो मैच खेलेगी। पहला चरण 22 से 30 मई तक बेल्जियम के एंटवर्प में होगा जबकि दूसरा चरण लंदन में एक से 12 जून तक खेला जाएगा। यह 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक के लिए भारत की तैयारी के लिए काफी महत्वपूर्ण प्रतियोगिता होगी और मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन को टीम को खेलों के महाकुंभ के लिए तैयार करने का मौका देगी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसी की सरजमीं पर पांच टेस्ट की श्रृंखला में 0-5 की हार के बाद भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। भारत प्रो लीग तालिका में अभी आठ मैच में 15 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है।

# आरसीबी ने लगाया जीत का चौका

## कोहली ने खेली 92 रनों की शानदार पारी, पंजाब को 60 रनों से हराया, बेंगलुरु के लिए प्ले ऑफ की उम्मीदें बरकरार



धर्मशाला, एजेंसी

विराट कोहली (92), रजत पाटीदार (55) की तूफानी अर्धशतकीय पारियों और उसके बाद गेंदबाजो के शानदार प्रदर्शन के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गुरुवार को पंजाब किंग्स को 60 रनों से हराकर प्ले ऑफ से बाहर कर दिया है।

आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब किंग्स को जीत के लिए 242 रनों का लक्ष्य दिया था। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की शुरुआत खराब रही और उसने तीसरे ओवर में ही कप्तान फाफ डुप्लेसी (9) का विकेट गवां दिया। इसके बाद पांचवें ओवर में विल जैक्स (12) को पवेलियन भेज दिया। विराट कोहली और रजत पाटीदार ने पारी को संभाला और तीसरे विकेट के लिए 76 रनों की साझेदारी की। पाटीदार ने 23 गेंदों में तीन चौके और छह छक्कों की मदद से तूफानी अंदाज में 55 रन बनाए। वहीं विराट कोहली ने 47 गेंदों में सात चौके और छह छक्के लगाते हुए 92 रनों की पारी खेली। आरसीबी ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 241 रनों का स्कोर खड़ा किया। पंजाब किंग्स की ओर से हर्षल पटेल को तीन विकेट मिले। विधवत कावेरप्पा ने दो विकेट लिये। अर्शदीप सिंह और सम करन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।



242 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में प्रभसिमरन सिंह (6) का विकेट गवां दिया। इसके बाद जॉनी बेयरस्टो और राइली रूसो ने पारी को संभाला। दोनों के बीच 65 रनों की साझेदारी हुई। छठे ओवर में बेयरस्टो 16 गेंदों (26) रन बनाकर आउट हुए। रूसो ने 27 गेंदों में सर्वाधिक 61 रनों की पारी खेली। शशांक सिंह 19 गेंदों में (37), जितेश शर्मा (5), लिविंगस्टंग (शून्य), कप्तान सैम करन 16 गेंद में (22), आशुतोष शर्मा (8), हर्षल पटेल (0) और अर्शदीप चार रन बनाकर आउट हुए। राहुल चाहर पांच रन बनाकर नाबाद रहे। मोहम्मद सिराज ने आखिर तीन विकेट झटकते हुए पंजाब की पूरी टीम 17 ओवर में 181 रन पर सिमटते हुए अपनी टीम को 60 रनों से जीत दिला दी।

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 | +1.453 |
| राजस्थान | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.476 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 | -0.065 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 | +0.406 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 6 | 12 | -0.316 |
| लखनऊ | 12 | 6 | 6 | 12 | -0.769 |
| बेंगलुरु | 12 | 5 | 7 | 10 | +0.217 |
| मुंबई (बा) | 12 | 4 | 8 | 8 | -0.212 |
| पंजाब (बा) | 12 | 4 | 8 | 8 | -0.423 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 | -1.320 |

### बेंगलुरु 241/7
20 ओवर, अतिरिक्त : 08

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विराट कैच रुसो बो अर्शदीप | 92 | 47 | 7/6 |
| डुप्लेसी कैच शशांक बो विद्वथ | 9 | 7 | 2/0 |
| विल जैक्स कैच हर्षल बो विद्वथ | 12 | 7 | 1/1 |
| रजत कैच बेयरस्टो बो सैम कुरेन | 55 | 23 | 3/6 |
| कैमरून ग्रीन कैच सैम कुरेन बो हर्षल | 46 | 27 | 5/1 |
| दिनेश कार्तिक कैच सैम कुरेन बो हर्षल | 18 | 7 | 1/2 |
| महीपाल लोमरोर बोल्ड हर्षल | 0 | 2 | 0/0 |
| स्वप्निल सिंह नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** विद्वथ 4-0-36-2, अर्शदीप 3-0-41-1, सैन कुरेन 3-0-50-1, हर्षल 4-0-38-3, राहुल चाहर 3-0-47-0, लिविंगस्टोन 3-0-28-0

### पंजाब 181/10
17 ओवर, अतिरिक्त : 06

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| प्रभुसिमरन सिंह पगबाधा बो स्वप्निल | 6 | 4 | 1/0 |
| बेयरस्टो कैच डुप्लेसी बो लॉकी | 27 | 16 | 4/1 |
| राइली रुसो कैच जैक्स बो कर्ण | 61 | 27 | 9/3 |
| शशांक सिंह रन आउट (कोहली) | 37 | 19 | 4/2 |
| जीतेश शर्मा बोल्ड कर्ण | 5 | 4 | 1/0 |
| लिविंगस्टोन कैच कर्ण बो स्वप्निल | 0 | 2 | 0/0 |
| सैम कुरेन बो लॉकी | 22 | 16 | 2/0 |
| आशुतोष शर्मा पगबाधा सिराज | 8 | 5 | 0/1 |
| हर्षल कैच लॉकी बो सिराज | 0 | 1 | 0/0 |
| राहुल चाहर नाबाद | 5 | 5 | 1/0 |
| अर्शदीप सिंह कैच कर्ण बो सिराज | 4 | 3 | 1/0 |

**गेंदबाजी :** स्वप्निल 3-0-28-2, सिराज 4-0-43-3, यश दयाल 2-0-22-0, लॉकी 3-0-29-2, जैक्स 1-0-5-0, ग्रीन 1-0-16-0, कर्ण 3-0-36-2

### चैंपियंस लीग के फाइनल में पहुंची रियल मैड्रिड

**मैड्रिड।** रियल मैड्रिड ने सेमीफाइनल के दूसरे चरण में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बायर्न म्यूनिख को 2-1 से हराकर तीन सत्र में दूसरी बार चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। मैड्रिड ने कुल स्कोर के आधार पर 4-3 से जीत दर्ज की। बायर्न की जीत लगभग तय लग रही थी लेकिन जोसेलु ने 88वें मिनट में रीयाल मैड्रिड को बराबरी दिला दी। जोसेलु ने इंजरी टाइम के पहले मिनट में एक और गोल दागकर रियल मैड्रिड की जीत सुनिश्चित की और उसे फाइनल में जगह दिलाई। फाइनल में रियल मैड्रिड की भिड़ंत एक जून को लंदन में बोरूसिया डोर्टमंड से होगी।



# केएल राहुल की कप्तानी की आलोचना अंतिम मैचों में भी कर सकते हैं अगुवाई

नई दिल्ली, एजेंसी



सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बुधवार को करारी हार के बाद आईपीएल प्ले ऑफ की दौड़ से लगभग बाहर होने से लखनऊ सुपरजाइंट्स के कप्तान के रूप में लोकेश राहुल के भविष्य को लेकर बहस तेज हो गई है। अटकलें लगाई जा रहीं थी कि कप्तान स्वयं अपना पद छोड़कर बाकी बचे दो मैचों में अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान दे सकते हैं। हालांकि सिर्फ दो मैच बचे होने के कारण राहुल के टीम की अगुआई करते रहने की उम्मीद है।

आईपीएल के सूत्र अनुसार, दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अगले मैच से पहले पांच दिन का ब्रेक है। फिलहाल कोई फैसला नहीं किया गया है लेकिन समझा जा रहा है कि अगर राहुल बाकी बचे दो मैच में सिर्फ अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बनाते हैं तो प्रबंधन को कोई दिक्कत नहीं होगी। सनराइजर्स के खिलाफ बड़ी हार के बाद लखनऊ फ्रेंचाइजी के मालिक संजीव गोयनका का राहुल के साथ नाराजगी में बात करने का वीडियो सोशल मीडिया पर आया था।

# डायमंड लीग के जरिए ओलंपिक की तैयारी करेंगे नीरज और किशोर

दोहा, एजेंसी

ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा शुक्रवार को दोहा डायमंड लीग के एक दिवसीय पहले चरण के जरिए पेरिस ओलंपिक की अपनी तैयारियां शुरू करेंगे जिसमें उनका सामना दुनिया के धुरंधर भाला फेंक खिलाड़ियों से होगा।

मौजूदा विश्व और एशियाई खेल चैंपियन भारत के भाला फेंक स्टार चोपड़ा का सामना पूर्व विश्व चैम्पियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स और ओलंपिक तथा विश्व चैम्पियनशिप के पदक विजेता चेक गणराज्य के याकूब वालेश से होगा। एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता भारत के किशोर जेना डायमंड लीग में पदार्पण करेंगे। उनका सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन 87.54 मीटर है जबकि चोपड़ा का सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर है जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। चोपड़ा ने कहा मैं कल के लिए तैयार हूं। मैं लगातार अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं। मैं 90 मीटर का थ्रो भी फेकूंगा लेकिन निरंतरता अधिक जरूरी है। यूरोपीय चैंपियन जर्मनी के जूलियन वेबर भी दस खिलाड़ियों में शामिल हैं जो लीग में उतरेंगे। इसके बाद लीग का दूसरा चरण 19 मई को मोरक्को में होगा।

### ओमेगा ने नीरज चोपड़ा को खेल दूत बनाया



**नई दिल्ली।** ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को स्विट्जरलैंड के घड़ियों के लग्जरी ब्रांड ओमेगा ने खेल दूत के रूप में अपने साथ जोड़ा है। ओमेगा इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक का आधिकारिक टाइमकीपर (स्पर्धाओं के समय के लिए उपकरण मुहैया कराने वाला) है। भारत के इस स्टार खिलाड़ी को शुक्रवार को डाइमंड लीग के पहले चरण में प्रतिस्पर्धा से पहले दोहा में ओमेगा के बुटीक में आमंत्रित किया गया। इस साझेदारी पर बोलते हुए चोपड़ा ने कहा मैं ऐसे प्रतिष्ठित ब्रांड का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं जो ओलंपिक खेलों में टाइमकीपिंग में इतनी बड़ी भूमिका निभाता है। चोपड़ा भाला फेंक में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले एशियाई खिलाड़ी है। ओमेगा 1932 से लगभग सभी ओलंपिक खेलों में आधिकारिक टाइमकीपर रहा है। पेरिस 2024 में ओमेगा 31वीं बार खेलों का आधिकारिक टाइमकीपर होगा।

# भारतीय महिला टीम ने किया क्लीन स्वीप 5-0 से जीती श्रृंखला




**सिलहट।** दयालन हेमलता (37) और स्मृति मंधाना (33) रनों की पारियों और उसके बाद गेंदबाजी में राधा यादव के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने गुरुवार को पांचवें टी-20 मैच में बांग्लादेश की टीम को 21 रन से हराते हुए श्रृंखला 5-0 से अपने नाम कर ली है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 157 रनों का लक्ष्य दिया। भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 156 रन बनाए। 156 रनों के जवाब में मेजबान बांग्लादेश के बल्लेबाजों का निराशाजनक प्रदर्शन रहा और वे भारतीय गेंदबाजी के आगे टीक नहीं सके। बांग्लादेश की टीम निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 135 रन ही बना सकी और मुकाबला 21 रन से हार गई।

## बॉलीवुड हलचल

### सिकंदर में नजर आएंगी रश्मिका



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री रश्मिका मंदाना दबंग स्टार सलमान खान की आने वाली फिल्म सिकंदर में काम करती नजर आ सकती है। सलमन खान ने इस साल ईद के अवसर पर अपनी नई एक्शन-थ्रिलर फिल्म सिकंदर अनाउंस की थी। कहा जा रहा है कि सलमान खान एक्शन-थ्रिलर फिल्म सिकंदर का पहला शेड्यूल मई में शुरू करेंगे। इस फिल्म का निर्देशन मुरुगादॉस करेंगे। कहा जा रहा है कि सलमान खान की एक्शन ड्रामा फिल्म सिकंदर के लिए अभिनेत्री का नाम फाइनल हो गया है। रश्मिका मंदाना फिल्म सिकंदर में सलमान खान के अपोजिट काम करती नजर आ सकती हैं। माना जा रहा है कि रश्मिका मंदाना सुपरस्टार सलमान खान के साथ पहली बार काम करने के लिए पूरी तरह से तैयार भी हैं। फिल्म सिकंदर का प्रोडक्शन साजिद नाडियाडवाला कर रहे हैं। सिकंदर अगले साल ईद 2025 के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




### मनोज की भैया जी का नया ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता मनोज बाजपेयी की आने वाली फिल्म भैया जी का नया ट्रेलर रिलीज हो गया है। भैया जी, मनोज बाजपेयी के करिअर की 100वीं फिल्म है। भैया जी का नया ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर की शुरूआत में फिल्म का एक किरदार बार-बार पूछता है कि भैया जी कौन है? बार-बार पूछने पर भी जब उसे जवाब नहीं मिलता तो वह एक बार फिर चिल्लाकर पूछता है। इसके जवाब में दूसरा किरदार कहता है कि पॉलिटिक्स की बात करें को सत्ता पक्ष को विपक्ष और विपक्ष को सत्ता पक्ष करने के मास्टरमाइंड भैया जी। उनके फावड़े ने हजारों कुकर्मियों को संसार से मुक्त किया है। एक समय था, जब कुकर्मी मात्र उनकी कहानियां सुनकर कुकर्म त्याग देता था। उस समय सरकार भी वही थे, प्रजा भी वही थे, क्राइम भी वही थे, कानून भी वही थे। भैया जी, रॉबिन हुड नहीं हैं वो उसका बाप है। भैय्या जी, गांव पुपड़ी, जिला सीतामंडी, बिहार। एक सीन में मनोज बाजपेयी ऐलान करते हैं कि निवेदन नहीं नरसंहार होगा, नरसंहार। मनोज बाजपेयी इस फिल्म को को-प्रोड्यूसर भी हैं। फिल्म 24 मई को रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

